अङ्क ७५ [सौप्तिकपर्व १]

महाभारत।

भाषा-भाष्य-समेत

संपादक श्रीपाद दामोदर सातवळेकर,

स्वाध्याय मंडल, औंध जि. सातारा

छपकर तैय्यार हैं।

१ आदिपर्व। पृष्ठ संख्या ११२५. मूल्य म. आ. से ६) रु.

२ सभापर्व। पृष्ठ संख्या ३५६. मूल्य म. आ. से २) रु.

३ वनपर्व। पृष्ठ संख्या १५३८ मूल्य म. आ. से ८) रु.

४ विराटपर्व। पृष्ठ संख्या ३०६ मूल्य म. आ. से १॥) रु.

५ उद्योगपर्व। पृष्ठ संख्या ९५३ मूल्य म. आ. से ५) रु.

६ भीष्मपर्व। पृष्ठ संख्या ८०० मूल्य म. आ. से ४) रु.

७ द्रोणपर्व। पृष्ठ संख्या १३६४ मूल्य म० आ० से ७॥) रु.

८ कर्णपर्व। पृष्ठ संख्या ६३७ मू. म० आ० से ३॥) रु.

[१] महाभारतकी समालोचना।

मंत्री— स्वाध्याय मंडल, औंध, (जि. सातारा)

श्री-महर्षि-व्यास-प्रणीत

महाभारत।

(१०) सौप्तिक पर्व।

(भाषाभाष्य समेत)

सम्पादक और प्रकाशक
श्रीपाद दामोदर सातवळेकर
स्वाध्यायमण्डल, औंध (जि० सातारा)

संवत् १९८६,
शक १८५१,
सन १९२९.

दक्षतासे सुखप्राप्ति।

शक्नोति जीवितुं दक्षो नालसः सुखमेधते।
दृश्यन्ते जीवलोकेऽस्मिन्दक्षाः प्रायो हितैषिणः॥

सौप्तिकपर्व अ० २। १५

"दक्ष और उद्योगी पुरुष इस जगत् में सुखसे जीवित रहता है, और आलसी मनुष्यको कदापि सुख नहीं होता; क्यों कि इस जगत् में प्रायः दक्ष और उद्योगी पुरुषही हित साधन करते हुए दीखते हैं।"

मुद्रक तथा प्रकाशक—श्रीपाद दामोदर सातवळेकर,
स्वाध्याय मंडल; भारतमुद्रणालय औंध (जि. सातारा)

6984 S.D.

श्री महर्षिव्यासप्रणीतम् ।

महाभारतम् ।

सौप्तिक पर्व ।

॥ श्रीगणेशाय नमः ॥

॥ श्रीवेदव्यासाय नमः ॥

नारायणं नमस्कृत्य नरं चैव नरोत्तमम् ।
देवीं सरस्वतीं चैव ततो जयमुदीरयेत् ॥ १ ॥

सञ्जय उवाच— ततस्ते सहिता वीराः प्रयाता दक्षिणामुखाः ।
उपास्तमनवेलायां शिबिराभ्याशमागताः ॥ १ ॥
विमुच्य वाहांस्त्वरिता भीताः समभवंस्तदा ।
गहनं देशमासाद्य प्रच्छन्ना न्यविशन्त ते ॥ २ ॥
सेनानिवेशमभितो नातिदूरमवस्थिताः ।
निकृत्ता निशितैः शस्त्रैः समन्तात्क्षतविक्षताः ॥ ३ ॥
दीर्घमुष्णं च निःश्वस्य पाण्डवानेव चिन्तयन् ।

सौप्तिक पर्वमें प्रथम अध्याय ।

नारायण, नरोत्तम नर और देवी सरस्वतिको नमस्कार कर पश्चात् जय इतिहास कहना चाहिये ॥

सञ्जय बोले, हे राजा धृतराष्ट्र ! तब वे तीनों वीर दुर्योधनके पाससे दक्षिणकी ओरको चले, फिर सन्ध्याके समय डेरोंके पास आकर भयसे व्याकुल होगये, फिर रथोंसे घोडे छोडकर छिपकर डेरोंके पास बैठे, उस समय ये तीनों वीर बाणोंके घावोंसे व्याकुल थे, घोडे थक गये, प्यासके मारे मुख सूख रहे थे, राजाके मरनेसे क्रोध और शोकसे व्याकुल थे, तब थोडे समय तक वहां बैठे । (२-३)

अनन्तर पाण्डवोंकी सेनाका भयानक

श्रुत्वा च निनदं घोरं पाण्डवानां जयैषिणाम् ॥ ४ ॥
अनुसारभयाद्भीताः प्राङ्मुखाः प्राद्रवन्पुनः ।
ते मुहूर्त्तात्ततो गत्वा श्रान्तवाहाः पिपासिताः ॥ ५ ॥
नामृष्यन्त महेष्वासाः क्रोधामर्षवशं गताः ।
राज्ञो वधेन सन्तप्ता मुहूर्त्तं समवस्थिताः ॥ ६ ॥

धृतराष्ट्र उवाच—अश्रद्धेयमिदं कर्म कृतं भीमेन सञ्जय ।
यत्सनागायुतप्राणः पुत्रो मम निपातितः ॥ ७ ॥
अवध्यः सर्वभूतानां वज्रसंहननो युवा ।
पाण्डवैः समरे पुत्रो निहतो मम सञ्जय ॥ ८ ॥
न दिष्टमभ्यतिक्रान्तं शक्यं गावल्गणे नरैः ।
यत्समेत्य रणे पार्थैः पुत्रो मम निपातितः । ॥ ९ ॥
अद्रिसारमयं नूनं हृदयं मम सञ्जय ।
हतं पुत्रशतं श्रुत्वा यन्न दीर्णं सहस्रधा ॥ १० ॥
कथं हि वृद्धमिथुनं हतपुत्रं भविष्यति ।
न ह्यहं पाण्डवेयस्य विषये वस्तुमुत्सहे ॥ ११ ॥
कथं राज्ञः पिता भूत्वा स्वयं राजा च सञ्जय ।

शब्द सुनकर उन्होंने जाना कि ये सब हमें मारनेको इधर ही चले आते हैं। तब भयसे व्याकुल होकर ऊंचे और गर्म सांस लेते हुये, पाण्डवोंका विचार करते हुये पूर्वकी ओर भागे। (४-६)

धृतराष्ट्र बोले, हे सञ्जय! भीमसेनने युद्धमें हमारे पुत्रको मारडाला यह बात सुनकर हमें विश्वास नहीं होता, क्यों कि दश सहस्र हाथियोंके समान बलवाला तरुण दुर्योधन भीमसेनके हाथसे मारा गया, यह सुनकर हमें निश्चय नहीं होता, क्यों कि उसका शरीर वज्रके समान था और उसे कोई भी नहीं मार सकता था। (७—८)

हे गालवगण पुत्र! पाण्डवोंने दुर्योधनको मारडाला यह सुनकर हमें निश्चय होता है कि कोई मनुष्य प्रारब्धको नहीं बांध सक्ता। (९)

हे सञ्जय! सौ पुत्रोंको भीमसे मरा सुन करके मेरा हृदय फट नहीं गया। इससे जानता हूं कि यह पत्थरसे भी अधिक कठोर है, अब हम दोनों बूढोंकी क्या दशा होगी? मैं कदापि युधिष्ठिरके राज्यमें न रह सकूंगा, हाय! आप ही राजा और राजाका पिता होकर मैं अब पाण्डवोंका सेवक होकर

प्रेष्यभूतः प्रवर्त्तेयं पाण्डवेयस्य शासनात् ॥ १२ ॥
आज्ञाप्य पृथिवीं सर्वां स्थित्वा मूर्द्धनि सञ्जय !
येन पुत्रशतं पूर्णमेकेन निहतं मम ॥ १३ ॥
कृतं सत्यं वचस्तस्य विदुरस्य महात्मनः ।
अकुर्वता वचस्तेन मम पुत्रेण सञ्जय ॥ १४ ॥
कथमस्य भविष्यामि प्रेष्यभूतो दुरन्तकृत् ।
कथं भीमस्य वाक्यानि श्रोतुं शक्ष्यामि संजय ॥१५॥
अधर्मेण हते तात पुत्रे दुर्योधने मम ।
कृतवर्मा कृपो द्रौणिः किमकुर्वत सञ्जय ॥ १६ ॥

सञ्जय उवाच— गत्वा तु तावका राजन्नातिदूरमवस्थिताः ।
अपश्यन्त वनं घोरं नानाद्रुमलतावृतम् ॥ १७ ॥
ते मुहूर्त्तं तु विश्रम्य लब्धतोयैर्हयोत्तमैः ।
सूर्यास्तमनवेलायां समासेदुर्महद्वनम् ॥ १८ ॥
नानामृगगणैर्जुष्टं नानापक्षिगणावृतम् ।
नानाद्रुमलताच्छन्नं नानाव्यालनिषेवितम् ॥ १९ ॥
नानातोयैः समाकीर्णं नानापुष्पोपशोभितम् ।
पद्मिनीशतसंछन्नं नीलोत्पलसमायुतम् ॥ २० ॥

कैसे रहूंगा ? हे सञ्जय ! सब पृथ्वीको अपनी आज्ञामें चलाकर राजोंके शिर पर रहकर अब युधिष्ठिरकी आज्ञामें कैसे चलूंगा ? (१०-१३)

महात्मा विदुरका वचन सत्य हुआ, दुर्योधनने विदुरकी बात कुछ न मानी इसीसे यह आपत्ति आई ! हे सञ्जय ! जिसने मेरे सौ पुत्रोंको मारा उस भीमसेनके वचनोंको मैं कैसे सह सकूंगा ? हे सञ्जय ! जब भीमसेनने हमारे पुत्र दुर्योधनको अधर्मसे मारडाला तब कृपाचार्य, अश्वत्थामा और कृतवर्माने क्या किया । (१४—१६)

सञ्जय बोले, हे महाराज ! जब ये तीनों वीर वहांसे पूर्वकी ओर भागे, तब थोडी दूर जाकर अनेक वृक्ष लताओंसे भरा घोर वन देखा; तब रथोंसे उतरकर थोडे समयतक ठहरकर वहांपर विश्राम किया और घोडोंको पानी पिलाया, तब सूर्य भी अस्त होने लगे । तब ये तीनों दक्षिणकी ओर चलकर उस हरिन, पक्षी, वृक्ष, लता और सांपोंसे भरे बनमें घुसे । (१७—१९)

अनन्तर चारों ओर देखते हुए

प्रविश्य तद्वनं घोरं वीक्षमाणाः समंततः।
शाखासहस्रसंछन्नं न्यग्रोधं ददृशुस्ततः ॥ २१ ॥
उपेत्य तु तदा राजन् न्यग्रोधं ते महारथाः।
ददृशुर्द्विपदां श्रेष्ठाः श्रेष्ठं तं वै वनस्पतिम् ॥ २२ ॥
तेऽवतीर्य रथेभ्यश्च विप्रमुच्य च वाजिनः।
उपस्पृश्य यथान्यायं संध्यामन्वासत प्रभो ॥ २३ ॥
ततोऽस्तं पर्वतश्रेष्ठमनुप्राप्ते दिवाकरे।
सर्वस्य जगतो धात्री शर्वरी समपद्यत ॥ २४ ॥
ग्रहनक्षत्रताराभिः संपूर्णाभिरलंकृतम्।
नभोंशुकमिवाभाति प्रेक्षणीयं समंततः ॥ २५ ॥
इच्छया ते प्रवर्तंति ये सत्वा रात्रिचारिणः।
दिवाचराश्च ये सत्वास्ते निद्रावशमागताः ॥ २६ ॥
रात्रिंचराणां सत्वानां निर्घोषोऽभूत्सुदारुणः।
क्रव्यादाश्च प्रमुदिता घोरा प्राप्ता च शर्वरी ॥ २७ ॥
तस्मिन्रात्रिमुखे घोरे दुःखशोकसमन्विताः।
कृतवर्मा कृपो द्रौणिरूपोपविविशुःसमम् ॥ २८ ॥
तत्रोपविष्टाः शोचन्तो न्यग्रोधस्य समीपतः।
तमेवार्थमतिक्रान्तं कुरुपाण्डवयोः क्षयम् ॥ २९ ॥
निद्रया च परीताङ्गा निषेदुर्धरणीतले।

चलते वीरोंने उस वनमें एक उत्तम जल भरे,उत्तम नीले कमल और सहस्रों सफेद कमल आदि फूलोंसे भरा, एक तालाब देखा और उसीके तटपर अनेक शाखावाला एक बरगदका वृक्ष था, तब वे रथोंसे उतर घोडोंको रथसे खोलकर जलस्पर्श करके विधि पूर्वक सन्ध्या करने लगे। तब भगवान् सूर्य भी अस्ताचलके शिखरपर पहुंच गए और सब जगत्की माता रात्रि आगई। उस समय नक्षत्र और तारोंसे भरा आकाश ऐसा सुन्दर दीखने लगा, जैसे सफेद बिन्दु सहित नीलावस्त्र; रात्रिमें घूमनेवाले जन्तु घूमने लगे। और भयानक शब्द करने लगे, मांस खानेवाले जन्तु प्रसन्न होने लगे, दिनमें घूमनेवाले सब सो गये, उस भयानक घोर रात्रिके प्रथम पहरमें शोकसे व्याकुल तीनों वीर एक स्थानमें बैठकर विचार करने लगे, और उस ही कुरुकुल नाशके शोकसे

श्रमेण सुदृढं युक्ता विक्षता विविधैः शरैः ॥ ३० ॥
ततो निद्रावशं प्राप्तौ कृपभोजौ महारथौ ।
सुखोचितावदुःखार्हौ निषण्णौ धरणीतले ॥ ३१ ॥
तौ तु सुप्तौ महाराज श्रमशोकसमन्वितौ ।
महार्हशयनोपेतौ भूमावेव ह्यनाथवत् ॥ ३२ ॥
क्रोधामर्षवशं प्राप्तो द्रोणपुत्रस्तु भारत ।
न वै स्म स जगामाथ निद्रां सर्प इव श्वसन् ॥ ३३ ॥
न लेभे स तु निद्रां वै दह्यमानो हि मन्युना ।
वीक्षांचक्रे महाबाहुस्तद्वनं घोरदर्शनम् ॥ ३४ ॥
वीक्षमाणो वनोद्देशं नानासत्वैर्निषेवितम् ।
अपश्यत महाबाहुर्न्यग्रोधं वायसैर्युतम् ॥ ३५ ॥
तत्र काकसहस्राणि तां निशां पर्यणामयन् ।
सुखं स्वपंति कौरव्य पृथक् पृथगुपाश्रयाः ॥ ३६ ॥
सुप्तेषु तेषु काकेषु विश्रब्धेषु समंततः ।
सोऽपश्यत्सहसा यान्तमुलूकं घोरदर्शनम् ॥ ३७ ॥
महास्वनं महाकायं हर्यक्षं बभ्रुपिंगलम् ।
सुदीर्घघोणानखरं सुपर्णमिव वेगितम् ॥ ३८ ॥
सोऽथ शब्दं मृदुं कृत्वा लीयमान इवांडजः ।
न्यग्रोधस्य ततः शाखां प्रार्थयामास भारत ॥ ३९ ॥

व्याकुल होगये । (२०-२९)

उस समय तीनों परिश्रम, घाव और निद्रासे व्याकुल थे, इसलिये पृथ्वीमें लोट गये, तब सदासे सुख भोगनेवाले, दुःख भोगनेमें असमर्थ, शोकसे व्याकुल, उत्तम शय्यामें सोने योग्य, महारथ कृपाचार्य और कृतवर्मा, अनाथके समान पृथ्वीहीमें सोगये; परन्तु क्रोध भरे अश्वत्थामाको निद्रा न आई और सांपके समान सांस लेते रहे। फिर बार बार क्रोधसे भरकर महाबाहु, अश्वत्थामा उस अनेक जन्तुओंसे भरे घोर वनको देखने लगे । फिर उस बरगदके ऊपर को देखा । (३०—३५)

हे महाराज ! उस बरगद पर सहस्रों कौवें निःसन्देह सो रहे थे, उसी समय एक भयानक शब्दवाला बडे शरीर नखों और कज्जी आंखवाला और गरुडके समान वेगवाला उल्लू आया तब उसने चुप होकर उन सोते हुये कौओं-

सान्निपत्य तु शाखायां न्यग्रोधस्य विहङ्गमः।
सुप्ताञ्जघान सुबहून्वायसान्वायसान्तकः ॥ ४० ॥
केषाञ्चिदच्छिनत्पक्षान् शिरांसि च चकर्त ह।
चरणांश्चैव केषांचिद्बभञ्ज चरणायुधः ॥ ४१ ॥
क्षणेनाहनद्बलवान्येऽस्य दृष्टिपथे स्थिताः।
तेषां शरीरावयवैः शरीरैश्च विशाम्पते ॥ ४२ ॥
न्यग्रोधमण्डलं सर्वं संछन्नं सर्वतोऽभवत्।
तांस्तु हत्वा ततः काकान्कौशिको मुदितोऽभवत् ४३
प्रतिकृत्य यथा कामं शत्रूणां शत्रुसूदनः।
तद् दृष्ट्वा सोपधं कर्म कौशिकेन कृतं निशि ॥ ४४ ॥
तद्भावे कृतसङ्कल्पो द्रौणिरेकोऽन्वचिन्तयत्।
उपदेशः कृतोऽनेन पक्षिणा मम संयुगे ॥ ४५ ॥
शत्रूणां क्षेपणे युक्तः प्राप्तः कालश्च मे मतः।
नाद्य शक्या मया हन्तुं पाण्डवा जितकाशिनः॥४६॥
बलवन्तः कृतोत्साहाः प्राप्तलक्ष्याः प्रहारिणः।
राज्ञः सकाशात्तेषां तु प्रतिज्ञातो वधो मया ॥ ४७ ॥
पतङ्गाग्निसमां वृत्तिमास्थायात्मविनाशिनीम्।
न्यायतो युद्ध्यमानस्य प्राणत्यागो न संशयः॥ ४८ ॥

में प्रवेश किया और शाखापर जाकर सोते हुए सहस्रों कौओंको मारडाला। किसीके पङ्ख काट दिये, किसीका शिर काट दिया और किसीके पैर काट दिये अर्थात् जो कौआ उसके आगे आया उसीको मारडाला। क्षण भरमें उस बडगदके सब कौवे उसने मारडाले और वह स्थान मरे हुये कौवेके शिरोंसे भर गया। बलवान् उल्लू अपने शत्रुओंको मारकर बहुत प्रसन्न हुआ। (३६—४३)

उल्लूका यह घोर कर्म देखकर अश्वत्थामाने विचारा कि इस पक्षीने हमको अच्छा उपदेश किया, शत्रुओंके मारनेका यही समय है और यही रीति है, मैंने राजाके आगे पाण्डवोंके मारनेकी प्रतिज्ञा करी है, परन्तु मैं शस्त्रधारी विजयी पाण्डवोंको दूसरी रीतिसे नहीं मार सक्ता; अब ऐसे ही पाण्डवोंका नाश करूंगा, यदि न्यायसे युद्ध करूं तो अवश्य ही मेरा नाश इस प्रकार होगा जैसे आगमें पडनेसे फतिङ्ग जल जाता है, इस समय केवल कपटहीसे



उलूक का उपदेश।

(भा. मु. औंध) (म. भा सौप्तिक पर्व अ० १)

छद्मना च भवोत्सिद्धिः शत्रूणां च क्षयो महान् ।
ततः संशयितादर्थाद्योऽर्थो निःसंशयो भवेत् ॥ ४९ ॥
तं जना बहु मन्यंते ये च शास्त्रविशारदाः ।
यच्चाप्यत्र भवेद्वाक्यं गर्हितं लोकनिन्दितम् ॥ ५० ॥
कर्तव्यं तन्मनुष्येण क्षत्रधर्मेण वर्तता ।
निन्दितानि च सर्वाणि कुत्सितानि पदे पदे ॥ ५१ ॥
सोपधानि कृतान्येव पाण्डवैरकृतात्मभिः ।
अस्मिन्नर्थे पुरा गीताः श्रूयंते धर्मचिन्तकैः ॥ ५२ ॥
श्लोका न्यायमवेक्षद्भिस्तत्त्वार्थास्तत्त्वदर्शिभिः ।
परिश्रान्ते विदीर्णे वा भुञ्जाने वाऽपि शत्रुभिः ॥५३॥
प्रस्थाने वा प्रवेशे वा प्रहर्तव्यं रिपोर्बलम् ।
निद्रार्तमर्धरात्रे च तथा नष्टप्रणायकम् ॥ ५४ ॥
भिन्नयोधं बलं यच्च द्विधायुक्तं च यद्भवेत् ।
इत्येवं निश्चयं चक्रे सुप्तानां निशि मारणे ॥ ५५ ॥
पाण्डूनां सहपाञ्चालैर्द्रोणपुत्रः प्रतापवान् ।
स क्रूरां मतिमास्थाय विनिश्चित्य मुहुर्मुहुः ॥ ५६ ॥
सुप्तौ प्रबोधयत्तौ तु मातुलं भोजमेव च ।

मेरा काम सिद्ध हो सक्ता है, यद्यपि यह नियम है कि संशयवाले कामोंसे निःसन्देह काम करना अच्छा है, महात्माओंने यह भी कहा है, कि जगत्में नीच काम करनेसे निन्दा होती है, परन्तु क्षत्रियधर्म करनेवालेको चरण चरणपर निन्दित और दुष्ट कर्म करने होते हैं, पाण्डवोंने भी इस युद्धमें अनेक अधर्म करे हैं, महात्माओंने भी ऐसा कहा है कि चाहे शत्रु थका हो, चाहे भागता हो, चाहे भोजन करता हो, चाहे चला जाता हो, और चाहे बैठा हो, उसे अवश्य मारना चाहिये । जिस सेनाका स्वामी मर गया हो, जिसके दो टुकडे होगये हो, जो सेना सोती हो उसे आधी रातमें मारना चाहिये । यही तप जाननेवाले महात्माओंका सिद्धान्त है । (४५—५५)

ऐसा विचारकर प्रतापवान् अश्वत्थामाने पाञ्चाल और पाण्डवोंके मारनेके लिये दुष्ट बुद्धि करी, फिर सोते हुए अपने मामा कृपाचार्य और कृतवर्माको जगाया, तब महाबलवान् कृपाचार्य और कृतवर्मा उठे और लज्जित होकर अ-

तौ प्रबुद्धौ महात्मानौ कृपभोजौ महाबलौ ॥ ५७ ॥
नोत्तरं प्रतिपद्येतां तत्र युक्तं हियावृतौ।
सुमुहूर्त्तमिव ध्यात्वा बाष्पविह्वलमब्रवीत् ॥ ५८ ॥
हतो दुर्योधनो राजा एकवीरो महाबलः।
यस्यार्थे वैरमस्माभिरासक्तं पाण्डवैः सह ॥ ५९ ॥
एकाकी बहुभिः क्षुद्रैराहवे शुद्धविक्रमः।
पातितो भीमसेनेन एकादशचमूपतिः ॥ ६० ॥
वृकोदरेण क्षुद्रेण सुनृशंसमिदं कृतम्।
मूर्धाभिषिक्तस्य शिरः पादेन परिमृद्नता ॥ ६१ ॥
विनर्दंति च पाञ्चालाः क्ष्वेलंति च हसंति च।
धमंति शंखान् शतशो हृष्टा घ्नंति च दुंदुभीन् ॥६२॥
वादित्रघोषस्तुमुलो विमिश्रः शंखनिःस्वनैः।
अनिलेनेरितो घोरो दिशः पूरयतीव ह ॥ ६३ ॥
अश्वानां हेषमाणानां गजानां चैव बृंहताम्।
सिंहनादश्च शूराणां श्रूयते सुमहानयम् ॥ ६४ ॥
दिशं प्राचीं समाश्रित्य हृष्टानां गच्छतां भृशम्।
रथनेमिस्वनाश्चैव श्रूयन्ते लोमहर्षणाः ॥ ६५ ॥
पांडवैर्धार्त्तराष्ट्राणां यदिदं कदनं कृतम्।
वयमेव त्रयः शिष्टा अस्मिन्महति वैशसे ॥ ६६ ॥

अश्वत्थामाके वचनका कुछ उत्तर न दिया, तब थोडे समयतक विचारकर आंखोंमें आंसू भरकर अश्वत्थामा कहने लगे, महाबलवान् एक वीर राजा दुर्योधन मारे गये। इन्हींके लिये हम लोगोंसे और पाण्डवोंसे वैर हुआ था, धर्मात्मा एकले दुर्योधनको अनेक पापियोंने मिलकर मार डाला, पापी क्षुद्र भीमसेनने ग्यारह अक्षौहिणीके स्वामी महाराजके शिरपर पैर धरा, यह बहुत ही अन्याय किया। (५५–६१)

इस समय पाञ्चाल प्रसन्न होरहे हैं, हंस रहे हैं, शङ्ख और नगारे बजा रहे हैं, ये देखो वायुसे उछलते हुए समुद्रके समान पाण्डवोंकी सेनाके बाजोंका शब्द होरहा है, देखो घोडे हींच रहे हैं, हाथियोंका शब्द हो रहा है, ये इनके रथोंका शब्द सुनकर हमारे रोंवे खडे हुये जाते हैं, पाण्डवोंने जो कौरवोंका नाश किया उस सेनामेंसे केवल हम तीन

केचिन्नागशतप्राणाः केचित्सर्वास्त्रकोविदाः ।
निहताः पाण्डवेयैस्ते मन्ये कालस्य पर्ययम् ॥ ६७ ॥
एवमेतेन भाव्यं हि नूनं कार्येण तत्वतः ।
यथा ह्यस्येदृशी निष्ठा कृतकार्येऽपि दुष्करे ॥ ६८ ॥
भवतोऽस्तु यदि प्रज्ञा न मोहादपनीयते ।
व्यापन्नेऽस्मिन्महत्यर्थे यन्नः श्रेयस्तदुच्यताम् ॥ ६९ ॥

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां सौप्तिके पर्वणि द्रौणिसंद्रणायां प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

कृप उवाच— श्रुतं ते वचनं सर्वं यदुक्तं त्वया विभो ।
ममापि तु वचः किंचिच्छृणुष्वाद्य महाभुज ॥ १ ॥
आबद्धा मानुषाः सर्वे नियद्धाः कर्मणोर्द्वयोः ।
दैवे पुरुषकारे च परं तास्यां न विद्यते ॥ २ ॥
न हि दैवेन सिध्यंति कार्याण्येकेन सत्तम ।
न चापि कर्मणैकेन द्वाभ्यां सिद्धिस्तु योगतः ॥ ३ ॥
ताभ्यामुभाभ्यां सर्वार्था निबद्धा अधमोत्तमाः ।
प्रवृत्ताश्चैव दृश्यन्ते निवृत्ताश्चैव सर्वशः ॥ ४ ॥

ही बचे हैं, जो वीर मारे गये उनमेंसे किसीको सौ हाथीका बल था, और कोई सब शस्त्र विद्याके जाननेवाले थे, देखो समय बडा कठिन है । कोई यह नहीं जानता था; कि इस कामका यह फल होगा, निश्चय ही कर्मोंकी गति बहुत कठिन है, आप इस आपत्तिके समयमें क्या करना चाहिये, और क्या करनेसे हमारा कल्याण होगा सो कहिये ? (६२–६९)

सौप्तिक पर्वमें पहिला अध्याय समाप्त ।

सौप्तिक पर्वमें दूसरा अध्याय ।

कृपाचार्य बोले, तुमने जो कहा सो हमने सब सुना, अब कुछ हमारे भी वचन सुनो, हे महाबाहो ! सब मनुष्य प्रारब्ध और उद्योगमें बन्धे हैं, केवल प्रारब्धहीसे सब काम सिद्ध नहीं होते, और केवल उद्योगहीसे सब काम सिद्ध नहीं होते, अर्थात् प्रारब्ध और उद्योग इन दोनों ही से काम सिद्ध होते हैं; जगत्में तीन प्रकारके काम होते हैं, एक उत्तम, दूसरा मध्यम, और तीसरा अधम और तीनों ही काम विना प्रारब्ध सिद्ध नहीं होते । कहीं जो एक काम यत्नसे सिद्ध होता है, और कहीं वही काम उस ही यत्नसे नष्ट होता दीखता है, देखो

पर्जन्यः पर्वते वर्षन्किञ्चु साधयते फलम् ।
कृष्टे क्षेत्रे तथा वर्षन्किन्न साधयते फलम् ॥ ५ ॥
उत्थानं चापि दैवस्य ह्यनुत्थानं च दैवतम् ।
व्यर्थं भवति सर्वत्र पूर्वस्तत्र विनिश्चयः ॥ ६ ॥
सुवृष्टे च यथा देवे सम्यक् क्षेत्रे च कर्षिते ।
बीजं महागुणं भूयात्तथा सिद्धिर्हि मानुषी ॥ ७ ॥
तयोर्दैवं विनिश्चित्य स्वयं चैव प्रवर्त्तते ।
प्राज्ञाः पुरुषकारे तु वर्तते दाक्ष्यमाश्रिताः ॥ ८ ॥
ताभ्यां सर्वे हि कार्यार्था मनुष्याणां नरर्षभ ।
विचेष्टंतः स्म दृश्यन्ते निवृत्तास्तु तथैव च ॥ ९ ॥
कृतः पुरुषकारश्च सोऽपि दैवेन सिध्यति ।
तथाऽस्य कर्मणः कर्त्तुरभिनिर्वर्त्तते फलम् ॥ १० ॥
उत्थानं च मनुष्याणां दक्षाणां दैववर्जितम् ।
अफलं दृश्यते लोके सम्यगप्युपपादितम् ॥ ११ ॥
तत्रालसा मनुष्याणां ये भवन्त्यमनस्विनः ।
उत्थानं ते विगर्हंति प्राज्ञानां तन्न रोचते ॥ १२ ॥
प्रायशो हि कृतं कर्म नाफलं दृश्यते भुवि ।
अकृत्वा च पुनर्दुःखं कर्म पश्येन्महाफलम् ॥ १३ ॥

जब जुते हुये खेतमें मेघ वर्षता है, तब कैसा उत्तम फल होता है, और वही मेघ जब पर्वतपर वर्षता है, तो क्या फल होता है ? परन्तु दो रीति हैं कहीं प्रारब्ध उद्योगकी सहायता करता है, और कहीं उद्योग प्रारब्धकी सहायता करता है, पण्डितोंने पहिलेको मुख्य माना है; जैसे उत्तम जल वर्षनेसे बीजके गुण बढते हैं, ऐसे ही प्रारब्धकी सहायतासे कर्म करनेसे सिद्धी होती है। (१–७)

पण्डित लोग प्रारब्धको विचार कर उद्योगमें प्रवृत्त होते हैं, महापुरुष होनेपर भी यदि प्रारब्ध छोडकर उद्योग करना चाहै, तो वह व्यर्थ होजाता है। अब पण्डित और मूर्खोंमें केवल इतना ही भेद दीखता है, कि मूर्ख आलस्यके वश होकर उद्योग करना ही नहीं चाहते परन्तु पण्डित उद्योग करते हैं और प्रारब्धको मुख्य मानते हैं, जगत्में किये हुये कर्मका फल अवश्य ही मिलता है, परन्तु उत्तम कर्मके विना किये पश्चात्ताप रहता है यदि कोई विना उद्योग

चेष्टामकुर्वन् लभते यदि किंचिद्यदृच्छया ।
यो वा न लभते कृत्वा दुर्दशौ तावुभावपि ॥ १४ ॥
शक्नोति जीवितुं दक्षो नालसः सुखमेधते ।
दृश्यंते जीवलोकेऽस्मिन्दक्षाः प्रायो हितैषिणः ॥१५॥
यदि दक्षः समारंभात् कर्मणो नाश्नुते फलम् ।
नास्य वाच्यं भवेत्किंचिल्लब्धव्यं वाऽधिगच्छति ॥१६॥
अकृत्वा कर्म यो लोके फलं विंदति धिष्ठितः ।
स तु वक्तव्यतां याति द्वेष्यो भवति भूयशः ॥ १७॥
एवमेतदनादृत्य वर्तते यस्त्वतोऽन्यथा ।
स करोत्यात्मनोऽर्थानेष बुद्धिमतां नयः ॥ १८ ॥
हीनं पुरुषकारेण यदि दैवेन वा पुनः ।
कारणाभ्यामथैताभ्यामुत्थानमफलं भवेत् ॥ १९ ॥
हीनं पुरुषकारेण कर्म त्विह न सिध्यति ।
दैवतेभ्यो नमस्कृत्य यस्त्वर्थान्समवगाहते ॥ २० ॥
दक्षो दाक्षिण्यसंपन्नो न स मोघैर्विहन्यते ।

किये प्रारब्धसे कुछ फल प्राप्त करे और जो परिश्रम करनेपर भी फल न पावे, तो इन दोनोंकी निन्दा करनी चाहिये । (८-१४)

उद्योगी जगत्में सुखसे जीता है, और आलसीको सुख नहीं होता, क्यों कि जगत्में प्रायः, उद्योगी ही सुखी दीखते हैं, यदि परिश्रमी परिश्रम करनेपर भी कुछ फल न पावे, तो उसे पछताना नहीं पडता, अथवा परिश्रमका फल ही होजाता है, जो आलसी विना कर्म किये फल पाते हैं, लोग उसके विषयमें अनेक प्रकारकी बात कहते हैं, और बहुत मनुष्य उससे द्वेष भी करते हैं । (१५-१७)

इसलिये बुद्धिमानोंने यह निश्चय किया है, कि इन दोनों विषयोंको छोडकर जो भिन्न प्रकार कार्य करता है, वह अपने लिये अनर्थ बनाता है । यदि मनुष्य केवल प्रारब्ध या कर्महीको छोडकर कोई कर्मकी सिद्धि करना चाहे तो सिद्धी नहीं होती, अर्थात् दोनोंहीसे कर्म करनेसे सिद्ध होता है, जो मनुष्य उद्योगको छोडकर सिद्धी चाहता है, उसका फल सिद्ध नहीं होता; जो उद्योगी मनुष्य देवतोंको नमस्कार करके अत्यन्त विचार पूर्वक उद्योग करता है, उसके भारी विघ्न भी नष्ट नहीं कर सकते

सम्यगीहा पुनरियं यो वृद्धानुपसेवते ॥ २१ ॥
आपृच्छति च यच्छ्रेयः करोति च हितं वचः।
उत्थायोत्थाय हि सदा प्रष्टव्या वृद्धसंमताः ॥ २२ ॥
ते स्म योगे परं मूलं तन्मूला सिद्धिरुच्यते।
वृद्धानां वचनं श्रुत्वा योऽभ्युत्थानं प्रयोजयेत् ॥ २३ ॥
उत्थानस्य फलं सम्यक् तदा स लभतेऽचिरात्।
रागात्क्रोधाद्भयाल्लोभाद्योऽर्थानीहति मानवः ॥ २४ ॥
अनीशश्चावमानी च स शीघ्रं भ्रश्यते श्रियः।
सोऽयं दुर्योधनेनार्थो लुब्धेनादीर्घदर्शिना ॥ २५ ॥
असमर्थः समारब्धो मूढत्वादविचिंतितः।
हितबुद्धीननादृत्य संमंत्र्यासाधुभिः सह ॥ २६ ॥
वार्यमाणोऽकरोद्वैरं पाण्डवैर्गुणवत्तरैः।
पूर्वमप्यतिदुःशीलो न धैर्यं कर्तुमर्हति ॥ २७ ॥
तपत्यर्थे विपन्ने हि मित्राणां न कृतं वचः।
अनुवर्तामहे यत्तु तं वयं पापपूरुषम् ॥ २८ ॥
अज्ञानप्यनयस्तस्मात्प्राप्तोऽयं दारुणो महान्।
अनेन तु ममाद्यापि व्यसनेनोपतापिता ॥ २९ ॥

अर्थात् उसका कार्य अनेक विघ्न होनेपर सिद्ध होता ही है, अत्यन्त विचारका अर्थ यह है कि बूढोंकी सेवा करना, उनकी सम्मति बूझनी और उनहीके कहे हुए वचनोंको करना मनुष्यको उचित है, प्रतिदिन प्रातःकाल उठकर बूढोंके पास जाय, क्यों कि बूढोंकी सम्मति सुखका मूल है; और उसी सम्मतिसे कार्यसिद्धी भी होती है,जो मनुष्य ऐसा करता है उसकी कार्यसिद्धि अवश्य होती है। (१८-२४)

जो मूर्ख लोभ, मोह, क्रोध और भयके वश होकर कोई कार्य करना चाहता है, उस मूर्खकी लक्ष्मी शीघ्र ही नष्ट होजाती है, सो अदूरदर्शी, लोभी और मूर्ख दुर्योधनने कल्याण करनेवालोंके वचनोंका निरादर करके मूर्खोंकी सम्मतीसे मूर्खतामें भरकर अनेक वार रोकनेपर भी विना विचारे महात्मा पांण्डवोंसे वैर किया था, परन्तु वह इस कार्यके करनेमें समर्थ न था, यह पहिलेहीसे दुष्टचित्त था, किसीके वचन नहीं मानता था, अब हम भी उस ही पापीको सहायता करते हैं, इसलिये हम लोग

बुद्धिश्चिंतयते किंचित् स्वं श्रेयो नावबुध्यते ।
मुह्यता तु मनुष्येण प्रष्टव्याः सुहृदो जनाः ॥ ३० ॥
तत्रास्य बुद्धिर्विनयस्तत्र श्रेयश्च पश्यति ।
ततोस्य मूलं कार्याणां बुद्ध्या निश्चित्य वै बुधाः ॥ ३१ ॥
तेऽत्र पृष्टा यथाब्रूयुस्तत्कर्तव्यं तथा भवेत् ।
ते वयं धृतराष्ट्रं च गान्धारीं च समेत्य ह ॥ ३२ ॥
उपपृच्छामहे गत्वा विदुरं च महामतिम् ।
ते पृष्टास्तु वदेयुर्यच्छ्रेयो नः समनंतरम् ॥ ३३ ॥
तदस्माभिः पुनः कार्यमिति मे नैष्ठिकी मतिः ।
अनारंभात्तु कार्याणां नार्थः संपद्यते क्वचित् ॥ ३४ ॥
कृते पुरुषकारे तु येषां कार्यं न सिद्ध्यति ।
दैवेनोपहतास्ते तु नात्र कार्या विचारणा ॥ ३५ ॥ [१०४]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां सौप्तिके पर्वणि
द्रौणिकृपसंवादे द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

संजय उवाच — कृपस्य वचनं श्रुत्वा धर्मार्थसहितं शुभम् ।
अश्वत्थामा महाराज दुःखशोकसमन्वितः ॥ १ ॥

भी महाअधर्मी और पापी होगये । मैं यही विचार रहा हूं और इसीसे मेरी बुद्धी इस समय नष्ट होगई है, क्या करना चाहिये यह कुछ नहीं जान पडता और यह भी नियम है कि जब मनुष्यकी बुद्धि नष्ट होजाय तब उसे अपने मित्रोंसे सम्मति पूंछनी चाहिये, क्यों कि ऐसे समयमें वे ही उसका कल्याण कर सकते हैं, पण्डितों ने ऐसा कहा है, कि उस समय यथार्थ मित्र जैसा कहै वैसाही करना उचित है । इस लिये हमारी बुद्धिमें ऐसा आता है, कि यहांसे चलकर महाराज धृतराष्ट्र, गान्धारी और महात्मा विदुरसे यह वृत्तान्त कहैं, फिर वे लोग जैसा कहेंगे, वैसाही करनेमें हमारा कल्याण होगा, क्यों कि विना उद्योग किये कहीं फल प्राप्त नहीं होता । यदि उद्योग करनेपर कार्य सिद्धि न होय तो उसमें मनुष्यका कुछ दोष नहीं और उसे ही प्रारब्ध कहते है । (२५—३५) [१०४]

सौप्तिक पर्वमें दूसरा अध्याय समाप्त ।

सौप्तिक पर्वमें तीसरा अध्याय ।

सञ्जय बोले, हे महाराज ! कृपाचार्यके अर्थ और धर्मसे भरे उत्तम वचन सुनकर जलती हुई अग्निके समान

दह्यमानस्तु शोकेन प्रदीप्तेनाग्निना यथा।
क्रूरं मनस्ततः कृत्वा तावुभौ प्रत्यभाषत ॥ २ ॥
पुरुषे पुरुषे बुद्धिर्या या भवति शोभना।
तुष्यंति च पृथक् सर्वे प्रज्ञया ते स्वया स्वया ॥ ३ ॥
सर्वो हि मन्यते लोक आत्मानं बुद्धिमत्तरम्।
सर्वस्यात्मा बहुमतः सर्वोऽऽत्मानं प्रशंसति ॥ ४ ॥
सर्वस्य हि स्वका प्रज्ञा साधुवादे प्रतिष्ठिता।
परबुद्धिं च निन्दन्ति स्वां प्रशंसंति चासकृत् ॥ ५ ॥
कारणान्तरयोगेन योगे येषां समा गतिः।
अन्योन्येन च तुष्यन्ति बहु मन्यंति चासकृत् ॥ ६ ॥
तस्यैव तु मनुष्यस्य सा सा बुद्धिस्तदा तदा।
कालयोगे विपर्यासं प्राप्यान्योन्यं विपद्यते ॥ ७ ॥
विचित्रत्वात्तु चित्तानां मनुष्याणां विशेषतः।
चित्तवैक्लव्यमासाद्य सा सा बुद्धिः प्रजायते ॥ ८ ॥
यथा हि वैद्यः कुशलो ज्ञात्वा व्याधिं यथाविधि।
भैषज्यं कुरुते योगात्प्रशमार्थमिति प्रभो ॥ ९ ॥
एवं कार्यस्य योगार्थं बुद्धिं कुर्वन्ति मानवाः।

क्रोधमें भरकर मनको दूषित करके अश्वत्थामा, कृपाचार्य और कृतवर्मासे बोले। (१—२)

हम यह जानते हैं, कि जगत्में सब मनुष्योंकी बुद्धि अलग अलग होती है, और सब लोग अपने अपनेको महाबुद्धिमान जानकर अपनी अपनी प्रशंसा किया करते हैं। और अपने अपने को बडा समझते हैं सब लोग अपनी अपनी बुद्धिको साधु कहते हैं, परन्तु जो कारण और समयके अनुरोधसे अनेक प्रकारकी बुद्धियोंमेंसे एक बुद्धिको स्थिर करता है, और जो दूसरोंकी सम्मति सुनकर प्रसन्न होता है, उसहीका कार्य सिद्ध होता है, मनुष्योंके चित्तकी वृत्ति अलग अलग होती है,इसी लिये समय समयपर व्याकुल होकर अनेक अनेक प्रकारकी बुद्धि उत्पन्न होती है। जो अपनी स्थिर करी हुई बुद्धिको छोड कर दूसरेकी सम्मतियोंको स्वीकार करता है। उसकी बुद्धि अनेक प्रकारकी बुद्धियोंसे नष्ट होजाती है, (३—८)

जैसे वैद्य अत्यन्त सावधान होकर चिकित्सा करता है, और रोगको शान्त

प्रज्ञया हि स्वया युक्तास्ताञ्च निन्दन्ति मानवाः ॥१०॥
अन्यया यौवने मर्त्यो बुध्या भवति मोहितः ।
मध्येऽन्यया जरायां तु सोऽन्यां रोचयते मतिम् ॥११॥
व्यसनं वा महाघोरं समृद्धिं चापि तादृशीम् ।
अवाप्य पुरुषो भोज कुरुते बुद्धिवैकृतम् ॥ १२ ॥
एकस्मिन्नेव पुरुषे सा सा बुद्धिस्तदा तदा ।
भवत्यकृतधर्मत्वात्सा तस्यैव न रोचते ॥ १३ ॥
निश्चित्य तु यथाप्रज्ञं यां मतिं साधु पश्यति ।
तया प्रकुरुते भावं सा तस्योद्योगकारिका ॥ १४ ॥
सर्वो हि पुरुषो भोज साध्वेतदिति निश्चितः ।
कर्तुमारभते प्रीतो मरणादिषु कर्मसु ॥ १५ ॥
सर्वे हि बुद्धिमाज्ञाय प्रज्ञां वापि स्वकां नराः ।
चेष्टन्ते विविधां चेष्टां हितमित्येव जानते ॥ १६ ॥
उपजाता व्यसनजा येयमद्य मतिर्मम ।
युवयोस्तां प्रवक्ष्यामि मम शोकविनाशिनीम् ॥ १७ ॥

करता है, ऐसे ही जो बुद्धिमान मनुष्य कार्योंको जानकर भी केवल अपनी बुद्धिसे कार्योंको करता है, उसकी लोग निन्दा करते हैं । युवा अवस्थामें मनुष्य दूसरी ही बुद्धिसे मोहित रहता है, मध्य अवस्थामें कुछ और ही बुद्धि हो जाती है, और बूढापेमें कुछ और बुद्धि अच्छी लगा करती है, हे कृतवर्मन् ! जब मनुष्यको घोर आपत्ति आकर पडती है, अथवा बहुत अधिक धन प्राप्त हो-जाता है, तब उसकी बुद्धि नष्ट होजाती है, परन्तु जब एक ही मनुष्यको अधर्म करनेके कारण अनेक प्रकारकी बुद्धि होती है, तब वह बुद्धि किसीकी अच्छी नहीं लगती, जो अपनी बुद्धिके अनुसार अत्यन्त निश्चय करके कार्यका उद्योग करता है, तब वही बुद्धि उसके उद्योगकी सहायता करती है। (९-१४)

हे कृतवर्मन् ! मनुष्य मरणपर्यन्त कामोंको भी अच्छा ही समझकर करता है, क्यों कि मनुष्य जिस कामको करता है उसमें अपनी समस्त बुद्धिको लगा देता है, और उस ही कर्मको अपना कल्याणदायक समझ लेता है। १५-१६

इस समय इस घोर आपत्तिमें पडनेके कारण जो बुद्धि मुझे उत्पन्न हुई है, उससे मेरा शोक नष्ट होगया । अब तुम दोनोंसे यही कहता हूं सुनो, ब्रह्माने जब

प्रजापतिः प्रजाः सृष्ट्वा कर्म तासु विधाय च।
वर्णे वर्णे समाधत्ते श्लोकैकं गुणभाग्गुणम् ॥ १८ ॥
ब्राह्मणे वेदमग्र्यं तु क्षत्रिये तेज उत्तमम्।
दाक्ष्यं वैश्ये च शूद्रे च सर्ववर्णानुकूलताम् ॥ १९ ॥
अदान्तो ब्राह्मणोऽसाधुर्निस्तेजाः क्षत्रियोऽधमः।
अदक्षो निंद्यते वैश्यः शूद्रश्च प्रतिकूलवान् ॥ २० ॥
सोऽस्मि जातः कुले श्रेष्ठे ब्राह्मणानां सुपूजिते।
मन्दभाग्यतयाऽस्म्येतं क्षत्रधर्ममनुष्ठितः ॥ २१ ॥
क्षत्रधर्मं विदित्वाऽहं यदि ब्राह्मण्यमाश्रितः।
प्रकुर्यां सुमहत्कर्म न मे तत्साधुसंमतम् ॥ २२ ॥
धारयंश्च धनुर्दिव्यं दिव्यान्यस्त्राणि चाहवे।
पितरं निहतं दृष्ट्वा किं नु वक्ष्यामि संसदि ॥ २३ ॥
सोऽहमद्य यथाकामं क्षत्रधर्ममुपास्य तम्।
गन्ताऽस्मि पदवीं राज्ञः पितुश्चापि महात्मनः ॥२४ ॥
अद्य स्वप्स्यन्ति पाञ्चाला विश्वस्ता जितकाशिनः।
विमुक्तयुग्यकवचा हर्षेण च समन्विताः ॥ २५ ॥

सृष्टि बनाई थी तब ही उन्होंने सब वर्णोंके कर्म भी अलग अलग बना दिये थे; और सबमें एक एक गुण भी दे दिया था। ब्राह्मणोंको वेद पढना, क्षत्रियोंको तेज बढाना, वैश्योंको धन कमाना और शूद्रोंको सबकी सेवा करनी। जो ब्राह्मण इन्द्री न जीत सके, जो क्षत्री तेजस्वी न हो, जो वैश्य धन न बढा सके और जो शूद्र इनकी सेवा न करे, तो इन सबकी निन्दा करनी चाहिये। यदि आप मैं जगत्पूरित ब्राह्मण वंशमें उत्पन्न हुआ हूं, परन्तु अभाग्य होनेके कारण क्षत्रिय धर्मको धारण कर रहा हूं, सो आपत्तिमें इस क्षत्रिय धर्मको धारण करके भी अब छोड दूं, और ब्राह्मणोंका धर्म करने लगूं तो अच्छा नहीं, यह दिव्य धनुष और इन दिव्य बाणोंको धारण करके भी यदि पिताके मारनेका बदला न लूं, तो महात्माओंमें बैठकर क्या कहूंगा ? (१७-२३)

अब मैं क्षत्रिय धर्मका आश्रय लेकर अपने पिता और महाराजके पास स्वर्गमें जाऊंगा, इस समय विजयी पाञ्चाल सेना थककर विजय पाकर कवच खोलकर अत्यन्त विश्वासपूर्वक सो रही है, सो अभी मैं डेरोंमें घुसकर भूतके समान

जयं मत्वाऽऽत्मनश्चैव श्रान्ता व्यायामकर्षिताः ।
तेषां निशि प्रसुप्तानां सुस्थानां शिबिरे स्वके ॥ २६ ॥
अवस्कन्दं करिष्यामि शिबिरस्याद्य दुष्करम् ।
तानवस्कन्द्य शिबिरे प्रेतभूतानचेतसः ॥ २७ ॥
सूदयिष्यामि विक्रम्य मघवानिव दानवान् ।
अद्य तान्सहितान्सर्वान् धृष्टद्युम्नपुरोगमान् ॥ २८ ॥
सूदयिष्यामि विक्रम्य कक्षं दीप्त इवानलः ।
निहत्य चैव पाञ्चालान् शान्तिं लब्धाऽस्मि सत्तम ॥२९॥
पाञ्चालेषु भविष्यामि सूदयन्नद्य संयुगे ।
पिनाकपाणिः संक्रुद्धः स्वयं रुद्रः पशुष्विव ॥ ३० ॥
अद्याहं सर्वपाञ्चालान्निहत्य च निकृत्य च ।
अर्दयिष्यामि संहृष्टो रणे पाण्डुसुतांस्तथा ॥ ३१ ॥
अद्याहं सर्वपञ्चालैः कृत्वा भूमिं शरीरिणीम् ।
प्रहृत्यैकैकशस्तेषु भविष्याम्यनृणः पितुः ॥ ३२ ॥
दुर्योधनस्य कर्णस्य भीष्मसैन्धवयोरपि ।
गमयिष्यामि पाञ्चालान्पदवीमद्य दुर्गमाम् ॥ ३३ ॥
अद्य पाञ्चालराजस्य धृष्टद्युम्नस्य वै निशि ।
न चिरात्प्रमथिष्यामि पशोरिव शिरो बलात् ॥ ३४ ॥
अद्य पाञ्चालपाण्डूनां शयितानात्मजान्निशि ।

उनका नाश कर दूंगा आज मैं धृष्टद्युम्नादि सब क्षत्रियोंको इस प्रकार मारूंगा, जैसे इन्द्र दानवोंको मारता है । आज डेरोंमें घुसकर इस प्रकार क्षत्रियोंको मारूंगा, जैसे चढी हुई अग्नि सूखे काठको जलाती है, आज पाञ्चालोंका नाश करके ही शान्त होऊंगा । (२४-२९)

आज युद्धमें मैं पाञ्चालोंके लिये ऐसा भयानक बनूंगा, जैसे प्रलयकालमें प्रजाके लिये साक्षात् शिव । आज मैं पाञ्चाल और पाण्डवोंको मारकर प्रसन्न होकर इधर उधर खींचता फिरूंगा, आज पाञ्चालोंके शरीरमें पृथ्वीको पूर्ण करके पिता, राजा दुर्योधन, कर्ण, भीष्म और जयद्रथादिके ऋणसे छुटूंगा, आज पाञ्चालोंको दुर्लभ स्थान दिखाऊंगा, आज पाञ्चालदेशीय महाराज धृष्टद्युम्नका शिर अपने बलसे ऐसा काटूंगा जैसे कोई पशुका काटता है । (३०-३४)

हे कृपाचार्य ! आज सोते हुये पा-

खड्गेन निशितेनाजौ प्रमथिष्यामि गौतम ॥ ३५ ॥
अद्य पाञ्चालसेनां तां निहत्य निशि सौप्तिके।
कृतकृत्यः सुखी चैव भविष्यामि महामते ॥ ३६ ॥[१४०]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां सौप्तिके पर्वणि द्रौणि-मंत्रणायाम् तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥

कृप उवाच— दिष्ट्या ते प्रतिकर्तव्ये मतिर्जातेयमच्युत।
न त्वां वारयितुं शक्तो वज्रपाणिरपि स्वयम् ॥ १ ॥
अनुयास्यावहे त्वां तु प्रभाते सहितावुभौ।
अद्य रात्रौ विश्रमस्व विमुक्तकवचध्वजः ॥ २ ॥
अहं त्वामनुयास्यामि कृतवर्मा च सात्वतः।
परानभिमुखं यातं रथावास्थाय दंशितौ ॥ ३ ॥
आवाभ्यां सहितः शत्रून् श्वो निहन्ता समागमे।
विक्रम्य रथिनां श्रेष्ठ पाञ्चालान्सपदानुगान् ॥ ४ ॥
शक्तस्त्वमसि विक्रम्य विश्रमस्व निशामिमाम्।
चिरं ते जाग्रतस्तात स्वप तावन्निशामिमाम् ॥ ५ ॥
विश्रान्तश्च विनिद्रश्च स्वस्थचित्तश्च मानद।
समेत्य समरे शत्रून्वधिष्यसि न संशयः ॥ ६ ॥

श्वाल और पाण्डवोंके बालकोंके शिर मेरे तेज धारवाले खड्गसे कटेंगे। हे महाबुद्धिमन्! आज समस्त सोते हुए पाञ्चालोंको रातमें मारकर मैं सुखी और कृतकृत्य हूंगा। (३५—३६)

सौप्तिकपर्वमें तीसरा अध्याय समाप्त।

सौप्तिकपर्वमें चौथा अध्याय।

कृपाचार्य बोले, हे वीर! आज प्रारम्भहीसे तुम्हें ऐसी बुद्धि उत्पन्न हुई। तुम्हें साक्षात् वज्रधारी इन्द्र भी युद्धमें नहीं रोक सक्ता, परन्तु हमारी बुद्धिमें यह आता है कि इस समय तुम कवच खोलकर, रथसे ध्वजा उतारकर सो रहो। प्रातःकाल होते ही हम कृतवर्मा तुम्हारे सङ्ग चलेंगे और सब शत्रुओंका नाश करेंगे। (१—३)

हे महारथ! तुम हमारी सहायतासे सेना सहित पाञ्चालराजको मारियो, तुम सब कुछ करनेमें समर्थ हो, परन्तु कई दिनसे जाग रहे हो, इसलिये इस समय सो रहो। जब तुम्हारा परिश्रम दूर होजायगा और सोनेके कारण चित्त सावधान हो जायगा। तब हम लोगोंकी सहायतासे तुम निःसन्देह शत्रुओंका

न हि त्वां रथिनां श्रेष्ठं प्रगृहीतवरायुधम्।
जेतुमुत्सहते शश्वदपि देवेषु वासवः ॥ ७ ॥
कृपेण सहितं यान्तं गुप्तं च कृतवर्मणा।
को द्रौणिं युधि संरब्धं योधयेदपि देवराट् ॥ ८ ॥
ते वयं निशि विश्रान्ता विनिद्रा विगतज्वराः।
प्रभातायां रजन्यां वै निहनिष्याम शात्रवान् ॥ ९ ॥
तव शस्त्राणि दिव्यानि मम चैव न संशयः।
सात्वतोऽपि महेष्वासो नित्यं युद्धेषु कोविदः ॥ १० ॥
ते वयं सहितास्तात सर्वान् शत्रून्समागतान्।
प्रसह्य समरे हत्वा प्रीतिं प्राप्स्याम पुष्कलाम् ॥ ११ ॥
विश्रमस्व त्वमव्यग्रः स्वप चेमां निशां सुखम्।
अहं च कृतवर्मा च त्वां प्रयान्तं नरोत्तमम् ॥ १२ ॥
अनुयास्याव सहितौ धन्विनौ परतापनौ।
रथिनं त्वरया यान्तं रथमास्थाय दंशितौ ॥ १३ ॥
स गत्वा शिबिरं तेषां नाम विश्राव्य चाहवे।
ततः कर्ताऽसि शत्रूणां युध्यतां कदनं महत् ॥ १४ ॥
कृत्वा च कदनं तेषां प्रभाते विमलेऽहनि।
विहरस्व यथा शक्रः सूदयित्वा महासुरान् ॥ १५ ॥

नाश करोगे, जब तुम रथपर बैठकर धनुष धारण करोगे, तब साक्षात् इन्द्र भी तुमको नहीं जीत सकेंगे, जब कृपाचार्य और कृतवर्मा तुम्हारी रक्षा करेंगे, तब साक्षात् इन्द्रकी क्या शक्ती है, जो तुमसे युद्ध कर सके? (४-८)

इसलिये अब हम लोग रात्रिभर सोवें और प्रातःकाल होते ही घोर युद्ध करेंगे, और इनको मारेंगे, इसमें सन्देह नहीं तुम्हारे पास सब दिव्य बाण हैं, और कृतवर्मा भी महाधनुषधारी और सब प्रकारकी युद्धविद्या जाननेवाले हैं, सो हम तीनों मिलकर प्रातःकाल शत्रुओंसे युद्ध करेंगे, और युद्धमें शत्रुओंको मारकर अत्यन्त प्रसन्न होंगे। (९-११)

अब तुम सावधान होके इस समय सो रहो, प्रातःकाल होतेही हम और कृतवर्मा दोनों धनुष धारण करके उत्तम रथोंपर चढकर तुम्हारे सङ्ग चलेंगे, और युद्ध करते हुए शत्रुओंको अपना नाम सुनाकर मारेंगे, फिर उनको निर्मल दिनमें मारकर तुम इस प्रकार सुख कीजि-

त्वं हि शक्तो रणे जेतुं पाञ्चालानां वरूथिनीम्।
दैत्यसेनामिव क्रुद्धः सर्वदानवसूदनः ॥ १६ ॥
मया त्वां सहितं संख्ये गुप्तं च कृतवर्मणा।
न सहेत विभुः साक्षाद्वज्रपाणिरपि स्वयम् ॥ १७ ॥
न चाहं समरे तात कृतवर्मा न चैव हि।
अनिर्जित्य रणे पांडून्न च यास्यामि कर्हिचित् ॥ १८ ॥
हत्वा च समरे क्रुद्धान्पञ्चालान्पांडुभिः सह।
निवर्तिष्यामहे सर्वे हता वा स्वर्गगा वयम् ॥ १९ ॥
सर्वोपायैः सहायास्ते प्रभाते वयमाहवे।
सत्यमेतन्महाबाहो ब्रवीमि तवानघ ॥ २० ॥
एवमुक्तस्ततो द्रौणिर्मातुलेन हितं वचः।
अब्रवीन्मातुलं राजन् क्रोधसंरक्तलोचनः ॥ २१ ॥
आतुरस्य कुतो निद्रा नरस्यामर्षितस्य च।
अर्थाश्चिंतयतश्चापि कामयानस्य वा पुनः।
तदिदं समनुप्राप्तं पश्य मेऽद्य चतुष्टयम् ॥ २२ ॥
पश्य भागचतुर्थो मे स्वप्नमह्राय नाशयेत्।
किं नाम दुःखं लोकेऽस्मिन्पितुर्वधमनुस्मरन् ॥ २३ ॥

ए जैसे दानवोंको मारकर इन्द्र; जैसे इन्द्र क्रोध करके दानवोंके मारनेमें समर्थ हैं, ऐसेही तुम सब पाञ्चालोंको मारनेको समर्थ हो, हे वीर! जब हम और कृतवर्मा तुम्हारी युद्धमें रक्षा करेंगे, तब साक्षात् इन्द्र भी तुम्हें नहीं जीत सक्ते, हम तुमसे सत्य कहते हैं कि हम और कृतवर्मा शत्रुवोंको विना जीते युद्धसे न हटेंगे, अवश्य ही पाञ्चाल और पाण्डवोंको मारेंगे, अथवा उनके हाथसे मरकर स्वर्गको जायंगे। (१२—१९)

हे महाबाहो! अधिक क्या कहैं हम सब प्रकारसे प्रातःकाल तुम्हारी सहायता करेंगे। अपने मामाके ऐसे कल्याण भरे वचन सुन अश्वत्थामाके नेत्र क्रोधसे लाल होगए, और ऐसा वचन बोले, रोगी और क्रोधभरे मनुष्यको, अर्थ चिन्ता न करनेवालेको और कामीको निद्रा कहां? आज हमको भी वही समय आगया है, अब इस युद्धमें केवल मेरा ही चौथा भाग शेष है, इसीसे मेरी निद्रा नष्ट होगई। (२०–२३)

हाय! द्रोणाचार्य मारे गये, मैंने प्रसन्न पाञ्चालोंके ये शब्द अपने कानोंसे सुने

हृदयं निर्दहन्मेऽद्य रात्र्यहानि न शाम्यति ।
यथा च निहतः पापैः पिता मम विशेषतः ॥ २४ ॥
प्रत्यक्षमपि ते सर्वं तन्मे मर्माणि कृन्तति ।
कथं हि मादृशो लोके मुहूर्त्तमपि जीवति ॥ २५ ॥
द्रोणो हतेति यद्वाचः पञ्चालानां शृणोम्यहम् ।
धृष्टद्युम्नमहत्वा तु नाहं जीवितुमुत्सहे ॥ २६ ॥
स मे पितुर्वधाद्वध्यः पाञ्चाला ये च संगताः ।
विलापो भग्नसक्थस्य यस्तु राज्ञो मया श्रुतः ॥ २७ ॥
स पुनर्हृदयं कस्य क्रूरस्यापि न निर्दहेत् ।
कस्य ह्यकरुणस्यापि नेत्राभ्यामश्रुना व्रजेत् ॥ २८ ॥
नृपतेर्भग्नसक्थस्य श्रुत्वा तादृग्वचः पुनः ।
यश्चायं मित्रपक्षो मे मयि जीवति निर्जितः ॥ २९ ॥
शोकं मे वर्धयत्येष वारिवेग इवार्णवम् ।
एकाग्रमनसो मेऽद्य कुतो निद्रा कुतः सुखम् ॥ ३० ॥
वासुदेवार्जुनाभ्यां च तानहं परिरक्षितान् ।
अविषह्यतमान्मन्ये महेन्द्रेणापि सत्तम ॥ ३१ ॥
न चापि शक्तः संयन्तुं कोपमेतं समुत्थितम् ।

इससे अधिक दुःख और जगत्में क्या होगा ? आपके देखते देखते इन पापियोंने मेरे पिताको कैसे मारा ? यह स्मरण करके मेरा हृदय रातदिन जला करता है, आपके देखते देखते हमारे पिताका जैसा निरादर हुआ, सो स्मरण करके मेरे शरीरके मर्मस्थान फटे जाते हैं, मुझ ऐसे मनुष्यको एक मुहूर्त्तभर भी जीना उचित नहीं, मैं विना धृष्टद्युम्नके मारे जी नहीं सक्ता । (२३–२६)

इसने मेरे पिताको मारा है, इसलिये मैं भी इसे मारूंगा, और इसके सब सङ्गियोंको भी मारूंगा देखो जङ्घा टूटे राजा हमारे आगे कैसे रोते थे, जगत्में ऐसा कौन कठोर होगा, कि राजाके वचन सुनकर, जिसका हृदय न जलने लगे ? आंखोंसे आंसू न आजाय ? मेरे जीते जी मित्रका नाश होगया, यह स्मरण करके मेरा शोक ऐसे बढता है, जैसे अधिक जल होनेसे समुद्रकी तरङ्ग । मेरा चित्त इस समय एकाग्र है, तब निद्रा और सुख कहां ? (२७-३०)

उनकी कृष्ण और अर्जुन रक्षा करते हैं, इसलिये युद्धमें साक्षात इन्द्र भी नहीं

तं न पश्यामि लोकेऽस्मिन्यो मां कोपान्निवर्त्तयेत् ॥३२॥
तथैव निश्चिता बुद्धिरेषा साधु मता मम।
वार्तिकैः कथ्यमानस्तु मित्राणां मे पराभवः ॥ ३३ ॥
पाण्डवानां च विजयो हृदयं दहतीव मे।
अहं तु कदनं कृत्वा शत्रूणामद्य सौप्तिके ॥
ततो विश्रमिता चैव स्वस्था च विगतज्वरः ॥ ३४ ॥ [१७४]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां सौप्तिके पर्वणि द्रौणिमंत्रणायां चतुर्थोऽध्यायः ॥४॥

कृप उवाच— शुश्रूषुरपि दुर्मेधाः पुरुषोऽनियतेन्द्रियः।
नालं वेदयितुं कृत्स्नौ धर्मार्थाविति मे मतिः ॥ १ ॥
तथैव तावन्मेधावी विनयं यो न शिक्षते।
न च किञ्चन जानाति सोऽपि धर्मार्थनिश्चयम् ॥ २ ॥
चिरं ह्यपि जडः शूरः पंडितं पर्युपास्य हि।
न स धर्मान्विजानाति दर्वी सूपरसानिव ॥ ३ ॥
मुहूर्त्तमपि तं प्राज्ञः पंडितं पर्युपास्य हि।
क्षिप्रं धर्मान्विजानाति जिह्वा सूपरसानिव ॥ ४ ॥
शुश्रूषुस्त्वेव मेधावी पुरुषो नियतेन्द्रियः।
जानीयादागमान्सर्वान् ग्राह्यं च न विरोधयेत् ॥ ५ ॥

जीत सक्ता, मैं इससे अपने क्रोधको रोक नहीं सकता और जगत्में किसीको ऐसा भी नहीं देखता जो इसे शान्त कर सके। मैंने उस समय मनुष्योंके मुखसे यह सुना है कि मेरे मित्र दुर्योधनका निरादर हुआ इसलिये मैंने आपसे जो कुछ कहा वही निश्चय है, पाण्डवोंकी विजय ही सुनकर मेरा हृदय जला जाता है, अब मैं शत्रुओंका नाश करके ही सावधान होकर सुखसे सोऊंगा। (३३-३४)

सौप्तिकपर्वमें चतुर्थ अध्याय समाप्त।

सौप्तिक पर्वमें ५वां अध्याय।

कृपाचार्य बोले, मूर्खको कितना ही समझाओ तौ भी वह नहीं समझता, हमारी बुद्धिमें ऐसा आता है, कि जिस मनुष्यके वशमें इन्द्री नहीं होती, वह पूरी रीतिसे अर्थ और धर्मके जाननेमें समर्थ नहीं होता, इसी प्रकार महाबुद्धिमान भी नम्रताके मारे, दूसरे प्रकारकी शिक्षा ही नहीं सुनता। इसी लिये यह भी पूर्ण रीतिसे धर्म और अर्थके विषयोंको नहीं जान सक्ता। यदि मूर्ख वीर बहुत दिनतक भी पण्डितोंकी सेवा

अनेयस्त्ववमानीयो दुरात्मा पापपूरुषः ।
दिष्टमुत्सृज्य कल्याणं करोति बहुपापकम् ॥ ६ ॥
नाथवन्तं तु सुहृदः प्रतिषेधन्ति पातकात् ।
निवर्त्तते तु लक्ष्मीवान्नालक्ष्मीवान्निवर्तते ॥ ७ ॥
यथा ह्युच्चावचैर्वाक्यैः क्षिप्तचित्तो नियम्यते ।
तथैव सुहृदा शक्यो न शक्यस्त्ववसीदति ॥ ८ ॥
तथैव सुहृदं प्राज्ञं कुर्वाणं कर्म पापकम् ।
प्राज्ञाः संप्रतिषेधन्ति यथाशक्ति पुनः पुनः ॥ ९ ॥
स कल्याणे मनः कृत्वा नियम्यात्मानमात्मना ।
कुरु मे वचनं तात येन पश्चान्न तप्यसे ॥ १० ॥
न वधः पूज्यते लोके सुप्तानामिह धर्मतः ।
तथैवापास्तशस्त्राणां विमुक्तरथवाजिनाम् ॥ ११ ॥
ये च ब्रूयुस्तवास्मीति ये च स्युः शरणागताः ।
विमुक्तमूर्धजा ये च ये चापि हतवाहनाः ॥ १२ ॥

करे, तौ भी धर्मको इस प्रकार नहीं जान सक्ता, जैसे करछी भोजनके रसको। और बुद्धिमान उन्हीं पंडितोंके पास क्षणमात्र बैठनेसे भी धर्मको इस प्रकार जान लेता है, जैसे जीभ अन्नके रसोंको। जो धर्म सुननेकी इच्छावाला मनुष्य इन्द्रियोंको वशमें कर लेता है, वह बुद्धिमान सब शास्त्रोंके तत्वको शीघ्र ही जान लेता है, और ग्रहण करने योग्य विषयोंसे विरोध नहीं करता, जो अभिमानी बडोंके वचन न माननेवाला नीच पुरुष कल्याणको छोडकर पाप करता है, वही पापी होता है। (१-६)

सनाथ मित्रको मित्र पापसे रोकते हैं, और महात्मा ही मित्रोंके वचन सुन कर पापसे बचते हैं, और पापी नहीं। जैसे मित्र अनेक प्रकारके वचन कहकर पागलको समझाते हैं। ऐसे ही साधारण मनुष्यको भी समयपर समझाना चाहिये। जब देखे कि हमारा कोई बुद्धिमान मित्र पाप करता है, तब पंडितको उचित है, कि अपनी शक्तिभर उसे बार बार रोके, यदि वह पाप करनेवाला मित्र भी अपने मनमें समझे, कि यह बात कल्याणकी है; तो उसे पीछे पछताना न पडेगा। सिद्धान्त यह है, कि जो मनुष्य सोता हो, जिसके पास शस्त्र न हो, जो कहे कि हम आपहीके हैं, जो शरणागत हो, जिसके बाल खुले हो, और जिसका वाहन छूट गया हो

अद्य स्वप्स्यन्ति पञ्चाला विमुक्तकवचा विभो।
विश्वस्ता रजनीं सर्वे प्रेता इव विचेतसः ॥ १३ ॥
यस्तेषां तदवस्थानां द्रुह्येत पुरुषोऽनृजुः।
व्यक्तं स नरके मज्जेदगाधे विपुलेऽप्लवे ॥ १४ ॥
सर्वास्त्रविदुषां लोके श्रेष्ठस्त्वमसि विश्रुतः।
न च ते जातु लोकेऽस्मिन्सुसूक्ष्ममपि किल्बिषम् ॥ १५ ॥
त्वं पुनः सूर्यसङ्काशः श्वोभूत उदिते रवौ।
प्रकाशे सर्वभूतानां विजेता युधि शात्रवान् ॥ १६ ॥
असम्भावितरूपं हि त्वयि कर्म विगर्हितम्।
शुक्ले रक्तमिव न्यस्तं भवेदिति मतिर्मम ॥ १७ ॥

अश्वत्थामोवाच—एवमेव यथाऽऽत्थ त्वं मातुलेह न संशयः।
तैस्तु पूर्वमयं सेतुः शतधा विदलीकृतः ॥ १८ ॥
प्रत्यक्षं भूमिपालानां भवतां चापि सन्निधौ।
न्यस्तशस्त्रो मम पिता धृष्टद्युम्नेन पातितः ॥ १९ ॥
कर्णश्च पतिते चक्रे रथस्य रथिनां वरः।
उत्तमे व्यसने मग्नो हतो गाण्डीवधन्वना ॥ २० ॥

ऐसे मनुष्योंको मारना धर्म नहीं। इस समय सब पाञ्चाल विश्वास सहित कवच खोलकर प्रेतके समान अचेत सो रहे हैं, जो पापी मूर्ख इस समय उनसे द्रोह करेगा वह अवश्य ही अपार घोर नरकमें जायगा। (७-१४)

हमारी यह इच्छा है कि तुम सब शस्त्र जाननेवाले और प्रसिद्ध वीर हो, तुम्हें जगतमें थोडा भी कलङ्क न लगने पावे। प्रातःकाल होते ही तुम सूर्य के समान तेज धारण करके सब शत्रुओंको जीतियो, यदि तुम सोते पाञ्चालोंको मारोगे तो तुम्हारे जीवनमें ऐसा कलङ्क लग जायगा, जैसे सफेद वस्त्रमें लाल रङ्गका धब्बा। (१५—१७)

अश्वत्थामा बोले, हे मामा! आपने जो कहा वह सब वैसे ही है, इसमें कुछ सन्देह नहीं, परन्तु पाण्डवोंहीने पहिले इस धर्मरूपी पुलको काटकर सैकडों टुकडे कर दिये हैं, अनेक राजा और आपके देखते देखते शस्त्ररहित हमारे पिताको धृष्टद्युम्नने मार डाला। जिस समय महारथ कर्णका पहिया पृथ्वीमें घुस गया था और वे उसके निकालनेमें महापरिश्रम कर रहे थे उसी समय अर्जुनने उन्हें मारडाला, शिखण्डीको आगे

तथा शांतनवो भीष्मो न्यस्तशस्त्रो निरायुधः ।
शिखण्डिनं पुरस्कृत्य हतो गाण्डीवधन्वना ॥ २१ ॥
भूरिश्रवा महेष्वासस्तथाप्रायगतो रणे ।
क्रोशतां भूमिपालानां युयुधानेन पातितः ॥ २२ ॥
दुर्योधनश्च भीमेन समेत्य गदया रणे ।
पश्यतां भूमिपालानामधर्मेण निपातितः ॥ २३ ॥
एकाकी बहुभिस्तत्र परिवार्य महारथैः ।
अधर्मेण नरव्याघ्रो भीमसेनेन पातितः ॥ २४ ॥
विलापो भग्नसक्थस्य यो मे राज्ञः परिश्रुतः ।
वार्तिकानां कथयतां स मे मर्माणि कृन्तति ॥ २५ ॥
एवं चाधर्मिकाः पापाः पाञ्चाला भिन्नसेतवः ।
तानेवं भिन्नमर्यादान्किं भवान्न विगर्हति ॥ २६ ॥
पितृहन्तॄनहं हत्वा पाञ्चालान्निशि सौप्तिके ।
कामं कीटः पतङ्गो वा जन्म प्राप्य भवामि वै ॥ २७ ॥
त्वरे चाहमनेनाद्य यदिदं मे चिकीर्षितम् ।
तस्य मे त्वरमाणस्य कुतो निद्रा कुतः सुखम् ॥ २८ ॥
न स जातः पुमाँल्लोके कश्चिन्न स भविष्यति ।
यो मे व्यावर्त्तयेदेतां वधे तेषां कृतां मतिम् ॥ २९ ॥

सञ्जय उवाच — एवमुक्त्वा महाराज द्रोणपुत्रः प्रतापवान् ।

करके अर्जुनने शस्त्ररहित भीष्मको मारा, महाशस्त्रधारी भूरिश्रवाको व्रतमें बैठे देखकर भी अनेक राजोंके रोकनेपर भी सात्यकीने मार डाला । भीमसेनने गदा-युद्धमें अधर्मसे राजाको मारा और उनके शिरपर पैर रक्खा, देखो अनेक महारथोंने मिलकर पुरुषसिंह महाराजको मरवा दिया, जांघ टूटे राजा मेरे आगे कैसे रोते थे, यह स्मरण करके मेरे शरीर जले जाते हैं; ऐसे पापी पाञ्चाल धर्मके छोडनेवालोंकी निन्दा करते नहीं और हमारी निन्दा करते हो । चाहे मैं अगले जन्ममें कीडा हूं, चाहे पतङ्ग बनूं परन्तु अपने पिताके मारनेवाले पाञ्चालोंको सोते ही मारूंगा, अब मैं अपने कर्मके लिये बडी ही शीघ्रता करता हूं, सो मुझे सुख और निद्रा कहां ? जगतमें कोई मनुष्य ऐसा नहीं है, न होगा, जो मुझे इनके मारनेसे रोके । (१८–२९)

सञ्जय बोले, ऐसा कहकर प्रतापवान्

एकान्ते योजयित्वाश्वान्प्रायादभिमुखः परान्॥ ३० ॥
तमब्रूतां महात्मानौ भोजशारद्वतावुभौ ।
किमर्थं स्यन्दनो युक्तः किं च कार्यं चिकीर्षितम्॥३१॥
एकसार्थप्रयातौस्वस्त्वया सह नरर्षभ ।
समदुःखसुखौ चापि नावां शङ्कितुमर्हसि ॥ ३२ ॥
अश्वत्थामा तु संक्रुद्धः पितुर्वधमनुस्मरन् ।
ताभ्यां तथ्यं तथाऽऽचख्यौ यदस्यात्मचिकीर्षितम्॥३३॥
हत्वा शतसहस्राणि योधानां निशितैः शरैः ।
न्यस्तशस्त्रो मम पिता धृष्टद्युम्नेन पातितः ॥ ३४ ॥
तं तथैव हनिष्यामि न्यस्तधर्माणमद्य वै ।
पुत्रं पाञ्चालराजस्य पापं पापेन कर्मणा ॥ ३५ ॥
कथं च निहतः पापः पाञ्चाल्यः पशुवन्मया ।
शस्त्रेण विजिताँल्लोकान्नाप्नुयादिति मे मतिः ॥ ३६ ॥
क्षिप्रं सन्नद्धकवचौ सखड्गावात्तकार्मुकौ ।
मामास्थाय प्रतीक्षेतां रथवर्यौ परन्तपौ ॥ ३७ ॥
इत्युक्त्वा रथमास्थाय प्रायादभिमुखः परान् ।

अश्वत्थामा उठे और अपने रथमें घोडे जोडकर एकलेही शत्रुवोंकी ओर चल दिये, तब महात्मा कृपाचार्य और कृतवर्मा बोले, हे पुरुषसिंह ! आपने अपने रथमें घोडे क्यों जोडे ? आपके चित्तमें क्या आया है ? हम लोग प्रातःकाल होते ही आपके सङ्ग युद्ध करनेको चलेंगे, और आपके समान ही सुखदुःख भोगेंगे, परन्तु इस समय आप कहां जाते सो कहिये ? (३०-३२)

उनके वचन सुन क्रोध भरे अश्वत्थामा अपने पिताके मरनेका स्मरण करके अपनी इच्छा प्रकाशित करने लगे। आप लोग जानते हैं, कि हमारे पिताने अपने तेज बाणोंसे लक्षों वीरोंको मारा था, और पीछे शस्त्र त्यागनेपर धृष्टद्युम्नने उन्हें मार डाला, अब मैं भी उस पापी, अधर्मी, शस्त्ररहित, धृष्टद्युम्नको वैसे ही पाप कर्मसे मारूंगा, मैं उस पापीको विना शस्त्र ही पशुके समान मारूंगा, जिसमे उसे स्वर्ग न हो। आप दोनों महारथ शीघ्र कवच पहिनकर खड्ग और धनुष धारण करके यहीं खडे खडे हमारे लौटनेका मार्ग देखो। (३३—३७)

ऐसा कहकर अश्वत्थामाने अपना

तमन्वगात्कृपो राजन् कृतवर्मा च सात्वतः ॥ ३८ ॥
ते प्रयाता व्यरोचन्त परानभिमुखास्त्रयः ।
हूयमाना यथा यज्ञे समिद्धा हव्यवाहनाः ॥ ३९ ॥
ययुश्च शिबिरं तेषां संप्रसुप्तजनं विभो ।
द्वारदेशं तु संप्राप्य द्रौणिस्तस्थौ महारथः ॥ ४० ॥ [२१४]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां सौप्तिके पर्वणि द्रौणिगमने पञ्चमोऽध्यायः ॥ ५ ॥

धृतराष्ट्र उवाच- द्वारदेशे ततो द्रौणिमवस्थितमवेक्ष्य तौ ।
अकुर्वतां भोजकृपौ किं सञ्जय वदस्व मे ॥ १ ॥

सञ्जय उवाच— कृतवर्माणमामंत्र्य कृपं च स महारथः ।
द्रौणिर्मन्युपरीतात्मा शिबिरद्वारमागमत् ॥ २ ॥
तत्र भूतं महाकायं चन्द्रार्कसदृशद्युतिम् ।
सोऽपश्यद्वारमाश्रित्य तिष्ठन्तं लोमहर्षणम् ॥ ३ ॥
वसानं चर्म वैयाघ्रं महारुधिरविस्रवम् ।
कृष्णाजिनोत्तरासङ्गं नागयज्ञोपवीतिनम् ॥ ४ ॥
बाहुभिः स्रायतैः पीनैर्नानाप्रहरणोद्यतैः ।
बद्धाङ्गदमहासर्पं ज्वालामालाकुलाननम् ॥ ५ ॥
दंष्ट्राकरालवदनं व्यादितास्यं भयानकम् ।

रथ हांका और शत्रुओंकी ओरको चले। उनके सङ्ग कृपाचार्य और कृतवर्मा भी चले, उस समय इन तीनों वीरोंका ऐसा तेज दीखता था, जैसे यज्ञमें जलती हुई अग्नि। चलते चलते ये तीनों वीर पाण्डवोंकी सेनाके पास पहुंचे, और देखा तो वहां सब वीर सोते हैं तब महारथ अश्वत्थामा रथसे उतरे और द्वारपर गये। (३८—४०)[२१४]

सौप्तिकपर्वमें पांच अध्याय समाप्त ।

सौप्तिक पर्वमें छः अध्याय ।

महाराज धृतराष्ट्र बोले, हे सञ्जय! अश्वत्थामाको डेरोंके द्वारपर खडे देख कृपाचार्य और कृतवर्माने क्या किया सो हमसे कहो! (१)

सञ्जय बोले, अश्वत्थामाको द्वारपर खडे देख दोनों वीरोंने संग सम्मति करी, तब क्रोध भरे अश्वत्थामा थोडा और आगे बढे, तब उन्होंने द्वारपर चन्द्रमा और सूर्यके समान तेजस्वी बडे शरीरवाले, बाघका चमडा ओढे, काले हरिनका चमडा बिछाए, जनेऊं पहिने, अनेक मोटे मोटे हाथोंमें शस्त्र लिये, सांपका बाजूबन्द पहिने, जलती हुई

नयनानां सहस्रैश्च विचित्रैरभिभूषितम् ॥ ६ ॥
नैव तस्य वपुः शक्यं प्रवक्तुं वेष एव च।
सर्वथा तु तदालक्ष्य स्फुटेयुरपि पर्वताः ॥ ७ ॥
तस्यास्य नासिकाभ्यां च श्रवणाभ्यां च सर्वशः।
तेभ्यश्चाक्षिसहस्रेभ्यः प्रादुरासन्महार्चिषः ॥ ८ ॥
तथा तेजो मरीचिभ्यः शङ्खचक्रगदाधराः।
प्रादुरासन् हृषीकेशाः शतशोऽथ सहस्रशः ॥ ९ ॥
तदत्यद्भुतमालोक्य भूतं लोकभयङ्करम्।
द्रौणिरव्यथितो दिव्यैरस्त्रवर्षैरवाकिरत् ॥ १० ॥
द्रौणिमुक्तांश्छरांस्तांस्तु तद्भूतं महदग्रसत्।
उदधेरिव वार्योघान्पावको वडवामुखः ॥ ११ ॥
अग्रसत्तांस्तथा भूतं द्रौणिना प्रहितान् शरान्।
अश्वत्थामा तु संप्रेक्ष्य शरौघांस्तान्निरर्थकान् ॥ १२ ॥
रथशक्तिं सुमोचासौ दीप्तामग्निशिखामिव।
सा तमाहत्य दीप्ताग्रा रथशक्तिरदीर्यत ॥ १३ ॥
युगमंते सूर्यमाहत्य महोल्केव दिवश्च्युता।

अग्निरूपी नेत्रयुक्त, भयानक, बडी बडी दाढवाला मुख फैलाए, सहस्रों नेत्र खोले एक भूतको देखा। हम उस भूतके शरीरका वर्णन नहीं कर सक्ते, उसको देखकर पर्वतभी फटते थे। (२-७)

अश्वत्थामाको देखते ही उस भूतके आंख, कान और नाकसे आगकी सहस्रों भयानक ज्वाला निकलने लगीं, और उन ज्वालाओंसे सहस्रों शङ्ख, चक्र गदाधारी विष्णु उत्पन्न होगये। उस भयङ्कर भूतको देखकर अश्वत्थामा कुछ न डरे, और सावधान होकर सहस्रों दिव्य बाण उसके ऊपर चलाने लगे। अश्वत्थामाके सब दिव्य बाण उसके शरीरमें जाकर गुप्त होगए। अश्वत्थामा उस अद्भुत कर्मको देखकर विचारने लगे। जैसे वडवाग्नि समुद्रके जलका नाश कर देती है, ऐसे ही मेरे बाण इस भूतके शरीरमें गुप्त और निरर्थक होगये। (८—११)

अनन्तर अश्वत्थामाने जलती हुई अग्निके समान तेजभरी एक सांगी लेकर मारी, तब वह शक्ती उसके शरीरमें लगकर इस प्रकार टूट गई, जैसे प्रलयकालकी बिजली सूर्यमें लगनेसे। अनन्तर चमकते हुए आकाश के



अश्वत्थामानें उसपर दिव्य अस्त्रोंकी वृष्टि की।

(भा. मु. आध)　　(म. भा सौप्तिक पर्व अ० ६)

अथ हेमत्सरुं दिव्यं खड्गमाकाशवर्चसम् ॥ १४ ॥
कोशात्समुद्बबर्हाशु बिलाद्दीप्तमिवोरगम् ।
ततः खड्गवरं धीमान् भूताय प्राहिणोत्तदा ॥ १५ ॥
स तदासाद्य भूतं वै बिलं नकुलवद्ययौ ।
ततः स कुपितो द्रौणिरिंद्रकेतुनिभां गदाम् ॥ १६ ॥
ज्वलंतीं प्राहिणोत्तस्मै भूतं तामपि चाग्रसत् ।
ततः सर्वायुधाभावे वीक्षमाणस्ततस्ततः ॥ १७ ॥
अपश्यत्कृतमाकाशमनाकाशं जनार्दनैः ।
तदद्भुततमं दृष्ट्वा द्रोणपुत्रो निरायुधः ॥ १८ ॥
अब्रवीदतिसन्तप्तः कृपवाक्यमनुस्मरन् ।
ब्रुवतामप्रियं पथ्यं सुहृदां न शृणोति यः ॥ १९ ॥
स शोचत्यापदं प्राप्य यथाऽहमतिवर्त्य तौ ।
शास्त्रदृष्टानविद्वान्यः समतीत्य जिघांसति ॥ २० ॥
स पथः प्रच्युतो धर्मात्कुपथे प्रतिहन्यते ।
गोब्राह्मणनृपस्त्रीषु सख्युर्मातुर्गुरोस्तथा ॥ २१ ॥
हीनप्राणजडान्धेषु सुप्तभीतोत्थितेषु च ।

समान सुन्दर सोनेके मूठवाला खड्ग उस भूतके शरीरमें मारा, वह खड्ग म्यानसे इस प्रकार निकला जैसे बिलसे सर्प निकलता है, तब वही खड्ग उस भूतके शरीरमें मारा, परन्तु वह उस भूतके शरीरमें ऐसे गुप्त होगया, जैसे बिलमें नेवला घुस जाता है, तब अश्वत्थामाने क्रोध करके इन्द्रकी ध्वजाके समान लम्बी, तेजसे भरी, गदा मारी वह भी उसके शरीरमें चली गई। (१२-१७)

तब अश्वत्थामाके पास कुछ शस्त्र न रहा, उस समय अश्वत्थामा शस्त्ररहित होकर इधर उधर देखने लगे। तब देखा कि आकाश विष्णुवोंसे भर रहा है। इस अद्भुत बातको देखकर शस्त्ररहित अश्वत्थामा दुःखी होकर कृपाचार्यका वचन स्मरण करके विचारने और मनमें कहने लगे कि जो अपने मित्रोंके कडवे वचन नहीं सुनता, वह हमारे समान आपत्तिमें पडकर शोचता है। जो शास्त्र न पढा मूर्ख बूढोंके वचन न मानकर पाप करता है, उसे अवश्य आपत्तिमें पडना होता है। (१७-२१)

महात्मा गुरुवोंने ऐसा उपदेश किया है, कि गौ, ब्राह्मण, राजा, मित्र, स्त्री, माता, गुरु, दुर्बल, मूर्ख, अन्धे, सोते,

मत्तोन्मत्तप्रमत्तेषु न शस्त्राणि च पातयेत् ॥ २२ ॥
इत्येवं गुरुभिः पूर्वमुपदिष्टं नृणां सदा।
सोऽहमुत्क्रम्य पन्थानं शास्त्रदृष्टं सनातनम् ॥ २३ ॥
अमार्गेणैवमारभ्य घोरामापदमागतः।
तां चापदं घोरतरां प्रवदन्ति मनीषिणः ॥ २४ ॥
यदुद्यम्य महत्कृत्यं भयादपि निवर्तते।
अशक्तश्चैव तत्कर्तुं कर्मशक्तिबलादिह ॥ २५ ॥
न हि दैवाद्वरीयो वै मानुषं कर्म कथ्यते।
मानुष्यं कुर्वतः कर्म यदि दैवान्न सिध्यति ॥ २६ ॥
स पथः प्रच्युतो धर्माद्विपदं प्रतिपद्यते।
प्रतिज्ञानं ह्यविज्ञानं प्रवदन्ति मनीषिणः ॥ २७ ॥
यदारभ्य क्रियां काञ्चिद्भयादिह निवर्त्तते।
तदिदं दुष्प्रणीतेन भयं मां समुपस्थितम् ॥ २८ ॥
न हि द्रोणसुतः संख्ये निवर्त्तेत कथञ्चन।
इदं च सुमहद्भूतं दैवदंडमिवोद्यतम् ॥ २९ ॥
न चैतदभिजानामि चिन्तयन्नपि सर्वथा।

डरे और सोकर उसी समय उठे तथा पागल, मतवाले और प्रमत्त मनुष्यपर शस्त्र न चलावे। परन्तु मैं सनातन शास्त्र में लिखे धर्मको छोडकर अधर्म करना चाहता था। इसी लिये इस घोर आपत्तिमें पडा। महात्मा उसे ही घोर आपत्ति कहते हैं, कि जो मनुष्य जिस कामको करना चाहे और भयसे उस कामको विना करे लौट आवे। जैसे असमर्थ कर्म नहीं कर सक्ता, वैसेही उद्योगी मनुष्य जब लौटता है, तब वह भी उसीके समान होजाता है। जगत्में प्रारब्धके आगे मनुष्यका कर्म नहीं चलता परन्तु यदि मनुष्य परिश्रम करके अपने कार्यको समाप्त न कर सके और धर्मसे भी नष्ट होजाय, तब आपत्तिमें अवश्य ही पडता है। (२१-२७)

पण्डित मनुष्यको उचित है, कि कामके आरम्भसे पहिले ही उसके विगडने और सुधरनेके विषयोंको देख ले, नहीं तो पीछे मेरे समान दुःखमें पडकर भयसे कार्य छोडकर निवृत्त होना पडता है, मैंने विना विचारे यह काम किया था, जो हो द्रोणाचार्यका पुत्र युद्धसे नहीं लौटेगा, परन्तु यह भूत दैवके समान खडा है मैं अत्यन्त विचारने पर

ध्रुवं येयमधर्मे मे प्रवृत्ता कलुषा मतिः ॥ ३० ॥
तस्याः फलमिदं घोरं प्रतिघाताय कल्पते।
तदिदं दैवविहितं मम संख्ये निवर्त्तनम् ॥ ३१ ॥
नान्यत्र दैवादुर्धतमिह शक्यं कथञ्चन।
सोऽहमद्य महादेवं प्रपद्ये शरणं विभुम् ॥ ३२ ॥
दैवदंडमिमं घोरं स हि मे नाशयिष्यति।
कपर्दिनं देवदेवमुमापतिमनामयम् ॥ ३३ ॥
कपालमालिनं रुद्रं भगनेत्रहरं हरम्।
स हि देवोऽत्यगाद्देवांस्तपसा विक्रमेण च।
तस्माच्छरणमभ्येमि गिरिशं शूलपाणिनम् ॥ ३४ ॥ [२४८]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां सौप्तिके पर्वणि द्रौणिचिंतायां षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

सञ्जय उवाच— एवं सञ्चिन्तयित्वा तु द्रोणपुत्रो विशाम्पते।
अवतीर्य रथोपस्थाद्देवेशं प्रणतः स्थितः ॥ १ ॥

द्रौणि उवाच— उग्रं स्थाणुं शिवं रुद्रं शर्वमीशानमीश्वरम्।
गिरिशं वरदं देवं भवभावनमीश्वरम् ॥ २ ॥
शितिकण्ठमजं शुक्रं दक्षक्रतुहरं हरम्।

भी इसको नहीं समझ सक्ता, मुझे यह निश्चय होता है, कि मैंने जो अधर्म करना विचारा था, यह उसीका भयानक फल मेरा नाश करनेको आया है, मेरी प्रारब्धमें यही लिखा था, कि युद्ध से लौटना पडेगा, अन्यथा मुझको युद्धसे लौटानेकी समर्थ किसको थी। (२८–३२)

अब मैं कपालमालाधारी, सूर्य नेत्रवाले, भक्तोंका दुःख दूर करनेवाले, रोगरहित, जटाधारी भगवान शिवको शरण जाता हूं, वे ही मेरे इस घोर दुःखको दूर करेंगे। वे तप और बलके कारण सब देवतोंसे अधिक हैं, इसलिये मैं उन शूलधारी शिवको शरण जाता हूं। (३३–३४)

सौप्तिक पर्वमें छः अध्याय समाप्त।

सौप्तिक पर्वमें सात अध्याय।

सञ्जय बोले, हे राजन्! ऐसे कहकर अश्वत्थामा पृथ्वीमें खडे होकर प्रणाम करके शिवकी स्तुति करने लगे। (१)

अश्वत्थामा बोले, हम महातेजस्वी, स्थिर, कल्याणरूप, रुद्र, सर्व जगत्के स्वामी, ईश्वर, पर्वतपर सोनेवाले, वर

विश्वरूपं विरूपाक्षं बहुरूपमुमापतिम् ॥ ३ ॥
श्मशानवासिनं दृप्तं महागणपतिं विभुम् ।
खट्वाङ्गधारिणं रुद्रं जटिलं ब्रह्मचारिणम् ॥ ४ ॥
मनसा सुविशुद्धेन दुष्करेणाल्पचेतसा ।
सोऽहमात्मोपहारेण यक्ष्ये त्रिपुरघातिनम् ॥ ५ ॥
स्तुतं स्तुत्यं स्तूयमानममोघं कृत्तिवाससम् ।
विलोहितं नीलकण्ठमसह्यं दुर्निवारणम् ॥ ६ ॥
शक्रं ब्रह्मसृजं ब्रह्म ब्रह्मचारिणमेव च ।
व्रतवन्तं तपोनिष्ठमनन्तं तपतां गतिम् ॥ ७ ॥
बहुरूपं गणाध्यक्षं त्र्यक्षं पारिषदप्रियम् ।
धनाध्यक्षं क्षितिमुखं गौरीहृदयवल्लभम् ॥ ८ ॥
कुमारपितरं पिङ्गं गोवृषोत्तमवाहनम् ।
तनुवाससमत्युग्रमुमाभूषणतत्परम् ॥ ९ ॥
परं परेभ्यः परमं परं यस्मान्न विद्यते ।
इष्वस्त्रोत्तमभर्त्तारं दिगन्तं देशरक्षिणम् ॥ १० ॥
हिरण्यकवचं देवं चंद्रमौलिविभूषणम् ।
प्रपद्ये शरणं देवं परमेण समाधिना ॥ ११ ॥

देनेवाले, विहार और प्रकाश करनेवाले, जगत्भावन ईश्वर, नीलकण्ठ, सनातन, व्यापक, दक्षयज्ञविनाशक, भक्तदुःखना, शक, जगद्रूप, विरूपाक्ष, अनेक रूपधारी, पार्वतीपति, श्मशानवासी, महाबलवान गणोंके स्वामी, सर्व व्यापक, नरपञ्जर धारी, रुद्र, जटाधारी, ब्रह्मचारी, त्रिपुरासुरनाशक, स्तुतिकरने योग्य, स्तुति किये हुये देवतोंसे स्तुतियोग्य, अनन्त, कृत्तिवासा, विलोहित, नीलकण्ठ, न सहनेयोग्य, दुःख निवारण करने योग्य, इन्द्र, ब्रह्माको बनानेवाले, ब्रह्म, ब्रह्मचारी, व्रतधारी, तपस्वी, अपार, तपस्वियोंको फल देनेवाले, अनेक रूपधारी, त्रिनेत्रगणोंके प्यारे, धनके स्वामी जगत्के मुख, पार्वतीके हृदयके प्यारे, कार्त्तिकेयके पिता, उत्तम बैलपर चढनेवाले, सूक्ष्म वस्त्रधारी, पार्वतीको भूषण पहिरानेवाले, उत्तमसे उत्तम, अत्यन्त उत्तम, सबसे उत्तम, उत्तम शस्त्रधारी, सब जगत्के स्वामी, सब दिशा और देशोंके रक्षक, सुवर्ण कलशधारी, और चन्द्रमाको माथेमें धारण करनेवाले भगवान शिवको मैं अत्यन्त श्रद्धायुक्त

इमां चेदापदं घोरां तराम्यद्य सुदुष्कराम्।
सर्वभूतोपहारेण यक्ष्येऽहं शुचिना शुचिम् ॥ १२ ॥
इति तस्य व्यवसितं ज्ञात्वा योगात्सुकर्मणः।
पुरस्तात्काञ्चनी वेदी प्रादुरासीन्महात्मनः ॥ १३ ॥
तस्यां वेद्यां तदा राजंश्चित्रभानुरजायत।
स दिशो विदिशः खं च ज्वालाभिरिव पूरयन् ॥१४॥
दीप्तास्यनयनाश्चात्र नैकपादशिरोभुजाः।
रत्नचित्राङ्गदधराः समुद्यतकरास्तथा ॥ १५ ॥
द्वीपशैलप्रतीकाशाः प्रादुरासन्महागणाः।
श्वत्रराहोष्ट्ररूपाश्च हयगोमायुगोमुखाः ॥ १६ ॥
ऋक्षमार्जारवदना व्याघ्रद्वीपिमुखास्तथा।
काकवक्त्राः प्लवमुखाः शुकवक्त्रास्तथैव च ॥ १७ ॥
महाजगरवक्त्राश्च हंसवक्त्राः शितप्रभाः।
दार्वाघाटमुखाश्चापि चाषवक्त्राश्च भारत ॥ १८ ॥
कूर्मनक्रमुखाश्चैव शिशुमारमुखास्तथा।
महामकरवक्त्राश्च तिमिवक्त्रास्तथैव च ॥ १९ ॥
हरिवक्त्राः क्रौञ्चमुखाः कपोतेभमुखास्तथा।

और शुद्ध मनसे प्रणाम करता हूं। यदि मैं इस घोर आपत्तिसे पार होजाऊं तो पवित्र होकर सब प्रकारकी सामग्रियोंसे पवित्र शिवकी पूजा करूंगा। (२-१२)

महात्मा सुकर्मी अश्वत्थामाका अभिप्राय जानकर योगके बलसे उनके आगे एक सुवर्णकी वेदी बनगई, और उसमें आपसे आप आग जलने लगी, और उसकी ज्वालासे सब आकाश और पृथ्वी पूरित होगई, तब उस वेदीसे अनेक हाथ पैर शिरवाले, रत्नोंके विचित्र आभूषण पहिरे, द्वीप और पर्वतोंके समान शरीरवाले अनेक गण उत्पन्न होगये। (१३—१६)

किसी का मुख कुत्ते का, किसी का ऊंट का, किसी का गधे का, किसी का मुख घोडे का, किसी का गाय का, किसी का सूअर का, किसी का रीछका, किसी का मुख बिलाव का, किसी का चीते का, किसी का कौवे का, किसी का बन्दर का, किसी का तोते का, किसी का हंस का, किसीका हाथी का, किसी का दार्वाघाट पक्षी का, किसी का गृद्ध का, किसी का, कछवे का, नाका, और कईयोंका शिशुमार अर्थात् घडियाल

पारावतमुखाश्चैव मद्गुवक्त्रास्तथैव च ॥ २० ॥
पाणिकर्णाः सहस्राक्षास्तथैव च महोदराः।
निर्मांसाः काकवक्त्राश्च श्येनवक्त्राश्च भारत ॥२१॥
तथैवाशिरसो राजन् ऋक्षवक्त्राश्च भारत।
प्रदीप्तनेत्रजिह्वाश्च ज्वालावर्णास्तथैव च ॥ २२ ॥
ज्वालाकेशाश्च राजेन्द्र ज्वलद्रोमचतुर्भुजाः।
मेषवक्त्रास्तथैवान्ये तथा छागमुखा नृप ॥ २३ ॥
शङ्खाभाः शङ्खवक्त्राश्च शङ्खवर्णास्तथैव च।
शङ्खमालापरिकराः शङ्खध्वनिसमस्वनाः ॥ २४ ॥
जटाधराः पञ्चशिखास्तथा मुण्डाः कृशोदराः।
चतुर्दंष्ट्राश्चतुर्जिह्वाः शंकुकर्णाः किरीटिनः ॥ २५ ॥
मौञ्जीधराश्च राजेन्द्र तथाऽऽकुञ्चितमूर्धजाः।
उष्णीषिणो मुकुटिनश्चारुवक्त्राः स्वलंकृताः ॥२६॥
पद्मोत्पलापीडधरास्तथा मुकुटधारिणः।

मगर, मछली, कछवे, कबूतर, परेवा, मद्गुनामक मछलीके समान मुख था। (१६—२०)

किसीके हाथमें कान था, किसीके हजारों नेत्र थे, किसीके बडामारी पेट था, किसीके शरीरमें मांसही नहीं था, किसीके कौवेका, किसीका गृद्धका मुख था, किसीके शिर ही नहीं था, किसीके रीछका ऐसा मुख था, किसीके नेत्र अग्निके समान थे, किसीकी बडी भारी जिह्वा थी, किसीका अग्निके समान रङ्ग था, किसीके नेत्र और बाल अग्निके समान थे, सबके चार चार हाथ थे, किसीका बकरेके समान मुख था, किसीका मेंडेके समान मुख था, किसीका मुख शङ्खके समान था, किसीका शरीर शङ्खके समान था, कोई शङ्खकी माला पहिरे था, कोई शङ्ख बजा रहा था, और कोई खड्ग हाथमें लिये था, किसीके जटा थी, किसीके पांच शिखा थीं। कोई शिर मुडाये था, किसीका पतला पेट था, किसीके चार दांत थे, किसीके चार जीभ थीं, किसीके कान छोटे छोटे थे, कोई मूंजकी करधनी पहिरे था, और कोई पगडी बांधे था। (२१–२६)

किसीका बडा सुन्दर मुख था, और कोई सुन्दर आभूषण पहिरे था, किसीके गलेमें कमलकी माला और किसीके गलेमें नीले कमलकी माला थी, कोई मुकुट धारण किये थे, कोई उत्तम महा-

माहात्म्येन च संयुक्ताः शतशोऽथ सहस्रशः॥ २७ ॥
शतघ्नीवज्रहस्ताश्च तथा मुसलपाणयः ।
भुशुण्डीपाशहस्ताश्च दण्डहस्ताश्च भारत ॥ २८ ॥
पृष्टेषु बद्धेषुधयश्चित्रबाणोत्कटास्तथा ।
सध्वजाः सपताकाश्च सघण्टाः सपरश्वधाः ॥ २९ ॥
महापाशोद्यतकरास्तथा लगुडपाणयः ।
स्थूणाहस्ताः खड्गहस्ताः सर्पोच्छ्रितकिरीटिनः॥ ३० ॥
महासर्पाङ्गदधराश्चित्राभरणधारिणः ।
रजोध्वजाः पङ्कदिग्धा सर्वे शुक्लाम्बरस्रजः ॥ ३१ ॥
नीलाङ्गाः पिङ्गलाङ्गाश्च मुण्डवक्त्रास्तथैव च ।
भेरीशङ्खमृदङ्गांश्च झर्झरानकगोमुखान् ॥ ३२ ॥
अवादयन्पारिषदाः प्रहृष्टाः कनकप्रभाः ।
गायमानास्तथैवान्ये नृत्यमानास्तथाऽपरे ॥ ३३ ॥
लङ्घयन्तः प्लवन्तश्च वल्गन्तश्च महारथाः ।
धावन्तो जवना मुण्डाः पवनोद्धूतमूर्धजाः ॥ ३४ ॥
मत्ता इव महानागा विनदन्तो मुहुर्मुहुः ।
सुभीमा घोररूपाश्च शूलपट्टिशपाणयः ॥ ३५ ॥
नानाविरागवसनाश्चित्रमाल्यानुलेपनाः ।

त्म्यसे भरे थे, ऐसे सहस्रों गण अश्वत्थामाको दिखाई दिये, किसीके हाथमें शतघ्नी, किसीके हाथमें लाठी, किसीके हाथमें डण्डा, किसीके हाथमें भुशुण्डी, किसीके हाथमें परिघ, किसीके हातमें बाण, किसीके घण्टा, किसीके परश्वध, किसी के बरछी और किसीके सांप था, हाथ में सबके पास ध्वजा और पताका थीं, कोई सांपका बाजूबन्द पहरे था, और कोई उत्तम विचित्र आभूषण पहिरे था। किसीके कमरमें तूणीर बंधा था, सब धूल और मिट्टीसे भरे सफेद वस्त्र और माला पहिने नीले और धूमले वस्त्रवाले थे, कोई मृदङ्ग, कोई घण्टा, कोई गोमुख बजाते थे, कोई सोनेके समान रङ्ग वाला गण नाचता था, कोई कूदता था, कोई उछलता था, कोई भागता था, कोई वेगसे दौडता था, किसीके बाल वायुसे उडते थे, कोई मतवाले हाथीके समान गर्जकर इधर उधर घूमते थे, कोई शूल और पट्टिश हाथमें लेकर भयानक रूप धारण करके दौडते थे,

रत्नचित्राङ्गदधराः समुद्यतकरास्तथा ॥ ३६ ॥
हन्तारो द्विषतां शूराः प्रसह्यासह्यविक्रमाः।
पातारोऽसृग्वसौघानां मांसान्त्रकृतभोजनाः ॥ ३७ ॥
चूडालाः कर्णिकाराश्च प्रहृष्टाः पिठरोदराः।
अतिह्रस्वातिदीर्घाश्च प्रलम्बाश्चातिभैरवाः ॥ ३८ ॥
विकटाः काललम्बोष्ठा बृहच्छेफाण्डपिण्डिकाः।
महार्हनानाविकटा मुण्डाश्च जटिलाः परे ॥ ३९ ॥
सार्केन्दुग्रहनक्षत्रां चां कुर्युस्ते महीतले।
उत्सहेरंश्च ये हन्तुं भूतग्रामं चतुर्विधम् ॥ ४० ॥
ये च वीतभया नित्यं हरस्य भ्रुकुटीसहाः।
कामकारकरा नित्यं त्रैलोक्यस्येश्वरेश्वराः ॥ ४१ ॥
नित्यानन्दप्रमुदिता वागीशा वीतमत्सराः।
प्राप्याष्टगुणमैश्वर्यं येन यास्यन्ति वै स्वयम् ॥ ४२ ॥
येषां विसयते नित्यं भगवान्कर्मभिर्हरः।
मनोवाक्कर्मभिर्युक्तैर्नित्यमाराधितश्च यैः ॥ ४३ ॥
मनोवाक्कर्मभिर्भक्तान्पाति पुत्रानिवौरसान्।
पिबन्तोऽसृग्वसाश्चान्ये क्रुद्धा ब्रह्मद्विषां सदा ॥ ४४॥

कोई अनेक प्रकारके रङ्गे वस्त्र, अनेक प्रकारकी माला, कोई अनेक प्रकारकी गन्धि और रत्नोंके आभूषण किये था, वे सब शत्रुनाशन महापराक्रमी भक्तोंकी रक्षा करनेवाले और मांस तथा आन्तका भोजन करनेवाले थे, कोई चुडेल, कोई कर्णिकार और पिठरोदर नामक भूत थे, किसीके बडे बडे लिङ्ग थे और किसीके बडे बडे अण्डकोश थे, किसीके बडे बडे दांत और किसीकी भयानक जटा थीं, उस समय उन्होंने नक्षत्र तारा, ग्रह, सूर्य, चन्द्रमाके समान पृथ्वी कर दई। (२८–३९)

येही सब गण चारों प्रकारके जगत्का नाश कर सकते हैं, इन्हें कहीं भय नहीं होता, यही शिवकी मौंहको देख सकते हैं। येही जगत्के स्वामी और सब काम करनेमें समर्थ हैं, सब विद्याओंको जाननेवाले हैं, किसीका द्वेष नहीं करते। आठों प्रकारकी ऋद्धी प्राप्त होने पर भी अभिमान नहीं करते, इनका कर्म देखकर शिव भी आश्चर्य करते हैं, यह भी शिवकी सदा आराधना करते हैं, ब्राह्मणोंके वैरियोंका रुधिर पीते हैं।

चतुर्विधात्मकं सोमं ये पिबन्ति च सर्वदा।
श्रुतेन ब्रह्मचर्येण तपसा च दमेन च ॥ ४५ ॥
ये समाराध्य शूलाङ्कं भवसायुज्यमागताः।
यैरात्मभूतैर्भगवान्पार्वत्या च महेश्वरः ॥ ४६ ॥
महाभूतगणैर्भुक्ते भूतभव्यभवत्प्रभुः।
नानावादित्रहसितक्ष्वेडितोत्कृष्टगर्जितैः ॥ ४७ ॥
संत्रासयन्तस्ते विश्वमश्वत्थामानमभ्ययुः।
संस्तुवन्तो महादेवं भाः कुर्वाणाः सुवर्चसः ॥ ४८ ॥
विवर्धयिषवो द्रौणेर्महिमानं महात्मनः।
जिज्ञासमानास्तत्तेजः सौप्तिकं च दिदृक्षवः ॥ ४९ ॥
भीमोग्रपरिघालातशूलपट्टिशपाणयः।
घोररूपाः समाजग्मुर्भूतसङ्घाः समन्ततः ॥ ५० ॥
जनयेयुर्भयं ये स्म त्रैलोक्यस्यापि दर्शनात्।
तान्प्रेक्षमाणोऽपि व्यथां न चकार महाबलः ॥ ५१ ॥
अथ द्रौणिर्धनुष्पाणिर्बद्धगोधाङ्गुलित्रवान्।
स्वयमेवात्मनात्मानमुपहारमुपाहरत ॥ ५२ ॥
धनूंषि समिधस्तत्र पवित्राणि सिताः शराः।
हविरात्मवतश्चात्मा तस्मिन् भारत कर्मणि ॥ ५३ ॥

भगवान् शिव भी मन, वचन और कर्म से अपना भक्त जानकर इन्हें पुत्रके समान मानते हैं, यही सदा चारों प्रकारके सोम पीते हैं। इन्होंने विद्या, ब्रह्मचर्य, तप और योगसे शिवको प्रसन्न किया है, और शिवकी सायुज्य मोक्ष पाई है, भगवान सब जगत्के स्वामी शिव पार्वतीके सहित इनके हृदयमें निवास करते हैं। (४०-४६)

तब ये सब गण अनेक प्रकारके बाजे बजाते, हंसते, कूदते, उछलते, जगत्को डराते, अपने तेजसे सब ओर प्रकाश करते, अश्वत्थामाकी ओर दौडे, और महात्मा अश्वत्थामाको सोते हुये वीरोंको और तेजको दिखाने लगे और भयानक परिघ, शूल और पट्टिश लेकर अश्वत्थामाको डराने लगे, उनको देखकर तीनों लोक डर सकते हैं, परन्तु अश्वत्थामा न डरे, तब धनुषधारी तलहत्थी पहिने वीर अश्वत्थामाने पवित्र धनुष और तेज बाणोंको समिध बनाकर अपने शरीरको आहुति करना चाहा, अश्वत्था-

ततः सौम्येन मंत्रेण द्रोणपुत्रः प्रतापवान्।
उपहारं महामन्युरथात्मानमुपाहरत् ॥ ५४ ॥
तं रुद्रं रौद्रकर्माणं रौद्रैः कर्मभिरच्युतम्।
अभिष्टुत्य महात्मानमित्युवाच कृताञ्जलिः ॥ ५५ ॥
द्रौणिरुवाच— इममात्मानमद्याहं जातमाङ्गिरसे कुले।
स्वग्नौ जुहोमि भगवन् प्रतिगृह्णीष्व मां बलिम्॥ ५६ ॥
भवद्भक्त्या महादेव परमेण समाधिना।
अस्यामापदि विश्वात्मन्नुपाकुर्मि तवाग्रतः ॥ ५७ ॥
त्वयि सर्वाणि भूतानि सर्वभूतेषु चासि वै।
गुणानां हि प्रधानानामेकत्वं त्वयि तिष्ठति ॥ ५८ ॥
सर्वभूताश्रय विभो हविर्भूतमवस्थितम्।
प्रतिगृह्णाण मां देव यद्यशक्याः परे मया ॥ ५९ ॥
इत्युक्त्वा द्रौणिरास्थाय तां वेदीं दीप्तपावकाम्।
सन्त्यज्यात्मानमारुद्ध कृष्णवर्त्मन्युपाविशत् ॥ ६० ॥
तमूर्ध्ववाहुं निश्चेष्टं दृष्ट्वा हविरुपस्थितम्।
अब्रवीद्भगवान्साक्षान्महादेवो हसन्निव ॥ ६१ ॥
सत्यशौचार्जवत्यागैस्तपसा नियमेन च।
क्षान्त्या भक्त्या च धृत्या च बुद्ध्या च वचसा तथा॥६२॥
यथावदहमाराद्धः कृष्णेनाक्लिष्टकर्मणा।
तस्मादिष्टतमः कृष्णादन्यो मम न विद्यते ॥ ६३ ॥

माने भगवान शिवकी उत्तम स्तुतिकरके ऐसा कहा। (४७-५५)

अश्वत्थामा बोले, हे भगवन् शिव! सब जगत् आपमें स्थित है, सब जगत्के गुण आपमें विद्यमान है, मैं अङ्गिरावंशमें उत्पन्न हुआ, ब्राह्मण हूं, सो अब आपकी भक्ति और योगसे अपने शरीरको अग्निमें जलाता हूं, यदि मैं शत्रुओंको नहीं जीत सकता, तो आप इस बलीको ग्रहण कीजिये। ऐसा कहकर अश्वत्थामा उस जलती हुई अग्निमें घुस गये। (५५-६०)

इनको अग्निमें ऊपरको हाथ किये हुये खडा देख साक्षात् शिव हंसकर बोले, हे प्यारे भक्त! मुझे कृष्णने सत्य, पवित्रता, कोमलता, त्याग, तप, नियम, क्षमा, भक्ति, धारणा बुद्धि और वचनसे प्रसन्न किया था, इसलिये उनके समान

कुर्वता तात सम्मानं त्वां च जिज्ञासता मया ।
पाञ्चालाः सहसा गुप्ता मायाश्च बहुशः कृताः॥ ६४ ॥
कृतस्तस्यैव सम्मानः पाञ्चालान् रक्षता मया ।
अभिभूतास्तु कालेन नैषामद्यास्ति जीवितम् ॥ ६५ ॥
एवमुक्त्वा महात्मानं भगवानात्मनस्तनुम् ।
आविवेश ददौ चास्मै विमलं खड्गमुत्तमम् ॥ ६६ ॥
अथाविष्टो भगवता भूयो जज्वाल तेजसा ।
वेगवांश्चाभवद्युद्धे देवसृष्टेन तेजसा ॥ ६७ ॥
तमदृश्यानि भूतानि रक्षांसि च समाद्रवन् ।
अभितः शत्रुशिबिरं यान्तं साक्षादिवेश्वरम्॥ ६८ ॥ [३१६]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां सौप्तिके पर्वणि
द्रौणिकृतशिवार्चने सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥

धृतराष्ट्र उवाच—तथा प्रयाते शिबिरं द्रोणपुत्रे महारथे ।
कच्चित्कृपश्च भोजश्च भयार्तौ न व्यवर्त्तताम् ॥ १ ॥
कच्चिन्न वारितौ क्षुद्रैरक्षिभिर्नोपलक्षितौ ।
असह्यमिति मन्वानौ न निवृत्तौ महारथौ ॥ २ ॥
कच्चिदुन्मथ्य शिबिरं हत्वा सोमकपाण्डवान् ।

कोई जगत्में प्यारा नहीं है, उन्होंने मुझसे कहा था, कि तुम पाञ्चालोंकी रक्षा करो, इसी लिये मैं उनकी रक्षा कर रहा था, परन्तु अब उनका काल आगया इसलिये अब वे नहीं जी सकते । (६१–६५)

ऐसा कहकर भगवान् शिवने उनके शरीरमें प्रवेश किया, और एक तेज खड्ग दिया, तब अश्वत्थामा तेजसे अत्यन्त प्रकाशित होने लगे, और अत्यन्त बलवान होगये । अनन्तर ये सब भूत भी डेरेमें जाते हुये अश्वत्थामाके सङ्ग इस प्रकार चले, जैसे शिवके सङ्ग चलते थे । (६६–६८)

सौप्तिक पर्वमें सात अध्याय समाप्त ।

सौप्तिक पर्वमें आठ अध्याय ।

धृतराष्ट्र बोले, हे सञ्जय! जब महारथ अश्वत्थामाने इस प्रकार डेरेमें प्रवेश किया तब कृपाचार्य और कृतवर्मा डरसे भाग तो नहीं गये? परन्तु अश्वत्थामाको डेरोंमें घुसते हुए देख पहरे दारोंने क्यों न रोका ? क्या उन्हें किसीने देखा ही नहीं ? हमें जान पडता है कि उस कर्मको अत्यन्त भारी जान-

दुर्योधनस्य पदवीं गतौ परमिकां रणे ॥ ३ ॥
पञ्चालैर्निहतौ वीरा कच्चित्तु स्वपतां क्षितौ।
कच्चित्ताभ्यां कृतं कर्म तन्ममाचक्ष्व सञ्जय ॥ ४ ॥

सञ्जय उवाच— तस्मिन्प्रयाते शिविरं द्रोणपुत्रे महात्मनि।
कृपश्च कृतवर्मा च शिविरद्वार्यतिष्ठताम् ॥ ५ ॥
अश्वत्थामा तु तौ दृष्ट्वा यत्नवन्तौ महारथौ।
प्रहृष्टः शनकै राजन्निदं वचनमब्रवीत ॥ ६ ॥
यत्तौ भवन्तौ पर्याप्तौ सर्वक्षत्रस्य नाशने।
किं पुनर्योधशेषस्य प्रसुप्तस्य विशेषतः ॥ ७ ॥
अहं प्रवेक्ष्ये शिविरं चरिष्यामि च कालवत्।
यथा न कश्चिदपि वां जीवन्मुच्येत मानवः ॥ ८ ॥
तथा भवद्भ्यां कार्यं स्यादिति मे निश्चिता मतिः।
इत्युक्त्वा प्राविशद्द्रौणिः पार्थानां शिविरं महत् ॥९॥
अद्वारेणाभ्यवस्कन्द्य विहाय भयमात्मनः।
स प्रविश्य महाबाहुरुदेशज्ञश्च तस्य ह ॥ १० ॥
धृष्टद्युम्नस्य निलयं शनकैरभ्युपागमत।

कर ये दोनों महारथ नहीं लौटे ? प्रारब्धहीसे सोमक और पाण्डवोंको मारनेपर भी ये लोग जीते बच गए और दुर्योधनके सङ्ग स्वर्गको न गये ? प्रारब्धहीसे ये दोनों वीर पाञ्चालोंके हाथसे बच गये। कहो उस युद्धमें इन्होंने क्या क्या किया ? (१-४)

सञ्जय बोले, हे महाराज ! जिस समय महात्मा अश्वत्थामा डेरोंके भीतर घुस गये, तब कृपाचार्य और कृतवर्मा द्वारपर खडे रहे, उनको अत्यन्त सावधानतासे द्वारपर खडे देख अश्वत्थामा धीरेसे बोले, आप लोग अत्यन्त सावधान होकर खडे रहिये; हमें निश्चय है कि आप सब क्षत्रियोंको मार सक्ते हैं और यह तो थोडेसे बचे मनुष्य हैं, तिसमें भी सोरहे हैं, मैं डेरेमें जाकर कालके समान घूमूंगा, आप लोग ऐसा यत्न कीजिये कि कोई मनुष्य जीता हुआ न भागने पावे। (५-८)

ऐसा कहकर अश्वत्थामा द्वारकी ओरसे चल दिये और एक विना द्वारके मार्गको देखकर धीरेसे कूदकर पण्डवोंके भयानके डेरेमें घुसे, फिर अपने जीनेकी आशा और भय छोडकर धृष्टद्युम्नके चिन्ह देखकर धीरेसे उनके डेरेमें घुसे। ९-१०

ते तु कृत्वा महत्कर्म श्रान्ताश्च बलवद्रणे ॥ ११ ॥
प्रसुप्ताश्चैव विध्वस्ताः समेत्य परिधाविताः ।
अथ प्रविश्य तद्वेश्म धृष्टद्युम्नस्य भारत ॥ १२ ॥
पाञ्चाल्यं शयने द्रौणिरपश्यत्सुप्तमन्तिकात् ।
क्षौमावदाते महति स्पर्द्ध्यास्तरणसंवृते ॥ १३ ॥
माल्यप्रवरसंयुक्ते धूपैश्चूर्णैश्च वासिते ।
तं शयानं महात्मानं विस्रब्धमकुतोभयम् ॥ १४ ॥
प्राबोधयत पादेन शयनस्थं महीपते ।
सम्बुध्य चरणस्पर्शादुत्थाय रणदुर्मदः ॥ १५ ॥
अभ्यजानादमेयात्मा द्रोणपुत्रं महारथम् ।
तमुत्पतन्तं शयनादश्वत्थामा महाबलः ॥ १६ ॥
केशेष्वालभ्य पाणिभ्यां निष्पिपेष महीतले ।
सबलं तेन निष्पिष्टः साध्वसेन च भारत ॥ १७ ॥
निद्रया चैव पाञ्चाल्यो नाशकच्चेष्टितुं तदा ।
तमाक्रम्य पदा राजन् कण्ठे चोरसि चोभयोः ॥ १८ ॥
नदन्तं विस्फुरन्तं च पशुमारममारयत् ।
तुदन्नखैस्तु स द्रौणिं नातिव्यक्तमुदाहरत् ॥ १९ ॥

हे महाराज ! उस समय धृष्टद्युम्न आदि सब क्षत्रिय, हमने युद्धमें घोर कर्म किया है, यह विचारकर विशेषकर थकाई और घावोंसे व्याकुल होनेके कारण बेचेत सोरहे थे । हे महाराज ! अश्वत्थामाने धीरेसे धृष्टद्युम्नके डेरेके भीतर जाकर देखाकी महात्मा धृष्टद्युम्न सुंदर, विस्तृत और मनोहर बिछौनायुक्त, फूलोंकी माला लगे, उत्तम सुगन्धित पलंगपर विश्वास पूर्वक निर्भय सोरहे थे । (११-१४)

हे महाराज ! तब अश्वत्थामाने शीघ्रतासे महापराक्रमी महारथ महायोद्धा धृष्टद्युम्नके एक लात मारी । उसी समय वीर धृष्टद्युम्न जागे और देखा कि महारथ अश्वत्थामा आगे खडे हैं, तब उन्होंने शीघ्रतासे उठना चाहा, परन्तु अश्वत्थामाने शीघ्रतासे उनके बाल पकडकर पृथ्वीमें गिरा दिया और छातीपर पैर रख दिया, वीर धृष्टद्युम्न निद्रासे अत्यन्त व्याकुल थे, इसलिये कुछ न कर सके । तब अश्वत्थामाने एक पैर उनके कण्ठपर और एक पैर छातीपर रखकर पशुके समान मारना आरम्भ

आचार्यपुत्र शस्त्रेण जहि मां मा चिरं कृथाः।
त्वत्कृते सुकृताँल्लोकान् गच्छेयं द्विपदांवर ॥ २० ॥
एवमुक्त्वा तु वचनं विरराम परंतपः।
सुतः पञ्चालराजस्य आक्रान्तो बलिना भृशम् ॥२१॥
तस्य व्यक्तां तु तां वाचं संश्रुत्य द्रौणिरब्रवीत्।
आचार्यघातिनां लोका न संति कुलपांसन ॥ २२ ॥
तस्माच्छस्त्रेण निधनं न त्वमर्हसि दुर्मते।
एवं ब्रुवाणस्तं वीरं सिंहो मत्तमिव द्विपम् ॥ २३ ॥
मर्मस्वभ्यवधीत् क्रुद्धः पादाष्टीलैः सुदारुणैः।
तस्य वीरस्य शब्देन मार्यमाणस्य वेश्मनि ॥ २४ ॥
अबुध्यन्त महाराज स्त्रियो ये चास्य रक्षिणः।
ते दृष्ट्वा धर्षयन्तं तमतिमानुषविक्रमम् ॥ २५ ॥
भूतमेवाध्यवस्यंतो न स्म प्रव्याहरन् भयात्।
तं तु तेनाभ्युपायेन गमयित्वा यमक्षयम् ॥ २६ ॥
अध्यतिष्ठत तेजस्वी रथं प्राप्य सुदर्शनम्।
स तस्य भवनाद्राजन्निष्क्रम्यानादयन्दिशः ॥ २७ ॥

किया, तब पाञ्चालराजका शब्द भी बन्द होगया। (१४-१९)

अनन्तर उन्होंने अपने नखोंसे अश्वत्थामाको चीरना चाहा, परन्तु जब वह भी न कर सके तब कुछ तुतलाते धीरे धीरे बोले, हे गुरुपुत्र, आप यह क्या करते हैं? हमें शस्त्रसे मारिये। हे ब्राह्मणश्रेष्ठ! तब हम आपकी कृपासे वीरलोकको जायेंगे, उस समय शत्रुनाशन धृष्टद्युम्न इसके शिवाय और कुछ न कह सके, वीर पाञ्चालराजपुत्र इतना ही कह कर चुप होगये, तब बलवान अश्वत्थामा बोले, अरे कुलाधम दुर्बुद्धे! जो लोग गुरुको मारते हैं उन्हें वीर लोक नहीं मिलता, इसलिये तू शस्त्रसे मारने योग्य नहीं, ऐसा कहकर धृष्टद्युम्नके मर्मस्थानोंमें बलसे लात मारने लगे, मरते हुए वीर धृष्टद्युम्नके शब्दसे उनके पास सोई स्त्रियां और उनकी रक्षा करनेवाले जागे। उन्होंने अपने स्वामीकी ऐसी दशा देख अश्वत्थामाको भूत जाना और भयके मारे कुछ न बोल सकी। इसी प्रकार धृष्टद्युम्नको अश्वत्थामाने मार डाला। (२०—२६)

अनन्तर उस डेरेसे निकल कर तेजस्वी अश्वत्थामा रथपर बैठकर दूसरे

रथेन शिबिरं प्रायाज्जिघांसुर्द्विषतो बली।
अपक्रान्ते ततस्तस्मिन्द्रोणपुत्रे महारथे ॥ २८ ॥
सहितै रक्षिभिः सर्वैः प्राणेदुर्योषितस्तदा।
राजानं निहतं दृष्ट्वा भृशं शोकपरायणाः ॥ २९ ॥
व्याक्रोशन् क्षत्रियाः सर्वे धृष्टद्युम्नस्य भारत।
तासां तु तेन शब्देन समीपे क्षत्रियर्षभाः ॥ ३० ॥
क्षिप्रं च समनह्यन्त किमेतदिति चाब्रुवन्।
स्त्रियस्तु राजन्वित्रस्ता भारद्वाजं निरीक्ष्य ताः ॥ ३१ ॥
अब्रुवन् दीनकण्ठेन क्षिप्रमाद्रवतेति वै।
राक्षसो वा मनुष्यो वा नैनं जानीमहे वयम् ॥ ३२ ॥
हत्वा पाञ्चालराजानं रथमारुह्य तिष्ठति।
ततस्ते योधमुख्याश्च सहसा पर्यवारयन् ॥ ३३ ॥
स तानापततः सर्वान् रुद्रास्त्रेण व्यपोथयत्।
धृष्टद्युम्नं च हत्वा स तांश्चैवास्य पदानुगान् ॥ ३४ ॥
अपश्यच्छयने सुप्तमुत्तमौजसमन्तिके।
तमप्याक्रम्य पादेन कण्ठे चोरसि तेजसा ॥ ३५ ॥
तथैव मारयामास विनर्दन्तमरिंदमम्।

डेरोंकी ओर शत्रुवोंको मानेको दौडे। अश्वत्थामाके जानेके पीछे स्त्रियोंने देखा कि महाराज मरे पडे हैं, तब वे सब हाहाकार करके और अत्यन्त शोकसे व्याकुल होकर रोने लगीं। तब सब श्रेष्ठ क्षत्रिय जागे और कहने लगे कि यह क्या हुआ? ऐसा कहकर सब क्षत्रिय युद्धके लिये व्यूह (किला) बनाने लगे। तब द्वारपर जाकर देखा कि कृपाचार्य खडे हैं, तब सब स्त्री उनको देखकर डरीं, तब सब क्षत्रिय उनसे पूंछने लगे कि जिसने महाराज पाञ्चालराजको मारा है और जो रथपर चढकर भागा जाता है, वह क्या कोई राक्षस है वा मनुष्य? (२६-३३)

ऐसा कहते हुये वे सब वीर अश्वत्थामाको मारने दौडे, परन्तु अश्वत्थामाने रुद्रास्त्रसे उन सबको मार डाला। फिर यहांसे चलकर उत्तमौजाके डेरेमें पहुंचे और उनको भी सोते ही देखा। फिर उनके भी कण्ठमें एक पैर और एक पैर छातीमें धरकर उन्हें भी वैसे ही मार डाला। शत्रुनाशन उत्तमौजाको मरा हुआ सुन महाबलवान् युधामन्यु

युधामन्युश्च संप्राप्तो मत्वा तं रक्षसा हतम् ॥ ३६ ॥
गदामुद्यम्य वेगेन हृदि द्रौणिमताडयत्।
तमभिद्रुत्य जग्राह क्षितौ चैनमपातयत् ॥ ३७ ॥
विस्फुरन्तं च पशुवत्तथैवैनमनारयत्।
तथा स वीरो हत्वा तं ततोऽन्यान्समुपाद्रवत् ॥ ३८ ॥
संसुप्तानेव राजेन्द्र तत्र तत्र महारथान्।
स्फुरतो वेपमानांश्च शमितेव पशून्मखे ॥ ३९ ॥
ततो निस्त्रिंशमादाय जघानान्यान् पृथक् पृथक्।
भागशो विचरन्मार्गान्नासियुद्धविशारदः ॥ ४० ॥
तथैव गुल्मे संप्रेक्ष्य शयानान्मध्यगौल्मिकान्।
श्रान्तान् व्यस्तायुधान्सर्वान् क्षणेनैव व्यपोथयत् ॥ ४१ ॥
योधानश्वान् द्विपांश्चैव प्राच्छिनत्स वरासिना।
रुधिरोक्षितसर्वांगः कालसृष्ट इवान्तकः ॥ ४२ ॥
विस्फुरद्भिश्च तैर्द्रौणिर्निस्त्रिंशस्योद्यमेन च।
आक्षेपणेन चैवासेस्त्रिधा रक्तोक्षितोऽभवत् ॥ ४३ ॥
तस्य लोहितरक्तस्य दीप्तखड्गस्य युध्यतः।
अमानुष इवाकारो बभौ परमभीषणः ॥ ४४ ॥
ये त्वजाग्रन्त कौरव्य तेऽपि शब्देन मोहिताः।

गदा लेकर उठे, और अश्वत्थामाको राक्षस जानकर एक गदा उसकी छातीमें मारी, तौभी अश्वत्थामाने उसके बाल पकडकर पृथ्वीमें गिरा दिया और पशुके समान मार डाला। (३६–३८)

हे महाराज! तब वहांसे दूसरे दूसरे महारथोंके डेरोंमें जाकर सबको सोते ही मारडाला। किसीको कांपते हुये मारा, और किसीको उठते हुये मारडाला। (३९)

खड्गयुद्ध जाननेवाले अश्वत्थामाने घूम घूमकर इस प्रकार शत्रुवोंको मारा जैसे कोई यज्ञमें पशुवोंको मारे। अनन्तर सब गुल्मोंमें घुसकर केवल शस्त्ररहित सोते और थके गुल्मपालकोंको मारा फिर हाथी और घोडोंके बन्धन खड्गसे काट दिये, उस समय रुधिरमें भीगे अश्वत्थामाका शरीर प्रलयकालके यमराजके समान दीखता था, खड्गधारी अश्वत्थामा तीन गतियोंसे रुधिरमें भीगे। खड्गको घुमाते हुये महाभयानक राक्षसोंके समान दीखने लगे। (४०–४४)

निरीक्ष्यमाणा अन्योन्यं दृष्ट्वा दृष्ट्वा प्रविव्यथुः ॥ ४५ ॥
तद्रूपं तस्य ते दृष्ट्वा क्षत्रियाः शत्रुकर्षिणः।
राक्षसं मन्यमानास्तं नयनानि न्यमीलयन् ॥ ४६ ॥
स घोररूपो व्यचरत्कालवच्छिबिरे ततः।
अपश्यद्द्रौपदीपुत्रानवशिष्टांश्च सोमकान् ॥ ४७ ॥
तेन शब्देन वित्रस्ता धनुर्हस्ता महारथाः।
धृष्टद्युम्नं हतं श्रुत्वा द्रौपदेया विशाम्पते ॥ ४८ ॥
अवाकिरन् शरव्रातैर्भारद्वाजमभीतवत्।
ततस्तेन निनादेन संप्रबुद्धाः प्रभद्रकाः ॥ ४९ ॥
शिलीमुखैः शिखण्डी च द्रोणपुत्रं समार्दयन्।
भारद्वाजः स तान् दृष्ट्वा शरवर्षाणि वर्षतः ॥ ५० ॥
ननाद बलवन्नादं जिघांसुस्तान्महारथान्।
ततः परमसंक्रुद्धः पितुर्वधमनुस्मरन् ॥ ५१ ॥
अवरुह्य रथोपस्थात्त्वरमाणोऽभिदुद्रुवे।
सहस्रचन्द्रविमलं गृहीत्वा चर्मसंयुगे ॥ ५२ ॥
खड्गं च विमलं दिव्यं जातरूपपरिष्कृतम्।

हे कुरुकुलश्रेष्ठ! उस समय जो क्षत्रिय डेरोंमें जागते थे, वेही अश्वत्थामाका स्वरूप देखकर, चुप होकर, आंख बन्दकर लेते थे, और डरके मारे मूर्छित होजाते थे, शत्रुनाशन अश्वत्थामाका रूप देखकर सब लोग उसे राक्षस जानते थे, उन्हें कालके समान अपने डेरोंमें घूमते देख बचे हुये पाञ्चाल और द्रौपदीकेपुत्र जागे और अश्वत्थामाने भी उन्हें देखा। तब अनेक धनुषधारी अश्वत्थामाको देखकर डरने लगे। इतनेमें द्रौपदीके पुत्रोंने सुना कि हमारे मामा धृष्टद्युम्न मारे गये, तब वे पांचों क्रोध करके डेरोंके द्वारकी ओर चले, वहां जाकर देखा कृपाचार्य खडे हैं, तब उन्होंने कृपाचार्यके ऊपर बाण वर्षाना आरम्भ किया इतनेमें प्रभद्रकवंशी क्षत्रियोंमें समाचार पहुंचा तब वे लोग भी पहुंचे। (४५-४९)

तब शिखण्डी क्रोध करके अश्वत्थामाके ऊपर घोर बाण बरषाने लगे। कृपाचार्य उनको देखकर सिंहके समान गर्जे। उस समय उस शब्दके सुनते ही अश्वत्थामाको अपने पिताके मरनेका स्मरण आगया। तब महाक्रोध करके तेज खड्ग लेकर उन वीरोंके मारनेके

द्रौपदेयानभिद्रुत्य खड्गेन व्यधमद्बली ॥ ५३ ॥
ततः स नरशार्दूलः प्रतिविन्ध्यं महाहवे ।
कुक्षिदेशेऽवधीद्राजन् स हतो न्यपतद्भुवि ॥ ५४ ॥
प्रासेन विद्ध्वा द्रौणिं तु सुतसोमः प्रतापवान् ।
पुनश्चासिं समुद्यम्य द्रोणपुत्रमुपाद्रवत् ॥ ५५ ॥
सुतसोमस्य सासिं तं बाहुं छित्वा नरर्षभ ।
पुनरप्याहनत्पार्श्वे स भिन्नहृदयोऽपतत् ॥ ५६ ॥
नाकुलिस्तु शतानीको रथचक्रेण वीर्यवान् ।
दोर्भ्यामुत्क्षिप्य वेगेन वक्षस्येनमताडयत् ॥ ५७ ॥
अताडयच्छतानीकं मुक्तचक्रं द्विजस्तु सः ।
स विह्वलो ययौ भूमिं ततोऽस्यापाहरच्छिरः ॥ ५८ ॥
श्रुतकर्मा तु परिघं गृहीत्वा समताडयत् ।
अभिद्रुत्य ययौ द्रौणिं सव्ये स फलके भृशम् ॥ ५९ ॥
स तु तं श्रुतकर्माणमास्ये जघ्ने वरासिना ।
स हतो न्यपतद्भूमौ विमूढो विकृताननः ॥ ६० ॥
तेन शब्देन वीरस्तु श्रुतकीर्तिर्महारथः ।

लिये अपने रथसे कूदे और अनेक चन्द्रमाके समान प्रकाशित अनेक बिन्दुयुक्त ढाल और सोनेकी मूठवाला चमकता हुआ खड्ग लेकर द्रौपदीके पुत्रोंकी ओर दौडे, और प्रतिविन्ध्यके कोखमें एक खड्ग मारा, उसके लगतेही वह कटकर पृथ्वीमें गिर गया, उसके गिरते ही प्रतापवान श्रुतसोमने एक प्रास अश्वत्थामाको मारा, और फिर खड्ग लेकर उनकी ओर दौडे, परन्तु अश्वत्थामाने शीघ्रताके सहित उनका हाथ काट दिया, फिर शीघ्रता सहित उनकी पसुलीमें एक खड्ग मारा, उसके लगते ही उसका हृदय फट गया, और मरकर पृथ्वीमें गिरगया, तब नकुलपुत्र बलवान शतानीकको कुछ शस्त्र न मिला, तब टूटे हुये रथका पहिया उठाकर अश्वत्थामाकी छातीमें वेगसे मारा, तब अश्वत्थामाने वेगसे दौडकर उसे पृथ्वीमें गिरा दिया, और फिर उसका शिर काट लिया, तब श्रुतकर्माने दौडकर एक परिघ अश्वत्थामाकी छातीमें मारा, वह परिघ अश्वत्थामाके खड्गसहित दहिने हाथमें लगा । (५०-५९)

तब अश्वत्थामाने झपटकर उसके मुखमें एक खड्ग मारा, वह भी मरकर

अश्वत्थामानमासाद्य शरवर्षैरवाकिरत ॥ ६१ ॥
तस्यापि शरवर्षाणि चर्मणा प्रतिवार्य सः।
सकुण्डलं शिरः कायात् भ्राजमानमुपाहरत् ॥ ६२ ॥
ततो भीष्मनिहन्तारं सहस्रवैः प्रभद्रकैः।
आहनत्सर्वतो वीरं नानाप्रहरणैर्बली ॥ ६३ ॥
शिलीमुखेन चान्येन भ्रुवोर्मध्ये समार्पयत्।
स तु क्रोधसमाविष्टो द्रोणपुत्रो महाबलः ॥ ६४ ॥
शिखण्डिनं समासाद्य द्विधा चिच्छेद सोऽसिना।
शिखण्डिनं ततो हत्वा क्रोधाविष्टः परन्तपः ॥ ६५ ॥
प्रभद्रकगणान्सर्वानभिदुद्राव वेगवान्।
यच्च शिष्टं विराटस्य बलं तु भृशमाद्रवत् ॥ ६६ ॥
द्रुपदस्य च पुत्राणां पौत्राणां सुहृदामपि।
चकार कदनं घोरं हत्वा हत्वा महाबलः ॥ ६७ ॥
अन्यानन्यांश्च पुरुषानभिसृत्याभिसृत्य च।
न्यकृन्तदसिना द्रौणिरसिमार्गविशारदः ॥ ६८ ॥
कालीं रक्तास्यनयनां रक्तमाल्यानुलेपनाम्।
रक्ताम्बरधरामेकां पाशहस्तां कुटुम्बिनीम् ॥ ६९ ॥

पृथ्वीमें गिर गया, तब वीर महारथ श्रुतकीर्त्ति, अश्वत्थामाकी ओर सहस्रों बाण बर्षाने लगे, परन्तु अश्वत्थामाने ढालसे उन सब बाणोंको बचाकर चमकते हुये कुण्डलों सहित श्रुतकीर्तिका शिर छेदन किया, तब भीष्मके मारनेवाले शिखण्डीको प्रभद्रकवंशी क्षत्रियोंमें खडा देख अश्वत्थामा उनकी ओर दौडे, वीर शिखण्डीने भी अनेक प्रकारके बाण चलाये, परन्तु कुछ सिद्धि न हुई, तब एक बाण दोनों भौंहके बीचमें मारा, उसके लगनेसे द्रोणपुत्रको महाक्रोध हुआ, और दौड कर शिखण्डीको मध्य शरीरसे काट दिया। शत्रुनाशन अश्वत्थामा क्रोधमें भरकर शिखण्डीको मारकर प्रभद्रक सेनाकी ओर वेगसे दौडे। फिर राजा विराटके वंशमें जो बचे थे, जो राजा द्रुपदके बेटे, पोते और मित्र रह गये थे, उन सबको मारडाला। (६०—६७)

फिर और और भी प्रधान प्रधान क्षत्रियोंको खड्गसे काट दिया, उस समय सब वीरोंको यह दीखता था, कि लाल वस्त्र पहिने फांसी हाथमें लिये लाल

ददृशुः कालरात्रिं ते गायमानामवस्थिताम्।
नराश्वकुञ्जरान्पाशैर्बद्ध्वा घोरैः प्रतस्थुषीम् ॥ ७० ॥
वहन्तीं विविधान्प्रेतान्पाशबद्धान्विमूर्धजान्।
तथैव च सदा राजन्न्यस्तशस्त्रान्महारथान् ॥ ७१ ॥
स्वप्ने सुप्तान्नयन्तीं तां रात्रिष्वन्यासु मारिष।
ददृशुर्योधमुख्यास्ते घ्नन्तं द्रौणिं च सर्वदा ॥ ७२ ॥
यतः प्रभृति संग्रामः कुरुपाण्डवसेनयोः।
ततः प्रभृति तां कन्यामपश्यन् द्रौणिमेव च ॥ ७३ ॥
तांस्तु दैवहतान्पूर्वं पश्चाद्द्रौणिर्व्यपातयत्।
त्रासयन्सर्वभूतानि विनदन् भैरवान् रवान् ॥ ७४ ॥
तदनुस्मृत्य ते वीरा दर्शनं पूर्वकालिकम्।
इदं तदित्यमन्यन्त दैवेनोपनिपीडिताः ॥ ७५ ॥
ततस्तेन निनादेन प्रत्यबुद्ध्यन्त धन्विनः।
शिबिरे पाण्डवेयानां शतशोऽथ सहस्रशः ॥ ७६ ॥
सोऽच्छिनत्कस्यचित्पादौ जघनं चैव कस्यचित्।
कांश्चिद्भिभेद पार्श्वेषु कालसृष्ट इवान्तकः ॥ ७७ ॥
अत्युग्रप्रतिपिष्टैश्च नदद्भिश्च भृशोत्कटैः।

मुख और लाल नेत्रवाली, काली लाल माला और लाल चन्दन धारण किये काली युद्धमें घूम रही है, और फांसीसे अनेक मनुष्य और हाथियोंको मार रही है, किसीने यह देखा कि सोते हुए शस्त्ररहित महारथोंको वही काली फांसीसे खींच रही है। किसीको यह दीखने लगा कि यही काली और यही अश्वत्थामा युद्धके आरम्भसे हमारा नाश कर रहे हैं। (६८—७३)

हे राजन्! उन सब पाञ्चालोंको प्रारम्भने पहले ही मारडाला था, पीछे अश्वत्थामाने उनका नाश किया, उस समय अश्वत्थामाके भयानक शब्दसे पाण्डवोंके डेरेके सब मनुष्य घबडा रहे थे, कोई वीर अश्वत्थामाके भयानक रूपको देखकर उसे साक्षात् यमराज समझते थे। (७४—७५)

अनन्तर उस घोर शब्दसे पाण्डवोंके डेरोंमें सोते हुए सैकडों सहस्रों धनुषधारी वीर जागे, तब अश्वत्थामाने भी प्रलयकालके यमराजके समान रूप धारण करके किसीका पैर, किसी का हाथ, किसीकी कोख और किसीकी जङ्घा काट

गजाश्वमथितैश्चान्यैर्महीकीर्णोऽभवत्प्रभो ॥ ७८ ॥
क्रोशतां किमिदं कोऽयं कः शब्दः किं नु किं कृतम् ।
एवं तेषां तथा द्रौणिरन्तकः समपद्यत ॥ ७९ ॥
अपेतशस्त्रसन्नाहान्सन्नद्धान्पाण्डुसृञ्जयान् ।
प्राहिणोन्मृत्युलोकाय द्रौणिः प्रहरतां वरः ॥ ८० ॥
ततस्तच्छस्त्रवित्रस्ता उत्पतन्तो भयातुराः ।
निद्रान्धा नष्टसंज्ञाश्च तत्र तत्र निलिल्यिरे ॥ ८१ ॥
ऊरुस्तम्भगृहीताश्च कश्मलाभिहतौजसः ।
विनदन्तो भृशं त्रस्ताः समासीदन्परस्परम् ॥ ८२ ॥
ततो रथं पुनर्द्रौणिरास्थितो भीमनिःस्वनम् ।
धनुष्पाणिः शरैरन्यान्प्रेषयद्वै यमक्षयम् ॥ ८३ ॥
पुनरुत्पततश्चापि दूरादपि नरोत्तमान् ।
शूरान्सम्पततश्चान्यान्कालरात्र्यै न्यवेदयत् ॥ ८४ ॥
तथैव स्यन्दनाग्रेण प्रमथन्स विधावति ।
शरवर्षैश्च विविधैरवर्षच्छात्रवांस्ततः ॥ ८५ ॥
पुनश्च सुविचित्रेण शतचन्द्रेण चर्मणा ।
तेन चाकाशवर्णेन तथाऽचरत सोऽसिना ॥ ८६ ॥

दी, कोई हाथी घोड़ोंकी मूटमें आकर मरगया, कोई कहने लगा, यह क्या है ? यह कौन है ? क्यों एक बारगी इतना हल्ला हो रहा है ? डेरोंमें क्या होता है ? (७६—७९)

इस प्रकार अश्वत्थामा उन वीरोंके लिये कालरूप होगये शस्त्र चलानेवालों में श्रेष्ठ अश्वत्थामाने कवच और शस्त्र-हित अनेक वीरोंको उठते उठते मार डाला । तब निद्रासे व्याकुल अश्वत्थामाके शस्त्रसे पीडित अनेक क्षत्रिय इधर उधर डरसे भागने लगे । किसीका पैर न चला कोई भयसे व्याकुल होगया, इस प्रकार ये सब वीर हाहाकार करने लगे । तब अश्वत्थामा फिर शीघ्रतासे घोर शब्दवाले रथपर चढे और बाणोंसे सहस्रों वीरोंको मारने लगे और जिसको अपनी ओर आते देखा उसको मार-डाला । (८०-८२)

कोई रथके पहियेमें आकर मर गया और किसीको अश्वत्थामाने अनेक प्रकारके बाणोंसे मार डाला, फिर थोडी दूर जाकर रथसे उतरे और आकाशके समान चमकते हुए खड्गसे फिर वीरों-

तथा स शिविरं तेषां द्रौणिराहवदुर्मदः ।
व्यक्षोभयत राजेन्द्र महाह्रदमिव द्विपः ॥ ८७ ॥
उत्पेतुस्तेन शब्देन योधा राजन्विचेतसः ।
निद्रार्त्ताश्च भयार्त्ताश्च व्यधावन्त ततस्ततः ॥ ८८ ॥
विस्वरं चुक्रुशुश्चान्ये बहुबद्धं तथाऽवदन् ।
न च स्म प्रत्यपद्यन्त शस्त्राणि वसनानि च ॥ ८९ ॥
विमुक्तकेशाश्चाप्यन्ये नाभ्यजानन्परस्परम् ।
उत्पतन्तोऽपतन् श्रान्ताः केचित्तत्राभ्रमंस्तदा ॥ ९० ॥
पुरीषमसृजन्केचित्केचिन्मूत्रं प्रसुस्रुवुः ।
बन्धनानि च राजेन्द्र संत्यज्य तुरगा द्विपाः ॥ ९१ ॥
समं पर्यपतंश्चान्ये कुर्वन्तो महदाकुलम् ।
तत्र केचिन्नरा भीता व्यलीयन्त महीतले ॥ ९२ ॥
तथैव तान्निपतितानपिषन्गजवाजिनः ।
तस्मिंस्तथा वर्त्तमाने रक्षांसि पुरुषर्षभ ॥ ९३ ॥
हृष्टानि व्यनदन्नुच्चैर्मुदा भरतसत्तम ।
स शब्दः पूरितो राजन्भूतसङ्घैर्मुदायुतैः ॥ ९४ ॥
अपूरयद्दिशः सर्वा दिवं चातिमहान्स्वनः ।
तेषामार्त्तरवं श्रुत्वा वित्रस्ता गजवाजिनः ॥ ९५ ॥

को मारने लगे। महावीर अश्वत्थामाने उस डेरेको ऐसा व्याकुल कर दिया जैसे मतवाला हाथी तालाबको व्याकुल कर देता है। हे राजन्! उस घोर शब्दसे सहस्रों योद्धा उठते थे, परन्तु भय और निद्रासे व्याकुल होकर इधर उधर दौडने लगते थे, कोई वृथा बकता था और कोई हाहाकार करता था। कोई शस्त्र और वस्त्र ढूंढता था, किसीके बाल खुले थे, कोई इधर उधर घूमता था और कोई थककर बैठ जाता था।(८३-९०)

हे राजन्! हाथी, घोडे अपने बन्धन छुडाकर भागते थे, कोई हाथी, घोडा मूत्र करता था और लीद करता था, कहीं योद्धा भयके मारे पृथ्वीमें सो जाते थे और हाथी घोडे उन्हें आकर मार डालते थे। (९१-९३)

हे राजन्! उसी समय अनेक राक्षस और भूत प्रसन्नतासे गर्जने लगे और उस शब्दसे आकाश पूरित होगया। तब हाथी, घोडे इधर उधर दौडने लगे। उनके घूमनेसे घोर धूल उठी। तब महा-

मुक्ताः पर्यपतन् राजन्मृद्नन्तः शिबिरे जनम् ।
तैस्तत्र परिधावद्भिश्चरणोद्धीरितं रजः ॥ ९६ ॥
अकरोच्छिबिरे तेषां रजन्यां द्विगुणं तमः ।
तस्मिंस्तमसि सञ्जाते प्रमूढाः सर्वतो जनाः ॥ ९७ ॥
नाजानन्पितरः पुत्रान् भ्रातॄन् भ्रातर एव च ।
गजो गजानतिक्रम्य निर्मनुष्या हया हयान् ॥ ९८ ॥
अताडयंस्तथाऽभञ्जंस्तथाऽमृद्नंश्च भारत ।
ते भग्नाः प्रपतन्ति स्म निघ्नन्तश्च परस्परम् ॥ ९९ ॥
न्यपातयंस्तथा चान्यान्पातयित्वा तदाऽपिषन् ।
विचेतसः सनिद्राश्च तमसा चावृता नराः ॥ १०० ॥
जघ्नुः स्वानेव तत्राथ कालेनैव प्रचोदिताः ।
त्यक्त्वा द्वाराणि च द्वास्थास्तथा गुल्मानि गौल्मिकाः १०१॥
प्राद्रवन्त यथाशक्ति कान्दिशीका विचेतसः ।
विप्रनष्टाश्च तेऽन्योन्यं नाजानन्त तथा विभो ॥ १०२ ॥
क्रोशन्तस्तात पुत्रेति दैवोपहतचेतसः ।
पलायन्त दिशस्तेषां स्वानप्युत्सृज्य बान्धवान् ॥१०३॥
गोत्रनामभिरन्योन्यमाक्रन्दन्त ततो जनाः ।
हाहाकारं च कुर्वाणाः पृथिव्यां शेरते परे ॥ १०४ ॥
तान्बुद्ध्वा रणमध्येऽसौ द्रोणपुत्रो न्यवारयत् ।
तत्रापरे वध्यमाना मुहुर्मुहुरचेतसः ॥ १०५ ॥

अन्धकार छागया, तब कोई मनुष्य अपने पिता और भाईको भी न पहिचान सका, हाथी, हाथियोंकी और घोडे घोडोंकी ओर दौडे और परस्पर एक दूसरेको मारते थे, कहीं कोई हाथी, घोडा, मनुष्यको पीस देता था, कहीं निद्रा और अन्धकारसे व्याकुल वीर पडे थे, कहीं वीर अपने ही वीरोंको मारते थे, कहीं द्वारपाल द्वारोंको छोडकर इधर उधर भागते थे, कहीं गुल्ममें सोते वीर गुल्म छोडकर इधर उधर भागते थे, कहीं वीर भयसे व्याकुल होकर बाप और बेटोंको पुकारते थे, कहीं अपने बान्धवोंको छोडकर योद्धा भागते थे, कहीं अपना अपना गोत्रका नाम लेकर अपना परिचय देते थे, कोई हाहाकार करके पृथ्वीमें गिर जाता था, जो कोई लडनेको उठता था, उसको

शिविरान्निष्पतन्ति स्म क्षत्रिया भयपीडिताः।
तांस्तु निष्पतितांस्त्रस्तान् शिबिराज्जीवितैषिणः ॥१०६॥
कृतवर्मा कृपश्चैव द्वारदेशे निजघ्नतुः।
विस्रस्तयन्त्रकवचान्मुक्तकेशान्कृताञ्जलीन् ॥ १०७ ॥
वेपमानान् क्षितौ भीतान्नैव कांश्चिदमुच्यताम्।
नामुच्यत तयोः कश्चिन्निष्क्रान्तः शिबिराद्बहिः ॥१०८॥
कृपश्चैव महाराज हार्दिक्यश्चैव दुर्मतिः।
भूयश्चैव चिकीर्षंतौ द्रोणपुत्रस्य तौ प्रियम् ॥ १०९ ॥
त्रिषु देशेषु ददतुः शिबिरस्य हुताशनम्।
ततः प्रकाशे शिबिरे खड्गेन पितृनन्दनः ॥ ११० ॥
अश्वत्थामा महाराज व्यचरत्कृतहस्तवत्।
कांश्चिदापततो वीरानपरांश्चैव धावतः ॥ १११ ॥
व्ययोजयत खड्गेन प्राणैर्द्विजवरोत्तमः।
कांश्चिद्बाहून्स खड्गेन मध्ये सन्छिद्य वीर्यवान्॥११२॥
अपातयद्द्रोणपुत्रः संरब्धस्तिलकाण्डवत्।
निनदद्भिर्भृशायस्तैर्नराश्वद्विरदोत्तमैः ॥ ११३ ॥
पतितैरभवत्कीर्णा मेदिनी भरतर्षभ।
मानुषाणां सहस्रेषु हतेषु पतितेषु च ॥ ११४ ॥
उदतिष्ठन्कबन्धानि बहून्युत्थाय चापतन्।

अश्वत्थामा मार डालता था, जो क्षत्रिय भयसे व्याकुल होकर अपना जीव लेकर भागता था; उसीको द्वारपर कृपाचार्य और कृतवर्मा मार डालते थे। (९४-१०६)

शस्त्ररहित और कवचरहित हाथ जोडते हुये और कांपते हुये, क्षत्रियोंको भी उन्होंने मार डाला, कोई जीता वीर डेरोंके बाहर न निकल सका। अनन्तर दुर्बुद्धि कृपाचार्य और कृतवर्माने और अश्वत्थामाकी प्रसन्नताके लिये डेरोंमें तीनों ओर आग लगाय दी। तब वीर अश्वत्थामा खड्ग लेकर शीघ्रतासे उस चान्दनेमें घूमने लगे। तब सहस्रों वीरोंको खड्गसे इस प्रकार मारडाला जैसे कोई मनुष्य तिलके वृक्ष उखाडकर फेंक देता है। (१०७-११३)

तब हाथी गर्जने लगे, मरे हुये मनुष्योंसे पृथ्वी भर गई, किसी वीरका हाथ कट गया, किसीका पैर कट गया,

सायुधान्साङ्गदान्बाहून्विचकर्त्त शिरांसि च ॥ ११५ ॥
हस्तिहस्तोपमानूरून्हस्तान्पादांश्च भारत।
पृष्ठच्छिन्नान्पार्श्वच्छिन्नान्शिरश्छिन्नांस्तथाऽपरान् ॥ ११६ ॥
स महात्माऽकरोद् द्रौणिः कांश्चिच्चापि पराङ्मुखान्।
मध्यदेशे नरानन्यांश्चिच्छेदान्यांश्च कर्णतः ॥ ११७ ॥
अंसदेशे निहत्यान्यान्काये प्रावेशयच्छिरः।
एवं विचरतस्तस्य निघ्नतः सुबहून्नरान् ॥ ११८ ॥
तमसा रजनी घोरा बभौ दारुणदर्शना।
किञ्चित्प्राणैश्च पुरुषैर्हतैश्चान्यैः सहस्रशः ॥ ११९ ॥
बहुना च गजाश्वेन भूरभूद्भीमदर्शना।
यक्षरक्षः समाकीर्णे रथाश्वद्विपदारुणे ॥ १२० ॥
क्रुद्धेन द्रोणपुत्रेण सन्छन्नाः प्रापतन्भुवि।
भ्रातॄनन्ये पितॄनन्ये पुत्रानन्ये विचुक्रुशुः ॥ १२१ ॥
केचिदूचुर्न तत्क्रुद्धैर्धार्त्तराष्ट्रैः कृतं रणे।
यत्कृतं नः प्रसुप्तानां रक्षोभिः क्रूरकर्मभिः ॥ १२२ ॥
असान्निध्याद्धि पार्थानामिदं वः कदनं कृतम्।
न चासुरैर्न गंधर्वैर्न यक्षैर्न च राक्षसैः ॥ १२३ ॥
शक्यो विजेतुं कौन्तेयो गोप्ता यस्य जनार्दनः।
ब्रह्मण्यः सत्यवाग्दान्तः सर्वभूतानुकम्पकः ॥ १२४ ॥

किसीकी पीठ फट गई, किसीका मुंह कट गया, इस प्रकार महात्मा अश्वत्थामाने सहस्रों वीरोंको गिरा दिया, वह भयानक अन्धकार रात्रि और भी भयानक दीखने लगी, कहीं न मारने योग्य शरीरमें शस्त्र लग गया, वह रात्रि भागते हुये हाथी, घोडे और मनुष्योंसे भयानक दीखने लगी, और कोई भाईको, कोई बापको, और कोई बेटोंको पुकारने लगे और कोई कहने लगा कि क्रोध भरे धृतराष्ट्रके पुत्रोंने हमारे लिये जो नहीं किया था, सो आज सोते समय भयानक राक्षसोंने किया, हाय पांचों पाण्डवोंमेंसे एक भी यहां नहीं है इसी लिये राक्षसोंने हमारा नाश कर दिया, जिनकी रक्षा करनेवाले साक्षात् श्रीकृष्ण हैं उन्हें राक्षस, गन्धर्व और यक्ष भी नहीं जीत सकते। (११४–१२३)

पाण्डव ब्राह्मणोंके भक्त, सत्यवादी, जितेन्द्रिय और सब मनुष्योंपर कृपा

न च सुप्तं प्रमत्तं वा न्यस्तशस्त्रं कृताञ्जलिम् ।
धावन्तं मुक्तकेशं वा हन्ति पार्थो धनञ्जयः ॥ १२५ ॥
तदिदं नः कृतं घोरं रक्षोभिः क्रूरकर्मभिः ।
इति लालप्यमानाः स्म शेरते बहवो जनाः ॥ १२६ ॥
स्तनतां च मनुष्याणामपरेषां च क्रूजताम् ।
ततो मुहूर्त्तात्प्राशाम्यत्स शब्दस्तुमुलो महान् ॥ १२७ ॥
शोणितव्यतिषिक्तायां वसुधायां च भूमिप ।
तद्रजस्तुमुलं घोरं क्षणेनान्तरधीयत ॥ १२८ ॥
स चेष्टमानानुद्विग्नान्निरुत्साहान्सहस्रशः ।
न्यपातयन्नरान् क्रुद्धः पशून्पशुपतिर्यथा ॥ १२९ ॥
अन्योन्यं संपरिष्वज्य शयानान्द्रवतोऽपरान् ।
संलीनान्युध्यमानांश्च सर्वान्द्रौणिरपोथयत् ॥ १३० ॥
दह्यमाना हुताशेन वध्यमानाश्च तेन ते ।
परस्परं तदा योधानन्यद्यमसादनम् ॥ १३१ ॥
तस्या रजन्यास्त्वर्धेन पाण्डवानां महद्बलम् ।
गमयामास राजेन्द्र द्रौणिर्यमनिवेशनम् ॥ १३२ ॥
निशाचराणां सत्वानां रात्रिः सा हर्षवर्द्धिनी ।

करनेवाले हैं, अर्जुन सोते, मतवाले, शस्त्ररहित, हाथ जोडते और खुले हुये बालवालोंको नहीं मारते परन्तु इन पापी राक्षसोंने हमारा सर्वनाश कर दिया, इस प्रकार कहते हुए अनेक वीर पृथ्वीमें गिर गये, कोई धीरेसे बोलने लगा और कोई तडफने लगा, तब क्षणमात्रमें यह शब्द भी बन्द होगया, और रुधिरसे भीगनेके कारण पृथ्वीकी धूल भी बैठ गई, फिर अश्वत्थामाने कुछ उद्योग करते हुए वीरोंको देखा, तब क्रोध करके उनको भी इस प्रकार मारडाला जैसे प्रलयकालमें शिव प्रजाका नाश करते हैं ! कहीं लपटे हुए सोते वीरोंको मारडाला। कहीं भागतोंको मारा, कहीं पडे हुए वीरोंको मारा, कहीं युद्ध करते हुवोंको मारा, कहीं वीर अग्निमें जलने लगे और कहीं परस्पर लडकर मर गये। (१२४-१३४)

हे महाराज ! जिस समय अश्वत्थामाने पाण्डवोंके डेरोंमें प्रवेश किया था, उस समय रात्रिके पहिले दो पहर बीत चुके थे, अर्थात् आधी रातको डेरोंमें गये थे, वह रात्री हाथी, घोडे और मनुष्यों

आसीन्नरगजाश्वानां रौद्री क्षयकरी भृशम् ॥ १३३ ॥
तत्राददृश्यन्त रक्षांसि पिशाचाश्च पृथग्विधाः ।
खादन्तो नरमांसानि पिबन्तः शोणितानि च ॥ १३४ ॥
कराला: पिङ्गलाश्चैव शैलदन्ता रजस्वलाः ।
जटिला दीर्घशङ्खाश्च पञ्चपादा महोदराः ॥ १३५ ॥
पश्चादङ्गुलयो रूक्षा विरूपा भैरवस्वनाः ।
घंटाजालावसक्ताश्च नलिकण्ठा विभीषणाः ॥ १३६ ॥
सपुत्रदाराः सक्रूराः सुदुर्दशाः सुनिर्घृणाः ।
विविधानि च रूपाणि तत्राददृश्यन्त रक्षसाम् ॥ १३७ ॥
पीत्वा च शोणितं हृष्टाः प्रानृत्यन्गणशो परे ।
इदं परमिदं मेध्यमिदं स्वाद्विति चाब्रुवन् ॥ १३८ ॥
मेदोमज्जास्थिरक्तानां वसानां च भृशाशिताः ।
परे मांसानि खादन्तः क्रव्यादा मांसजीविनः ॥ १३९ ॥
वसाश्चैवापरे पीत्वा पर्यधावन्विकुक्षिकाः ।
नानावक्त्रास्तथा रौद्राः क्रव्यादाः पिशिताशनाः ॥ १४० ॥
अयुतानि च तत्रासन्प्रयुतान्युर्बुदानि च ।
रक्षसां घोररूपाणां महतां क्रूरकर्मणाम् ॥ १४१ ॥
मुदितानां वितृप्तानां तस्मिन्महति वैशसे ।

का नाश करनेवाली थी और मांस खानेवाले भूत और जन्तुओंको प्रसन्नता बढाती थी, तब अनेक प्रकारके राक्षस घूमने लगे, वे मनुष्योंके मांस खाने और रुधिर पीने लगे, कोई भयानक घूमले रङ्गवाला किसीके बडे बडे दांत, कोई धूलमें भरा, किसीके बडी बडी जटा, किसीका बडा मुह, किसीका बडा पेट, किसीके पैरके पञ्जे पीछेको थे, कोई घण्टा बजा रहा था, किसीका नीलाकण्ठ था, कोई महाभयानक था, ये सब भयानक निर्दय अनेक रूपधारी राक्षस पुत्र और स्त्रियोंके सहित वहां आए, फिर मनुष्योंका रुधिर पीकर नाचने लगे और कहने लगे कि यह रुधिर बडा स्वादमें श्रेष्ठ और पीने योग्य है, मांस खाने वाले जन्तु भी प्रसन्नता पूर्वक रुधिर पीने लगे, चरबी मांस और वसा खाने लगे । चरबी खानेसे राक्षसों के पेट फूल गये, एक प्रकारके मुखवाले भयानक सहस्रों राक्षस मनुष्योंको घोर रूप बनाकर और घोर कर्म करके

समेतानि बहून्यासन् भूतानि च जनाधिप ॥ १४२ ॥
प्रत्यूषकाले शिबिरात्प्रतिगन्तुमियेष सः
नृशोणितावसिक्तस्य द्रौणेरासीदसित्सरुः ॥ १४३ ॥
पाणिना सह संश्लिष्ट एकीभूत इव प्रभो।
दुर्गमां पदवीं गत्वा विरराज जनक्षये ॥ १४४ ॥
युगान्ते सर्वभूतानि भस्म कृत्वेव पावकः।
यथाप्रतिज्ञं तत्कर्म कृत्वा द्रौणायनिः प्रभो ॥ १४५ ॥
दुर्गमां पदवीं गच्छन्पितुरासीद्गतज्वरः।
यथैव संसुप्तजने शिबिरे प्राविशन्निशि ॥ १४६ ॥
तथैव हत्वा निःशब्दे निश्चक्राम नरर्षभः।
निष्क्रम्य शिबिरात्तस्मात्ताभ्यां सङ्गम्य वीर्यवान् ॥ १४७ ॥
आचख्यौ कर्म तत्सर्वं हृष्टः संहर्षयन्विभो।
तावथाचख्यतुस्तस्मै प्रियं प्रियकरौ तदा ॥ १४८ ॥
पाञ्चालान्सृञ्जयांश्चैव विनिकृत्तान्सहस्रशः।
प्रीत्या चोचैरुदक्रोशंस्तथैवास्फोटयंस्तलान् ॥ १४९ ॥
एवंविधा हि सा रात्रिः सोमकानां जनक्षये।

डराते थे, उस घोर युद्धमें मांस खाकर और रुधिर पीकर बहुत प्रसन्न हुये। (१३५—१४२)

तब अश्वत्थामाने देखा कि आकाश लाल होगया, उस समय अश्वत्थामाके खड्गकी मूठि रुधिरसे भीग गई थी और खड्ग हाथमें फंस गया था, मानो एक ही होगया था। तब अश्वत्थामाने भी डेरोंसे निकलनेकी इच्छा करी और उस घोर कर्मको करके प्रसन्नता पूर्वक ऐसे खडे हुए जैसे प्रलयकालमें अग्नि। उन्होंने इस कर्मको अपनी प्रतिज्ञानुसार ही समाप्त किया, फिर अपने पिताके मरनेका शोक भी छोड दिया। (१४३-१४६)

पुरुषसिंह अश्वत्थामा सोते शब्द रहित डेरोंमें घुसे थे और सबको मारकर शब्दरहित डेरोंमेंसे निकले, फिर डेरोंसे बाहर आकर कृपाचार्य और कृतवर्मासे मिले और प्रसन्न होकर उनसे सब समाचार कहा और वह भी सुनकर बहुत प्रसन्न हुए और कहने लगे, कि अच्छा हुआ फिर ताली बजाने लगे। हे महाराज! इस प्रकार यह भयानक रात्री सोमकोंके लिये आई थी, उसमें सोते हुए उन्मत्त सहस्रों सोमकोंका नाश हुआ, देखो इन ही सोमकोंने हमारी

प्रसुप्तानां प्रमत्तानामासीत्सुभृशदारुणा ॥ १५० ॥
असंशयं हि कालस्य पर्यायो दुरतिक्रमः ।
तादृशा निहता यत्र कृत्वाऽस्माकं जनक्षयम् ॥ १५१ ॥

धृतराष्ट्र उवाच—प्रागेव सुमहत्कर्म द्रौणिरेतन्महारथः ।
नाकरोदीदृशं कस्मान्मत्पुत्रविजये धृतः ॥ १५२ ॥
अथ कस्माद्धते क्षुद्रं कर्मेदं कृतवानसौ ।
द्रोणपुत्रो महात्मा स तन्मे शंसितुमर्हसि ॥ १५३ ॥

सञ्जय उवाच— तेषां नूनं भयान्नासौ कृतवान्कुरुनन्दन ।
असान्निध्याद्धि पार्थानां केशवस्य च धीमतः ॥ १५४ ॥
सात्यकेश्चापि कर्मेदं द्रोणपुत्रेण साधितम् ।
को हि तेषां समक्षं तान् हन्यादपि मरुत्पतिः ॥ १५५ ॥
एतदीदृशकं वृत्तं राजन्सुप्तजने विभो ।
ततो जनक्षयं कृत्वा पाण्डवानां महात्ययम् ॥ १५६ ॥
दिष्ट्या दिष्ट्येति चान्योन्यं समेत्योचुर्महारथाः ।
पर्यष्वजत्ततो द्रौणिस्ताभ्यां सम्प्रति नन्दितः ॥ १५७ ॥
इदं हर्षात्तु सुमहदाददे वाक्यमुत्तमम् ।
पाञ्चाला निहताः सर्वे द्रौपदेयाश्च सर्वशः ॥ १५८ ॥

सेनाका नाश किया था और यही आज इस प्रकार मारे गये, कालकी गतिको कोई नहीं जान सक्ता, यह बडी ही कठिन है । (१४६-१५१)

धृतराष्ट्र बोले, हे सञ्जय ! महारथ अश्वत्थामाके यह इच्छा तो थी, कि हमारे पुत्रकी विजय होय, तब उन्होंने पहिले यह कर्म क्यों नहीं किया था ? दुर्योधनके मरनेपर महात्मा द्रोणपुत्रने ऐसा कुकर्म क्यों किया सो तुम हमसे कहो ? (१५२-१५३)

सञ्जय बोले, हे कुरुकुलश्रेष्ठ ! पाण्डवोंके और कृष्णके भयसे अश्वत्थामाने ऐसा नहीं किया था, आज वे पाण्डव, श्रीकृष्ण और सात्यकी सेनामें नहीं थे, इसही लिये अश्वत्थामाने इनको मार डाला । यदि वे लोग होते तो साक्षात् इन्द्र भी उन लोगोंको नहीं मार सक्ता था । (१५४-१५५)

हे महाराज ! इस प्रकार यह सोती हुई पाण्डव सेनाका नाश हुआ, तब तीनों महारथ कहने लगे कि बहुत अच्छा हुआ, तब अश्वत्थामा अत्यन्त प्रसन्न होकर बोले, कि सब पाञ्चाल

सोमका मत्स्यशेषाश्च सर्वे विनिहता मया।
इदानीं कृतकृत्याः स्म याम तत्रैव मा चिरम्।
यदि जीवति नो राजा तस्मै शंसामहे वयम्॥ १५९॥ [४७५]

इति श्रीमहाभारते० वैयासिक्यां सौप्तिके पर्वणि रात्रियुद्धे पाञ्चालादिवधेऽष्टमोऽध्यायः॥ ८॥

सञ्जय उवाच— ते हत्वा सर्वपाञ्चालान्द्रौपदेयांश्च सर्वशः।
आगच्छन्सहितास्तत्र यत्र दुर्योधनो हतः ॥ १ ॥
गत्वा चैनमपश्यन्त किञ्चित्प्राणं जनाधिपम्।
ततो रथेभ्यः प्रस्कन्द्य परिवव्रुस्तवात्मजम् ॥ २ ॥
तं भग्नसक्थं राजेन्द्र कृच्छ्रप्राणमचेतसम्।
वमन्तं रुधिरं वक्त्रादपश्यन्वसुधातले ॥ ३ ॥
वृतं समन्ताद्बहुभिः श्वापदैर्घोरदर्शनैः।
शालावृकगणैश्चैव भक्षयिष्यद्भिरन्तिकात ॥ ४ ॥
निवारयन्तं कृच्छ्रात्तान् श्वापदांश्च चिखादिषून्।
विचेष्टमानं मह्यां च सुभृशं गाढवेदनम् ॥ ५ ॥
तं शयानं तथा दृष्ट्वा भूमौ सुरुधिरोक्षितम्।
हतशिष्टास्त्रयो वीराः शोकार्त्ताः पर्यवारयन् ॥ ६ ॥
अश्वत्थामा कृपश्चैव कृतवर्मा च सात्वतः।
तैस्त्रिभिः शोणितादिग्धैर्निःश्वसद्भिर्महारथैः ॥ ७ ॥

द्रौपदीके पुत्र, सोमक और बचे हुये मत्स्यवंशी क्षत्रिय मारे गये, अब हम लोग कृतकृत्य होगए, अब राजाके पास चलना चाहिये। कदाचित् वे जीते होयं, तो उनसे यह सब समाचार कहैं। (१५६-१६९)

सौप्तिकपर्वमें आठ अध्याय समाप्त।

सौप्तिक पर्वमें नौ अध्याय।

सञ्जय बोले, हे राजन्! ये तीनों वीर पाञ्चाल और द्रौपदीके पुत्रोंको मारकर रथोंपर चढकर वहां पहुंचे, जहां राजा दुर्योधन पडे थे, उन्होंने जाकर देखा कि महाराज मरा ही चाहते हैं। तब वे सब रथोंसे उतरे और राजाके पास गये, उस समय राजा तडफ रहे थे, उनके मूहसे रुधिर बहता था, चारों ओर अनेक स्यार और भेडिये आदि मांस खानेवाले जन्तु खडे थे, और पीडासे व्याकुल राजा दुर्योधन कठिनतासे उनको हटा रहे थे, तब ये तीनों वीर रुधिर भीगे राजाके पास गये और शोकसे व्याकुल होकर खडे होगए।१-७

शुशुभे स वृतो राजा वेदी त्रिभिरिवाग्निभिः ।
ते तं शयानं सम्प्रेक्ष्य राजानमतथोचितम् ॥ ८ ॥
अविषह्येन दुःखेन ततस्ते रुरुदुस्त्रयः ।
ततस्तु रुधिरं हस्तैर्मुखान्निर्मृज्य तस्य हि ।
रणे राज्ञः शयानस्य कृपणं पर्यदेवयन् ॥ ९ ॥

कृप उवाच— न दैवस्यातिभारोऽस्ति यदयं रुधिरोक्षितः ।
एकादशचमूभर्त्ता शेते दुर्योधनो हतः ॥ १० ॥
पश्य चामीकराभस्य चामीकरविभूषिताम् ।
गदां गदाप्रियस्येमां समीपे पतितां भुवि ॥ ११ ॥
इयमेनं गदा शूरं न जहाति रणे रणे ।
स्वर्गायापि व्रजन्तं हि न जहाति यशस्विनम् ॥ १२ ॥
पश्येमां सह वीरेण जाम्बूनदविभूषिताम् ।
शयानां शयने हर्म्ये भार्यां प्रीतिमतीमिव ॥ १३ ॥
योऽयं मूर्धाभिषिक्तानामग्रे जातः परन्तपः ।
स हतो ग्रसते पांसून्पश्य कालस्य पर्ययम् ॥ १४ ॥
येनाजौ निहता भूमावशेरत हतद्विषः ।

उस समय इन तीनों रुधिर भीगे वीरोंके बीचमें राजाकी ऐसी शोभा दीखती थी, जैसे तीन अग्नियोंके बीचमें प्रधान अग्नि की । महाराजको अनुचित रीतिसे पडे देख तीनों वीर सांस लेकर रोने लगे । तब कृपाचार्य उनके पास गये और उनके मुखका रुधिर अपने हाथसे पोछकर रोकर कहने लगे । प्रारब्ध बहुत बडी वस्तु है देखो ग्यारह अक्षौहिणीके स्वामी राजा दुर्योधन आज पृथ्वीमें मूर्च्छित होकर सोते हैं; देखो सोनेके समान रङ्गवाले गदाके प्यारे महाराजकी सोनेसे भूषित गदा पृथ्वीमें पडी है, यह गदा इस महात्मा यशस्वी वीरको किसी युद्धमें नहीं छोडती; अब स्वर्ग जाते समय भी इनको नहीं छोडती । (८–१२)

देखो यह सोनेके भूषणवाली गदा इन महात्मा वीरके सङ्ग प्यारी स्त्रीके समान सोती है । हाय ! यही शत्रुनाशन महाराज पहिले राजोंके आगे चलते थे, आज पृथ्वीमें पडे हुये धूल खाते हैं । समय बडा कठिन है । हाय ! जिस कुरुराजके हाथसे मारे हुए सहस्रों शत्रु पृथ्वीमें सोते थे, वही ये आज शत्रुओंके हाथसे लडकर पृथ्वीमें सोते हैं,

स भूमौ निहतः शेते कुरुराजः परैरयम् ॥ १५ ॥
भयान्नमन्ति राजानो यस्य स्म शतसङ्घशः ।
स वीरशयने शेते क्रव्याद्भिः परिवारितः ॥ १६ ॥
उपासत द्विजाः पूर्वमर्थहेतोर्यमीश्वरम् ।
उपासते च तं ह्यद्य क्रव्यादा मांसहेतवः ॥ १७ ॥

सञ्जय उवाच— तं शयानं कुरुश्रेष्ठं ततो भरतसत्तम ।
अश्वत्थामा समालोक्य करुणं पर्यदेवयत् ॥ १८ ॥
आहुस्त्वां राजशार्दूल मुख्यं सर्वधनुष्मताम् ।
धनाध्यक्षोपमं युद्धे शिष्यं सङ्कर्षणस्य च ॥१९॥
कथं विवरमद्राक्षीद्भीमसेनस्तवानघ ।
बलिनं कृतिनं नित्यं स च पापात्मवान्नृप ॥ २० ॥
कालो नूनं महाराज लोकेऽस्मिन्बलवत्तरः ।
पश्यामो निहतं त्वां च भीमसेनेन संयुगे ॥ २१ ॥
कथं त्वां सर्वधर्मज्ञं क्षुद्रः पापो वृकोदरः ।
निकृत्याहतवान्मन्दो नूनं कालो दुरत्ययः ॥ २२ ॥
धर्मयुद्धे ह्यधर्मेण समाहूयौजसा मृधे ।
गदया भीमसेनेन निर्भग्ने सक्थिनी तव ॥ २३ ॥
अधर्मेण हतस्याजौ मृद्यमानं पदा शिरः ।

जिनको देखते ही सैकड़ों राजा डरसे नीचे हो जाते थे, वही महाराज आज मांस खानेवाले जन्तुवोंके बीचमें वीरके योग्य शय्यापर सो रहे हैं,जिन महाराजके पास हर समय सहस्रों ब्राह्मण धन के लिये बैठे रहते थे, इन्हींके पास आज मांस खानेके लिये स्यार खडे हैं। (१३-१७)

सञ्जय बोले, कुरुकुलश्रेष्ठ दुर्योधनको इस प्रकार पृथ्वीमें पडे देख अश्वत्थामा ऊंचे स्वरसे रोने लगे और कहने लगे। हे राजशार्दूल आपको सब जगत्के क्षत्रिय, धनुषधारियोंमें श्रेष्ठ कहा करते थे, आप कुबेरके समान योद्धा साक्षात् बलरामके शिष्य हैं । हे पापरहित ! भीमसेनने अन्तर पाकर आपको कैसे मारडाला ? (१८-२०)

हे महाराज ! महापराक्रमी और अत्यन्त चतुर आपको पापी भीमसेनके हाथसे मरा हुआ हम देखते हैं, समयकी गति बहुत ही कठिन, पापी, क्षुद्र, मूर्ख भीमसेनने धर्म जाननेवाले, आपको

य उपेक्षितवान् क्षुद्रं धिक्कृष्णं धिग्युधिष्ठिरम् ॥२४॥
युद्धेष्वपवदिष्यन्ति योधा नूनं वृकोदरम् ।
यावत्स्थास्यन्ति भूतानि निकृत्याद्यासि पातितः ॥२५॥
ननु रामोऽब्रवीद्राजंस्त्वां सदा यदुनन्दनः ।
दुर्योधनसमो नास्ति गदया इति वीर्यवान् ॥ २६ ॥
श्लाघते त्वां हि वार्ष्णेयो राजन्संसत्सु भारत ।
स शिष्यो मम कौरव्यो गदायुद्ध इति प्रभो ॥ २७ ॥
यां गतिं क्षत्रियस्याहुः प्रशस्तां परमर्षयः ।
हतस्याभिमुखस्याजौ प्राप्तस्त्वमसि तां गतिम् ॥ २८ ॥
दुर्योधन न शोचामि त्वामहं पुरुषर्षभ ।
हतपुत्रौ तु शोचामि गान्धारीं पितरं च ते ॥ २९ ॥
भिक्षुकौ विचरिष्येते शोचंतौ पृथिवीमिमाम् ।
धिगस्तु कृष्णं वार्ष्णेयमर्जुनं चापि दुर्मतिम् ॥ ३० ॥
धर्मज्ञमानिनौ यौ त्वां वध्यमानमुपेक्षताम् ।
पाण्डवाश्चापि ते सर्वे किं वक्ष्यन्ति नराधिप ॥ ३१ ॥

मारडाला । इससे हम जानते हैं, कि समयकी गति बडी कठिन है, धर्मसे बुलाकर और धर्म युद्ध आरम्भ करके भीमसेनने आपकी जङ्घा तोड दी, इससे अधिक अधर्म और क्या होगा ? जिसने अधर्मसे मरे हुये आपके शिरमें पैर रखते भीमसेनको देखा उस क्षुद्र, कृष्ण और युधिष्ठिरको धिक्कार है, जबतक पृथ्वीमें मनुष्य रहेंगे तब तक सब वीर भीमसेनकी अवश्य निन्दा करेंगे । (२०–२५)

हे महाराज ! यदुकुलश्रेष्ठ वीर बलराम सदा कहा करते थे, कि गदा युद्धमें दुर्योधनके समान कोई वीर नहीं है, बलराम सब सभाओंमें आपकी प्रशंसा किया करते थे, कि राजा दुर्योधन गदायुद्धमें हमारे शिष्य हैं, हे महाराज ! महामुनियोंने जो क्षत्रियोंके लिये उत्तम गति कही है, युद्धमें मरनेसे आपको वही गति प्राप्त हुई । (२६—२८)

हे पुरुषसिंह दुर्योधन ! हम आपका कुछ शोच नहीं करते परन्तु हमें पुत्ररहित गान्धारी, और आपके पिताहीका शोच है, वे दोनों बूढे शोकसे व्याकुल होकर भिक्षुकोंके समान पृथ्वीमें घुमेंगे, दुर्बुद्धी कृष्ण और अर्जुनको धिक्कार है, जो धर्मज्ञ अभिमान करनेपर भी आप-

कथं दुर्योधनोऽस्माभिर्हत इत्यनपत्रपाः।
धन्यस्त्वमसि गान्धारे यस्त्वमायोधने हतः ॥ ३२ ॥
प्रायशोऽभिमुखः शत्रून्धर्मेण पुरुषर्षभ।
हतपुत्रा हि गान्धारी निहतज्ञातिबान्धवा ॥ ३३ ॥
प्रज्ञाचक्षुश्च दुर्धर्षः कां गतिं प्रतिपत्स्यते।
धिगस्तु कृतवर्माणं मां कृपं च महारथम् ॥ ३४ ॥
ये वयं न गताः स्वर्गं त्वां पुरस्कृत्य पार्थिवम्।
दातारं सर्वकामानां रक्षितारं प्रजाहितम् ॥ ३५ ॥
यद्वयं नानुगच्छाम त्वां धिगस्मान्नराधमान्।
कृपस्य तव वीर्येण मम चैव पितुश्च मे ॥ ३६ ॥
सभृत्यानां नरव्याघ्र रत्नवन्ति गृहाणि च।
तव प्रसादादस्माभिः समित्रैः सहबान्धवैः ॥ ३७ ॥
अवाप्ताः क्रतवो मुख्या बहवो भूरिदक्षिणाः।
कृतश्चापीदृशं पापाः प्रवर्त्तिष्यामहे वयम् ॥ ३८ ॥
यादृशेन पुरस्कृत्य त्वं गतः सर्वपार्थिवान्।
वयमेव त्रयो राजन् गच्छन्तं परमां गतिम् ॥ ३९ ॥
यद्वै त्वां नानुगच्छामस्तेन धक्ष्यामहे वयम्।
तत्स्वर्गहीना हीनार्थाः स्मरंतः सुकृतस्य ते ॥ ४० ॥
किं नाम तद्भवेत्कर्म येन त्वां न व्रजाम वै।

की यह दशा देखते रहे निर्लज्ज पाण्डव क्या यह कह सकेंगे, कि हमने दुर्योधनको धर्मसे मारा? (२९—३१)

हे गान्धारीपुत्र! आपको धन्य है, जो शत्रुवोंके आगे धर्मयुद्धमें मारे गये, परन्तु पुत्ररहित गान्धारी और अन्धे राजाकी क्या गति होगी हमे यही शोक है, महारथ कृपाचार्य, कृतवर्मा, और हमे धिक्कार है, जो आपके सङ्ग स्वर्गको न चले, आप हमें सब प्रकारका सुख देते थे, रक्षा करते थे, और प्रजाका कल्याण करते थे, सो हम आपके सङ्ग न चल सके इसलिये हम नीच मनुष्योंको धिक्कार है, हमने, हमारे पिताने और कृपाचार्यने आपकी कृपासे रत्न भरे घर पाये, आपकी प्रसन्नतासे हम लोगोंने मित्र और बान्धवोंके सहित दक्षिणाओं के सहित भारी भारी यज्ञ करीं अब हम पापी इस जगत्में कैसे जियेंगे। अब हम इस जगत्में रहकर दरिद्र होकर

दुःखं नूनं कुरुश्रेष्ठ चरिष्याम महीमिमाम् ॥ ४१ ॥
हीनानां नस्त्वया राजन्कुतः शान्तिः कुतः सुखम् ।
गत्वैव तु महाराज समेत्य च महारथान् ॥ ४२ ॥
यथाज्येष्ठं यथाश्रेष्ठं पूजयेर्वचनान्मम ।
आचार्यं पूजयित्वा च केतुं सर्वधनुष्मताम् ॥ ४३ ॥
हतं मयाद्य शंसेथा धृष्टद्युम्नं नराधिप ।
परिष्वजेथा राजानं बाह्लिकं सुमहारथम् ॥ ४४ ॥
सैन्धवं सोमदत्तं च भूरिश्रवसमेव च ।
तथा पूर्वगतानन्यान् स्वर्गे पार्थिवसत्तमान् ॥ ४५ ॥
असद्वाक्यात्परिष्वज्य संपृच्छेस्त्वमनामयम् ॥४६॥

सञ्जय उवाच- इत्येवमुक्त्वा राजानं भग्नसक्थमचेतनम् ।
अश्वत्थामा समुद्वीक्ष्य पुनर्वचनमब्रवीत् ॥ ४७ ॥
दुर्योधन जीवसि त्वं वाक्यं श्रोत्रसुखं शृणु ।
सप्त पाण्डवतः शेषा धार्त्तराष्ट्रास्त्रयो वयम् ॥ ४८ ॥
ते चैव भ्रातरः पञ्च वासुदेवोऽथ सात्यकिः ।
अहं च कृतवर्मा च कृपः शारद्वतस्तथा ॥ ४९ ॥

आपके धर्मका स्मरण करेंगे, वह कौनसा कर्म आपका है, जिसका स्मरण हम नहीं करेंगे। (३२—४१)

हे कुरुकुलश्रेष्ठ ! अब हमको जगत्में दुःख ही भोगना शेष है, क्यों कि अब आपके विना हमको सुख और शान्ति कहां ? हे महाराज आप स्वर्गमें जाकर सब महारथियोंसे मिलकर हमारी ओरसे क्रमके अनुसार सबकी पूजा करना, फिर सब धनुषधारियोंमें श्रेष्ठ गुरुजीको प्रणाम करके कहना, कि मैंने धृष्टद्युम्नको मारडाला। फिर महारथ राजा बाह्लीक, सिन्धुराज जयद्रथ, सोमदत्त और भूरिश्रवादि स्वर्गमें बैठे राजोंसे मिलकर कुशल प्रश्न करना। (४२-४६)

सञ्जय बोले, जांघ टूटे मूर्च्छित राजासे ऐसा कहकर फिर उनके मुखकी ओर देखकर अश्वत्थामा बोले, हे महाराज दुर्योधन ! अभी आप जीते हो तो कानको सुख देनेवाले, मेरे वचन सुनिये, अब पाण्डवोंकी सब सेनामें केवल सात मनुष्य शेष हैं और आपकी ओरसे हम तीन बचे हैं, पाण्डवोंकी ओर पांचों पाण्डव, छठे कृष्ण और सातवें सात्यकी, आपकी ओर मैं कृतवर्मा और कृपाचार्य। (४७-४९)

द्रौपदेया हताः सर्वे धृष्टद्युम्नस्य चात्मजाः।
पाञ्चाला निहताः सर्वे मत्स्यशेषं च भारत ॥ ५० ॥
कृते प्रतिकृतं पश्य हतपुत्रा हि पाण्डवाः।
सौप्तिके शिबिरं तेषां हतं सनरवाहनम् ॥ ५१ ॥
मया च पापकर्माऽसौ धृष्टद्युम्नो महीपते।
प्रविश्य शिबिरं रात्रौ पशुमारेण मारितः ॥ ५२ ॥
दुर्योधनस्तु तां वाचं निशम्य मनसः प्रियाम्।
प्रतिलभ्य पुनश्चेत इदं वचनमब्रवीत् ॥ ५३ ॥
न मेऽकरोत्तद्गाङ्गेयो न कर्णो न च ते पिता।
यत्त्वया कृपभोजाभ्यां सहितेनाद्य मे कृतम् ॥ ५४ ॥
स च सेनापतिः क्षुद्रो हतः सार्धं शिखण्डिना।
तेन मन्ये मघवता सममात्मानमद्य वै ॥ ५५ ॥
स्वस्ति प्राप्नुत भद्रं वः स्वर्गे नः सङ्गमः पुनः।
इत्येवमुक्त्वा तूष्णीं स कुरुराजो महामनाः ॥ ५६ ॥
प्राणानुपासृजद्वीरः सुहृदां दुःखमुत्सृजन्।
अपाक्रामदिवं पुण्यां शरीरं क्षितिमाविशत् ॥ ५७ ॥

द्रौपदीके पांचो पुत्र, धृष्टद्युम्नके पुत्र पाञ्चाल और मत्स्यवंशी सब बचे हुए क्षत्री मारे गये; मैंने आपके वैरका बदला ले लिया, पाण्डवोंका वंश नाश होगया। मैंने रातको डेरोंमें घुसकर वाहनों सहित सब वीरोंको मारडाला पृथ्वीनाथ! मैंने डेरोंमें घुसकर पापी सोते हुये धृष्टद्युम्नको पशुके समान मारा। (५०—५२)

राजा दुर्योधन अश्वत्थामाके प्यारे वचन सुनकर चैतन्य होकर बोले, जो कर्म भीष्मने, तुम्हारे पिता द्रोणाचार्यने और कर्णने नहीं किया था,सो कृपाचार्य और कृतवर्माके सहित तुमने मेरे लिये किया, पापी क्षुद्र पाण्डवोंका सेनापति शिखण्डीके सहित मारा गया; यह सुन कर मैं अपनेको इन्द्रके समान मानता हूं। आप लोगोंका कल्याण हो। अब हम फिर आप लोगोंसे स्वर्गमें मिलेंगे। (५३-५६)

हे राजन्! ऐसा कहकर महावीर, महामनस्वी दुर्योधन शान्त होगये और मित्रोंका शोक बढा करके प्राण पवित्र स्वर्गको चला गया, और शरीर यहां पडा रहा। हे महाराज! इस प्रकार आपके पुत्र दुर्योधन शत्रुओंसे युद्ध कर-

एवं ते निधनं यातः पुत्रो दुर्योधनो नृप ।
अग्रे यात्वा रणे शूरः पश्चाद्विनिहतः परैः ॥ ५८ ॥
तथैव ते परिष्वक्ताः परिष्वज्य च ते नृपम् ।
पुनः पुनः प्रेक्षमाणाः स्वकानारुरुहू रथान् ॥ ५९ ॥
इत्येवं द्रोणपुत्रस्य निशम्य करुणां गिरम् ।
प्रत्यूषकाले शोकार्त्ताः प्राद्रवन्नगरं प्रति ॥ ६० ॥
एवमेष क्षयो वृत्तः कुरुपाण्डवसेनयोः ।
घोरो विशसनो रौद्रो राजन् दुर्मन्त्रिते तव ॥ ६१ ॥
तव पुत्रे गते स्वर्गं शोकार्त्तस्य ममानघ ।
ऋषिदत्तं प्रनष्टं तद्दिव्यदर्शित्वमद्य वै ॥ ६२ ॥
वैशम्पायन उवाच–इति श्रुत्वा स नृपतिः पुत्रस्य निधनं तदा ।
निःश्वस्य दीर्घमुष्णं च ततश्चिन्तापरोऽभवत् ॥ ६३ ॥[५३८]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां सौप्तिके पर्वणि दुर्योधनप्राणत्यागे नवमोऽध्यायः ॥ ९ ॥

अथैषीकपर्व ।

वैशम्पायन उवाच–तस्यां रात्र्यां व्यतीतायां धृष्टद्युम्नस्य सारथिः ।
शशंस धर्मराजाय सौप्तिके कदनं कृतम् ॥ १ ॥
सूत उवाच– द्रौपदेया हता राजन्द्रुपदस्यात्मजैः सह ।

के मारे गये, ये तीनों वीर भी मरे हुए राजाका स्पर्श करके रोते हुये अपने अपने रथोंपर बैठे और पीछेको देखते हुये शोकसे व्याकुल होकर, नगरकी ओर चले । उसी समय सूर्य भी उदय होने लगा । (५६–६०)

हे महाराज ! आपकी बुरी सम्मतिसे यह कुरुकुलका नाश हुआ । हे महाराज ! जब आपके पुत्र स्वर्गको चले गये, तब मुझे भी व्यासदेवजीकी दी हुई दिव्य दृष्टि नष्ट होगई । श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, राजा धृतराष्ट्र इस प्रकार अपने पुत्रका मरना सुनकर शोकसे व्याकुल होगये और चिन्ता करने लगे । (६१—६३) [५३८]

सौप्तिकपर्वमें नौ अध्याय समाप्त ।

सौप्तिकपर्वमें दस अध्याय ।

२ ऐषीकपर्व ।

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे राजन् जनमेजय ! जब रात्रि बीत गई तब धृष्टद्युम्नका सारथी धर्मराजके पास आकर कहने लगा । सारथी बोला, हे

प्रमत्ता निशि विश्वस्ताः स्वपन्तः शिबिरे स्वके ॥ २ ॥
कृतवर्मणा नृशंसेन गौतमेन कृपेण च ।
अश्वत्थाम्ना च पापेन हतं वः शिबिरं निशि ॥ ३ ॥
एतैर्नरगजाश्वानां प्रासशक्तिपरश्वधैः ।
सहस्राणि निकृन्तद्भिर्निःशेषं ते बलं कृतम् ॥ ४ ॥
छिद्यमानस्य महतो वनस्येव परश्वधैः ।
शुश्रुवे सुमहान् शब्दो बलस्य तव भारत ॥ ५ ॥
अहमेकोऽवशिष्टस्तु तस्मात्सैन्यान्महामते ।
मुक्तः कथं चिद्धर्मात्मन् व्यग्राच्च कृतवर्मणः ॥ ६ ॥
तच्छ्रुत्वा वाक्यमशिवं कुन्तीपुत्रो युधिष्ठिरः ।
पपात महीं दुर्धर्षः पुत्रशोकसमन्वितः ॥ ७ ॥
पतन्तं तमतिक्रम्य परिजग्राह सात्यकिः ।
भीमसेनोऽर्जुनश्चैव माद्रीपुत्रौ च पाण्डवौ ॥ ८ ॥
लब्धचेतास्तु कौन्तेयः शोकविह्वलया गिरा ।
जित्वा शत्रून् जितः पश्चात्पर्यदेवयदार्त्तवत् ॥ ९ ॥
दुर्विदा गतिरर्थानामपि ये दिव्यचक्षुषः ।

महाराज ! द्रुपदके पुत्रोंके सहित आपके पांचों पुत्र मारे गये, वे सुखसे विश्वास पूर्वक डेरोंमें सो रहे थे, उसी समय कृतवर्मा, पापी कृपाचार्य और पापी अश्वत्थामाने सबको मारडाला। (१-३)

हे महाराज ! आपकी हाथी, घोडा और मनुष्योंसे भरी सेनामें केवल एक मैं ही बचा हूं, उन्होंने प्रास, शक्ति और परश्वधोंसे हमारी सेनाका नाश कर दिया, उस समय आपकी सेनामें ऐसा शब्द होता था, जैसे कुल्हाडीसे कटते हुए वनमें। हे धर्मात्मन् ! मैं किसी प्रकार कृतवर्मासे बचकर भाग आया हूं, उस सब सेनामेंसे केवल मैं ही एकला बचा हूं। (४-६)

सारथीके ऐसे वचन सुन महापराक्रमी महाराज युधिष्ठिर पुत्रशोकसे व्याकुल होकर पृथ्वीमें गिरपडे, तब उनको गिरते देख सात्यकी, कृष्ण, अर्जुन, नकुल और सहदेव दौडे और उन्हे पकड लिया, तब कुन्तीपुत्र थोडे समयमें चैतन्य हो और शोकसे व्याकुल होकर ऐसे दीनवचन बोले। (७-८)

हमने पहले शत्रुओंको जीत लिया था, और अब फिर हार गये, दिव्य दृष्टिवाले महात्मा भी समय और का-

जयिमाना जयंत्यन्ये जयमाना वयं जिताः ॥ १० ॥
हत्वा भ्रातॄन्वयस्यांश्च पितॄन्पुत्रान्सुहृद्गणान् ।
बन्धूनमात्यान्पौत्रांश्च जित्वा सर्वान् जिता वयम्॥११॥
अनर्थो ह्यर्थसङ्काशस्तथाऽनर्थोऽर्थदर्शनः ।
जयोऽयमजयाकारो जयस्तस्मात्पराजयः ॥ १२ ॥
यज्जित्वा तप्यते पश्चादापन्न इव दुर्मतिः ।
कथं मन्येत विजयं ततो जिततरः परैः ॥ १३ ॥
येषामर्थाय पापं स्याद्विजयस्य सुहृद्वधैः ।
निर्जितैरप्रमत्तैर्हि विजिता जितकाशिनः ॥ १४ ॥
कर्णिनालीकदंष्ट्रस्य खड्गजिह्वस्य संयुगे ।
चापव्यात्तस्य रौद्रस्य ज्यातलस्वननादिनः ॥ १५ ॥
क्रुद्धस्य नरसिंहस्य संग्रामेष्वपलायिनः ।
ये व्यमुञ्चन्त कर्णस्य प्रमादात्त इमे हताः ॥ १६ ॥
रथह्रदं शरवर्षोर्मिमन्तं रत्नाचितं वाहनवाजियुक्तम् ।
शक्त्यृष्टिमीनध्वजनागनक्रं शरासनावर्त्तमहेषु फेनम् ॥ १७ ॥
संग्रामचन्द्रोदयवेगवेलं द्रोणार्णवं ज्यातलनेमिघोषम् ।

योंकी गतिको नहीं जान सक्के, देखो कोई हारकर हारता है, और हम जीतकर हार गये; भाई, पिता, बन्धु, मित्र, पुत्र और पोतोंको मारकर भी हम लोग पीछे हार गये, अर्थोंको विचारना और देखना भी अनर्थ ही है, हमारी यह विजय भी पराजयके समान होगई जिस विजयको पाकर दुर्बुद्धि राजाको शोच करना पडे, उसे बुद्धिमान् विजय क्यों कहेंगे, वह तो पराजयसे भी अधिक दुःखदायक है, जिन मित्रोंके लिये हम पाप और विजय करनेकी इच्छा करते थे, वेही हमारे विजयी मित्र आज मारे गये। (९—१४)

जिन्होंने बाणरूपी फण, खड्गरूपी जिह्वा, धनुषरूपी फैले हुए मुख, धनुष टङ्काररूपी फुङ्कार वाले पुरुष वीर, कर्णरूपी क्रोधी विषीले सांपके विषको शान्त किया था, वही युद्धसे न भागनेवाले हमारे मित्र आज हमारी भूलसे मारे गये। जो रथ भौंर, बाण तरङ्ग, घोडे रत्न, शक्ति और खड्ग मछली, ध्वजा नाका, धनुष भौंर, बाण फेन, युद्ध चन्द्रमा और धनुषकी टङ्काररूपी शब्दयुक्त, द्रोणाचार्यरूपी समुद्रको शस्त्ररूपी नावपर चढकर तैर गये थे, वेही

ये तेरुरुच्चावचशस्त्रनौभिस्ते राजपुत्रा निहताः प्रमादात् ॥ १८ ॥
न हि प्रमादात्परमस्ति कश्चिद्वधो नराणामिह जीवलोके।
प्रमत्तमर्था हि नरं समन्तात्त्यजन्त्यनर्थाश्च समाविशन्ति ॥ १९ ॥
ध्वजोत्तमाग्रोच्छ्रितधूमकेतुं शरार्चिषं कोपमहासमीरम्।
महाधनुर्ज्यातलनेमिघोषं तनुत्रनानाविधशस्त्रहोमम् ॥ २० ॥
महाचमूकक्षदवाभिपन्नं महाहवे भीष्ममयाग्निदाहम्।
ये सेहुरात्तायुधतीक्ष्णवेगं ते राजपुत्रा निहताः प्रमादात् ॥ २१ ॥
न हि प्रमत्तेन नरेण शक्यं विद्या तपः श्रीर्विपुलं यशो वा।
पश्याप्रमादेन निहत्य शत्रून्सर्वान्महेन्द्रं सुखमेधमानम् ॥ २२ ॥
इन्द्रोपमान्पार्थिव पुत्रपौत्रान्पश्याविशेषेण हतान्प्रमादात्।
तीर्त्वा समुद्रं वणिजः समृद्धा मग्नाः क्षुनद्यामिव हेलमानाः ॥२३॥
अमर्षितैर्ये निहताः शयाना निःसंशयं ते त्रिदिवं प्रपन्नाः।
कृष्णां तु शोचामि कथं नु साध्वी शोकार्णवं साऽद्य विशल्यभीता॥२४॥
भ्रातॄंश्च पुत्रांश्च हतान्निशम्य पाञ्चालराजं पितरं च वृद्धम्।
ध्रुवं विसंज्ञा पतिता पृथिव्यां सा शोष्यते शोककृशाङ्गयष्टिः॥२५॥

राजपुत्र आज हमारी भूलसे मारे गए। (१५-१८)

देखो जगत्में भूलके समान और कोई बुरी बात नहीं है, भूले हुये मनुष्यके सब अभिप्राय नष्ट हो जाते हैं और अनेक अनर्थ उसको घेर लेते हैं। जिन्होंने ऊंची ध्वजारूपी, धुआं, बाण ज्वाला, क्रोध वायु, धनुष पीहए और तल शब्दरूपी शब्द और अनेक प्रकार के शस्त्र आहुतियुक्त भीष्मरूपी सेना में जलती हुई अग्नि-को सहा था, वही राजपुत्र आज भूलसे मारे गये। प्रमत्त मनुष्य विद्या, तप, लक्ष्मी और यशको नहीं पा सक्ता, देखो शत्रुओंको मारकर इन्द्र, सुखसे राज करते हैं। (१९-२२)

देखो आज ये इन्द्रके समान पराक्रमी राजपुत्र और राजोंके पोते भूलसे सामान्य मनुष्योंके समान इस प्रकार मारे गये, जैसे धनधान्य भरे बनिये समुद्रको पार होकर छोटी नदीमें तरते हुए डुब जांय, हमें यह निश्चय है, कि हमारे सब सम्बन्धी सोते हुये मारे गये, अब हमें कुछ शोच नहीं है, वे सब निश्चय ही स्वर्गको चले गए। हमें केवल पतिव्रता द्रौपदीहीका शोक है, कि वह अपने भाई, पुत्र और बूढे पिताको मारा हुआ सुन किस दशाको प्राप्त होगी? (२३-२५)

तच्छोकजं दुःखमपारयन्ती कथं भविष्यत्युचिता सुखानाम् ।
पुत्रक्षयभ्रातृवधप्रणुन्ना प्रदह्यमानेन हुताशनेन ॥ २६ ॥
इत्येवमार्त्तः परिदेवयन्स राजा कुरूणां नकुलं बभाषे ।
गच्छानयैनामिह मन्दभाग्यां समातृपक्षामिति राजपुत्रीम् ॥२७॥
माद्रीसुतस्तत्परिगृह्य वाक्यं धर्मेण धर्मप्रतिमस्य राज्ञः ।
ययौ रथेनालयमाशुदेव्याः पञ्चालराजस्य च यत्र दाराः ॥ २८ ॥
प्रस्थाप्य माद्रीसुतमाजमीढः शोकार्दितस्तैः सहितः सुहृद्भिः ।
रोरूयमाणः प्रययौ सुतानामायोधनं भूतगणानुकीर्णम् ॥ २९ ॥
स तत्प्रविश्याशिवमुग्ररूपं ददर्श पुत्रान्सुहृदः सखींश्च ।
भूमौ शयानान् रुधिरार्द्रगात्रान्विभिन्नदेहान्प्रहृतोत्तमाङ्गान् ॥३०॥
स तांस्तु दृष्ट्वा भृशमार्तरूपो युधिष्ठिरो धर्मभृतां वरिष्ठः ।
उच्चैः प्रचुक्रोश च कौरवाग्र्यः पपात चोर्व्यां सगणो विसंज्ञः ॥३१॥५६९

इति श्रीमहाभारते शत० सौप्तिके पर्वणि ऐषीकपर्वणि युधिष्ठिरशिबिरप्रवेशे दशमोऽध्यायः ॥ १० ॥

निश्चय ही वह शोकसे व्याकुल होकर पृथ्वीमें गिर पडेगी । आज वह सुख भोगने योग्य द्रौपदी इस शोकसमुद्रके पार कैसे जायगी ? उसकी क्या दशा होगी अपने भाई पुत्रोंको मरा हुआ सुन उसकी ऐसी दशा होजायगी जैसे आगमें जलते हुये मनुष्यकी । कुरुकुलके स्वामी महाराज युधिष्ठिर इस प्रकार रोते हुए व्याकुल होकर नकुलसे बोले, तुम जाओ उस मन्दभागिनी राजपुत्रीका उसके पिता और भाइयोंकी स्त्रियोंके समेत तथा और भी उनके मातृपक्षकी स्त्रियोंको अपने सङ्ग लेकर आवो । माद्रीपुत्र ! नकुलने शरीरधारी धर्मके समान महाराजके वचन ग्रहण किये और रथपर चढकर शीघ्रता सहित पाञ्चाल राजपुत्री द्रौपदी और पाञ्चालदेशीय स्त्रियोंके पासचले।२६-२८

महाराज युधिष्ठिर भी नकुलको उधर भेजकर आप शोकसे व्याकुल होकर रोते हुये अपने मित्र और भाइयोंके सहित उस मांस खानेवाले जन्तुओंसे भरी युद्ध भूमिकी ओर चले। वहां जाकर उस भयानक शोकसे भरी हुई भूमिमें महाराज धर्मधारियोंमें श्रेष्ठ कुरुवंशीयोंमें आगे चलनेवाले युधिष्ठिरने अपने पुत्र, सम्बन्धी और मित्रोंको भूमिमें सोते, रुधिरसे भीगे, शरीर और शिर कटे पृथ्वीमें सोते हुए देखा। उनको देखकर महाराज एकवार ऊंचे स्वरसे रोये और फिर सब मित्रोंके सहित मूर्च्छित होकर पृथ्वीमें गिर गये (२८–३१)

सौप्तिकपर्वमें दस अध्याय समाप्त ।

वैशम्पायन उवाच-स दृष्ट्वा निहतान्संख्ये पुत्रान्पौत्रान्सखींस्तथा।
महादुःखपरीतात्मा बभूव जनमेजय ॥ १ ॥
ततस्तस्य महान् शोकः प्रादुरासीन्महात्मनः।
स्मरतः पुत्रपौत्राणां भ्रातॄणां स्वजनस्य ह ॥ २ ॥
तमश्रुपरिपूर्णाक्षं वेपमानमचेतसम्।
सुहृदो भृशसंविग्नाः सांत्वयांचक्रिरे तदा ॥ ३ ॥
ततस्तस्मिन् क्षणे कल्पो रथेनादित्यवर्चसा।
नकुलः कृष्णया सार्धमुपायात्परमार्त्तया ॥ ४ ॥
उपप्लव्यं गता सा तु श्रुत्वा सुमहदप्रियम्।
तदा विनाशं सर्वेषां पुत्राणां व्यथिताऽभवत् ॥ ५ ॥
कम्पमानेव कदली वातेनाभिसमीरिता।
कृष्णा राजानमासाद्य शोकार्त्तान्यपतद्भुवि ॥ ६ ॥
बभूव वदनं तस्याः सहसा शोककर्षितम्।
फुल्लपद्मपलाशाक्ष्यास्तमोग्रस्त इवांशुमान् ॥ ७ ॥
ततस्तां पतितां दृष्ट्वा संरम्भी सत्यविक्रमः।
बाहुभ्यां परिजग्राह समुत्पत्य वृकोदरः ॥ ८ ॥

सौप्तिक पर्वमें ग्यारह अध्याय।

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे राजन् जनमेजय! अपने बेटे, पोते और सम्बन्धियोंको मरा हुआ देखकर महाराज अत्यन्त शोकसे व्याकुल होगये; जब महात्मा युधिष्ठिर बेटे, पोते, भाई और सम्बन्धियोंके शोकसे व्याकुल होकर आखोंमें आंसू भरकर कांपने लगे तब सब रोते हुये मित्र उन्हें समझाने लगे। (१—३)

उसी समय प्रातःकालके सूर्यके समान चमकते हुये, रथपर बैठे हुए रोती हुई द्रौपदीके सहित नकुल आपहुंचे। द्रौपदी पहिले ही उपप्लव (छावनी) को चली गई थीं, वहीं अपने पुत्रोंके मरनेका समाचार सुना और व्याकुल होगई, द्रौपदी महाराजके पास आकर और शोकसे व्याकुल होकर इस प्रकार पृथ्वीमें गिर पडी जैसे केलेका वृक्ष आंधीसे टूटकर गिर पडता है, उस समय फूले हुये कमलके समान नेत्रवाली द्रौपदीका मुख शोकसे व्याकुल होनेके कारण ऐसा होगया जैसा राहुके ग्रहण करनेसे चन्द्रमा। (४—७)

द्रौपदीको पृथ्वीमें पडी देख महापराक्रमी भीमसेनने अपने हाथोंमें उठा

सा समाश्वासिता तेन भीमसेनेन भामिनी।
रुदती पाण्डवं कृष्णा सा हि भारतमब्रवीत् ॥ ९ ॥
दिष्ट्या राजन्नवाप्येमामखिलां भोक्ष्यसे महीम्।
आत्मजान् क्षत्रधर्मेण संप्रदाय यमाय वै ॥ १० ॥
दिष्ट्या त्वं कुशली पार्थ मत्तमातङ्गगामिनीम्।
अवाप्य पृथिवीं कृत्स्नां सौभद्रं न स्मरिष्यसि ॥ ११ ॥
आत्मजान् क्षत्रधर्मेण श्रुत्वा शूरान्निपातितान्।
उपप्लव्ये मया सार्धं दिष्ट्या त्वं न स्मरिष्यसि॥ १२ ॥
प्रसुप्तानां वधं श्रुत्वा द्रौणिना पापकर्मणा।
शोकस्तपति मां पार्थ हुताशन इवाश्रयम् ॥ १३ ॥
तस्य पापकृतो द्रौणेर्न चेद्य त्वया रणे।
ह्रियते सानुबन्धस्य युधि विक्रम्य जीवितम् ॥ १४ ॥
इहैव प्रायमासिष्ये तन्निबोधत पाण्डवाः।
न चेत्फलमवाप्नोति द्रौणिः पापस्य कर्मणः ॥ १५ ॥
एवमुक्त्वा ततः कृष्णा पाण्डवं प्रत्युपाविशत्।

लिया और समझाने लगे, तब रोती हुई द्रौपदी महाराजसे बोली, हे पृथ्वीनाथ! आज प्रारब्धहीसे आप इस सब पृथ्वीके राजा हुए; अब क्षत्रियोंके धर्मके पालनेवाले अपने बेटोंको यमराजकी भेंट देकर आप कुशलसे तो हैं? कहिये इस सब पृथ्वीका राज्य पाकर अब आप मतवाले हाथीके समान चलनेवाले अभिमन्युका कभी स्मरण तो न कीजिएगा ना? कहिए क्षत्रियोंके धर्ममें रहनेवाले वीर पुत्रोंकी मृत्यु सुनकर आप मेरे सङ्ग विहार तो कीजियेगा ना? और कभी उन पुत्रोंका तो स्मरण नहीं कीजिएगा? मैं यह बात सुन कर, कि पापी अश्वत्थामाने मेरे पुत्रोंको सोते हुए मारडाला शोकसे व्याकुल होगई हूं, शोक मेरे शरीरको इस प्रकार तपाता है, जैसे पास रक्खी हुई अग्नि वस्तुको। (८-१३)

हे राजन्! यदि आप अपने पराक्रमसे उस पापी अश्वत्थामाको युद्धमें नहीं मरियेगा तो मैं अन्न नहीं खाऊंगी और यहीं मर जाऊंगी। हे पाण्डवों! तुम भी सब हमारी इस प्रतिज्ञाको सुनो, यदि अश्वत्थामा इस पापके फलको नहीं पावेगा, तो मैं यहीं मर जाऊंगी। ऐसा कहकर यशस्विनी द्रौपदी धर्मराज युधिष्ठिरके पास बैठ गई;धर्मात्मा राज-

युधिष्ठिरं याज्ञसेनी धर्मराजं यशस्विनी ॥ १६ ॥
दृष्ट्वोपविष्टां राजर्षिः पाण्डवो महिषीं प्रियाम् ।
प्रत्युवाच स धर्मात्मा द्रौपदीं चारुदर्शनाम् ॥ १७ ॥
धर्म्यं धर्मेण धर्मज्ञे प्राप्तास्ते निधनं शुभे ।
पुत्रास्ते भ्रातरश्चैव तान्न शोचितुमर्हसि ॥ १८ ॥
स कल्याणि वनं दुर्गं दूरं द्रौणिरितो गतः
तस्य त्वं पातनं संख्ये कथं ज्ञास्यसि शोभने ॥ १९ ॥

द्रौपद्युवाच— द्रोणपुत्रस्य सहजो मणिः शिरसि मे श्रुतः ।
निहत्य संख्ये तं पापं पश्येयं मणिमाहृतम् ॥ २० ॥
राजन् शिरसि ते कृत्वा जीवेयमिति मे मतिः ।
इत्युक्त्वा पाण्डवं कृष्णा राजानं चारुदर्शना॥ २१ ॥
भीमसेनमथागत्य परमं वाक्यमब्रवीत् ।
त्रातुमर्हसि मां भीम क्षत्रधर्ममनुस्मरन् ॥ २२ ॥
जहि तं पापकर्माणं शम्बरं मघवानिव ।
न हि ते विक्रमे तुल्यः पुमानस्तीह कश्चन ॥ २३ ॥
श्रुतं तत्सर्वलोकेषु परमव्यसने यथा ।
द्वीपोऽभूस्त्वं हि पार्थानां नगरे वारणावते ॥ २४ ॥

ऋषी युधिष्ठिरने अपनी प्यारी पटरानी-को व्रतमें बैठे देख उस सुन्दरीसे ऐसे वचन कहे, हे धर्म जाननेवाली सुन्दरी! तुम क्षत्रियोंके धर्मका स्मरण करो,तुम्हारे पुत्र और भाई धर्मयुद्धसे मारे गये हैं, इसलिये कुछ शोक मत करो, हे कल्याणी, हे सुन्दरी ! अश्वत्थामा इस समय किसी वन पर्वतमें छिप रहे हैं, उनको हम कैसे मार सकेंगे।(१४–१९)

द्रौपदी बोली, हे महाराज ! मैंने सुना है कि अश्वत्थामाके शिरमें उत्पन्न हुई मणि है, उस पापीको मारकर वही छीन लेनी चाहिये। मैं उसको आपके शिरमें स्थापन करके जिऊंगी, यही मेरी इच्छा है, इसलिये आप ऐसा ही कीजिये। ऐसा कहकर द्रौपदी भीमसेनके पास गई और कहने लगी, हे भीम ! आप क्षत्रियोंके धर्मका स्मरण करके हमें इस दुःखसे बचाइये, उस पापी अश्वत्थामाको इस प्रकार जीतिये, जैसे इन्द्रने शम्बरको जीता था, जगत्में तुम्हारे समान कोई मनुष्य बलवान् नहीं है, उस लाक्षाभवनमें आपने मरते हुए पाण्डवोंको जैसे बचाया था सो समा-

हिडिम्बदर्शने चैव तथा त्वमभवो गतिः ।
तथा विराटनगरे कीचकेन भृशार्दिताम् ॥ २५ ॥
मामप्युद्धृतवान्कृच्छ्रात्पौलोमीं मघवानिव ।
यथैतान्यकृथाः पार्थ महाकर्माणि वै पुरा ॥ २६ ॥
तथा द्रौणिममित्रघ्नं विनिहत्य सुखी भव ।
तस्या बहुविधं दुःखं निशम्य परिदेवितम् ॥ २७ ॥
न चामर्षत कौन्तेयो भीमसेनो महाबलः ।
स काञ्चनविचित्राङ्गमारुरोह महारथम् ॥ २८ ॥
आदाय रुचिरं चित्रं समार्गणगुणं धनुः ।
नकुलं सारथिं कृत्वा द्रोणपुत्रवधे धृतः ॥ २९ ॥
विस्फार्य सशरं चापं तूर्णमश्वानचोदयत् ।
ते हयाः पुरुषव्याघ्र चोदिता वातरंहसः ॥ ३० ॥
वेगेन त्वरिता जग्मुर्हरयः शीघ्रगामिनः ।
शिबिरात्स्वाद्गृहीत्वा स रथस्य पदमच्युतः ॥ ३१ ॥ [६००]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां सौप्तिकपर्वान्तर्गत ऐषीके पर्वणी द्रौणिवधार्थं भीमसेनगमने एकादशोऽध्यायः ॥ ११ ॥

वैशम्पायनउवाच-तस्मिन्प्रयाते दुर्धर्षे यदूनामृषभस्ततः ।

चार जगत्में प्रसिद्ध हैं, जब हिडम्ब राक्षससे पाण्डवोंको आपत्ति हुई थी तब भी आपहीने इनकी रक्षा की थी, जिस समय विराट नगरमें कीचकने मुझे अत्यन्त दुःख दिया था, तब भी आपने मेरी इस प्रकार रक्षा करी थी जैसे इन्द्र इन्द्राणीकी रक्षा करते हैं । (२०—२६)

हे कुन्तीपुत्र ! आपने जैसे ये सब कर्म करे हैं ऐसे ही अश्वत्थामाको मारकर सुखी हूजिये । द्रौपदीका अनेक प्रकारका रोना सुनकर महाबलवान् कुन्तीपुत्र भीमसेन क्षमा न कर सके, और सोनेके रथपर बैठ, धनुष पर रोदा चढाकर बाण चढाने लगे, उसी समय नकुल अपने स्थानसे उठकर भीमसेनका रथ हांकने लगे । तब भीमसेनने अपने धनुषपर टङ्कार दिया और नकुलने अपने घोडोंको वायु के समान वेगसे हांका, तब नकुलके हांकनेसे वे शीघ्र चलनेवाले घोडे अपने डेरोंसे निकलकर अश्वत्थामा के रथ की लीक पर चले । (२७—३१) [६००]

सौप्तिक पर्वमें ग्यारह अध्याय समाप्त ।

अब्रवीत्पुण्डरीकाक्षः कुन्तीपुत्रं युधिष्ठिरम् ॥ १ ॥
एष पाण्डव ते भ्राता पुत्रशोकपरायणः।
जिघांसुर्द्रौणिमाक्रन्दे एक एवाभिधावति ॥ २ ॥
भीमः प्रियस्ते सर्वेभ्यो भ्रातृभ्यो भरतर्षभ।
तं कृच्छ्रगतमद्य त्वं कस्मान्नाभ्युपपद्यसे ॥ ३ ॥
यत्तदाऽऽचष्ट पुत्राय द्रोणः परपुरञ्जयः।
अस्त्रं ब्रह्मशिरो नाम दहेत पृथिवीमपि ॥ ४ ॥
तन्महात्मा महाभागः केतुः सर्वधनुष्मताम्।
प्रत्यपादयदाचार्यः प्रीयमाणो धनञ्जयम् ॥ ५ ॥
तं पुत्रोप्येक एवैनमन्वयाचदमर्षणः।
ततः प्रोवाच पुत्राय नातिहृष्टमना इव ॥ ६ ॥
विदितं चापलं ह्यासीदात्मजस्य दुरात्मनः।
सर्वधर्मविदाचार्यः सोऽन्वशात्स्वसुतं ततः ॥ ७ ॥
परमापद्गतेनापि न स्म तात त्वया रणे।
इदमस्त्रं प्रयोक्तव्यं मानुषेषु विशेषतः ॥ ८ ॥
इत्युक्तवान्गुरुः पुत्रं द्रोणः पश्चादधोक्तवान्।

सौप्तिक पर्वमें बारह अध्याय।

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे राजन् जनमेजय! जब महापराक्रमी भीमसेन अश्वत्थामाको मारने चले गये, तब यदुकुल श्रेष्ठ, कमलनेत्र श्रीकृष्ण कुन्ती-पुत्र युधिष्ठिरसे बोले, हे पाण्डव! ये आपके भाई भीमसेन पुत्रशोकसे व्याकुल होकर एकले ही अश्वत्थामाको मारने चले जाते हैं, हे भरतकुलश्रेष्ठ! भीमसेन आपको सब भाइयोंमें प्यारे हैं, आप उनको इस आपत्तिसे उबारनेके लिये क्यों नहीं दौडते? महात्मा शत्रु-नाशन सब धनुषधारियोंमें श्रेष्ठ द्रोणाचार्यने जो सब पृथ्वीको भस्म करनेमें समर्थ अर्जुनको प्रसन्न होकर जो अस्त्र दिया था, वही एक दिन क्रोधी अश्वत्थामाने अपने पितासे मांगा। महात्मा धर्म जाननेवालोंमें श्रेष्ठ, द्रौणाचार्यने विचारा कि यह बडा चञ्चल और दुष्ट है, तब भी द्रोणाचार्यने अश्वत्थामाको वह अस्त्र सिखा दिया, परन्तु अधिक प्रसन्न होकर नहीं दिया और फिर कहा कि, हे पुत्र! अत्यन्त आपत्ति पडनेपर भी तुम यह अस्त्र किसी मनुष्यपर न छोडना। (१—८)

गुरुजीने अपने पुत्रसे ऐसे वचन

न त्वं जातु सतां मार्गे स्थातेति पुरुषर्षभ ॥ ९ ॥
स तदाज्ञाय दुष्टात्मा पितुर्वचनमप्रियम् ।
निराशः सर्वकल्याणैः शोकात्पर्यचरन्महीम् ॥ १० ॥
ततस्तदा कुरुश्रेष्ठ वनस्थे त्वयि भारत ।
अवसद् द्वारकामेत्य वृष्णिभिः परमार्चितः ॥ ११ ॥
स कदाचित्समुद्रान्ते वसन् द्वारवतीमनु ।
एकएकं समागम्य मामुवाच हसन्निव ॥ १२ ॥
यत्तदुग्रं तपः कृष्ण चरन्सत्यपराक्रमः ।
अगस्त्याद्भारताचार्यः प्रत्यपद्यत मे पिता ॥ १३ ॥
अस्त्रं ब्रह्मशिरो नाम देवगन्धर्वपूजितम् ।
तदद्य मयि दाशार्ह यथा पितरि मे तथा ॥ १४ ॥
असक्तस्तदुपादाय दिव्यमस्त्रं यदूत्तम ।
ममाप्यस्त्रं प्रयच्छ त्वं चक्रं रिपुहणं रणे ॥ १५ ॥
स राजन्प्रीयमाणेन मयाऽप्युक्तः कृताञ्जलिः ।
याचमानः प्रयत्नेन मत्तोऽस्त्रं भरतर्षभ ॥ १६ ॥
देवदानवगन्धर्वमनुष्यपतगोरगाः ।

कहकर फिर कहा कि, तुम इस जगत्में महात्माओंके मार्गपर नहीं चल सकोगे। पापी दुष्टात्मा अश्वत्थामा अपने पिताके कठोर वचन सुनकर सब सुखोंसे निराश हो गये, और शोकसे व्याकुल होकर जगत्में घूमने लगे। हे कुरुकुलश्रेष्ठ ? उन दिनों आप वनमें थे, तब ही घूमते घूमते अश्वत्थामा द्वारिकामें पहुंचे, वहां यादवोंने उनका बहुत ही स्वागत किया, तब वे वहां कुछ दिनतक ठहर गये, एक दिन हम और वे दोनों समुद्रके तटपर घूम रहे थे, तब उन्होंने हंसकर हमसे कहा, कि हे कृष्ण! हमारे पिताने जो घोर तप करके देवता और दानवोंसे पूजित ब्रह्मशिर नामक अस्त्र अगस्ति मुनिसे पाया है, मैं भी उसे आजकल अपने पिताके समान ही जानता हूं, इस लिये आप हमसे उस शस्त्र को सीखिये और युद्धमें शत्रुवोंके नाश करनेवाला अपना दिव्यचक्र हमको दे दीखिये। (९-१५)

हे राजन्! मैंने अश्वत्थामाको हाथ जोडते अनेक यत्न करके चक्र मांगते देख ऐसे वचन कहे, जगत्में देवता, दानव, गन्धर्व, मनुष्य, पक्षी और सांप कोई ऐसा नहीं है, जो हमारे बलके सौ

न समा मम वीर्यस्य शतांशेनापि पिण्डिताः॥ १७ ॥
इदं धनुरियं शक्तिरिदं चक्रमियं गदा।
यद्यदिच्छसि चेदस्त्रं मत्तस्तत्तद्ददामि ते ॥ १८ ॥
यच्छक्नोषि समुद्यन्तुं प्रयोक्तुमपि वारणे।
तद्गृहाण विनाऽस्त्रेण यन्मे दातुमभीप्ससि ॥ १९ ॥
स सुनाभं सहस्रारं वज्रनाभमयस्मयम्।
वव्रे चक्रं महाभागो मत्तः स्पर्धन्मया सह ॥ २० ॥
गृहाण चक्रमित्युक्तो मया तु तदनन्तरम्।
जग्राहोत्पत्य सहसा चक्रं सव्येन पाणिना ॥ २१ ॥
न चैनमशकत्स्थानात्सञ्चालयितुमप्युत।
अथैनं दक्षिणेनापि ग्रहीतुमुपचक्रमे ॥ २२ ॥
सर्वयत्नबलेनापि गृह्णन्नेवमिदं ततः।
ततः सर्वबलेनापि यदैनं न शशाक ह ॥ २३ ॥
उद्यन्तुं वा चालयितुं द्रौणिः परमदुर्मनाः।
कृत्वा यत्नं परिश्रान्तः सन्यवर्त्तत भारत ॥ २४ ॥
निवृत्तमनसं तस्मादभिप्रायाद्विचेतसम्।
अहमामंत्र्य संविग्नमश्वत्थामानमब्रुवम् ॥ २५ ॥
यः सदैव मनुष्येषु प्रमाणं परमं गतः।

भागके एक भागके समान भी हो, जो हो यह धनुष, यह चक्र, यह शक्ती और यह गदा रक्खी है, जो शस्त्र चाहो सो ले लो हम देते हैं, तुम जिस शस्त्रको उठा सको और युद्धमें चला सको, उसे ही ले लो; और उसके बदलेमें जो शस्त्र तुम देना चाहते हो, सो हम नहीं लेते। (१६–१९)

अश्वत्थामाने सहस्र धारवाले बीचमें वज्रसे बने लोहेके चक्रको हमसे मांगा, तब हमने भी कहा कि लो, तब वह प्रसन्न होकर उठे और बांये हाथसे उठाने लगे। परन्तु जरासा भी स्थानसे न उठा सके तब दहिना हाथ लगाकर उठाने लगे, परन्तु सब बल और सब पराक्रम करके हार गये, परन्तु चक्र न उठा। जब वे उसको उठा वा हिला न सके, तब बहुत ही मलीन मन होकर थककर बैठ गये। (२०—२४)

तब मैंने उनको निवृत्त देखकर घबडाये हुये अश्वत्थामासे कहा, जो जगत् में सब धनुषधारियोंमें प्रमाण गिने

गाण्डीवधन्वा श्वेताश्वः कपिप्रवरकेतनः ॥ २६ ॥
यः साक्षाद्देवदेवेशं शितिकण्ठमुमापतिम् ।
द्वन्द्वयुद्धे पराजिष्णुस्तोषयामास शङ्करम् ॥ २७ ॥
यस्मात्प्रियतरो नास्ति ममान्यः पुरुषो भुवि ।
नादेयं यस्य मे किंचिदपि दाराः सुतास्तथा ॥ २८ ॥
तेनापि सुहृदा ब्रह्मन्पार्थेनाक्लिष्टकर्मणा ।
नोक्तपूर्वमिदं वाक्यं यस्त्वं मामभिभाषसे ॥ २९ ॥
ब्रह्मचर्यं महद्घोरं तीर्त्वा द्वादशवार्षिकम् ।
हिमवत्पार्श्वमास्थाय यो मया तपसार्जितः ॥ ३० ॥
समानव्रतचारिण्यां रुक्मिण्यां योऽन्वजायत ।
सनत्कुमारस्तेजस्वी प्रद्युम्नो नाम मे सुतः ॥ ३१ ॥
तेनाप्येतन्महद्दिव्यं चक्रमप्रतिमं रणे ।
न प्रार्थितमभून्मूढ यदिदं प्रार्थितं त्वया ॥ ३२ ॥
रामेणातिबलेनैतन्नोक्तपूर्वं कदाचन ।
न गदेन न साम्बेन यदिदं प्रार्थितं त्वया ॥ ३३ ॥
द्वारकावासिभिश्चान्यैर्वृष्ण्यन्धकमहारथैः ।
नोक्तपूर्वमिदं जातु यदिदं प्रार्थितं त्वया ॥ ३४ ॥
भारताचार्यपुत्रस्त्वं मानितः सर्वयादवैः ।

जाते हैं, जो गाण्डीव धनुष, सफेद घोडे और हनुमानकी ध्वजा सहित रथपर बैठते हैं, जिन्होंने साक्षात् पार्वतीनाथ शिवको द्वन्द्वयुद्धमें प्रसन्न किया है, जिसके समान इस जगत्में मुझे कोई मान्य और प्यारा नहीं है। जिसको मैं अपनी स्त्री और पुत्र दे सक्ता हूं, उस मित्र और घोर कर्म करनेवाले अर्जुनने भी मुझसे आजतक ऐसे वचन नहीं कहे, जैसे आज आपने कहे, जिसके लिये हमने बारह वर्षतक हिमाचल पर्वतपर घोर तप किया था, जो हमारे समान धर्म करनेवाली रुक्मिणीके गर्भसे उत्पन्न हुआ है, उस सनत्कुमारके समान तेजस्वी हमारे पुत्र प्रद्युम्नने भी आजतक ऐसे वचन नहीं कहे थे, जैसे तुमने आज कहे। महाबलवान् बलदेव, गद और साम्ब आदि वृष्णी और अन्धकवंशी द्वारिकावासी किसी क्षत्रियने ऐसे वचन नहीं कहे, जैसे आज तुमने कहे। तुम भरतकुलके गुरु द्रोणाचार्यके पुत्र हो, यही जानकर सब यादवोंने

चक्रेण रथिनां श्रेष्ठ कं नु तात युयुत्ससे ॥ ३५ ॥
एवमुक्तो मया द्रौणिर्मामिदं प्रत्युवाच ह ।
प्रयुज्य भवते पूजां योत्स्ये कृष्ण त्वया सह ॥ ३६ ॥
प्रार्थितं ते मया चक्रं देवदानवपूजितम् ।
अजेयः स्यामिति विभो सत्यमेतद्ब्रवीमि ते ॥ ३७ ॥
त्वत्तोऽहं दुर्लभं काममनवाप्यैव केशव ।
प्रतियास्यामि गोविंद शिवेनाभिवदस्व माम् ॥ ३८ ॥
एतत्सुभीमं भीमानामुषभेण त्वया धृतम् ।
चक्रमप्रतिचक्रेण भुवि नान्योऽभिपद्यते ॥ ३९ ॥
एतावदुक्त्वा द्रौणिर्मां युग्यानश्वान्धनानि च ।
आदायोपययौ काले रत्नानि विविधानि च ॥ ४० ॥
स संरम्भी दुरात्मा च चपलः क्रूर एव च ।
वेद चास्त्रं ब्रह्मशिररतस्माद्रक्ष्यो वृकोदरः ॥ ४१ ॥ [६४१]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां सौप्तिकपर्वान्तर्गत ऐषीके पर्वणि युधिष्ठिरकृष्णसंवादे द्वादशोऽध्यायः ॥ १२ ॥

वैशम्पायन उवाच-एवमुक्त्वा युधांश्रेष्ठः सर्वयादवनन्दनः ।

आपका सत्कार किया। हे महारथ! इस चक्रको आप लेकर कौनसे महारथ-से युद्ध कीजियेगा सो कहो, हमारे ऐसे वचन सुन अश्वत्थामाने हमसे कहा। (२५—३६)

हे कृष्ण! हम यह चक्र लेकर आप की गुरु पूजा करके आपहीसे युद्धकरते। हम आपसे सत्य कहते हैं कि, इसीलिये हमने आपसे ये देवता और दानवोंसे पूजित चक्र मांगा था, और यह भी इच्छा थी कि, हमें कोई न जीत सके, परन्तु यह दुर्लभ काम हमारा सिद्ध न हुआ, इसलिये हम प्रसन्नता पूर्वक आप-से जानेकी आज्ञा मांगते हैं, आप सब भयानकोंसे भी भयानक हैं, इसी लिये इस भयानक चक्रको कोई नहीं ले सक्ता ऐसा कहकर हमारे दिये हुए खच्चर, घोडे, धन और अनेक प्रकारके रत्न लेकर अश्वत्थामा अपने घरको चले गये। वही अश्वत्थामा अत्यन्त पापी चञ्चल और दुष्ट है, और ब्रह्मशिर शस्त्रको जान ता भी है, इसलिये भीमसेनकी इससे रक्षा करनी चाहिए। (३६-४१)[६४१]

सौप्तिकपर्वमें बारह अध्याय समाप्त।

सौप्तिकपर्वमें तेरह अध्याय।

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे राजन्

सर्वायुधवरोपेतमारुरोह रथोत्तमम् ॥ १ ॥
युक्तं परमकाम्बोजैस्तुरगैर्हेममालिभिः ।
आदित्योदयवर्णस्य धुरं रथवरस्य तु ॥ २ ॥
दक्षिणामवहच्छैव्यः सुग्रीवः सव्यतोऽभवत् ।
पार्ष्णिवाहौ तु तस्यास्तां मेघपुष्पबलाहकौ ॥ ३ ॥
विश्वकर्मकृता दिव्या रत्नधातुविभूषिता ।
उच्छ्रितेव रथे माया ध्वजयष्टिरदृश्यत ॥ ४ ॥
वैनतेयः स्थितस्तस्यां प्रभामण्डलरश्मिवान् ।
तस्य सत्यवतः केतुर्भुजगारिरदृश्यत ॥ ५ ॥
अथारोहद्धृषीकेशः केतुः सर्वधनुष्मताम् ।
अर्जुनः सत्यकर्मा च कुरुराजो युधिष्ठिरः ॥ ६ ॥
अशोभेतां महात्मानौ दाशार्हमभितः स्थितौ ।
रथस्थं शार्ङ्गधन्वानमश्विनाविव वासवम् ॥ ७ ॥
तावुपारोप्य दाशार्हः स्यन्दनं लोकपूजितम् ।
प्रतोदेन जवोपेतान्परमाश्वानचोदयत् ॥ ८ ॥
ते हयाः सहसोत्पेतुर्गृहीत्वा स्यन्दनोत्तमम् ।
आस्थितं पाण्डवेयाभ्यां यदूनामृषभेण च ॥ ९ ॥
वहतां शार्ङ्गधन्वानमश्वानां शीघ्रगामिनाम् ।
प्रादुरासीन्महान् शब्दः पक्षिणां पततामिव ॥ १० ॥

जनमेजय ! यदुकुल श्रेष्ठ श्रीकृष्ण सब शस्त्रोंसे भरे काम्बोजदेशमेंसे उत्पन्न हुए सोनेकी माला पहिने घोडोंसे युक्त रथमें बैठे । उस सूर्यके समान चमकते हुए रथके धुरके दहिनी ओर शैव्य, बांई ओर सुग्रीव और आगेकी ओर मेघपुष्प और बलाहक नामक घोडे जोडे गए, ऊपरसे विश्वकर्माकी बनाई रत्न जडी सोनेके ऊंचे डण्डेवाली प्रकाशमान गरुडयुक्त ध्वजा, फहराने लगी। उसीमें सब धनुषधारियोंमें श्रेष्ठ कृष्णके दोनों ओर अर्जुन और युधिष्ठिर इस प्रकार बैठकर शोभित हुए, जैसे इन्द्रकी दोनों ओर बैठे अश्विनीकुमार । तब कृष्णने उस लोकपूजित घोडोंके रथको कोडेसे हांका, तब घोडे उस रथ, युधिष्ठिर, श्रीकृष्ण और अर्जुनको लेकर शीघ्रतासे दौडे । (१-९)

जिस समय श्रीकृष्णने उन शीघ्र चलनेवाले घोडोंको हांका, तब ऐसा

ते समाच्छन्नरव्याघ्राः क्षणेन भरतर्षभ।
भीमसेनं महेष्वासं समनुद्रुत्य वेगिताः ॥ ११ ॥
क्रोधदीप्तं तु कौन्तेयं द्विषदर्थं समुद्यतम्।
नाशक्नुवन्वारयितुं समेत्यापि महारथाः ॥ १२ ॥
स तेषां प्रेक्षतामेव श्रीमतां दृढधन्विनाम्।
ययौ भागीरथीतीरं हरिभिर्भृशवेगितैः ॥ १३ ॥
यत्र स्म श्रूयते द्रौणिः पुत्रहन्ता महात्मनाम्।
स ददर्श महात्मानमुदकान्ते यशस्विनम् ॥ १४ ॥
कृष्णद्वैपायनं व्यासमासीनमृषिभिः सह।
तं चैव क्रूरकर्माणं घृताक्तं कुशचीरिणम् ॥ १५ ॥
रजसा ध्वस्तमासीनं ददर्श द्रौणिमन्तिके।
तमभ्यधावत्कौन्तेयः प्रगृह्य सशरं धनुः ॥ १६ ॥
भीमसेनो महाबाहुस्तिष्ठ तिष्ठेति चाब्रवीत्।
स दृष्ट्वा भीमधन्वानं प्रगृहीतशरासनम् ॥ १७ ॥
भ्रातरौ पृष्ठतश्चास्य जनार्दनरथे स्थितौ।
व्यथितात्माऽभवद् द्रौणिः प्राप्तं चेदममन्यत ॥ १८ ॥
स तद्दिव्यमदीनात्मा परमास्त्रमचिन्तयत्।

शब्द होने लगा, जैसे आकाशसे पक्षी गिरते हैं। तब क्षणमात्रमें ये तीनों वीर महाधनुषधारी भीमसेनके पास पहुंचे, यद्यपि इन सब महारथोंने भीमसेनको बहुत रोका, तौ भी क्रोधी भीमसेन शत्रुके मारनेसे निवृत्त न हुए। उन सब महाधनुषधारी वीरोंके सहित भीमसेन शीघ्र घोडोंको दौडाते हुए गङ्गाके तीरको चले गये, क्यों कि उन्होंने मार्गमें सुना था, कि हमारे पुत्रोंको मारनेवाला अश्वत्थामा वहीं है ? (१०—१४)

थोडी दूर जाकर गङ्गाके तटपर जाकर महात्मा व्यासको ऋषियोंके सहित बैठे देखा, और वहीं देखा कि दुष्ट अश्वत्थामा शरीरमें घी लगाए कुशकी चटाई ओढ शरीरमें धूल लपटाये बैठा है, उसको देखते ही भीमसेन धनुषपर बाण चढाकर, "खडा रह, खडा रह" कहकर दौडे। अश्वत्थामा भीमसेनको धनुष धारण किये और पीछेसे युधिष्ठिर, अर्जुन और श्रीकृष्णको एक रथपर आते देख बहुत घबडाया, और डरकर समयके अनुसार यही विचारा

जग्राह च स चैषीकां द्रौणिः सव्येन पाणिना ॥१९॥
स तामापदमासाद्य दिव्यमस्त्रमुदैरयत् ।
अदृष्यमाणस्ताञ्छूरान्दिव्यायुधधरान् स्थितान् ॥२०॥
अपाण्डवायेति रुषा व्यसृजद्दारुणं वचः ।
इत्युक्त्वा राजशार्दूल द्रोणपुत्रः प्रतापवान् ॥ २१ ॥
सर्वलोकप्रमोहार्थं तदस्त्रं प्रमुमोच ह ।
ततस्तस्याभिपीकायां पावकः समजायत ।
प्रधक्ष्यन्निव लोकांस्त्रीन्कालान्तकयमोपमः ॥ २२ ॥ [६६३]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां सौप्तिकपर्वान्तर्गत
ऐषीके पर्वणि ब्रह्मशिरोऽस्त्रत्यागे त्रयोदशोऽध्यायः ॥ १३ ॥

वैशम्पायनउवाच इङ्गितेनैव दाशार्हस्तमभिप्रायमादितः ।
द्रौणेर्बुद्ध्वा महाबाहुरर्जुनं प्रत्यभाषत ॥ १ ॥
अर्जुनार्जुन यद्दिव्यमस्त्रं ते हृदि वर्त्तते ।
द्रोणोपदिष्टं तस्यायं कालः सम्प्रति पाण्डव ॥ २ ॥
भ्रातॄणामात्मनश्चैव परित्राणाय भारत ।
विसृजैतत्त्वमप्याजावस्त्रमस्त्रनिवारणम् ॥ ३ ॥

कि ब्रह्मशिर अस्त्र चलाऊं। (१४–१८)

तब महात्मा अश्वत्थामाने उसी दिव्य अस्त्रका ध्यान किया, फिर एक सींक बांये हाथमें लेकर उस मन्त्रको पढा, और उन सब शस्त्रधारी वीरोंपर क्षमा न कर सके, फिर "जगत् पाण्डरहित होजाय" क्रोध करके ऐसा कहकर सब जगत्का नाश करनेके लिये,प्रतापी अश्वत्थामाने उस अस्त्रको छोड दिया। तब वह सींक आगसे जलने लगी; और ऐसा जान पडा कि, यह प्रलयकालके यमराजके समान आज तीनों लोकोंको भस्म कर देगी। (१९–२२) [६६३]

सौप्तिक पर्वमें तेरह अध्याय समाप्त ।

सौप्तिक पर्वमें चौदह अध्याय ।

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे महाराज जनमेजय ! महाबाहु श्रीकृष्णने उन सब लक्षणोंसे अश्वत्थामाका सब अभिप्राय जानकर शीघ्रतासे अर्जुनसे कहा, हे अर्जुन ! हे अर्जुन ! तुम्हारे हृदयमें जो द्रोणाचार्यका बताया हुआ दिव्य अस्त्र वर्त्तमान है, अब उसके छोडनेका समय आगया। हे पाण्डव ! हे अर्जुन ! अपने भाई और अपनी रक्षाके लिये शीघ्रतासे दिव्य अस्त्रको छोडो। (१—३)

केशवेनैवमुक्तोऽथ पाण्डवः परवीरहा।
अवातरद्रथात्तूर्णं प्रगृह्य सशरं धनुः ॥ ४ ॥
पूर्वमाचार्यपुत्राय ततोऽनन्तरमात्मने।
भ्रातृभ्यश्चैव सर्वेभ्यः स्वस्तीत्युक्त्वा परन्तपः ॥ ५ ॥
देवताभ्यो नमस्कृत्य गुरुभ्यश्चैव सर्वशः।
उत्ससर्ज शिवं ध्यायन्नस्त्रमस्त्रेण शाम्यताम् ॥ ६ ॥
ततस्तदस्त्रं सहसा सृष्टं गाण्डीवधन्वना।
प्रजज्वाल महार्चिष्मद्युगान्तानलसन्निभम् ॥ ७ ॥
तथैव द्रोणपुत्रस्य तदस्त्रं तिग्मतेजसः।
प्रजज्वाल महाज्वालं तेजोमण्डलसंवृतम् ॥ ८ ॥
निर्घाता बहवश्चासन्पेतुरुल्काः सहस्रशः।
महद्भयं च भूतानां सर्वेषां समजायत ॥ ९ ॥
सशब्दमभवद् व्योम ज्वालामालाकुलं भृशम्।
चचाल च मही कृत्स्ना सपर्वतवनद्रुमा ॥ १० ॥
ते त्वस्त्रतेजसी लोकांस्तापयन्ती व्यवस्थिते।
महर्षीसहितौ तत्र दर्शयामासतुस्तदा ॥ ११ ॥
नारदः सर्वभूतात्मा भरतानां पितामहः।

श्रीकृष्णके ऐसे वचन सुन शत्रुनाशन अर्जुन धनुष बाण लेकर शीघ्रतासे उतरे, और ब्रह्मशिर अस्त्र छोडनेके पहिले "हमारे गुरुपुत्र अश्वत्थामाका कल्याण होय, पीछे हमारे भाइयोंका और हमारा कल्याण होय" ऐसा कहकर देवता, गुरु और शिवको प्रणाम करके "अश्वत्थामाका अस्त्र हमारे अस्त्रसे शान्त हो" ऐसा कहकर अर्जुनने उस अस्त्रको छोड दिया। (४–६)

वह अस्त्र गाण्डीव धनुषसे छूटकर प्रलयकालकी अग्निके समान जलने लगा। उसी प्रकार द्रोणपुत्र अश्वत्थामाका महातेजस्वी अस्त्र भी जलने लगा, और चारों ओर प्रकाश करने लगा, उस समय आकाशसे बिजली गिरने लगी, और भी भयानक सहस्रों अपशकुन होने लगे। सब जगत् भयसे व्याकुल होगया, आकाश शब्द और आगसे पूरित होगया, वन और पर्वतोंके समेत पृथ्वी हिलने लगी। (७—१०)

तब महामुनि नारद और कुरुकुलके पितामह महात्मा व्यासने सब लोगोंको तपाते हुए उन दोनों अस्त्रोंके तेजको

उभौ शमयितुं वीरौ भारद्वाजधनञ्जयौ ॥ १२ ॥
तौ मुनी सर्वधर्मज्ञौ सर्वभूतहितैषिणौ।
दीप्तयोरस्त्रयोर्मध्ये स्थितौ परमतेजसौ ॥ १३ ॥
तदन्तरमधाधृष्यावुपगम्य यशस्विनौ।
आस्तामृषिवरौ तत्र ज्वलिताविव पावकौ ॥ १४ ॥
प्राणभृद्भिरनाधृष्यौ देवदानवसंमतौ।
अस्त्रतेजः शमयितुं लोकानां हितकाम्यया ॥ १५ ॥
ऋषी ऊचतुः— नानाशस्त्रविदः पूर्वे येऽप्यतीता महारथाः।
नैतदस्त्रं मनुष्येषु तैः प्रयुक्तं कथञ्चन।
किमिदं साहसं वीरौ कृतवन्तौ महात्ययम् ॥ १६ ॥ [६७९]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां सौप्तिकपर्वान्तर्गतऐषीके पर्वणि अर्जुनास्त्रत्यागे चतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥

वैशम्पायन उवाच-दृष्ट्वैव नरशार्दूल तावग्निसमतेजसौ।
सञ्जहार शरं दिव्यं त्वरमाणो धनञ्जयः ॥ १ ॥
उवाच भरतश्रेष्ठ तावृषी प्राञ्जलिस्तदा।
प्रमुक्तमस्त्रमस्त्रेण शाम्यतामिति वै मया ॥ २ ॥

देखा। फिर वीर अश्वत्थामा और अर्जुनको शान्त करने लगे। सब धर्मोंके जाननेवाले, सब जगत्के कल्याण चाहनेवाले, महातेजस्वी नारद और व्यासमुनि दोनों जलते हुए अस्त्रोंके बीचमें खडे होगए, उन दोनों जलते हुये बाणोंके बीचमें इस प्रकार शोभित हुए जैसे जलती हुई दो अग्नि। इन दोनों महात्माओंको देवता वा दानवादि इनकी पूजा करते थे, इनका कोई निरादर नहीं कर सक्ता था, इसी लिये ये-उस शस्त्रसे नहीं जले,तब ये दोनों महात्मा सब जगत्का कल्याण करनेके लिये ऐसे वचन बोले। पहिले समयमें भी अस्त्रविद्या जाननेवाले अनेक महावीर हुये हैं, परन्तु किसीने मनुष्योंके लिये इस अस्त्रको नहीं छोडा, हे वीरो! तुमने ऐसा साहस क्यों किया?(११-१६)

सौप्तिकपर्वमें चौदह अध्याय समाप्त। [६७९]

सौप्तिक पर्वमें पंदरह अध्याय।

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे राजन् जनमेजय! हे पुरुषसिंह! उन अस्त्रोंको अग्निके समान जलते हुए देख, अर्जुनने शीघ्रतासे अपने अस्त्रको लौटाना चाहा और हाथ जोडकर उन दोनों महात्माओंसे बोले, हमने इसलिये इस अस्त्रको

संहृते परमास्त्रेऽस्मिन्सर्वानस्मानशेषतः।
पापकर्मा ध्रुवं द्रौणिः प्रधक्ष्यत्यस्त्रतेजसा ॥ ३ ॥
यदत्र हितमस्माकं लोकानां चैव सर्वथा।
भवन्तौ देवसङ्काशौ तथा संमन्तुमर्हतः ॥ ४ ॥
इत्युक्त्वा सञ्जहारास्त्रं पुनरेव धनञ्जयः।
संहारो दुष्करस्तस्य देवैरपि हि संयुगे ॥ ५ ॥
विसृष्टस्य रणे तस्य परमास्त्रस्य संग्रहे।
अशक्तः पाण्डवादन्यः साक्षादपि शतक्रतुः ॥ ६ ॥
ब्रह्मतेजोद्भवं तद्धि विसृष्टमकृतात्मना।
न शक्यमावर्त्तयितुं ब्रह्मचारिव्रतादृते ॥ ७ ॥
अचीर्णब्रह्मचर्यो यः सृष्ट्वाऽऽवर्त्तयते पुनः।
तदस्त्रं सानुबन्धस्य मूर्धानं तस्य कृन्तति ॥ ८ ॥
ब्रह्मचारी व्रती चापि दुरवापमवाप्य तत्।
परमव्यसनार्तोऽपि नार्जुनोऽस्त्रं व्यमुञ्चत ॥ ९ ॥
सत्यव्रतधरः शूरो ब्रह्मचारी च पाण्डवः।
गुरुवर्ती च तेनास्त्रं सञ्जहारार्जुनः पुनः ॥ १० ॥

छोडा कि, इसके तेजसे अश्वत्थामाके अस्त्रका तेज नष्ट होय, अब हम अस्त्रको लौटा लेयं, तो पापी अश्वत्थामा अपने अस्त्रके तेजसे निश्चय ही हम सबको भस्म कर देगा, इसलिये इस समय हमारे और जगत्के कल्याणके लिये उचित बात हमसे कहिए सो ही हम करें, क्यों कि आप दोनों देवतोंके समान ऋषी हैं। ऐसा कहकर अर्जुनने अपने अस्त्रको लौटा लिया। (१–४)

हे राजन्! उस अस्त्रका लौटाना बडा ही कठिन था, अर्जुनके शिवाय साक्षात् इन्द्र भी उसे नहीं लौटा सकते थे; वह ब्रह्माके तेजसे बना था, इस लिये छोडनेके पश्चात् ब्रह्मचारीके शिवाय कोई पापी उसे लौटा नहीं सक्ता, जो विना कार्य किये उस अस्त्रको छोडे और फिर लौटानेकी इच्छा करे, तो वह अस्त्र उसहीका शिर काट देता था। (५—८)

अर्जुन ब्रह्मचारी और व्रती होकर भी घोर आपत्तिमें पडनेसे भी उस घोर शस्त्रको कभी नहीं छोडते थे, ये व्रतको पालनेवाले वीर और ब्रह्मचारी तथा गुरुकी सेवा करनेवाले थे, इस लिये इस अस्त्रको लौटा सके। अनन्तर अश्व-

द्रौणिरप्यथ सम्प्रेक्ष्य तावृषी पुरतः स्थितौ।
न शशाक पुनर्घोरमस्त्रं संहर्तुमोजसा ॥ ११ ॥
अशक्तः प्रतिसंहारे परमास्त्रस्य संयुगे।
द्रौणिर्दीनमना राजन् द्वैपायनमभाषत ॥ १२ ॥
उत्तमव्यसनार्त्तेन प्राणत्राणमभीप्सुना।
मयैतदस्त्रमुत्सृष्टं भीमसेनभयान्मुने ॥ १३ ॥
अधर्मश्च कृतोऽनेन धार्तराष्ट्रं जिघांसता।
मिथ्याचारेण भगवन् भीमसेनेन संयुगे ॥ १४ ॥
अतः सृष्टमिदं ब्रह्मन्मयाऽस्त्रमकृतात्मना।
तस्य भूयोऽद्य संहारं कर्तुं नाहमिहोत्सहे ॥ १५ ॥
निसृष्टं हि मया दिव्यमेतदस्त्रं दुरासदम्।
अपाण्डवायेति मुने वह्नितेजोऽनुमन्त्र्य वै ॥ १६ ॥
तदिदं पाण्डवेयानामन्तकायाभिसंहितम्।
अद्य पाण्डुसुतान्सर्वान् जीविताद्ध्वंशयिष्यति॥ १७ ॥
कृतं पापमिदं ब्रह्मन् रोषाविष्टेन चेतसा।
वधमाशास्य पार्थानां मयाऽस्त्रं सृजता रणे ॥ १८ ॥
व्यास उवाच— अस्त्रं ब्रह्मशिरस्तात विद्धान्पार्थौ धनञ्जयः।
उत्सृष्टवान्न रोषेण न नाशाय तवाहवे ॥ १९ ॥

स्थामाने ऋषियोंको अपने आगे खडा देख अस्त्र लौटानेकी इच्छा करी, परन्तु शीघ्र न लौटा सके, तब अश्वत्थामा दीन होकर व्याससे बोले।(९-१२)

हे मुने! मैंने भीमसेनके भयसे घोर आपत्तिमें पडकर अपनी रक्षाके लिये इस अस्त्रको छोडा था, इसने दुर्योधनको मारते समय बहुत अधर्म किया था, यह भीमसेन युद्धमें अन्याय करता है, इसी लिये मैंने भीमपर यह अस्त्र छोडा था, अब मैं इसको लौटा नहीं सकता। मैंने इस घोर दिव्य अस्त्रको अग्निका मन्त्र पढकर पाण्डवोंका नाश करनेके लिये छोडा था, सो अब यह पाण्डवोंका अवश्य ही नाश करेगा। हे ब्रह्मन्! मैंने क्रोधमें भरकर भूलसे युद्धमें जो ये अस्त्र छोडा, सो पाप किया। (१३—१८)

श्रीव्यास मुनि बोले, हे तात! कुन्तीपुत्र अर्जुन भी इस ब्रह्मशिर अस्त्रको जानते हैं। उन्होंने जो युद्धमें इस अस्त्रको छोडा था, सो क्रोधमें भरकर

अस्त्रमस्त्रेण तु रणे तव संशमयिष्यता।
विसृष्टमर्जुनेनेदं पुनश्च प्रतिसंहृतम् ॥ २० ॥
ब्रह्मास्त्रमप्यवाप्यैतदुपदेशात्पितुस्तव।
क्षत्रधर्मान्महाबाहुर्नाकम्पत धनञ्जयः ॥ २१ ॥
एवं धृतिमतः साधोः सर्वास्त्रविदुषः सतः।
सभ्रातृबन्धोः कस्मात्त्वं वधमस्य चिकीर्षसि ॥ २२ ॥
अस्त्रं ब्रह्मशिरो यत्र परमास्त्रेण वध्यते।
समा द्वादश पर्जन्यस्तद्राष्ट्रं नाभिवर्षति ॥ २३ ॥
एतदर्थं महाबाहुः शक्तिमानपि पाण्डवः।
न विहन्यात्तदस्त्रं तु प्रजाहितचिकीर्षया ॥ २४ ॥
पाण्डवास्त्वं च राष्ट्रं च सदा संरक्ष्यमेव हि।
तस्मात्संहर दिव्यं त्वमस्त्रमेतन्महाभुज ॥ २५ ॥
अरोषस्तव चैवास्तु पार्थाः संतु निरामयाः।
न ह्यधर्मेण राजर्षिः पाण्डवो जेतुमिच्छति ॥ २६ ॥
मणिं चैव प्रयच्छाद्य यस्ते शिरसि तिष्ठति।
एतदादाय ते प्राणान्प्रतिदास्यन्ति पाण्डवाः ॥ २७ ॥

द्रौणिरुवाच— पाण्डवैर्यानि रत्नानि यच्चान्यत्कौरवैर्धनम्।

या तुम्हारा नाश करनेके लिये नहीं, वरन् केवल तुम्हारे अस्त्रका बल शान्त करनेहीके लिये छोडा था, और फिर उन्होंने उसे लौटा भी लिया, देखो तुम्हारे पितासेही उन्होंने भी सीखा था, महाबाहु अर्जुन क्षत्रियोंके धर्ममें स्थित हैं, बुद्धिमान साधु और सर्वशस्त्रविद्याके पण्डित हैं, तब तुम उन्हे बन्धुओंके सहित क्यों मारना चाहते हो? जहां ब्रह्मशिर इसी अस्त्रके तेजसे शान्त किया जाता है, उस देशमें बारह वर्षतक जल नहीं वर्षता, इसीलिये प्रजाका कल्याण चाहनेवाले महाबाहु अर्जुन समर्थ होनेपर भी इस अस्त्रको नहीं काटते (१९-२४)

हे महाबाहो! तुम्हे पाण्डव और राज्य इन सबहीकी रक्षा करनी चाहिये, इसलिये तुम इस अस्त्रको लौटा लो, तुम्हारा क्रोध शान्त हो, पाण्डवोंका कल्याण हो, क्यों कि राजऋषि युधिष्ठिर अधर्मसे किसीका जीतना नहीं चाहते, तुम अपने शिरकी मणी पाण्डवोंको दे दो, तब ये तुम्हारे प्राण छोड देंगे। (२५-२७)

अश्वत्थामा बोले, हे भगवन्! मैंने

अवाप्तमिह तेभ्योऽयं मणिर्मम विशिष्यते ॥ २८ ॥
यमावध्य भयं नास्ति शस्त्रव्याधिक्षुधाश्रयम् ।
देवेभ्यो दानवेभ्यो वा नागेभ्यो वा कथञ्चन ॥ २९ ॥
न च रक्षोगणभयं न तस्करभयं तथा ।
एवं वीर्यो मणिरयं न मे त्याज्यः कथञ्चन ॥ ३० ॥
यत्तु मे भगवानाह तन्मे कार्यमनन्तरम् ।
अयं मणिरयं चाहमीषिका तु पतिष्यति ॥ ३१ ॥
गर्भेषु पाण्डवेयानाममोघं चैतदुत्तमम् ।
न च शक्तोऽस्मि भगवन्संहर्तुं पुनरुद्यतम् ॥ ३२ ॥
एतदस्त्रमतश्चैव गर्भेषु विसृजाम्यहम् ।
न च वाक्यं भगवतो न करिष्ये महामुने ॥ ३३ ॥

व्यास उवाच— एवं कुरु न चान्या तु बुद्धिः कार्या त्वयाऽनघ ।
गर्भेषु पाण्डवेयानां विसृज्यैतदुपारम ॥ ३४ ॥

वैशम्पायन उवाच-ततः परममस्त्रं तु द्रौणिरुद्यतमाहवे ।
द्वैपायनवचः श्रुत्वा गर्भेषु प्रसुमोच ह ॥ ३५ ॥ [७१४]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां सौप्तिकपर्वान्तर्गत ऐषीके पर्वणि
ब्रह्मशिरोस्त्रस्य पाण्डवेयगर्भप्रवेशने पंचदशोऽध्यायः ॥ १५ ॥

पाण्डवोंसे जितने रत्न पाये हैं, और कौरवोंसे जो धन पाया है, उन सबसे यह मणि अधिक हैं, जिसके पास रहनेसे व्यास, भूख, शस्त्र, रोग, देवता, दानव, सांप, राक्षस, और चोरोंसे कुछ भय नहीं होता, ऐसी उत्तम मणी मैं पाण्डवोंको नहीं दे सक्ता, परन्तु आपके वचनोंको टाल भी नहीं सक्ता, इसलिये यह मणी रक्खी है, और यह मैं बैठा हूं, परन्तु अब यह व्यर्थ अस्त्र अभिमन्यु की स्त्रीके गर्भमें जाकर गिरैगा, क्यों कि मैं इसे छोड कर लौटा नहीं सक्ता, मैं आपके वचनको भी टाल नहीं सक्ता, इस लिये यह अस्त्र वहीं जाय । (२८-३३)

श्रीव्यास मुनि बोले, हे पापरहित ! जो तुम चाहते हो सोही करो और इस अस्त्रको गर्भमें छोडकर शान्त हो । (३४)

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, व्यासके वचन सुन अश्वत्थामाने उस छोडे हुए अस्त्रको उत्तराके गर्भमें जानेकी आज्ञा दी । (३५) [७१४]

सौप्तिकपर्वमें पंद्रह अध्याय समाप्त ।

वैशम्पायन उवाच–तदाऽऽज्ञाय हृषीकेशो विसृष्टं पापकर्मणा।
हृष्यमाण इदं वाक्यं द्रौणिं प्रत्यब्रवीत्तदा ॥ १ ॥
विराटस्य सुतां पूर्वं स्नुषां गाण्डीवधन्वनः।
उपप्लव्यगतां दृष्ट्वा व्रतवान्ब्राह्मणोऽब्रवीत् ॥ २ ॥
परिक्षीणेषु कुरुषु पुत्रस्तव भविष्यति।
एतदस्य परिक्षित्त्वं गर्भस्थस्य भविष्यति ॥ ३ ॥
तस्य तद्वचनं साधोः सत्यमेतद्भविष्यति।
परिक्षिद्भविता स्वेषां पुनर्वंशकरः सुतः ॥ ४ ॥
एवं ब्रुवाणं गोविन्दं सात्वतां प्रवरं तदा।
द्रौणिः परमसंरब्धः प्रत्युवाचेदमुत्तरम् ॥ ५ ॥
नैतदेवं यथाऽऽत्थ त्वं पक्षपातेन केशव।
वचनं पुण्डरीकाक्ष न च मद्वाक्यमन्यथा ॥ ६ ॥
पतिष्यति तदस्त्रं हि गर्भे तस्या मयोद्यतम्।
विराटदुहितुः कृष्ण यं त्वं रक्षितुमिच्छसि ॥ ७ ॥
श्रीभगवानुवाच– अमोघः परमास्त्रस्य पातस्तस्य भविष्यति।
स तु गर्भो मृतो जातो दीर्घमायुरवाप्स्यति ॥ ८ ॥

सौप्तिकपर्वमें सोलह अध्याय।

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे राजन् जनमेजय! पापी अश्वत्थामाके अभिप्रायको जानकर श्रीकृष्ण प्रसन्न होकर अश्वत्थामासे बोले, एक दिन राजा विराटकी पुत्री अभिमन्युकी स्त्री उत्तरा अपने घरमें बैठी थी, तब उससे एक ब्राह्मणने आकर ऐसे वचन कहे, कि जब कुरुकुलका नाश हो चुकेगा, तब तुम्हारे पुत्र होगा, वह पहले गर्भमें नष्ट होजायगा, फिर उसका जन्म होगा। आज उस महात्माका वचन सत्य हुआ, अब कुरुकुलकी रक्षा करनेवाला परिक्षित नामक उत्तराका पुत्र होगा। (१–४)

यदुकुलश्रेष्ठ श्रीकृष्णके ऐसे वचन सुन अश्वत्थामा क्रोधमें भरकर बोले, हे कमलनेत्र कृष्ण! जो तुम पाण्डवोंके पक्षपातसे कह रहे हो, सो ऐसा नहीं होगा, क्यों कि हमारा वचन मिथ्या नहीं होता; जिस विराटपुत्रीके गर्भकी तुम रक्षा करना चाहते हो, यह हमारा छोडा हुआ अस्त्र उसी गर्भका नाश करेगा। (५–७)

श्रीकृष्ण बोले, अरे क्षुद्र! यह अस्त्र वृथा नहीं होगा, वह गर्भ मर जायगा; परन्तु फिर जीकर दीर्घायु पावेगा, तुझे

त्वां तु कापुरुषं पापं विदुः सर्वे मनीषिणः ।
असकृत्पापकर्माणं बालजीवितघातकम् ॥ ९ ॥
तस्मात्त्वमस्य पापस्य कर्मणः फलमाप्नुहि ।
त्रीणि वर्षसहस्राणि चरिष्यसि महीमिमाम् ॥ १० ॥
अप्राप्नुवन्कचित्काञ्चित्संविदं जातु केनचित् ।
निर्जनानसहायस्त्वं देशान्प्रविचरिष्यसि ॥ ११ ॥
भविष्यी न हि ते क्षुद्र जनमध्येषु संस्थितिः ।
पूयशोणितगन्धी च दुर्गकान्तारसंश्रयः ॥ १२ ॥
विचरिष्यसि पापात्मा सर्वव्याधिसमन्वितः ।
वयः प्राप्य परिक्षित्तु वेदव्रतमवाप्य च ॥ १३ ॥
कृपाच्छारद्वताच्छूरः सर्वास्त्राण्युपपत्स्यते ।
विदित्वा परमास्त्राणि क्षत्रधर्मव्रते स्थितः ॥ १४ ॥
षष्टि वर्षाणि धर्मात्मा वसुधां पालयिष्यति ।
इतश्चोर्ध्वं महाबाहुः कुरुराजो भविष्यति ॥ १५ ॥
परिक्षिन्नाम नृपतिर्मिषतस्ते सुदुर्मते ।
अहं तं जीवयिष्यामि दग्धं शस्त्राग्नितेजसा ।
पश्य मे तपसो वीर्यं सत्यस्य च नराधम ॥ १६ ॥

व्यास उवाच— यस्मादनार्हस्य कृतं त्वयाऽस्मान्कर्म दारुणम् ।

सब मनुष्य नपुंसक, पापी, सदा पाप करनेवाला और बालकोंको मारनेवाला कहेंगे, इसलिये हम और भी एक शाप तुझे देते हैं, क्यों कि इस महापापका फल अवश्यही तुझे होना चाहिए । तू तीन हजार वर्षतक कहीं किसीसे किसी प्रकारकी सम्पत्ति विना पाये एकला और असहाय होकर जगत्में डोलेगा, हे क्षुद्र ! तू मनुष्योंके बीचमें नहीं रहेगा, तेरे शरीरसे पीव और रुधिरकी दुर्गन्धि आवेगी, भयानक जङ्गलोंमें घूमता फिरेगा और अनेक प्रकारके दुःख सहेगा, परीक्षित भी दीर्घायु पाकर वेद पढ़ेंगे, अनेक प्रकारके व्रत करेंगे, और कृपाचार्यसे सब अस्त्रविद्या सीखकर क्षत्रियोंका धर्म पालन करेंगे, वीर धर्मात्मा परीक्षित साठ वर्ष राज्य करेंगे, युधिष्ठिरके पीछे महाबाहु परीक्षित ही कुरुकुलके राजा होंगे, रे नराधम ! रे दुर्बुद्धे ! तेरे देखते देखते परीक्षित महाराज होंगे, तू हमारे सत्य और तपके बलको देख। तेरे अस्त्रकी अग्निसे जले हुए परीक्षितको

ब्राह्मणस्य सतश्चैव यस्मात्ते वृत्तमीदृशम् ॥ १७ ॥
तस्माद्यदेवकीपुत्र उक्तवानुत्तमं वचः।
असंशयं ते तद्भावि क्षत्रधर्मस्त्वयाऽऽश्रितः ॥ १८ ॥

अश्वत्थामोवाच- सहैव भवता ब्रह्मन्स्थास्यामि पुरुषेष्विह।
सत्यवागस्तु भगवानयं च पुरुषोत्तमः ॥ १९ ॥

वैशम्पायन उवाच-प्रदायाथ मणिं द्रौणिः पाण्डवानां महात्मनाम्।
जगाम विमनास्तेषां सर्वेषां पश्यतां वनम् ॥ २० ॥
पाण्डवाश्चापि गोविन्दं पुरस्कृत्य हतद्विषः।
कृष्णद्वैपायनं चैव नारदं च महामुनिम् ॥ २१ ॥
द्रोणपुत्रस्य सहजं मणिमादाय सत्वराः।
द्रौपदीमभ्यधावन्त प्रायोपेतां मनस्विनीम् ॥ २२ ॥

वैशम्पायन उवाच-ततस्ते पुरुषव्याघ्राः सदश्वैरनिलोपमैः।
अभ्ययुः सह दाशार्हाः शिबिरं पुनरेव हि ॥ २३ ॥
अवतीर्य रथेभ्यस्तु त्वरमाणा महारथाः।
ददृशुर्द्रौपदीं हृष्टामार्त्तामार्त्ततराः स्वयम् ॥ २४ ॥
तामुपेत्य निरानन्दां दुःखशोकसमन्विताम्।

हम जिला देंगे। (८-१६)

श्रीव्यास मुनि बोले, तुमने हमारे वचनोंका निरादर करके ऐसा घोर कर्म किया, तुम ब्राह्मण और विशेष कर पण्डित होके ऐसे ऐसे घोर कर्म करते हो और क्षत्रीधर्मका पालन करते हो, इसलिये देवकीपुत्रने जो कुछ तुम्हारे लिये कहा, सो सब सत्य होगा। (१७-१८)

अश्वत्थामा बोले, पुरुषश्रेष्ठ भगवान् कृष्णके वचन सत्य होय, मैं आजसे आपके संगही रहूंगा। वैशम्पायन मुनि बोले, ऐसा कहकर अश्वत्थामाने महात्मा पाण्डवोंकी मणि दे दयी और आप मलीन होकर सबके देखते देखते वनको चले गये। (१९—२०)

पाण्डव लोग भी अश्वत्थामाके संग उत्पन्न हुई मणि लेकर श्रीकृष्ण, वेदव्यास और महामुनि नारदको आगे करके शीघ्रता सहित व्रतधारिणी, यशस्विनी द्रौपदीके पासको चले गए। (२१—२२)

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, तब पुरुषसिंह पाण्डव घोडोंको वायुके समान दौडते हुए कृष्णके सहित डेरोंको चले गए, वहां जाकर सब लोग रथसे उतरे और शोकसे भरी द्रौपदीको शोकसे

परिवार्य व्यातिष्ठन्त पाण्डवाः सहकेशवाः ॥ २५ ॥
ततो राज्ञाऽभ्यनुज्ञातो भीमसेनो महाबलः ।
प्रददौ तं मणिं दिव्यं वचनं चेदमब्रवीत् ॥ २६ ॥
अयं भद्रे तव मणिः पुत्रहन्तुर्जितः स ते ।
उत्तिष्ठ शोकमुत्सृज्य क्षात्रधर्ममनुस्मर ॥ २७ ॥
प्रयाणे वासुदेवस्य शमार्थमसिते क्षणे ।
यान्युक्तानि त्वया भीरु वाक्यानि मधुघातिनि॥२८॥
नैव मे पतयः सन्ति न पुत्रा भ्रातरो न च ।
न वै त्वमिति गोविन्द शममिच्छति राजनि ॥ २९ ॥
उक्तवत्यसि तीव्राणि वाक्यानि पुरुषोत्तमम् ।
क्षत्रधर्मानुरूपाणि तानि संस्मर्तुमर्हसि ॥ ३० ॥
हतो दुर्योधनः पापो राज्यस्य परिपन्थिकः ।
दुःशासनस्य रुधिरं पीतं विस्फुरतो मया ॥ ३१ ॥
वैरस्य गतमानृण्यं न स्म वाच्या विवक्षताम् ।
जित्वा मुक्तो द्रोणपुत्रो ब्राह्मण्याद्गौरवेण च ॥ ३२ ॥
यशोऽस्य पतितं देवि शरीरं त्ववशेषितम् ।

व्याकुल देखा परन्तु द्रौपदी इन्हें देखकर प्रसन्न होगई। तब श्रीकृष्णके सहित पांचों पाण्डव द्रौपदीके चारों ओर बैठ गये, तब राजाकी आज्ञासे महाबली भीमसेनने वह मणी द्रौपदीको दी और ऐसे वचन कहे । (२३-२६)

हे कल्याणी ! यह तुम्हारे बेटोंके मारनेवालेसे जीतकर छीनी है, अब तुम उठो और क्षत्राणियोंके धर्मका स्मरण करो। हे कमल नयनी ! जिस समय मधुदैत्यके नाश करनेवाले श्रीकृष्ण द्वैतवनसे महाराजसे विदा होकर चले थे, उस समय तुमने कैसे कैसे कठोर वचन कहे थे, कि मेरे पति, पुत्र और तुम सब मर गए, जिस समय महाराजने शान्ति करनेकी इच्छा की थी तब तुम इनसे कैसे कैसे कठोर वचन कहे थे ! वे सब क्षत्राणियोंके धर्मके अनुसार ही थे, क्या तुम उन्हें कुछ भी नहीं स्मरण करती हो ? हमारा राज्य छीननेवाला पापी दुर्योधन मारा गया, मैंने तडफते हुए पापी दुःशासनका रुधिर पिया, वैर समाप्त होगया; अब तुम पाण्डवोंसे कुछ नहीं कह सक्ती हो, अश्वत्थामाको जीतकर ब्राह्मण और गुरु समझकर जीता छोड दिया, उसका यश जगत्में नष्ट

वियोजितश्च मणिना भ्रांशितश्चायुधं भुवि ॥ ३३ ॥
द्रौपद्युवाच— केवलानृण्यमाप्तोऽसि गुरुपुत्रो गुरुर्मम ।
शिरस्येतं मणिं राजा प्रतिबध्नातु भारत ॥ ३४ ॥
तं गृहीत्वा ततो राजा शिरस्येवाकरोत्तदा ।
गुरोरुच्छिष्टमित्येव द्रौपद्या वचनादपि ॥ ३५ ॥
ततो दिव्यं मणिवरं शिरसा धारयन्प्रभुः ।
शुशुभे स तदा राजा सचंद्र इव पर्वतः ॥ ३६ ॥
उत्तस्थौ पुत्रशोकार्त्ता ततः कृष्णा यनस्विनी ।
कृष्णं चापि महाबाहुः परिपप्रच्छ धर्मराट् ॥ ३७ ॥ [७५१]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां सौप्तिकपर्वान्तर्गतऐषीके पर्वणि द्रौपदीसांत्वनायां षोडशोऽध्यायः ॥ १६ ॥

वैशम्पायन उवाच— हतेषु सर्वसैन्येषु सौप्तिकै तै रथैस्त्रिभिः ।
शोचन्युधिष्ठिरो राजा दाशार्हमिदमब्रवीत् ॥ १ ॥
कथं नु कृष्ण पापेन क्षुद्रेणाकृतकर्मणा ।
द्रौणिना निहताः सर्वे मम पुत्रा महारथाः ॥ २ ॥
तथा कृतास्त्रविक्रान्ता सहस्रशतयोधिनः ।
द्रुपदस्यात्मजाश्चैव द्रोणपुत्रेण पातिताः ॥ ३ ॥

होगया, केवल शरीरही बाकी रह गया है, उससे मणि और अस्त्र छीन लिये। (२७—३३)

द्रौपदी बोली, अब मैं अरिण होगई गुरुपुत्र तो हमारे गुरुही हैं, अब इस मणिको राजा अपने शिरमें बांधे। महाराज युधिष्ठिरने उस मणिको गुरुका प्रसाद मानकर द्रौपदीकी हठसे अपने शिरमें बांधा, उस समय उस मणिसे राजा ऐसे शोभित हुए, जैसे चन्द्रमाके सहित पर्वत, तब द्रौपदी शोकसे व्याकुल होकर उठी और महाबाहु युधिष्ठिरने श्रीकृष्णसे कुशल पूंछी। (३४–३७)

सौप्तिकपर्वमें सोलह अध्याय समाप्त। [७५१]

सौप्तिक पर्वमें सतरह अध्याय।

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, जब इस प्रकार तीनों वीरोंने रात्रिको सोते हुए युधिष्ठिरकी सब सेनाको मारडाला, तब शोच करते हुए राजा युधिष्ठिर कृष्णसे बोले, हे कृष्ण! पापी क्षुद्र दुरात्मा अश्वत्थामाने हमारे सब महारथ पुत्रोंको कैसे मारडाला? सब शस्त्रविद्याके जाननेवाले एकले ही सैकडों और सहस्रों वीरोंसे लडनेवाले द्रुपदके सब पुत्रोंको

यस्य द्रोणो महेष्वासो न प्रादादाहवे सुखम् ।
निजघ्ने रथिनां श्रेष्ठं धृष्टद्युम्नं कथं नु सः ॥ ४ ॥
किं नु तेन कृतं कर्म तथायुक्तं नरर्षभ ।
यदेकः समरे सर्वानवधीन्नो गुरोः सुतः ॥ ५ ॥

श्रीभगवानुवाच– नूनं स देवदेवानामीश्वरेश्वरमव्ययम् ।
जगाम शरणं द्रौणिरेकस्तेनावधीद्बहून् ॥ ६ ॥
प्रसन्नो हि महादेवो दद्यादमरतामपि ।
वीर्यं च गिरिशो दद्याद्येनेन्द्रमपि शातयेत् ॥ ७ ॥
वेदाहं हि महादेवं तत्त्वेन भरतर्षभ ।
यानि चास्य पुराणानि कर्माणि विविधानि च ॥ ८ ॥
आदिरेष हि भूतानां मध्यमन्तश्च भारत ।
विचेष्टते जगच्चेदं सर्वमस्यैव कर्मणा ॥ ९ ॥
एवं सिसृक्षुर्भूतानि ददर्श प्रथमं विभुः ।
पितामहोऽब्रवीच्चैनं भूतानि सृज मा चिरम् ॥ १० ॥
हरिकेशस्तथेत्युक्त्वा भूतानां दोषदर्शिवान् ।
दीर्घकालं तपस्तेपे मग्नोऽम्भसि महातपाः ॥ ११ ॥

कैसे अश्वत्थामाने मारडाला ? देखो, जिस महारथको युद्धमें खडा देखकर महाधनुषधारी द्रोणाचार्य युद्धसे हट जाते थे, उस वीर धृष्टद्युम्नको एकले अश्वत्थामाने कैसे मार डाला ? हे पुरुषसिंह ! हमारे गुरुपुत्र अश्वत्थामाने कौनसा कर्म किया था, जिससे एकलेही ने सबको मारडाला । (१–५)

श्रीकृष्ण बोले, हमे यह निश्चय है कि अश्वत्थामा निश्चय ही देवतोंके देवता, ईश्वरके ईश्वर, सनातन शिवको शरण गये होंगे, इसीसे उन्होंने सबको मारडाला, शिव प्रसन्न होकर मनुष्यको अमर कर सकते हैं और ऐसा पराक्रम दे सक्ते है, जिससे मनुष्य इन्द्रको भी मार सक्ता है,हम देवतोंके देवता शिवके अनेक पुराने कर्म जानते हैं। हे भारत ! वह जगत्के आदि, अन्त और मध्य हैं, उनकी शक्तिसे सब जगत् अपना अपना काम करता है। जिस समय भगवान् ब्रह्मा पहिले सृष्टि बनाने लगे, तब उन्होंने भी शिवके ऐसे ही प्रभाव देखे और शिवसे कहा कि तुम सृष्टि बनाओ, तब शिवने कहा कि अच्छा, और फिर ब्रह्माको जगत्के दोष दिखलाये, तब महातपस्वी ब्रह्माने बहुत दिनतक जलमें

सुमहान्तं ततः कालं प्रतीक्ष्यैनं पितामहः।
स्रष्टारं सर्वभूतानां ससर्ज मनसाऽपरम् ॥ १२ ॥
सोऽब्रवीत्पितरं दृष्ट्वा गिरिशं सुप्तमंभसि।
यदि मे नाग्रजोऽस्त्यन्यस्ततः स्रक्ष्याम्यहं प्रजाः॥१३॥
तमब्रवीत्पिता नास्ति त्वदन्यः पुरुषोऽग्रजः।
स्थाणुरेष जले मग्नो विस्रब्धः कुरु वैकृतम् ॥१४॥
भूतान्यन्वसृजत्सप्त दक्षादींस्तु प्रजापतीन्।
यैरिमं व्यकरोत्सर्वं भूतग्रामं चतुर्विधम् ॥ १५ ॥
ताः सृष्टमात्राः क्षुधिताः प्रजाः सर्वाः प्रजापतिम्।
विभक्षयिषवो राजन्सहसा प्राद्रवंस्तदा ॥ १६ ॥
स भक्ष्यमाणस्त्राणार्थी पितामहमुपाद्रवत्।
आभ्यो मां भगवांस्त्रातु वृत्तिरासां विधीयताम्॥१७॥
ततस्ताभ्यो ददावन्नमोषधीः स्थावराणि च।
जङ्गमानि च भूतानि दुर्बलानि बलीयसाम् ॥ १८ ॥
विहितान्नाः प्रजास्तास्तु जग्मुः सृष्टा यथागतम्।
ततो वव्रुधिरे राजन्प्रीतिमत्यः स्वयोनिषु ॥ १९ ॥

डूबकर तपस्या करी इस प्रकार बहुत दिनतक तपस्या करते करते ब्रम्हा जगत्-कर्त्ता शिवका मार्ग देखते रहे, फिर उन्होंने अपने मनसे एक मनुष्य उत्पन्न किया। (६-१२)

ब्रह्माने अपने पिता शिवको जलमें सोता हुआ देख उस पुरुषसे कहा यदि मुझसे पहिले कोई उत्पन्न न हुआ हो तो मैं सृष्टि रचूं, उस पुरुषने कहा कि, तुम विश्वास रक्खो तुमसे पहिले उत्पन्न हुआ कोई नहीं है, ये जो जलमें सोते हैं सो सनातन पुरुष हैं, अब तुम प्रजा उत्पन्न करो। (१३-१४)

तब ब्रह्माने दक्ष प्रजापति आदि लेकर सब जगत् बनाया, फिर स्वेदज, अण्डज, उद्भिज और जरायुज ये चार प्रकारकी सृष्टि रची, हे राजन्! यह सब प्रजा उत्पन्न होते ही भूखसे व्याकुल होकर दक्ष प्रजापतिको खाने दौडी। दक्ष प्रजापति अपनी रक्षाके लिये, ब्रह्माके पीछे दौडे और कहा कि, हे भगवन्! आप इनसे हमारी रक्षा कीजिये और इन्हें खानेको कुछ दीजिये, तब ब्रह्माने उन्हें अन्न और स्थावर औषधी दी,और चलनेवालेमें यह नियम कर दिया कि दुर्बलको बलवान् खाजाय। (१५-१८)

भूतग्रामे विवृद्धे तु तुष्टे लोकगुरावपि ।
उदतिष्ठज्जलाज्ज्येष्ठः प्रजाश्चेमा ददर्श सः ॥ २० ॥
बहुरूपाः प्रजा सृष्टा विवृद्धाश्च स्वतेजसा ।
चुक्रोध भगवान् रुद्रो लिङ्गं स्वं चाप्यविध्यत ॥ २१ ॥
तत्प्रविद्धं तथा भूमौ तथैव प्रत्यतिष्ठत ।
तमुवाचाव्ययो ब्रह्मा वचोभिः शमयन्निव ॥ २२ ॥
किं कृतं सलिले शर्व चिरकालस्थितेन ते ।
किमर्थं चेदमुत्पाद्य लिङ्गं भूमौ प्रवेशितम् ॥ २३ ॥
सोऽब्रवीज्जातसंरम्भस्तथा लोकगुरुर्गुरुम् ।
प्रजाः सृष्टाः परेणेमाः किं करिष्याम्यनेन वै ॥ २४ ॥
तपसाऽधिगतं चान्नं प्रजार्थं मे पितामह ।
ओषध्यः परिवर्तैरन्यथैवं सततं प्रजाः ॥ २५ ॥
एवमुक्त्वा स सक्रोधो जगाम विमना भवः ।
गिरेर्मुञ्जवतः पादं तपस्तप्तुं महातपाः ॥२६॥ [७७७]

इति श्रीमहाभारते०सौप्तिकपर्वान्तर्गतऐषीके पर्वणि युधिष्ठिरकृष्णसंवादे सप्तदशोऽध्यायः ॥१७॥

श्रीभगवानुवाच—ततो देवयुगेऽतीते देवा वै समकल्पयन् ।

हे राजन् ! तब वह प्रजा अन्न लेकर अपने घरको चली गई; तभीसे अपनी अपनी जातियोंमें प्रेम बढने लगा । जब यह सब जगत् उत्पन्न होगया तब सनातन पुरुष भी जलसे उठ बैठे, और सब प्रजाको देखने लगे । सब जगत्के अनेक रूपसे उत्पन्न हुआ और बढा हुआ देख, शिवको बडा क्रोध हुआ, और अपने लिंगको बलसे पृथ्वीमें पटक दिया, वह लिङ्ग पृथ्वीमें गिरकर वैसा ही रह गया । (१९–२२)

तब ब्रह्मा उन्हें शान्त करके बोले, तुमने इतने दिनतक पानीमें सोकर क्या किया ? और इस लिङ्गको पृथ्वीमें क्यों पटक दिया ? तब जगत्के गुरू शिव ब्रह्मासे क्रोध करके बोले, प्रजा तो दूसरेने बनाही ली, अब मैं इसको रखकर क्या करूंगा ? तुमने तपसे अन्न और ओषधी भी बना लिए, अब प्रजा सुख करे ऐसा कहकर शिव क्रोधमें भरकर मुञ्जवान नामक पर्वतपर तप करनेको चले गए । (२३–२६) [७७७]

सौप्तिकपर्वमें सतरह अध्याय समाप्त ।

सौप्तिकपर्वमें अठारह अध्याय ।

श्रीकृष्ण बोले, हे राजन् ! युधिष्ठिर जब सत्ययुग बीत चुका, तब देवतोंने

यज्ञं वेदप्रमाणेन विधिवद्यष्टुमीप्सवः ॥ १ ॥
कल्पयामासुरथ ते साधनानि हवींषि च।
भागार्हा देवताश्चैव यज्ञियं द्रव्यमेव च ॥ २ ॥
ता वै रुद्रमजानंत्यो याथातथ्येन देवताः।
नाकल्पयन्त देवस्य स्थाणोर्भागं नराधिप ॥ ३ ॥
सोऽकल्प्यमाने भागे तु कृत्तिवासा मखेऽमरैः।
ततः साधनमन्विच्छन्धनुरादौ ससर्ज ह ॥ ४ ॥
लोकयज्ञः क्रियायज्ञो गृहयज्ञः सनातनः।
पञ्चभूतनृयज्ञश्च जज्ञे सर्वमिदं जगत् ॥ ५ ॥
लोकयज्ञैर्नृयज्ञैश्च कपर्दी विदधे धनुः।
धनुः सृष्टमभूत्तस्य पञ्चकिष्कुप्रमाणतः ॥ ६ ॥
वषट्कारोऽभवज्ज्या तु धनुषस्तस्य भारत।
यज्ञाङ्गानि च चत्वारि तस्य संनहनेऽभवन् ॥ ७ ॥
ततः क्रुद्धो महादेवस्तदुपादाय कार्मुकम्।
आजगामाथ तत्रैव यत्र देवाः समीजिरे ॥ ८ ॥
तमात्तकार्मुकं दृष्ट्वा ब्रह्मचारिणमव्ययम्।
विव्यथे पृथिवी देवी पर्वताश्च चकम्पिरे ॥ ९ ॥
न ववौ पवनश्चैव नाग्निर्जज्वाल वैधितः।
व्यभ्रमचापि संविग्नं दिवि नक्षत्रमण्डलम् ॥ १० ॥

वेदोंके प्रमाणसे विधिपूर्वक यज्ञोंको बनाया, उनके अनुसार ही यज्ञकी सामग्री घी और भाग लेने योग्य देवतोंको बनाया, परन्तु वे यथार्थ रूपसे शिवको नहीं जानते थे, इसलिये उन्होंने भगवान शिवका भाग न दिया, तब शिवने क्रोध करके पहिले धनुष बनाया, फिर लोक यज्ञ, क्रियायज्ञ, सनातन गृहयज्ञ, पञ्चभूत यज्ञ और नृयज्ञ बनाया। और फिर जगत् बनाया, फिर लोकयज्ञ और नृयज्ञसे पांच हाथका धनुष बनाया। हे भारत उस धनुषका रोदा वट्कार हुआ और सब यज्ञकी सामग्रीसे उसे पुष्ट किया, तब महादेव क्रोध करके उस धनुषको लेकर उस स्थानपर आये, जहां सब देवता यज्ञ कर रहे थे। ब्रह्मचारी सनातन शिवको धनुष लिये देख पृथ्वी और पर्वत कांपने लगे, वायु चलता चलता बन्द होगया, आग जलती जलती बुझ गई, आकाशमें तारे और

न बभौ भास्करश्चापि सोमः श्रीमुक्तमण्डलः।
तिमिरेणाकुलं सर्वमाकाशं चाभवद्भृतम् ॥ ११ ॥
अभिभूतास्ततो देवा विषयान्न प्रजज्ञिरे।
न प्रत्यभाच्च यज्ञः स देवतास्त्रेसिरे तथा ॥ १२ ॥
ततः स यज्ञं विव्याध रौद्रेण हृदि पत्रिणा।
अपक्रान्तस्ततो यज्ञो मृगो भूत्वा सपावकः ॥ १३ ॥
स तु तेनैव रूपेण दिव्यं प्राप्य व्यराजत।
अन्वीयमानो रुद्रेण युधिष्ठिर नभस्तले ॥ १४ ॥
अपक्रान्ते ततो यज्ञे संज्ञानप्रत्यभात्सुरान्।
नष्टसंज्ञेषु देवेषु न प्राज्ञायत किंचन ॥ १५ ॥
त्र्यम्बकः सवितुर्बाहू भगस्य नयने तथा।
पूष्णश्च दशनान् क्रुद्धो धनुष्कोट्या व्यशातयत्॥१६॥
प्राद्रवन्त ततो देवा यज्ञाङ्गानि च सर्वशः।
केचित्तत्रैव घूर्णन्तो गतासव इवाभवन् ॥ १७ ॥
स तु विद्राव्य तत्सर्वं शितिकण्ठोऽवहस्य च।
अवष्टभ्य धनुष्कोटिं रुरोध विबुधांस्ततः ॥ १८ ॥
ततो वाग्मरैरुक्ता ज्यां तस्य धनुषोऽच्छिनत्।
अथ तत्सहसा राजंश्छिन्नज्यं विस्फुरद्धनुः ॥ १९ ॥
ततो विधनुषं देवा देवश्रेष्ठमुपागमन्।
शरणं सह यज्ञेन प्रसादं चाकरोत्प्रभुः ॥ २० ॥

नक्षत्र घूमने लगे, सूर्य और चन्द्रमाका मण्डल अस्त होगया, जगत् और आकाश अन्धकारसे भर गया, देवता और सब प्राणी घबडाने लगे। सब देवता घबडा गए, तब शिवने उस यज्ञके हृदयमें एक बाण मारा, तब यज्ञ और अग्नि हरिण बनकर भाग गये, शिवभी उस तेजसे प्रकाशित होने लगे, और आकाशमें यज्ञको ढूंढने लगे। जब यज्ञ नष्ट होगया, तब सब देवता घबडाने लगे। तब शिवने क्रोध करके धनुषके कोनेसे सविताके हाथ, भगके नेत्र और पूषाके दांत तोड डाले, तब सब देवता और यज्ञके अङ्ग इधर उधरको भाग गये; कोई वहीं मुरदेके समान गिरपडे, तब शिवने देवतोंको भागते देख धनुषके कोनेसे सबको रोक दिया, तब देवतोंने अपने वचनने उस धनुषके रोदेको

ततः प्रसन्नो भगवान् स्थाप्य कोपं जलाशये।
सजलं पावको भूत्वा शोषयत्यनिशं प्रभो ॥ २१ ॥
भगस्य नयने चैव बाहू च सवितुस्तथा।
प्रादात्पूष्णश्च दशनान्पुनर्यज्ञांश्च पाण्डव ॥ २२ ॥
ततः सुस्थमिदं सर्वं बभूव पुनरेव हि।
सर्वाणि च हवींष्यस्य देवा भागमकल्पयन् ॥ २३ ॥
तस्मिन् क्रुद्धेऽभवत्सर्वमसुस्थं भुवनं प्रभो।
प्रसन्ने च पुनः सुस्थं प्रसन्नोऽस्य च वीर्यवान् ॥ २४ ॥
ततस्ते निहताः सर्वे तव पुत्रा महारथाः।
अन्ये च बहवः शूराः पांचालस्य पदानुगाः ॥ २५ ॥
न तन्मनसि कर्त्तव्यं न च तद् द्रौणिना कृतम्।
महादेवप्रसादेन कुरु कार्यमनन्तरम् ॥ २६ ॥ [८०३]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां सौप्तिकपर्वान्तर्गत ऐषीके पर्वणि अष्टादशोऽध्यायः॥ १८ ॥

ऐषीकं पर्व समाप्तम्।
सौप्तिकं ऐषीकं च पर्वद्वयमिदं संलग्नम्।

काट दिया तब सब देवता यज्ञकी संगमें लेकर धनुषरहित शिवकी शरणमें गये। (१—२०)

तब शिवने भी उनके ऊपर कृपाकर दी तब भगवान् शिवने अपने कोपको तलावमें गिराय दिया, वहीं क्रोध अब अग्निरूप होकर जलको सुखाता है, शिवने फिर प्रसन्न होकर भगको नेत्र, सविताको हाथ और पूषाका दांत दे दिये। और फिर जगतमें यज्ञ होने लगे। उसी दिनसे सब जगत् सावधान होगया, तभीसे देवतोंने सब यज्ञोंमें शिवका भाग दे दिया। (२१-२३)

हे राजन् शिवहीके क्रोधसे यह सब नाश हुआ और उनहीकी प्रसन्नतासे सुख होगा, इसीसे तुम्हारे सब महारथ पुत्र और साथियोंसहित धृष्टद्युम्न मारे गए। आप उस कर्मको अश्वत्थामाका किया न मानिये, यह सब शिवकी कृपासे हुआ है, अब आगे जो कुछ काम हो सो कीजिये। (२४—२६) [८०३]

सौप्तिक पर्वमें अठारह अध्याय समाप्त।

ऐषीक और सौप्तिक पर्व समाप्त।

अस्यानन्तरं स्त्रीपर्व भविष्यति तस्यायमाद्यः श्लोकः।

जनमेजय उवाच—हते दुर्योधने चैव हते सैन्ये च सर्वशः।
धृतराष्ट्रो महाराज श्रुत्वा किमकरोन्मुने ॥ १ ॥

आदितः श्लोक संख्या—

१	आदिपर्व	८७०१
२	सभापर्व	२७६२
३	वनपर्व	११८९२
४	विराटपर्व	२२६२
५	उद्योगपर्व	६५९०
६	भीष्मपर्व	५८७०
७	द्रोणपर्व	९६४२
८	कर्णपर्व	५०१४
९	शल्यपर्व	३७३८
१०	सौप्तिकपर्व	८०३
	सर्वयोग	५७२७४

सौप्तिकपर्वकी विषयसूची।

अध्याय	विषय	पृष्ठ
१	अश्वत्थामाप्रभृतिका भयभीत होके रणभूमिसे अलग जाना, धृतराष्ट्रका आक्षेप।	१
	धृतराष्ट्रके पूछनेपर सञ्जयके द्वारा अश्वत्थामाप्रभृतिका रात्रिके समय वटवृक्षके तले निवास वर्णन।	६
	उल्लुके द्वारा सोते हुए कौवोंका मरना देखके अश्वत्थामाका निद्रित शत्रु पाण्डव तथा पाञ्चालोंको मारनेका विचार करना।	७
२—३	अश्वत्थामाके अभिप्रायमें कृपाचार्यकी असम्मति, कृपाचार्य और कृतवर्माके समीप अश्वत्थामाके वचन	११
४	कृपाचार्य और अश्वत्थामाकी निज निज मत स्थापित करनेके लिये उत्तम युक्तिपूर्ण वक्तृता और तीनो महारथियोंका रात्रिके समय पाण्डवोंके शिविरमें जाना।	२५
५	अश्वत्थामाका शिविर द्वारपर जाके महाभूत देखकर चिन्ता करके महादेवकी उपासना करना, देवी और रुद्रगणोंका प्रकट होना तथा महादेवका प्रकट होके अश्वत्थामाको तलवार देना।	२७
६	अश्वत्थामाका शिविरमें प्रवेश करना और शिविरके द्वारपर कृपाचार्य तथा कृतवर्माका स्थित होना, अश्वत्थामा का धृष्टद्युम्नके डेरेमें जाना, अश्वत्थामा-के हाथसे धृष्टद्युम्नप्रभृति तथा बची हुई सेनाके सब पुरुषोंका मारा जाना।	२९
७-८	अश्वत्थामादि तीनों महारथों का मुमुर्षु दुर्योधनके निकट जाना और उनकी दुरवस्था देखके कृपाचार्यका आक्षेप करना।	३३
९	दुर्योधनको पृथ्वीमें पडे देखके अश्वत्थामाका विलाप करके शिविरके बीच धृष्टद्युम्नादि शत्रुओंके मारनेका सम्वाद कहना और अश्वत्थामाकी प्रशंसा करके दुर्योधनका प्राण त्यागना।	६०
१०	ऐषिक पर्वारम्भ, धृष्टद्युम्नके सारथिके मुखसे द्रौपदीपुत्रप्रभृति स्वजनों को मृत्युका सम्वाद सुनके युधिष्ठिरका विलाप करना।	६७
११	नकुलके मुखसे पुत्रादिका मरना सुनके द्रौपदीका विलाप करके युधिष्ठि-	

अध्याय	विषय	पृष्ठ
	रसे अश्वत्थामाको मारनेके लिये अनुरोध करना, तथा द्रौपदीके अनुरोधसे भीमसेनका अश्वत्थामाको मारनेके लिये जाना।	७१
१२	कृष्णका युधिष्ठिरका अश्वत्थामाको मारनेके लिये उद्यत, भीमसेनकी रक्षाके लिये अनुरोध करना और उसही प्रसङ्गमें ब्रह्मशिरनाम अस्त्रका उपाख्यान कहना।	७२
१३	युधिष्ठिर, कृष्ण और अर्जुनका एक रथपर चढके भीमसेनके पास जाना, अश्वत्थामाका पाण्डवोंको मारनेके लिये ब्रह्मशिरनाम अस्त्र चलाना, अश्वत्थामाके अस्त्रको निवारण करनेके लिये अर्जुनका ब्रह्मशिर अस्त्र छोडना, व्यासदेवके अनुरोधसे अश्वत्थामाका पाण्डवोंको अपने सिरकी मणि देनेमें सम्मत होकर ब्रह्मशिर अस्त्रको उत्तराके गर्भमें छोडना।	७८
१४-१५	अश्वत्थामाके सङ्ग कृष्णकी परीक्षितके जन्मादि विषयक वार्त्तालाप, अश्वत्थामाके विषयमें कृष्णका शाप, अश्वत्थामासे मणि लेकर कृष्णादिका द्रौपदीके समीप जाके, उसे धीरज देना, और उस मणिको युधिष्ठिरके सिरपर धारण करना।	८५
१६—१८	अश्वत्थामाके हाथसे पाञ्चालादि वीरोंके विनाश विषयमें युधिष्ठिर और कृष्णकी वार्त्तालाप तथा महादेवका माहात्म्य वर्णन देवताओंके पक्षमें महादेवका क्रुद्ध होके प्रसन्न होना, सौप्तिक पर्वकी समाप्ति।	९०

REGISTERED NO. B. 1819

अङ्क ७६ [श्रीपर्व १]

महाभारत।

भाषा-भाष्य-समेत

संपादक श्रीपाद दामोदर सातवळेकर,
स्वाध्याय मंडल, औंध जि. सातारा

छपकर तैय्यार है।

१	आदिपर्व।	पृष्ठ संख्या ११२५. मूल्य म. आ. से ६) रु.
२	सभापर्व।	पृष्ठ संख्या ३५६. मूल्य म. आ. से २) रु.
३	वनपर्व।	पृष्ठ संख्या १५३८ मूल्य म. आ. से ८) रु.
४	विराटपर्व।	पृष्ठ संख्या ३०६ मूल्य. म. आ. से १॥) रु.
५	उद्योगपर्व।	पृष्ठ संख्या ९५३ मूल्य. म. आ. से. ५) रु.
६	भीष्मपर्व।	पृष्ठ संख्या ८०० मूल्य म. आ.से ४) रु
७	द्रोणपर्व।	पृष्ठ संख्या १३६४ मूल्य म० आ० से ७॥) रु.
८	कर्णपर्व।	पृष्ठ संख्या ६३७ मू. म०,आ० से ३॥) रु.

[९] महाभारतकी समालोचना।

मंत्री— स्वाध्याय मंडल, औंध, (जि. सातारा)

१२ अंकोंका मूल्य म. आ. से. ६) और वी. पी. से ७) विदेशके लिये ८)

श्री-महर्षि-व्यास-प्रणीत

महाभारत।

(११) स्त्रीपर्व।

(भाषाभाष्य समेत)

सम्पादक और प्रकाशक
श्रीपाद दामोदर सातवळेकर
स्वाध्यायमण्डल, औंध (जि० सातारा.)

संवत् १९८६,
शक १८५१,
सन १९२९.

उत्तम राजा !

राजा हि यः स्थितप्रज्ञः स्वयं दोषानवेक्षते ।
देशकालविभागं च परं श्रेयः स विन्दति ॥
स्त्रीपर्व अ० १३ । ६

" जो राजा अपनी बुद्धिको स्थिर करके देश और कालके अनुसार सब दोषोंको देखता है, जगत् में उसीका कल्याण होता है । "

मुद्रक तथा प्रकाशक —श्रीपाद दामोदर सातवळेकर,
स्वाध्याय मंडल; भारतमुद्रणालय औंध (जि. सातारा)

6976 S.D.

श्रीमहर्षिव्यासप्रणीतम् ।

महाभारतम् ।

स्त्रीपर्व ।

श्रीगणेशाय नमः ।

श्रीवेदव्यासाय नमः ।

नारायणं नमस्कृत्य नरं चैव नरोत्तमम् ।
देवीं सरस्वतीं चैव ततो जयमुदीरयेत् ॥ १ ॥

जनमेजय उवाच-हते दुर्योधने चैव हते सैन्ये च सर्वशः ।
धृतराष्ट्रो महाराज श्रुत्वा किमकरोन्मुने ॥ १ ॥
तथैव कौरवो राजा धर्मपुत्रो महामनाः ।
कृपप्रभृतयश्चैव किमकुर्वत ते त्रयः ॥ २ ॥
अश्वत्थाम्नः श्रुतं कर्म शापादन्योन्यकारितात् ।
वृत्तान्तमुत्तरं ब्रूहि यदभाषत सञ्जयः ॥ ३ ॥

स्त्री पर्वमें प्रथम अध्याय ।

नारायण, नरोत्तम नर और देवी सरस्वतीको नमस्कार करके जय कीर्तन करना चाहिये । (१)

महाराज जनमेजय बोले, हे वैशम्पायन मुने ! जिस समय राजा दुर्योधन सब सेनाके सहित मारे गये, तब महाराज धृतराष्ट्रने सुनकर क्या किया ! महामनस्वी कुरुकुलराज महाराज युधिष्ठिरने क्या किया ? और कृपाचार्य, अश्वत्थामा, और कृतवर्माने क्या किया? हमने यह सुना कि कृष्णने अश्वत्थामाको शाप दिया था, फिर सञ्जयने राजासे क्या कहा सो हमसे कहिये ? । (१-३)

वैशम्पायन उवाच–हते पुत्रशते दीनं छिन्नशाखमिव द्रुमम् ।
पुत्रशोकाभिसन्तप्तं धृतराष्ट्रं महीपतिम् ॥ ४ ॥
ध्यानमूकत्वमापन्नं चिन्तया समभिप्लुतम् ।
अभिगम्य महाराज सञ्जयो वाक्यमब्रवीत् ॥ ५ ॥
किं शोचसि महाराज नास्ति शोके सहायता ।
अक्षौहिण्यो हताश्चाष्टौ दशचैव विशाम्पते ॥ ६ ॥
निर्जनेयं वसुमती शून्या संप्रति केवला ।
नानादिग्भ्यः समागम्य नानादेश्या नराधिपाः ॥ ७ ॥
सहैव तव पुत्रेण सर्वे वै निधनं गताः ।
पितॄणां पुत्रपौत्राणां ज्ञातीनां सुहृदां तथा ।
गुरूणां चानुपूर्व्येण प्रेतकार्याणि कारय ॥ ८ ॥
वैशम्पायन उवाच–तच्छ्रुत्वाऽकरुणं वाक्यं पुत्रपौत्रवधार्दितः ।
पपात भुवि दुर्धर्षो वाताहत इव द्रुमः ॥ ९ ॥
धृतराष्ट्र उवाच—हतपुत्रो हतामात्यो हतसर्वसुहृज्जनः ।
दुःखं नूनं भविष्यामि विचरन्पृथिवीमिमाम् ॥ १० ॥
किं नु बन्धुविहीनस्य जीवितेन ममाद्य वै ।

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे महाराज ! सौ पुत्रोंके मरनेसे राजा धृतराष्ट्रकी ऐसी दशा होगई जैसे शाखा कटनेसे वृक्षकी । उस समय पुत्रशोकसे व्याकुल, चिन्तासे भरे राजा धृतराष्ट्रके पास जाकर सञ्जय बोले, हे महाराज ! शोक किसीकी सहायता नहीं करता, इसलिये आप क्यों शोक करते हैं ? देखो अठारह अक्षौहिणी सेना मारी गई, इस समय पृथ्वी मनुष्योंसे रहित होगई है, अब किसी ओर कुछ उत्साह नहीं दीखता, अनेक देशोंसे आये हुये राजा तुम्हारे पुत्रोंके सहित मारे गये, आप उठिये, गुरु, बेटे, पोते, जाती और मित्रोंका प्रेतकर्म कीजिये । (६–८)

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे राजन् जनमेजय ! सञ्जयके ऐसे दया भरे वचन सुनकर अपने पुत्र और पोतोंके शोकसे व्याकुल राजा धृतराष्ट्र मूर्च्छित होकर पृथ्वीमें गिर गये, उस समय राजाकी ऐसी दशा होगई, जैसे वायुसे उखडे हुए वृक्षकी । (९)

राजा धृतराष्ट्र बोले, हे सञ्जय ! मेरे सब पुत्र, मन्त्री और मित्र मारे गये, अब मैं जीकर जगत्में केवल दुःख ही भोगूंगा । अब मैं बन्धुरहित होकर जी-

लूनपक्षस्य इव मे जराजीर्णस्य पक्षिणः ॥ ११ ॥
हृतराज्यो हतबन्धुर्हतचक्षुश्च वै तथा।
न भ्राजिष्ये महाप्राज्ञ क्षीणरश्मिरिवांशुमान् ॥ १२ ॥
न कृतं सुहृदां वाक्यं जामदग्न्यस्य जल्पतः।
नारदस्य च देवर्षेः कृष्णद्वैपायनस्य च ॥ १३ ॥
सभामध्ये तु कृष्णेन यच्छ्रेयोऽभिहितं मम।
अलं वैरेण ते राजन्पुत्रः सङ्गृह्यतामिति ॥ १४ ॥
तच्च वाक्यमकृत्वाऽहं भृशं तप्यामि दुर्मतिः।
न हि श्रोताऽस्मि भीष्मस्य धर्मयुक्तं प्रभाषितम् ॥ १५ ॥
दुर्योधनस्य च तथा वृषभस्येव नर्दतः।
दुःशासनवधं श्रुत्वा कर्णस्य च विपर्ययम् ॥ १६ ॥
द्रोणसूर्योपरागं च हृदयं मे विदीर्यते।
न स्मराम्यात्मनः किञ्चित्पुरा सञ्जय दुष्कृतम् ॥ १७ ॥
यस्येदं फलमद्येह मया मूढेन भुज्यते।
नूनं व्यपकृतं किञ्चिन्मया पूर्वेषु जन्मसु ॥ १८ ॥
येन मां दुःखभागेषु धाता कर्मसु युक्तवान्।

कर क्या करूंगा ? मेरी इस समय ऐसी दशा होगई है, जैसे पङ्ख कटनेसे बूढे पक्षीकी। मेरा राज्य नष्ट होगया, आंख जाती रहीं और सब बन्धु भी मारे गये, अब तेजरहित सूर्यके समान मैं अब जीकर क्या करूंगा ? मैंने पहिले अपने मित्र परशुराम, ब्रह्मऋषि नारद और कृष्णद्वैपायन मुनिके वचन नहीं माने थे, मुझसे जो सभाके बीचमें बैठकर श्रीकृष्णने कल्याण भरे वचन कहे थे, मैंने इनके वचन नहीं सुने, उन्होंने मुझसे कहा था "हे राजन् ! पाण्डवोंके सङ्ग आप वैर मत कीजिये और अपने पुत्र दुर्योधनको वशमें कीजिये" तब मैंने दुर्बुद्धिमें पडकर उनके वचन न माने, भीष्मने जो धर्म भरे वचन कहे थे सो भी मैंने नहीं माने, अब सोचता हूं। नाचते हुये बैलके समान पराक्रमी दुर्योधन, दुःशासन और कर्णका मरना सुनकर मेरा हृदय फटा जाता है। द्रोणाचार्यरूपी सूर्यको ग्रहण लग गया, यह सुनकर भी मेरा हृदय फटता है। (१०-१७)

हे सञ्जय ! मुझे स्मरण नहीं होता कि मैंने अपने जन्ममें कोई पाप किया है, जिसका मुझको यह भयानक फल

परिणामश्च वयसः सर्वबन्धुक्षयश्च मे ॥ १९ ॥
सुहृन्मित्रविनाशश्च दैवयोगादुपागतः।
कोऽन्योऽस्ति दुःखिततरो मत्तोऽन्यो हि पुमान्भुवि ॥२०॥
तन्ममाद्यैव पश्यन्तु पाण्डवाः संशितव्रताः।
विवृतं ब्रह्मलोकस्य दीर्घमध्वानमास्थितम् ॥ २१ ॥

वैशम्पायन उवाच-तस्य लालप्यमानस्य बहुशोकं वितन्वतः।
शोकापहं नरेन्द्रस्य सञ्जयो वाक्यमब्रवीत् ॥ २२ ॥
शोकं राजन्व्यपनुद श्रुतास्ते वेदनिश्चयाः।
शास्त्रागमाश्च विविधा वृद्धेभ्यो नृपसत्तम ॥ २३ ॥
सृञ्जये पुत्रशोकार्ते यदूचुर्मुनयः पुरा।
यथा यौवनजं दर्पमास्थिते ते सुते नृप ॥ २४ ॥
न त्वया सुहृदां वाक्यं ब्रुवतामवधारितम्।
स्वार्थश्च न कृतः कश्चिल्लुब्धेन फलगृद्धिना ॥ २५ ॥
असिनैवैकधारेण स्ववुद्ध्या तु विचेष्टितम्।
प्रायशोऽवृत्तसम्पन्नाः सततं पर्युपासिताः ॥ २६ ॥
यस्य दुःशासनो मंत्री राधेयश्च दुरात्मवान्।

भोगना पडा। मुझे निश्चय है कि मैंने पहिले जन्मोंमें कुछ पाप किया था, उसीसे ब्रह्माने मुझे ऐसे ऐसे दुःख दिये। यह बुढापा, बन्धु और मित्रोंका नाश ये प्रारब्धहीसे सब दुःख इकट्ठे होगये हैं; अब इस जगतमें हमारे समान दुःखी और कौन है? इसलिये व्रतधारी पाण्डव आज ही हमें ब्रह्म लोकके बडे रास्तेमें जाते देखें, अर्थात् हम इसही समय प्राण त्याग करते हैं। (१८-२१)

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, इस प्रकारसे राजाको अनेक प्रकार रोते देख सञ्जय बोले, हे महाराज! आपने वृद्धोंके मुखसे वेद और अनेक शास्त्र सुने हैं, इसलिये आप शोकको छोड दीजिए, हे राजन्! जैसे पुत्रके मरनेसे राजा सृञ्जयको शोक हुआ था और उनको मुनियोंने समझाया था, जैसे उनके पुत्रोंको अभिमान हुआ था, ऐसे ही तुम्हारे पुत्रको भी अभिमान हुआ था, आपने पहिले किसीकी बात नहीं मानी, केवल लोभमें पडके अन्याय करने लगे और अपना भी प्रयोजन कुछ सिद्ध न कर सके, केवल अत्यन्त तेजधारवाली तलवारके समान अपनी महातेज बुद्धिसे काम करते रहे। (२२-२६)

शकुनिश्चैव दुष्टात्मा चित्रसेनश्च दुर्मतिः ॥ २७ ॥
शल्यश्च येन वै सर्वं शल्यभूतं कृतं जगत्।
कुरुवृद्धस्य भीष्मस्य गान्धार्या विदुरस्य च ॥ २८ ॥
द्रोणस्य च महाराज कृपस्य च शरद्वतः।
कृष्णस्य च महाबाहो नारदस्य च धीमतः ॥ २९ ॥
ऋषीणां च तथाऽन्येषां व्यासस्यामिततेजसः।
न कृतं तेन वचनं तव पुत्रेण भारत।
न धर्मः सत्कृतः कश्चिन्नित्यं युद्धमभीप्सता ॥ ३० ॥
अल्पबुद्धिरहङ्कारी नित्यं युद्धमिति ब्रुवन्।
क्रूरो दुर्मर्षणो नित्यमसन्तुष्टश्च वीर्यवान् ॥ ३१ ॥
श्रुतवानसि मेधावी सत्यवांश्चैव नित्यदा।
न मुह्यन्तीदृशाः सन्तो बुद्धिमन्तो भवादृशाः ॥ ३२ ॥
न धर्मः सत्कृतः कश्चित्तव पुत्रेण भारिष।
क्षपिताः क्षत्रियाः सर्वे शत्रूणां वर्धितं यशः ॥ ३३ ॥
मध्यस्थो हि त्वमप्यासीर्न क्षमं किञ्चिदुक्तवान्।
दुर्धरेण त्वया भारस्तुलया न समं धृतः ॥ ३४ ॥

आपके पुत्रने सदा ही मूर्खोंको मन्त्री रक्खा, जिसका दुःशासन, मूर्ख राधापुत्र कर्ण, दुष्टात्मा शकुनी, मन्त्री होय, उसका नाश क्यों न होता? जिस ने सब जगत्को जीता था, ऐसे शल्य, कुरुकुलमें बूढे भीष्म, गान्धारी, विदुर, कृपाचार्य, द्रोणाचार्य, महाबाहु कृष्ण, बुद्धिमान नारद और अनन्त तेजस्वी व्यास आदि मुनियोंके वचन दुर्योधनने न माने, कभी किसी धर्मका आश्रय न लिया, केवल सदा युद्ध करनेहीकी इच्छा रक्खी, जैसे वायु तिनकोंको इधर उधर उडाकर लेजाता है, तैसेही काल भी सब जन्तुओंको इधर उधर करता रहता है, दुर्योधन मूर्ख, अभिमानी केवल युद्ध करनेकी इच्छा करनेवाला, दुष्ट, क्षमाहीन, असन्तोषी और बलवान था। (२७-३१)

तुम विद्वान, बुद्धिमान और सदासे सत्यवादी हो, ऐसे बुद्धिमान मनुष्योंको कभी मोह नहीं होता। हे राजन्! तुम्हारे पुत्रने धर्मका आदर नहीं किया, सब क्षत्रियोंका नाश कराया और शत्रुवोंका यश बढा दिया, तुम भी उस समय मध्यस्थ थे, परन्तु कोई बात तुमने भी अच्छी न की, तराजूके दोनों ओर

आदावेव मनुष्येण वर्तितव्यं यथाक्षमम्।
यथा नातीतमर्थं वै पश्चात्तापेन युज्यते ॥ ३५ ॥
पुत्रगृद्धया त्वया राजन् प्रियं तस्य चिकीर्षितम्।
पश्चात्तापमिमं प्राप्तो न त्वं शोचितुमर्हसि ॥ ३६ ॥
मधु यः केवलं दृष्ट्वा प्रपातं नानुपश्यति।
स भ्रष्टो मधुलोभेन शोचत्येवं यथा भवान् ॥ ३७ ॥
अर्थान्न शोचन्प्राप्नोति न शोचन्विन्दते फलम्।
न शोचन् श्रियमाप्नोति न शोचन्विन्दते परम् ॥३८॥
स्वयमुत्पादयित्वाऽग्निं वस्त्रेण परिवेष्टयन्।
दह्यमानो मनस्तापं भजते न स पण्डितः ॥ ३९ ॥
त्वयैव ससुतेनायं वाक्यवायुसमीरितः।
लोभाज्येन च संसिक्तो ज्वलितः पार्थपावकः ॥४० ॥
तस्मिन समिद्धे पतिताः शलभा इव ते सुताः।
तान्वै शराग्निर्निर्दग्धान्न त्वं शोचितुमर्हसि ॥ ४१ ॥
यच्चाश्रुपातात्कलिलं वदनं वहसे नृप।
अशास्त्रदृष्टमेतद्धि न प्रशंसन्ति पण्डिताः ॥ ४२ ॥
विस्फुलिङ्गा इव ह्येतान्दहन्ति किल मानवान्।

समान बोझ न रक्खा, मनुष्यको ऐसा उचित है कि पहिले ही शक्तिके अनुसार ऐसा विचारकरे, जिसमें आगे कोई दुःख न भोगना पडे। तुमने भी पुत्रके प्रेममें आकर दुर्योधनके अनुकूल ही वर्त्ताव किया, फिर अब आपत्ति पडनेसे क्यों शोक करते हो ? (३२-३६)

जो केवल शहत देखकर वृक्षपर चढ जाता है और अपने गिरनेका भय नहीं करता, वह वृक्षपरसे गिरकर तुम्हारे ही समान आपत्ति भोगता है। शोचसे धन, बल, लक्ष्मी और मोक्ष सिद्ध नहीं होती। जो आप ही आग बनाकर पीछे कपडेसे ढकता है और पीछे जलनेसे शोच करता है, वह पण्डित नहीं कहाता तुमने अपने पुत्रको सङ्ग लेकर वचन रूपी वायुसे धौंककर और लोभरूपी घी डालकर युधिष्ठिररूपी अग्निको चैतन्य कर दिया, उस बढी हुई अग्निकी बाणरूपी ज्वालामें तुम्हारे पुत्र पतङ्गके समान जल गये, अब तुम उनका क्या शोच करते हो ? अब जो तुम अपनी आंसुवोंसे शरीरको भिगा रहे हो, यह व्यवहार शास्त्रसे विरुद्ध है, पण्डित ऐसा

जहीहि मन्युं बुद्ध्या वै धारयात्मानमात्मना ॥ ४३ ॥
वैशम्पायन उवाच-एवमाश्वासितस्तेन संजयेन महात्मना ।
विदुरो भूय एवाह बुद्धिपूर्वं परंतप ॥ ४४ ॥

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां स्त्रीपर्वणि जलप्रदानिकपर्वणि विशोककरणे प्रथमोऽध्यायः ॥ १ ॥

वैशम्पायन उवाच-ततोऽमृतसमैर्वाक्यैर्ह्लादयन्पुरुषर्षभम् ।
वैचित्रवीर्यं विदुरो यदुवाच निबोध तत् ॥ १ ॥
विदुर उवाच- उत्तिष्ठ राजन्किं शेषे धारयात्मानमात्मना ।
एषा वै सर्वसत्वानां लोकेश्वर परा गतिः ॥ २ ॥
सर्वे क्षयान्ता निचयाः पतनान्ताः समुच्छ्रयाः ।
संयोगा विप्रयोगान्ता मरणान्तं च जीवितम् ॥ ३ ॥
यदा शूरं च भीरुं च यमः कर्षति भारत ।
तत्किं न योत्स्यन्ति हि ते क्षत्रियाः क्षत्रियर्षभ ॥ ४ ॥
अयुध्यमानो म्रियते युध्यमानश्च जीवति ।

नहीं करते, ये आंसू मनुष्यको अग्निके समान भस्म करते हैं, इसलिये आप क्रोधको छोडिये और अपने आत्माको शान्त कीजिये। श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, जब महात्मा सञ्जय ऐसा कह चुके तब शत्रुनाशन विदुर राजाको समझाने लगे। (३७—४४)

स्त्रीपर्वमें प्रथम अध्याय समाप्त ।

स्त्रीपर्वमें द्वितीय अध्याय ।

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे राजन् जनमेजय ! तब पुरुषसिंह विचित्रवीर्य-पुत्र धृतराष्ट्रके पास आकर विदुरने अमृत-तुल्य वाक्योंके समान जो कुछ कहा सो तुम सुनो, ये वचन विदुरने राजाके प्रसन्न होनेके लिये कहा था। (१)

विदुर बोले, हे लोकनाथ ! हे महाराज ! आप क्यों शोचते हैं ? उठिये, जगत्में सब जीवोंकी अन्तमें यही गति होती है, इसलिये अपने आत्माको शान्त कीजिये। जगत्में जितनी सञ्चय की हुई वस्तु हैं, उन सबका एक दिन नाश होता है। जितनी ऊंची वस्तु हैं, वे सब एक दिन नीची होती हैं, जितने संयोग हैं, उन सबका अन्तमें वियोग होता है और सब उत्पन्न होनेवाले मरते हैं। (२—३)

हे क्षत्रियश्रेष्ठ ! जब शूर और कायर सबहीको एक दिन मरना है। तब वीर क्षत्री युद्धहीमें मरे यह कोई नियम नहीं है, कि ऐसे मरे और बिना युद्ध किये

कालं प्राप्य महाराज न कश्चिदतिवर्तते ॥ ५ ॥
अभावादीनि भूतानि भावमध्यानि भारत।
अभावनिधनान्येव तत्र का परिदेवना ॥ ६ ॥
न शोचन्मृतमन्वेति न शोचन्म्रियते नरः।
एवं सांसिद्धिके लोके किमर्थमनुशोचसि ॥ ७ ॥
कालः कर्षति भूतानि सर्वाणि विविधान्युत।
न कालस्य प्रियः कश्चिन्न द्वेष्यः कुरुसत्तम ॥ ८ ॥
यथा वायुस्तृणाग्राणि संवर्तयति सर्वशः।
तथा कालवशं यान्ति भूतानि भरतर्षभ ॥ ९ ॥
एकसार्थप्रयातानां सर्वेषां तत्र गामिनाम्।
यस्य कालः प्रयात्यग्रे तत्र का परिदेवना ॥ १० ॥
न चाप्येतान्हतान्युद्धे राजन् शोचितुमर्हसि।
प्रमाणं यदि शास्त्राणि गतास्ते परमां गतिम् ॥ ११ ॥
सर्वे स्वाध्यायवन्तो हि सर्वे च चरितव्रताः।
सर्वे चाभिमुखाः क्षीणास्तत्र का परिदेवना ॥ १२ ॥

जीता रहे, क्यों कि काल आनेसे सब ही मर जाते हैं। जगत्के पहिले ब्रह्म था, अन्तमें ब्रह्म रहेगा, केवल बीचमें शरीर धारण करता है, इसलिये सब शरीर नष्ट होनेवाले हैं। इसमें रोनेसे क्या होगा? शोच करनेसे मरा हुआ नहीं मिलता और शोचनेसे कोई मर भी नहीं जाता, लोक इस ही प्रकार स्थित है, इसलिये आप शोच करने योग्य नहीं हैं। (४-७)

हे कुरुकुलश्रेष्ठ! काल जगत्में सब प्रकारके जीवोंका नाश करता है, उसका कोई भी मित्र और शत्रु नहीं है, जैसे वायु तिनकोंको इधर उधर उडाया करता है वैसेही कालभी जीवोंको इधर उधर घुमाया करता है, यद्यपि सब एक रीतिसे उत्पन्न होते हैं, परन्तु मरनेके समय जिस को काल पहिले आता है, वही मनुष्य पहिले मरता है। इसलिये रोनेसे क्या होगा? यदि आप शास्त्रोंको प्रमाण मानते हो, तो निश्चयही ये सब क्षत्री स्वर्गको गए इसलिये आप युद्धमें मरे हुए वीरों का शोक न कीजिये, वे सब क्षत्री वेद पाठी, व्रतधारी थे; और सब युद्धमें सन्मुख मरे उनके लिये रोनेसे क्या लाभ है? सब अज्ञानसे यहां आए थे, और अज्ञानसे नष्ट होगए, तुम उनके कोई नहीं हो और वे तुम्हारे कोई नहीं थे, इसलिये रोनेसे क्या होगा? क्षत्रियों

अदर्शनादापतिताः पुनश्चादर्शनं गताः।
नैते तव न तेषां त्वं तत्र का परिदेवना ॥ १३ ॥
हतोऽपि लभते स्वर्गं हत्वा च लभते यशः।
उभयं नो बहुगुणं नास्ति निष्फलता रणे ॥ १४ ॥
तेषां कामदुघान्लोकानिन्द्रः सङ्कल्पयिष्यति।
इन्द्रस्यातिथयो ह्येते भवन्ति भरतर्षभ ॥ १५ ॥
न यज्ञैर्दक्षिणावद्भिर्न तपोभिर्न विद्यया।
स्वर्गं यान्ति यथा मर्त्या यथा शूरा रणे हताः॥ १६ ॥
शरीराग्निषु शूराणां जुहुवुस्ते शराहुतीः।
हूयमानान् शरांश्चैव सेहुस्तेजस्विनो मिथः ॥ १७ ॥
एवं राजंस्तवाचक्षे स्वर्ग्यं पन्थानमुत्तमम्।
न युद्धादधिकं किञ्चित्क्षत्रियस्येह विद्यते ॥ १८ ॥
क्षत्रियास्ते महात्मानः शूराः समितिशोभनाः।
आशिषः परमाः प्राप्ता न शोच्याः सर्व एव हि॥१९॥
आत्मानमात्मनाऽऽश्वास्य मा शुचः पुरुषर्षभ।
नाद्य शोकाभिभूतस्त्वं कापुरुषवदाचरितुमर्हसि ॥ २० ॥
मातापितृसहस्राणि पुत्रदारशतानि च।

को दोनों ही ओरसे सुख है, अर्थात् युद्धमें मरे तो स्वर्ग और शत्रुओंको मारा तो यश मिलता है, जो क्षत्रिय युद्धमें मरता है वह इन्द्रका अतिथि बनता है, इन्द्र उनको इच्छानुसार सुख देनेवाले लोकोंको देते हैं, जिस प्रकार युद्धमें मरनेवाले क्षत्रियोंको स्वर्ग मिलता है, ऐसा दक्षिणायुक्त यज्ञ और अनेक तपस्या करनेसे भी नहीं मिलता और ऐसा सुख अनेक विद्या पढनेसे भी नहीं मिलता है। (८-१६)

हे राजन्! वीरोंने शरीररूपी अग्निमें बाणरूपी आहुती छोडी और दूसरोंकी आहुती सहीं, तब ये सब स्वर्ग को चले गए, हमने यह स्वर्गका मार्ग आपसे कहा, वास्तवमें क्षत्रियोंका युद्धके समान कल्याण और कहीं नहीं है, वे सब सभाकी शोभा बढानेवाले, वीर महात्मा, क्षत्री उत्तम लोकोंको गए, इसलिये आप उनका कुछ शोक न कीजिये। (१७-१९)

हे पुरुषसिंह! आप अपने आत्माको शान्त कीजिए और शोकसे व्याकुल होकर शरीर मत छोडिये, जगत्में सहस्रों माता, पिता, स्त्री और पुत्र बन

संसारेष्वनुभूतानि कस्य ते कस्य वा वयम् ॥ २१ ॥
शोकस्थानसहस्राणि भयस्थानशतानि च।
दिवसे दिवसे मूढमाविशन्ति न पण्डितम् ॥ २२ ॥
न कालस्य प्रियः कश्चिन्न द्वेष्यः कुरुसत्तम।
न मध्यस्थः क्वचित्कालः सर्वं कालः प्रकर्षति ॥ २३ ॥
कालः पचति भूतानि कालः संहरते प्रजाः।
कालः सुप्तेषु जागर्ति कालो हि दुरतिक्रमः ॥ २४ ॥
अनित्यं यौवनं रूपं जीवितं द्रव्यसञ्चयः।
आरोग्यं प्रियसंवासो गृद्ध्येदेषु न पण्डितः ॥ २५ ॥
न जानपदिकं दुःखमेकः शोचितुमर्हसि।
अप्यभावेन युज्येत तच्चास्य न निवर्तते ॥ २६ ॥
अशोचन्प्रतिकुर्वीत यदि पश्येत्पराक्रमम्।
भैषज्यमेतद्दुःखस्य यदेतन्नानुचिन्तयेत् ॥ २७ ॥
चिन्त्यमानं हि न व्येति भूयश्चापि प्रवर्धते।
अनिष्टसम्प्रयोगाच्च विप्रयोगात्प्रियस्य च ॥ २८ ॥
मानुषा मानसैर्दुःखैर्दह्यन्ते चाल्पबुद्धयः।

चुके। तुम किसके हुए और तुम्हारा कौन हुआ जगत्में शोकके सहस्रों और भयके सैकड़ों स्थान हैं, उनमें प्रतिदिन मूर्ख जाते हैं, पण्डित नहीं। (२०-२३)

हे कुरुकुलश्रेष्ठ! कालका कोई मित्र, शत्रु और मध्यस्थ नहीं है, वह समान रूपसे सबका नाश करता है, काल जगतका नाश करता है, काल सब जगत्के सोनेपर भी जागता है, कालको कोई भी नहीं बांध सक्ता, यौवन रूप, जीवन द्रव्य, सुख और मित्रोंके सङ्ग रहना सब अनित्य हैं, इसलिये पण्डित इनकी इच्छा न करे; सब जगत्के शोचको आप एकले अपने ऊपर न लीजिये। क्यों कि जो अभाव होनेवाला होता है, वह किसी के रोके रुकता नहीं। (२३-२६)

यदि मनुष्य अपना पराक्रम देखे तो विना शोक किये ही शोचका बदला लेय। शोकरूपी दुःखकी यही औषधी है, क्यों कि शोक करनेसे शोक नष्ट नहीं होता, वरन उलटा बढता ही है। बुरा कर्म करने और बन्धुओंके वियोगसे जो शोक उत्पन्न होता है, उससे मूर्ख मनुष्योंका हृदय जला करता है, आप जो शोच करते हैं, इससे धर्म, अर्थ और

नार्थो न धर्मो न सुखं यदेतदनुशोचसि ॥ २९ ॥
न च नापैति कार्यार्था त्रिवर्गाश्चैव हीयते।
अन्यामन्यां धनावस्थां प्राप्य वैशेषिकीं नराः।
असंतुष्टाः प्रसुह्यन्ति सन्तोषं यान्ति पण्डिताः ॥३०॥
प्रज्ञया मानसं दुःखं हन्याच्छारीरमौषधैः।
एतद्विज्ञानसामर्थ्यं न बालैः समतामियात् ॥ ३१ ॥
शयानं चानुशेते हि तिष्ठन्तं चानुतिष्ठति।
अनुधावति धावन्तं कर्म पूर्वकृतं नरम् ॥ ३२ ॥
यस्यां यस्यामवस्थायां यत्करोति शुभाशुभम्।
तस्यां तस्यामवस्थायां तत्फलं समुपाश्नुते ॥ ३३ ॥
येन येन शरीरेण यद्यत्कर्म करोति यः।
तेन तेन शरीरेण तत्फलं समुपाश्नुते ॥ ३४ ॥
आत्मैव ह्यात्मनो बन्धुरात्मैव रिपुरात्मनः।
आत्मैव ह्यात्मनः साक्षी कृतस्यापकृतस्य च ॥ ३५ ॥
शुभेन कर्मणा सौख्यं दुःखं पापेन कर्मणा।
कृतं भवति सर्वत्र नाकृतं विद्यते क्वचित् ॥ ३६ ॥

कोई सुख भी सिद्ध नहीं होगा, इससे जगत्के कार्य सिद्ध नहीं होते और स्वर्ग भी नष्ट होजाता है। साधारण मनुष्य जब किसी छोटी अवस्थासे बडी अवस्थाको प्राप्त होता है, अर्थात दरिद्रसे धनी होजाता है, तब उसे सन्तोष नहीं होता और अनेक प्रकारका उपद्रव करता है, परन्तु पण्डित क्रमसे सन्तुष्ट होता चला जाता है। (२७—३०)

मनुष्य मनका बुद्धिसे और शरीरका औषधियोंसे दुःख दूर करे। हमने जो यह ज्ञान तुमसे कहा इसको मूर्ख नहीं समझ सकता। पूर्वजन्मका किया हुआ कर्म सोतेके सङ्ग सोता है, बैठेके सङ्ग बैठता है, चलते हुयेके सङ्ग चलता है; अर्थात् किसी समय सङ्ग छोडता नहीं है। (३१-३२)

मनुष्य जिस जिस अवस्थामें जो जो शुभ या अशुभ कर्म करता है, उसी उसी अवस्थामें उसका वैसा ही फल भोगता है, जिस जिस शरीरसे मनुष्य जो जो कर्म करता है, उसका उसका फल उसही शरीरसे भोगना पडता है, आत्मा ही आत्माका बन्धु है, आत्मा ही आत्माका शत्रु है और आत्मा ही किये हुए कर्मका साक्षी है, विना किये

न हि ज्ञानविरुद्धेषु वह्वपायेषु कर्मसु।
मूलघातिषु सज्जन्ते बुद्धिमन्तो भवद्विधाः ॥ ३७ ॥ [८१]

इति श्रीमहाभारते० स्त्रीपर्वणि जलप्रदानिकपर्वणि धृतराष्ट्रविशोककरणे द्वितीयोऽध्यायः ॥ २ ॥

धृतराष्ट्र उवाच—सुभाषितैर्महाप्राज्ञ शोकोऽयं विगतो मम।
भूय एव तु वाक्यानि श्रोतुमिच्छामि तत्वतः ॥ १ ॥
अनिष्टानां च संसर्गादिष्टानां च विसर्जनात्।
कथं हि मानसैर्दुःखैः प्रमुच्यन्ते तु पण्डिताः ॥ २ ॥

विदुर उवाच— यतो यतो मनो दुःखात्सुखाद्वा विप्रमुच्यते।
ततस्ततो नियम्यैतच्छान्तिं विन्देत वै बुधः ॥ ३ ॥
अशाश्वतमिदं सर्वं चिंत्यमानं नरर्षभ।
कदलीसन्निभो लोकः सारो यस्य न विद्यते ॥ ४ ॥
यदा प्राज्ञाश्च मूढाश्च धनवन्तोऽथ निर्धनाः।
सर्वे पितृवनं प्राप्य स्वपन्ति विगतज्वराः ॥ ५ ॥
निर्मांसैरस्थिभूयिष्ठैर्गात्रैः स्नायुनिबन्धिभिः।
किं विशेषं प्रपश्यंति तत्र तेषां परे जनाः ॥ ६ ॥

हुए कोई कर्मका फल नहीं भोगता, धर्मका सुख और पापका फल दुःख है, आपके समान बुद्धिमान लोग मूलनाश करनेवाले अज्ञानसे उत्पन्न हुये पापकर्म नहीं करते हैं। (३३–३७) [८१]

स्त्रीपर्वमें द्वितीय अध्याय समाप्त।

स्त्रीपर्वमें तृतीय अध्याय।

महाराज धृतराष्ट्र बोले, हे महाबुद्धिमान! तुम्हारे उत्तम वचन सुननेसे मेरा शोक नष्ट होगया। अब कुछ और सुननेकी इच्छा है, हम तुमसे प्रश्न करते हैं, कि प्यारी वस्तुओंके छूटने और अनिष्ट वस्तुओंके मिलनेसे पण्डितोंके मनमें दुःख क्यों नहीं होता? विदुर बोले, हे राजन्! जिस जिस वस्तुसे मनमें सुख वा दुःख होय, पण्डित उनहीसे दूर रहे और अपने मनको वशमें रक्खे तो शान्ति प्राप्ति होती है। (१—३)

हे पुरुषसिंह! आप अत्यन्त विचार कर देखिये तो यह अनित्य जगत् केलेके वृक्षके समान सारहीन मिलेगा, देखो सब पण्डित, मूर्ख, धनी और निर्धन श्मशानमें जाकर एक समान सो रहते हैं, देखो उस समय मांसरहित हड्डी और नाडियोंसे बन्धे हुए शरीरोंमें मनुष्यका भेद देखता है, अर्थात् मरे हुए दरिद्र और धनीके शरीरमें कुछ भेद नहीं रहता, जिससे कुल और रूप

येन प्रत्यवगच्छेयुः कुलरूपविशेषणम् ।
कस्मादन्योन्यमिच्छन्ति विप्रलब्धधियो नराः ॥ ७ ॥
गृहाणीव हि मर्त्यानामाहुर्देहानि पण्डिताः ।
कालेन विनियुज्यन्ते सत्वमेकं तु शाश्वतम् ॥ ८ ॥
यथा जीर्णमजीर्णं वा वस्त्रं त्यक्त्वा तु पूरुषः ।
अन्यद्गृह्णाति वस्त्रमेवं देहाः शरीरिणाम् ॥ ९ ॥
वैचित्रवीर्य साध्यं हि दुःखं वा यदि वा सुखम् ।
प्राप्नुवन्तीह भूतानि स्वकृतेनैव कर्मणा ॥ १० ॥
कर्मणा प्राप्यते स्वर्गः सुखं दुःखं च भारत ।
ततो वहति तं भारमवशः स्ववशोऽपि वा ॥ ११ ॥
यथा च मृन्मयं भाण्डं चक्रारूढं विपद्यते ।
किञ्चित्प्रक्रियमाणं वा कृतमात्रमथापि वा ॥ १२ ॥
छन्नं वाप्यवरोप्यन्तमवतीर्णमथापि वा ।
आर्द्रं वाऽप्यथवा शुष्कं पच्यमानमथापि वा ॥ १३ ॥
उत्तार्यमाणमापाकादुद्धृतं चापि भारत ।

आदिके विशेष भाव होते हैं, वह प्रारब्ध सदा ही सब कामोंमें सङ्ग रहती है, तब मूर्ख मनुष्य वृथा क्यों शोक करते हैं। पण्डितोंने शरीरोंको घरके समान कहा है, जैसे घर टूटनेसे घरका स्वामी नहीं मर जाता; ऐसे ही शरीर नष्ट होनेसे नित्य जीवका नाश नहीं होता। जैसे मनुष्य पुराने वस्त्र छोडकर नवीन वस्त्र पहिननेकी इच्छा करता है, ऐसे ही जीव एक शरीरको छोडकर दूसरे शरीरमें चला जाता है। (४–९)

हे विचित्रवीर्यपुत्र! मनुष्य विना कुछ कर्म किये फल नहीं भोगता। सुख अथवा दुःख अपने ही किये कर्मोंसे मिलता है, कर्मसे स्वर्ग, सुख, दुःख, स्वतन्त्रता और परतन्त्रता प्राप्त होती है, जैसे कोई मिट्टीका बरतन चाक पर चढते ही फूट जाता है, कोई पकते और कोई बहुत दिनमें टूटता है, ऐसे ही किसी कर्मका फल उसी समय, किसीका कुछ दिनमें और किसीका फल बहुत दिनमें होता है, कोई कर्म किसी कर्मसे ढक जाता है, कोई करते ही मात्र और कोई पीछे फल देता है। (१०–११)

हे राजन्! मनुष्योंके शरीरोंकी ऐसी गति है, जैसे कोई फल होते ही, कोई सूखा और कोई पकता पकता गिर पडता है, जैसे किसी अन्नकी हाण्डी

अथवा परिभृज्जन्तमेवं देहाः शरीरिणाम् ॥ १४ ॥
गर्भस्थो वा प्रसूतो वाऽप्यथवा दिवसान्तरः।
अर्धमासगतो वाऽपि मासमात्रगतोऽपि वा ॥ १५ ॥
संवत्सरगतो वापि द्विसंवत्सर एव वा।
यौवनस्थोऽथ मध्यस्थो वृद्धो वाऽपि विपद्यते ॥ १६ ॥
प्राक्कर्मभिस्तु भूतानि भवन्ति न भवन्ति च।
एवं सांसिद्धिके लोके किमर्थमनुतप्यसे ॥ १७ ॥
यथा तु सलिलं राजन् क्रीडार्थमनुसन्तरत्।
उन्मज्जेच निमज्जेच किञ्चित्सत्वं नराधिप ॥ १८ ॥
एवं संसारगहने उन्मज्जननिमज्जने।
कर्मभोगेन बध्यन्ते क्लिश्यन्ते चाल्पबुद्धयः ॥ १९ ॥
ते तु प्राज्ञाः स्थिताः सत्वे संसारेऽस्मिन् हितैषिणः।
समागमज्ञा भूतानां ते यान्ति परमां गतिम् ॥ २० ॥

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां स्त्रीपर्वणि जलप्रदानिकपर्वणि विशोककरणे तृतीयोऽध्यायः ॥ ३ ॥ [१०१]

धृतराष्ट्र उवाच—कथं संसारगहनं विज्ञेयं वदतां वर।
एतद्दिच्छाम्यहं श्रोतुं तत्त्वमाख्याहि पृच्छतः ॥ १ ॥

चुल्हेपर चढी, कोई उतरी, कोई उतरती, कोई आधी पकी और पूरी पककर फूटती है, ऐसेही किसीका शरीर गर्भहीमें उत्पन्न होते ही, किसीका एक दिनमें, किसीका दूसरे दिन, किसीका एक पक्षमें, किसीका एक महीनेमें, किसीका एक वर्षमें, किसीका दो वर्षमें, किसीका जवानीमें, किसीका बुढापेमें नष्ट होजाता है, पहिले कर्मोंके वशमें होकर मनुष्य उत्पन्न होते हैं और मरते हैं, यह संसार अपने स्वभावसे ऐसे ही चलता है, जैसे कोई जन्तु खेलनेके लिये पानीमें तैरता है, उसमें कभी डूबता है और कभी उछलता है, ऐसे ही इस गम्भीर जगत्में मूर्ख कर्मके वशमें होकर बन्धते हैं और दुःख भोगते हैं, परन्तु कल्याण चाहनेवाले पण्डित इन सब दुःखोंसे छूटकर मोक्ष पदको पाते हैं। (१२-२९) [१०१]

स्त्री पर्वमें तीन अध्याय समाप्त।

स्त्री पर्वमें चार अध्याय।

महाराज धृतराष्ट्र बोले, हे कहनेवालोंमें श्रेष्ठ विदुर! इस संसाररूपी वनको मनुष्यसे ही जान सक्ता है, हम

विदुर उवाच— जन्मप्रभृति भूतानां क्रिया सर्वोपलक्ष्यते ।
पूर्वमेवेह कलिले वसते किञ्चिदन्तरम् ॥ २ ॥
ततः स पञ्चमेऽतीते मासे वासमकल्पयत् ।
ततः सर्वाङ्गसम्पूर्णो गर्भो वै स तु जायते ॥ ३ ॥
अमेध्यमध्ये वसति मांसशोणितलेपने ।
ततस्तु वायुवेगेन ऊर्ध्वपादो ह्यधः शिराः ॥ ४ ॥
योनिद्वारमुपागम्य बहून् क्लेशान्स मृच्छति ।
योनिसम्पीडनाच्चैव पूर्वकर्मभिरन्वितः ॥ ५ ॥
तस्मान्मुक्तः स संसारादन्यान्पश्यत्युपद्रवान् ।
ग्रहास्तमनुगच्छन्ति सारमेया इवामिषम् ॥ ६ ॥
ततः प्राप्तोत्तरे काले व्याधयश्चापि तं तथा ।
उपसर्पन्ति जीवन्तं वध्यमानं स्वकर्मभिः ॥ ७ ॥
तं बद्धमिन्द्रियैः पाशैः सङ्गस्वादुभिरावृतम् ।
व्यसनान्यपि वर्तन्ते विविधानि नराधिप ॥ ८ ॥
वध्यमानश्च तैर्भूयो नैव तृप्तिमुपैति सः ।
तदा नावैति चैवायं प्रकुर्वन्साध्वसाधु वा ॥ ९ ॥

इस विषयको सुनना चाहते हैं तुम कहो । (१)

विदुर बोले, इस जीवको जन्महीसे क्रिया करनी होती है, पहिले जब स्त्रीके गर्भमें वीर्य और स्त्रीका रज मिलता है, तब ही जीव आकर उसमें वास करता है, फिर क्रमसे जब पांच महीने बीत जाते हैं, तब उस बालकके सब अङ्ग पूरे होजाते हैं, उस समय वह अपवित्र मांस और ऊपरको पैरके अनेक क्लेश सहता हुआ वायुके वेगसे योनीके द्वारमें टंगा रहता है । (२—५)

वहां उसे योनीकी पीडा और पूर्व जन्मके कर्मोंसे अनेक कष्ट भोगने पडते हैं, जब उस घोर आपत्तिसे छूटता है, तब संसारमें आकर अनेक उपद्रव करता और देखता है। उसके पास अनेक बन्धु बान्धव ऐसे आते हैं, जैसे मांसकी ओर कुत्ते । फिर जब कुछ समय बीत जाता है, तब पहिले कर्मोंसे अनेक रोग आकर अनेक पीडा देते हैं, जब वह मनुष्य इंद्रियोंकी फांसीमें फसकर विषयोंके स्वादमें पडता है, तब ही उसे अनेक प्रकारके विषय आकर घेर लेते हैं, उन विषयोंसे बार बार दुःख पानेपर भी आपत्तिसे नहीं छूटता, जब बुरा या

तथैव परिरक्षन्ति ये ध्यानपरिनिष्ठिताः।
अयं न बुद्ध्यते तावद्यमलोकमथागतम् ॥ १० ॥
यमदूतैर्विकृष्यंश्च मृत्युं कालेन गच्छति।
वाग्घीनस्य च यन्मात्रमिष्टानिष्टं कृतं मुखे।
भूय एवात्मनाऽऽत्मानं वध्यमानमुपेक्षते ॥ ११ ॥
अहो विनिकृतो लोको लोभेन च वशीकृतः।
लोभक्रोधभयोन्मत्तो नात्मानमवबुध्यते ॥ १२ ॥
कुलीनत्वे च रमते दुष्कुलीनान्विकुत्सयन्।
धनदर्पेण हसंश्च दरिद्रान्परिकुत्सयन् ॥ १३ ॥
मूर्खानिति परानाह नात्मानं समवेक्षते।
दोषान्क्षिपति चान्येषां नात्मानं शास्तुमिच्छति॥१४॥
यदा प्राज्ञाश्च मूर्खाश्च धनवन्तश्च निर्धनाः।
कुलीनाश्चाकुलीनाश्च मानिनोऽथाप्यमानिनः ॥ १५ ॥
सर्वे पितृवनं प्राप्ताः स्वपन्ति विगतत्वचः।
निर्मांसैरस्थिभूयिष्ठैर्गात्रैः स्नायुनिबन्धनैः ॥ १६ ॥

भला काम करते करते आपत्तियोंसे तृप्त नहीं होता, तब महात्मा शास्त्र और ध्यानकी विधिसे अपने आत्माकी रक्षा करते हैं। परन्तु मूर्ख कुछ भी नहीं जान सक्ता, तब उसे यमदूत खींचकर मारडालते हैं और यमलोकको ले जाते हैं। तब सब इन्द्रिय नष्ट होनेपर भी जो पहिले पुण्य और पाप किया था, उसका फल देखकर भी अपने कल्याणका कोई उपाय नहीं करता, अर्थात् अपने आप ही बन्धन काटनेका उपाय नहीं करता। (६-११)

देखो कैसे आश्चर्यकी बात है, कि सब जगत् पागलके समान होकर लोभके वशमें पडा है, देखो मनुष्य लोभ, क्रोध और भयसे पागल होकर अपने आत्माका कुछ ज्ञान नहीं करता। "हम कुलीन हैं" इस अभिमानसे छोटे कुलवालोंका और धनके अभिमानसे दरिद्रियोंकी निन्दा करता है, मैं पण्डित हूं और सब मूर्ख हैं, यह जानकर दूसरोंके दोष देखाता है, परन्तु अपने दोषोंको दूर करनेकी इच्छा नहीं करता। (१२-१४)

देखो पण्डित, मूर्ख, धनी, निर्धन, कुलीन, अकुलीन, मानी और मानरहित सब ही श्मशानमें जाकर नङ्गे होकर सो जाते हैं, किसीका मांस हड्डी और चसा भी नहीं बचती, उस समय दूसरे

विशेषं न प्रपश्यन्ति तत्र तेषां परे जनाः।
येन प्रत्यवगच्छेयुः कुलरूपविशेषणम् ॥ १७ ॥
यदा सर्वे समं न्यस्ताः स्वपन्ति धरणीतले।
कस्मादन्योन्यमिच्छन्ति प्रलब्धुमिह दुर्बुधाः।
प्रत्यक्षं च परोक्षञ्च यो निशम्य श्रुतिं त्विमाम्॥१८॥
अध्रुवे जीवलोकेऽस्मिन् यो धर्ममनुपालयन्।
जन्मप्रभृति वर्तेत प्राप्नुयात्परमां गतिम् ॥ १९ ॥
एवं सर्वं विदित्वा वै यस्तत्त्वमनुवर्तते।
स प्रमोक्षयते सर्वान्पन्थानो मनुजेश्वर ॥ २० ॥ [१२१]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां स्त्रीपर्वणि जलप्रदानिकपर्वणि विशोककरणे चतुर्थोऽध्यायः ४ ॥

धृतराष्ट्र उवाच—यदिदं धर्मगहनं बुद्ध्या समनुगम्यते।
तद्धि विस्तरतः सर्वं बुद्धिमार्ग प्रशंस मे ॥ १ ॥
विदुर उवाच— अत्र ते वर्तयिष्यामि नमस्कृत्वा स्वयंभुवे।
यथा संसारगहनं वदन्ति परमर्षयः ॥ २ ॥
कश्चिन्महति कान्तारे वर्तमानो द्विजः किल।

मनुष्योंको धनी और दरिद्रमें कुछ भी भेद नहीं दीखता, इससे उनका अज्ञान ही कुलीन यह अकुलीन, रूपवान वा कुरूप था। जब सब श्मशानमें जाकर एक समानही पृथ्वीमें सो जाते हैं, तब मूर्ख मनुष्य लोभके वशमें होकर काहेको परस्पर लडना भिडना चाहता है? (१५—१८)

हे पृथ्वीनाथ! जो इस तत्वको प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूपसे सुनकर इस ही प्रकार इस अनित्य जीव लोकमें अपने धर्मको पालता है, वह परम गतिको पाता है। जो इस तत्वको जानकर ऐसा ही वर्त्ताव करता है, वह अनेक मनुष्योंकी मोक्ष करता है। (१८-२०)

स्त्री पर्वमें चार अध्याय समाप्त। [१२१]

स्त्री पर्वमें पांच अध्याय।

महाराज धृतराष्ट्र बोले, हे विदुर! तुमने जो वर्णन किया सो बुद्धिमानोंके जानने योग्य है, इसलिये तुम इसहीको विस्तारपूर्वक हमको सुनाओ। (१)

विदुर बोले, हे महाराज! हम ब्रह्माको प्रणाम करके आपसे इस जगत् रूपी वनका उसी ही प्रकार वर्णन करते हैं, जैसे महर्षियोंने कहा है। (२)

एक ब्राह्मण कभी अनेक मांस खा-

महद्दुर्गमनुप्राप्तो वनं क्रव्यादसंकुलम् ॥ ३ ॥
सिंहव्याघ्रगजर्क्षौघैरतिघोरं महास्वनैः।
पिशितादैरतिभयैर्महोग्राकृतिभिस्तथा ॥ ४ ॥
समन्तात्सम्परिक्षिप्तं यत्स्म दृष्ट्वा त्रसेद्यमः।
तदस्य दृष्ट्वा हृदयमुद्वेगमगमत्परम् ॥ ५ ॥
अभ्युच्छ्रयं च रोम्णां वै विक्रियाश्च परन्तप।
स तद्वनं व्यनुसरन्संप्रधावन्नितस्ततः ॥ ६ ॥
वीक्षमाणो दिशः सर्वाः शरणं क्व भवेदिति।
स तेषां छिद्रमन्विच्छन्प्रद्रुतो भयपीडितः ॥ ७ ॥
न च निर्याति वै दूरं न वातैर्विप्रमुच्यते।
अथापश्यद्वनं घोरं समंताद्वागुरावृतम् ॥ ८ ॥
बाहुभ्यां सम्परिक्षिप्तं स्त्रिया परमघोरया।
पञ्चशीर्षैर्वरैर्नागैः शैलैरिव समुन्नतैः ॥ ९ ॥
नभःस्पृशैर्महावृक्षैः परिक्षिप्तं महावनम्।
वनमध्ये च तत्राभूदुदपानः समावृतः ॥ १० ॥
वल्लीभिस्तृणछन्नाभिर्दृढाभिरभिसंवृतः।
पपात स द्विजस्तत्र निगूढे सलिलाशये ॥ ११ ॥
विलग्नश्चाभवत्तस्मिंल्लतासन्तानसंकुले।
पनसस्य यथा जातं वृन्तबद्धं महाफलम् ॥ १२ ॥

नेवाले, भयरूप महाशब्दवाले बाघ, हाथी और ऋच्छोंके झुण्डोंसे भरे, भयानक, गर्जने योग्य, वनमें पहुंच गया, जिस वनको देखकर साक्षात् यमराज भी डरे, वहां जाकर इस ब्राह्मणका हृदय कांपने लगा, रोएं खडे होगये और सब काम भूल गया। फिर चारों ओर देखता हुआ "मैं किधर जाऊं" ये विचारता हुआ, उन जन्तुवोंसे बचता हुआ भयसे व्याकुल होकर इधर उधर वनमें घूमने लगा। उस वायुसे भरे वनसे विषयोंसे व्याकुल ब्राह्मण दूर न जा सका, फिर पर्वतोंके समान ऊंचे पांच विषीले सांपके सहित एक स्त्रीको देखा, फिर आकाशके समान वृक्षोंसे पूरित वेत और बडे बडे तिनकोंसे भरे एक तालाबको देखा, फिर ब्राह्मण उस गहरे तलावमें गिर पडा, फिर एक तिनकेको पकडकर उस लता भरे तलावमें अभिमान सहित इस प्रकार लटकने लगा, जैसे कटहरका बडा फल।

स तथा लम्बते तत्र ह्यूर्ध्वपादो ह्यधः शिराः।
अथ तत्रापि चान्योऽस्य भूयो जात उपद्रवः ॥ १३ ॥
कूपमध्ये महानागमपश्यत महाबलम्।
कूपवीनाहवेलायामपश्यत महागजम् ॥ १४ ॥
षड्वक्त्रं कृष्णशुक्लं च द्विषट्कपदचारिणम्।
क्रमेण परिसर्पन्तं वल्लीवृक्षसमावृतम् ॥ १५ ॥
तस्य चापि प्रशाखासु वृक्षशाखावलम्बिनः।
नानारूपा मधुकरा घोररूपा भयावहाः ॥ १६ ॥
आसते मधु संवृत्य पूर्वमेव निकेतजाः।
भूयोभूयः समीहन्ते मधूनि भरतर्षभ ॥ १७ ॥
स्वादनीयानि भूतानां यैर्वालो विप्रकृष्यते।
तेषां मधूनां बहुधा धारा प्रस्रवते तदा ॥ १८ ॥
आलम्बमानः स पुमान् धारां पिबति सर्वदा।
न चास्य तृष्णा विरता पिबमानस्य सङ्कटे ॥ १९ ॥
अभीप्सति तदा नित्यमतृप्तः स पुनः पुनः।
न चास्य जीविते राजन्निर्वेदः समजायत ॥ २० ॥
तत्रैव च मनुष्यस्य जीविताशा प्रतिष्ठिता।
कृष्णाः श्वेताश्च तं वृक्षं कृन्तन्ति च मूषिकाः ॥२१ ॥
व्यालैश्च वनदुर्गान्ते स्त्रिया च परमोग्रया।

वह जिस डालमें लटकता था, वहां इसका शिर नीचेको पैर ऊपरको थे,तब वहां उसने फिर एक उपद्रव देखा कि कूवेके बीचमें सांप बैठा है और ऊपर एक मतवाला हाथी खडा है, उस हाथी के छः मुह, सफेद और काला रङ्ग और चार पैर हैं, और क्रमसे उसहीकी ओर चला आता है, उस कूवेके ऊपर जो वृक्ष था, उसकी डालियोंमें भयानक अनेक रूपवाली मखियोंका छाता लगा है, उससे बार बार थोडा सहत गिरता है, और उसीको खाकर वह मूर्ख ब्राह्मण उस सङ्कटहीमें प्रसन्न होरहा है और उसकी प्यास नहीं बुझती और उसकी यही इच्छा होती है, कि मैं सदा यही शहत पीता रहूं। कभी उससे निराश नहीं होता, फिर उस ब्राह्मणने देखा कि कई सफेद और कई काले मूसे जिस लताको मैं पकडे रहा हूं, उसे काट रहे हैं, परन्तु तौभी उस ब्राह्मणको जीनेकी

कूपाधस्ताच्च नागेन पीनाहे कुञ्जरेण च ॥ २२ ॥
वृक्षप्रपाताच्च भयं मूषिकेभ्यश्च पञ्चमम्।
मधुलोभान्मधुकरैः षष्ठमाहुर्महद्भयम् ॥ २३ ॥
एवं स वसते तत्र क्षिप्तः संसारसागरे।
न चैव जीविताशायां निर्वेदमुपगच्छति ॥२४॥ [१४५]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां खीपर्वणि जलप्रदानिकपर्वणि विशोककारणे पंचमोऽध्यायः॥ ५ ॥

धृतराष्ट्र उवाच- अहो खलु महद्दुःखं कृच्छ्रवासश्च तस्य ह।
कथं तस्य रतिस्तत्र तुष्टिर्वा वदतां वर ॥ १ ॥
स देशः क नु यत्रासौ वसते धर्मसङ्कटे।
कथं वा स विमुच्येत नरस्तस्मान्महाभयात् ॥ २ ॥
एतन्मे सर्वमाचक्ष्व साधु चेष्टामहे तदा।
कृपा मे महती जाता तस्याभ्युद्धरणेन हि ॥ ३ ॥

विदुर उवाच— उपमानमिदं राजन्मोक्षविद्भिरुदाहृतम्।
सुकृतं विन्दते येन परलोकेषु मानवः ॥ ४ ॥
उच्यते यत्तु कान्तारं महासंसार एव सः।
वनं दुर्गं हि यच्चैतत्संसारगहनं हि तत् ॥ ५ ॥

आशा न छूटी, भयानक सांप, घोर स्त्री, वनके जन्तु, नीचेवाला सांप, ऊपर वाला हाथी, लता काटनेवाले दोनों मूसे और मधुमक्खी इन छह महाभयोंको भूलकर भी वह ब्राह्मण केवल शहतके स्वादको लेने लगा, और जीनेसे निराश न हुआ और इस ही प्रकार कूवेरूपी संसारमें पडा रहा। (३—२४) [१४५]

स्त्रीपर्वमें पांच अध्याय समाप्त।

स्त्रीपर्वमें छः अध्याय।

महाराज धृतराष्ट्र बोले, हे कहनेवालोंमें श्रेष्ठ विदुर! कष्टकी बात है कि वह ब्राह्मण महाकष्टमें पडा कहो वह वहां कैसे प्रसन्न और तृप्त होता था, वह देश कहां है, जहां ब्राह्मण धर्मके सङ्कटमें पडा था, वह उस दुःखसे कैसे छूटेगा, मुझे उसके ऊपर बहुत कृपा आई है, तुम यह मुझसे सब वर्णन करो। (१-३)

विदुर बोले, हे महाराज! मोक्ष जाननेवाले महात्माओंने यह वृत्तान्त कहा है, इससे मनुष्यका परलोकमें कल्याण होता है। हमने जो भयानक वन कहा, वहीं घोर संसार है। जङ्गली जन्तु

ये च ते कथिता व्याला व्याधयस्ते प्रकीर्तिताः ।
या सा नारी बृहत्काया अध्यतिष्ठत तत्र वै ॥ ६ ॥
तामाहुस्तु जरां प्राज्ञा रूपवर्णविनाशिनीम् ।
यस्तत्र कूपो नृपते स तु देहः शरीरिणाम् ॥ ७ ॥
यस्तत्र वसतेऽधस्तान्महाहिः काल एव सः ।
अन्तकः सर्वभूतानां देहिनां सर्वहार्यसौ ॥ ८ ॥
कूपमध्ये च या जाता वल्ली यत्र स मानवः ।
प्रताने लम्बते लग्नो जीविताशा शरीरिणाम् ॥ ९ ॥
स यस्तु कूपवीनाहे तं वृक्षं परिसर्पति ।
षड्वक्त्रः कुञ्जरो राजन्स तु संवत्सरः स्मृतः ॥ १० ॥
मुखानि ऋतवो मासाः पादा द्वादशकीर्तिताः ।
ये तु वृक्षं निकृन्तन्ति मूषिकाः पन्नगास्तथा ॥ ११ ॥
राज्यहानि तु तान्याहुर्भूतानां परिचिन्तकाः ।
ये ते मधुकरास्तत्र कामास्ते परिकीर्तिताः ॥ १२ ॥
धारास्तु ता बहुशो धाराः स्रवन्ति मधुनिस्रवम् ।
तां स्तु कामरसान्विद्यायत्र मज्जन्ति मानवाः ॥ १३ ॥
एवं संसारचक्रस्य परिवृत्तिं विदुर्बुधाः ।
येन संसारचक्रस्य पाशांश्छिन्दन्ति वै बुधाः ॥ १४ ॥ [१५९]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैय्यासिक्यां स्त्रीपर्वणि जलप्रदानिकपर्वणि विशोककरणे षष्ठोऽध्यायः ॥ ६ ॥

कहे वे सब रोग हैं, बडी शरीरवाली जो स्त्री कही वह यौवन और रूप नाश करनेवाला बुढापा है, जो सांप कहा सो शरीरमें नीचे रहनेवाला सांप काल है, वह सब शरीरधारियोंका नाश करता है, उस कूवेमें जो घास लटकती है, जिस को मनुष्य पकडकर लटक रहा है; वही अवस्था जीनेकी आशा है, जो इस वृक्षकी ओर छह मुखवाला हाथी दौडा आता है, वही वर्ष है; ६ ऋतु उसके मुख और चार महीने उसके पैर हैं और जो मूसे उस वृक्षको काट रहे हैं, पण्डित, उन्हें दिन रात कहे हैं; इसमें जो सहत की मक्खी है, वे अभिलाष हैं; जो सहत-की धार वहती है, वेही इच्छाओंके रस हैं; मनुष्य उसीमें डूबता और उछलता है। पण्डितोंने इस प्रकार इस संसार चक्रका वर्णन किया है, इसी प्रकार प-

धृतराष्ट्र उवाच—अहोऽभिहितमाख्यानं भवता तत्त्वदर्शिना।
भूय एव तु मे हर्षः श्रुत्वा वागमृतं तव ॥ १ ॥
विदुर उवाच— शृणु भूयः प्रवक्ष्यामि मार्गस्यैतस्य विस्तरम्।
यच्छ्रुत्वा विप्रमुच्यन्ते संसारेभ्यो विचक्षणाः ॥ २ ॥
यथा तु पुरुषो राजन्दीर्घमध्वानमाश्रितः।
क्वचित्क्वचिच्छ्रमाच्छ्रान्तः कुरुते वासमेव वा ॥ ३ ॥
एवं संसारपर्याये गर्भवासेषु भारत।
कुर्वन्ति दुर्बुधा वासं मुच्यन्ते तत्र पण्डिताः ॥ ४ ॥
तस्मादध्वानमेवैतमाहुः शास्त्रविदो जनाः।
यत्तुसंसारगहनं वनमाहुर्मनीषिणः ॥ ५ ॥
सोऽयं लोकसमावर्त्तो मर्त्यानां भरतर्षभ।
चराणां स्थावराणां च न गृध्येत्तत्र पण्डितः ॥ ६ ॥
शारीरा मानसाश्चैव मर्त्यानां ये तु व्याधयः।
प्रत्यक्षाश्च परोक्षाश्च ते व्यालाः कथिता बुधैः ॥ ७ ॥
क्लिश्यमानाश्च तैर्नित्यं वार्यमाणाश्च भारत।

ण्डित लोग संसारकी फांसी काटकर सुख पाते हैं। (४—१४) [१५९]

स्त्रीपर्वमें छः अध्याय समाप्त।

स्त्रीपर्वमें सात अध्याय।

महाराज धृतराष्ट्र बोले, हे विदुर! तुम बहुत पण्डित हो, तुमने जो मित्रके समान वचन कहे इनको सुनकर मैं बहुत प्रसन्न हुआ, अब तुम कुछ और वर्णन करो। (१)

विदुर बोले, हे राजन्! अब हम इस ही विषयको फिर विस्तारसे वर्णन करते हैं, आप सुनिये इस ही तत्वको जानकर पण्डित लोग संसारबन्धनसे छूट जाते हैं, जैसे मनुष्य बहुत दूरके मार्गको चला जाता है और थक थककर कहीं कहीं बैठ जाता है। हे भारत! इसही प्रकार मनुष्य गर्भवासमें आकर मूर्ख फिर भी उसी बन्धनमें पडते हैं और पण्डित लोग उसी बन्धनको काटकर सुख भोगते हैं, जिस संसारको वनरूपसे वर्णन किया था; उसीको यहां पर मार्ग कहा हैं। (२-५)

हे भरतसिंह! चर और अचर जीवोंसे भरा हुआ यह लोक अनेक चक्रके समान है, पण्डित इस संसारकी कभी भी इच्छा नहीं करते, इस जगत्में जिन मनुष्योंको संसारमें मन और शरीरके रोग होते हैं, वेही सांप हैं। हे भारत!

स्वकर्मभिर्महाव्यालैर्नोद्विजन्त्यल्पबुद्धयः ॥ ८ ॥
अथापि तैर्विमुच्येत व्याधिभिः पुरुषो नृप ।
आवृणोत्येव तं पश्चाज्जरा रूपविनाशिनी ॥ ९ ॥
शब्दरूपरसस्पर्शैर्गन्धैश्च विविधैरपि ।
मज्जमांसमहापङ्के निरालम्बे समन्ततः ॥ १० ॥
संवत्सराश्च मासाश्च पक्षाहोरात्रसन्धयः ।
क्रमेणास्योपयुञ्जन्ति रूपमायुस्तथैव च ॥ ११ ॥
एते कालस्य निधयो नैतान् जानन्ति दुर्बुधाः ।
धात्राऽभिलिखितान्याहुः सर्वभूतानि कर्मणा ॥ १२ ॥
रथः शरीरं भूतानां सत्वमाहुस्तु सारथिम् ।
इन्द्रियाणि हयानाहुः कर्मबुद्धिस्तु रश्मयः ॥ १३ ॥
तेषां हयानां यो वेगं धावतामनुधावति ।
स तु संसारचक्रेऽस्मिंश्चक्रवत्परिवर्तते ॥ १४ ॥
यस्तान्संयमते बुद्ध्या संयतो न निवर्तते ।
ये तु संसारचक्रेऽस्मिंश्चक्रवत्परिवर्तिते ॥ १५ ॥
भ्रममाणा न मुह्यन्ति संसारे न भ्रमन्ति ते ।

उन सांपोंसे मनुष्य बार बार दुःख पाता है, और बार बार कर्मोंके वशमें होकर फिर वही कर्म करता है, उन्हें छोडनेकी इच्छा नहीं करता है, इसीसे मनुष्य सदा मूर्ख बना रहता है, यदि उनसे भी मनुष्य किसी प्रकार बच जांय, तो रूप और यौवन नाश करनेवाले बुढापेसे किसी प्रकार नहीं बच सक्ता। शब्द, रूप, रस, गन्ध और अनेक प्रकारके स्पर्शके वशमें होकर मांस और चर्बीके भयानक कीचडमें फसता है, वर्ष, महीने, पक्ष, रात्रि, दिन और सन्ध्या ही क्रमसे मनुष्यको रूप और आयुको नष्ट करते हैं, यही समयका विचार है, मूर्ख लोग उसे नहीं जानते। ब्रह्माने, पहिले ही सब सुख, दुःख अवस्था बुढापा और रोग लिख दिये हैं, शरीर रथ, मन सारथी, इन्द्रिय घोडे, बुद्धि और कर्म रास है, जो इस रथमें बैठनेवाला अर्थात् जीव उन दौडते हुए घोडोंके सङ्ग दौडता है, वह संसार चक्रमें चाकके समान घूमता है, जो पण्डित अपनी बुद्धिसे उन घोडोंको अपने वशमें रखकर घूमते हुए इस संसार चक्रमें आप स्थिर होता है, और किसी प्रकार मोहमें नहीं पडता वह उस

संसारे भ्रमतां राजन् दुःखमेतद्धि जायते ॥ १६ ॥
तस्मादस्य निवृत्त्यर्थं यत्नमेवाचरेद् बुधः।
उपेक्षा नात्र कर्तव्या शतशाखः प्रवर्धते ॥ १७ ॥
यतेन्द्रियो नरो राजन् क्रोधलोभनिराकृतः।
सन्तुष्टः सत्यवादी यः स शान्तिमधिगच्छति॥ १८ ॥
याम्यमाहू रथं ह्येनं मुह्यन्ते येन दुर्बुधाः।
स चैतत्प्राप्नुयाद्राजन्यत्त्वं प्राप्तो नराधिप ॥ १९ ॥
अनुतर्षुलमेवैतद्दुःखं भवति भारिष।
राज्यनाशं सुहृन्नाशं सुतनाशं च भारत।
साधुः परमदुःखानां दुःखमेषज्यमाचरेत् ॥ २० ॥
ज्ञानौषधमवाप्येह दूरपारं महौषधम्।
छिन्द्यादुःखमहाव्याधिं नरः संयतमानसः ॥ २१ ॥
न विक्रमो न चाप्यर्थो न मित्रं न सुहृज्जनः।
तथोन्मोचयते दुःखाद्यथाऽऽत्मा स्थिरसंयमः ॥ २२ ॥
तस्मान्मैत्रं समास्थाय शीलमापद्य भारत।
दमस्त्यागोऽप्रमादश्च ते त्रयो ब्रह्मणो हयाः ॥ २३ ॥

घूमनेसे बचता है। (५-१५)

हे राजन्! संसारमें घूमनेवालोंको बार बार यही दुःख भोगने पडते हैं, इसलिये पण्डित इनको छोडनेहीका उपाय करे, इसके छोडनेमें विलम्ब नहीं करना चाहिये, क्यों कि विलम्ब करनेसे यह वृक्ष बढता ही जाता है। हे राजन्! जो मनुष्य इन्द्रियोंको वशमें करके क्रोध और लोभको छोड देता है, सन्तोष करके सत्य बोलता है, वही शान्ती और सुख पाता है। (१५-१८)

हे महाराज! यह शरीर यमराजका रथ है, इसमें बैठकर मूर्ख लोग पागल होजाते हैं और उनही दुःखोंमें पडते हैं, जिनमें आप पडे हैं। पुत्र, राज्य और मित्रोंका नाश होना ये सब दुःख उन्हें ही होते हैं। जो बहुत लोभ करते हैं, इसलिये पण्डितको उचित है कि अपने दुःखोंकी ओषधि करे, संसाररूपी रोगकी औषधि मनुष्य अपने मनको वशमें करके करे। इसकी औषधि ब्रह्मज्ञान ही है, मनुष्यको जैसे मनकी स्थिरता शक्ति उसको जैसे छुडा सक्ती है, तैसे बल, धन, मित्र और बन्धु, बान्धव नहीं छुडा सकते। इसलिये आप अपने मनको स्थिर करके सावधान हूजिये।

शीलरश्मिसमायुक्तः स्थितो यो मानसे रथे।
त्यक्त्वा मृत्युभयं राजन्ब्रह्मलोकं स गच्छति ॥ २४ ॥
अभयं सर्वभूतेभ्यो यो ददाति महीपते।
स गच्छति परं स्थानं विष्णोः पद्मनाभयम् ॥ २५ ॥
न तत्क्रतुसहस्रेण नोपवासैश्च नित्यशः।
अभयस्य च दानेन यत्फलं प्राप्नुयान्नरः ॥ २६ ॥
न ह्यात्मनः प्रियतरं किञ्चिद्भूतेषु निश्चितम्।
अनिष्टं सर्वभूतानां मरणं नाम भारत ॥ २७ ॥
तस्मात्सर्वेषु भूतेषु दया कार्या विपश्चिता।
नानामोहसमायुक्ता बुद्धिजालेन संवृताः ॥ २८ ॥
असूक्ष्मदृष्टयो मन्दा भ्राम्यन्ते तत्र तत्र ह।
सुसूक्ष्मदृष्टयो राजन्व्रजन्ति ब्रह्म शाश्वतम् ॥ २९ ॥[१८८]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां स्त्रीपर्वणि जलप्रदानिकपर्वणि विशोककरणे सप्तमोऽध्यायः ॥ ७ ॥

वैशम्पायन उवाच-विदुरस्य तु तद्वाक्यं निशम्य कुरुसत्तमः।
पुत्रशोकाभिसन्तप्तः पपात भुवि मूर्च्छितः ॥ १ ॥

इन्द्रियोंको वशमें रखना, त्याग और सावधानी ये तीनों ब्रह्मके घोडे हैं, जो मनुष्य इन घोडोंकी लगामको पकडकर शीलरूपी रथमें बैठकर चलता है, वह मृत्युके डरको पार होके ब्रह्मलोकको चला जाता है। (१९-२४)

हे पृथ्वीनाथ! जो सब मनुष्योंको अभय दान करनेसे मनुष्यको फल मिलता है, वह सहस्रों यज्ञ और व्रत करनेसे भी नहीं मिलता है। ऐसी कोई बात नहीं है, जो निश्चय करके मनुष्यकी हित कही जाय। परन्तु सब मनुष्योंके लिये मरना ही अहित है, इसलिये पण्डित मनुष्यको उचित है, कि सदा प्राणियोंपर कृपा करै, परन्तु मूर्ख मनुष्य अनेक प्रकारके मोह और बुद्धिके जालमें फंसकर संसारमें घूमते हैं, परन्तु पण्डित संसारको छोडकर सनातन ब्रह्मको प्राप्त होते है। (२४-२९) [१८८]

स्त्रीपर्वमें सातवां अध्याय समाप्त

स्त्रीपर्वमें आठ अध्याय।

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे राजन् जनमेजय! कुरुकुलराज धृतराष्ट्र विदुरके ऐसे वचन सुन पुत्रोंके शोकसे व्याकुल होकर मूर्च्छा खाकर पृथ्वीमें गिर पडे। राजाको पृथ्वीमें पडे और मूर्च्छि-

तं तथा पतितं भूमौ निःसंज्ञं प्रेक्ष्य बान्धवाः।
कृष्णद्वैपायनश्चैव क्षत्ता च विदुरस्तथा ॥ २ ॥
सञ्जयः सुहृदश्चान्ये द्वाःस्था ये चास्य संमताः।
जलेन सुखशीतेन तालवृन्तैश्च भारत ॥ ३ ॥
पस्पर्शुश्च करैर्गात्रं वीज्यमानश्च यत्नतः।
आश्वास्य तु चिरं कालं धृतराष्ट्रं तथागतम् ॥ ४ ॥
अथ दीर्घस्य कालस्य लब्धसंज्ञो महीपतिः।
विललाप चिरं कालं पुत्रादिभिरभिप्लुतः ॥ ५ ॥
धिगस्तु खलु मानुष्यं मानुषेषु परिग्रहे।
यतो मूलानि दुःखानि सम्भवन्ति मुहुर्मुहुः ॥ ६ ॥
पुत्रनाशेऽर्थनाशे च ज्ञातिसम्बन्धिनामथ।
प्राप्यते सुमहद्दुःखं विषाग्निप्रतिमं विभो ॥ ७ ॥
येन दह्यन्ति गात्राणि येन प्रज्ञा विनश्यति।
येनाभिभूतः पुरुषो मरणं बहु मन्यते ॥ ८ ॥
तदिदं व्यसनं प्राप्तं मया भाग्यविपर्ययात्।
तस्यान्तं नाधिगच्छामि ऋते प्राणविमोक्षणात् ॥ ९ ॥
तथैवाहं करिष्यामि अद्यैव द्विजसत्तम।
इत्युक्त्वा तु महात्मानं पितरं ब्रह्मवित्तमम् ॥ १० ॥

त देखकर सब बान्धव, श्रीकृष्णद्वैपायन वेदव्यास, विदुर, और सञ्जय आदि सब मन्त्री उनके ऊपर ठंडा जल छिडकने लगे, बहुत देरमें बहुत यत्न करनेसे राजा धृतराष्ट्र चैतन्य होकर पुत्रोंके शोकसे व्याकुल होकर बहुत देर तक रोते रहे। फिर कहने लगे कि, मनुष्य जन्मको धिक्कार है, विशेष कर गृहस्थों को; क्यों कि बार बार गृहस्थोंको दुःख ही भोगना होता है। देखो पुत्र, धन, जाति और संबन्धियोंका नाश होनेसे दुःख और विषाग्निके समान महादुःख भोगने पडते हैं। जिनको सहते सहते शरीर जलने लगते और बुद्धिका नाश होजाता है, उस समय जीनेसे मरना अच्छा समझते हैं। आज प्रारब्ध उलटी होनेसे मुझे भी वैसाही भयानक दुःख हुवा है। मुझे निश्चय होता है, कि, विना प्राण छोडे इस दुःखके पार नहीं जा सकूंगा, हे ब्राह्मणश्रेष्ठ व्यास मुने! अब मैं अपना प्राण छोड दूंगा। (१–९)

महात्मा वेद जाननेवालोंमें श्रेष्ठ

धृतराष्ट्रोऽभवन्मूढः सशोकं परमं गतः।
अभूच्च तूष्णीं राजाऽसौ ध्यायमानो महीपते ॥ ११ ॥
तस्य तद्वचनं श्रुत्वा कृष्णद्वैपायनः प्रभुः।
पुत्रशोकाभिसन्तप्तं पुत्रं वचनमब्रवीत् ॥ १२ ॥

व्यास उवाच— धृतराष्ट्र महाबाहो यत्त्वां वक्ष्यामि तच्छ्रुणु।
श्रुतवानसि मेधावी धर्मार्थकुशलः प्रभो ॥ १३ ॥
न तेऽस्त्यविदितं किञ्चिद्वेदितव्यं परन्तप।
अनित्यतां हि मर्त्यानां विजानासि न संशयः॥ १४ ॥
अध्रुवे जीवलोके च स्थाने वा शाश्वते सति।
जीविते मरणान्ते च कस्माच्छोचसि भारत ॥ १५ ॥
प्रत्यक्षं तव राजेन्द्र वैरस्यास्य समुद्भवः।
पुत्रं ते कारणं कृत्वा कालयोगेन कारितः ॥ १६ ॥
अवश्यं भवितव्ये च कुरूणां वैशसे नृप।
कस्माच्छोचसि तान्शूरान् गतान्परमिकां गतिम् ॥१७॥
जानता च महाबाहो विदुरेण महात्मना।

अपने पिता व्यासमुनीसे ऐसा कहकर राजा धृतराष्ट्र फिर शोकसे व्याकुल होकर अपने पुत्रोंका ध्यान करते हुए मूर्खके समान चुप होकर बैठ गये। (१०—११)

राजा धृतराष्ट्रको पुत्रशोकसे व्याकुल देखकर व्यासमुनि ऐसे वचन कहने लगे। (१२)

श्रीव्यासमुनि बोले, हे महाराज महाबाहु धृतराष्ट्र! तुम बडे बुद्धिमान हो, तुमने अनेक कथा सुनी है, अब हम तुमसे जो कहते हैं सो सुनो। हे शत्रुनाशन! जगत्में ऐसी कोई वस्तु नहीं है, जिसे तुम नहीं जानते। इसमें कुछ सन्देह नहीं है, कि तुम जगत्की अनित्यताको जानते हो; हे भारत! इस अनित्य जीव लोकमें जीव अपने समयतकही निवास करता है तब तुम जीने और मरनेका शोच क्यों करते हो? हे राजन्! तुम्हारे देखते ही देखते समयके दुर्योग से यह वैर उत्पन्न होगया और दुर्योधन उसका कारण होगये। हे राजन्! जो बात अवश्य होनेवाली होती है, वह कभी नहीं रुक सक्ती है। कुरुकुलमें युद्ध होने ही वाला था, इसलिये तुम शोच क्यों करते हो, उस युद्धमें जो वीर रहे थे सो सब स्वर्गको गये। हे महाबाहो! सब बातोंको जाननेवाले महात्मा विदु-

यतितं सर्वयत्नेन शमं प्रति जनेश्वर ॥ १८ ॥
न च दैवकृतो मार्गः शक्यो भूतेन केनचित् ।
घटताऽपि चिरं कालं नियन्तुमिति मे मतिः ॥ १९ ॥
देवतानां हि यत्कार्यं मया प्रत्यक्षतः श्रुतम् ।
तत्तेहं सम्प्रवक्ष्यामि यथा स्थैर्यं भवेत्तव ॥ २० ॥
पुराऽहं त्वरितो यातः सभामैन्द्रीं जितक्रमः ।
अपश्यं तत्र च तदा समवेतान्दिवौकसः ॥ २१ ॥
नारदप्रमुखाश्चापि सर्वे देवर्षयोऽनघ ।
तत्र चापि मया दृष्टा पृथिवी पृथिवीपते ॥ २२ ॥
कार्यार्थमुपसम्प्राप्ता देवतानां समीपतः ।
उपगम्य तदा धात्री देवानाह समागतान् ॥ २३ ॥
यत्कार्यं मम युष्माभिर्ब्रह्मणः सदने तदा ।
प्रतिज्ञातं महाभागास्तच्छीघ्रं संविधीयताम् ॥ २४ ॥
तस्यास्तद्वचनं श्रुत्वा विष्णुर्लोकनमस्कृतः ।
उवाच वाक्यं प्रहसन् पृथिवीं देवसंसदि ॥ २५ ॥
धृतराष्ट्रस्य पुत्राणां यस्तु ज्येष्ठः शतस्य वै ।
दुर्योधन इति ख्यातः स ते कार्यं करिष्यति ॥ २६ ॥
तं च प्राप्य महीपालं कृतकृत्या भविष्यसि ।

रने शान्तिके लिये बहुत यत्न भी किये, परन्तु कोई मनुष्य बहुत दिनतक बहुत यत्न करनेपर भी प्रारब्धको नहीं रोक सक्ता, हमने जो देवतोंकी बात अपने कानसे सुनी थी सो तुमसे कहते हैं, उसके सुननेसे तुम कुछ सावधान होगे। (१३-२०)

पहिले मैं एकदिन बहुत शीघ्रतासे सावधान होकर इन्द्रकी सभामें गया, वहां जाकर सब देवतोंको इकट्ठे देखा। हे पापरहित! वहां नारद आदि सब देव ऋषि भी बैठे थे, मैंने वहां पृथ्वीको भी देखा, पृथ्वी कुछ कामके लिये देवतोंके यहां गई थी, उसने सब देवतोंसे कहा, तुम लोगोंने जो मेरे काम के लिये कहा था, और धर्मसे जो प्रतिज्ञा की थी, उसे सत्य करो। पृथ्वीके ऐसे वचन सुन देवतोंकी सभामें बैठे हुए जगत् वन्दित विष्णु हंसकर पृथ्वी से बोले, हे पृथ्वी! जो धृतराष्ट्रके सो बेटोंमें बडा दुर्योधन है, वह तुम्हारे कामको सिद्ध करेगा, उस ही राजासे

तस्यार्थे पृथिवीपालाः कुरुक्षेत्रसमागताः ॥ २७ ॥
अन्योन्यं घातयिष्यन्ति दृढैः शस्त्रैः प्रहारिणः।
ततस्ते भविता देवि भारस्य युधि नाशनम् ॥ २८ ॥
गच्छ शीघ्रं स्वकं स्थानं लोकान्धारय शोभने।
य एष ते सुतो राजन् लोकसंहारकारणात् ॥ २९ ॥
कलेरंशः समुत्पन्नो गान्धार्यां जठरे नृप।
अमर्षी चपलश्चापि क्रोधनो दुष्प्रसाधनः ॥ ३० ॥
दैवयोगात्समुत्पन्ना भ्रातरश्चास्य तादृशाः।
शकुनिर्मातुलश्चैव कर्णश्च परमः सखा ॥ ३१ ॥
समुत्पन्ना विनाशार्थं पृथिव्यां सहिता नृपाः।
यादृशो जायते राजा तादृशोऽस्य जनो भवेत् ॥३२॥
अधर्मो धर्मतां याति स्वामी चेद्धार्मिको भवेत्।
स्वामिनो गुणदोषाभ्यां भृत्याः स्युर्नात्रसंशयः ॥३३॥
दुष्टं राजानमासाद्य गतास्ते तनया नृप।
एतमर्थं महाबाहो नारदो वेद तत्त्ववित् ॥ ३४ ॥
आत्मापराधात्पुत्रास्ते विनष्टाः पृथिवीपते।

तुम्हारे सब काम सिद्ध होंगे; उसके लिये सब महाशस्त्रधारी राजा कुरुक्षेत्रमें इकट्ठे होंकर एक दूसरेको मारेंगे। हे देवि! उस ही युद्धमें तुम्हारा भार उतरेगा, इसलिये तुम अपने घरको जावो और सब जगत्को धारण करो। हे राजन्! तुम्हारा बेटा दुर्योधन जगत्का नाश करनेके लिये गान्धारीके पेटसे उत्पन्न हुआ था, वह क्रोधी, चञ्चल, किसीकी बातको न माननेवाला और कलियुगका अवतार था, प्रारब्धसे उसके भाई, उसका मामा शकुनी और परममित्र कर्ण भी वैसे ही उत्पन्न होगये थे, जब जैसा राजा होता है, तब उसके सब मनुष्य भी वैसे ही होजाते हैं। सब राजा जगत्के नाश करनेहीको इकट्ठे हुए थे। (२१-३२)

जब राजा धर्मात्मा होता है, तब अधर्मी भी धर्मात्मा होजाते हैं, इसमें कुछ सन्देह नहीं, कि स्वामीके दोष और गुण नौकरमें भी आजाते हैं। हे राजन्! हे महाबाहो! दुष्ट राजा दुर्योधनके वशमें होकर तुम्हारे सब बेटे मारे गये। कुरुकुलका इस प्रकार नाश होगा, यह बात हमसे वेदका तत्व जाननेवाले नारद पहिले ही कह गये थे। हे पृथ्वीनाथ!

मा तान् शोचस्व राजेन्द्र न हि शोकेऽस्ति कारणम्॥३५॥
न हि ते पाण्डवाः स्वल्पमपराध्यन्ति भारत।
पुत्रास्तव दुरात्मानो यैरियं घातिता मही ॥ ३६ ॥
नारदेन च भद्रं ते पूर्वमेव न संशयः।
युधिष्ठिरस्य समितौ राजसूये निवेदितम् ॥ ३७ ॥
पाण्डवाः कौरवाः सर्वे समासाद्य परस्परम्।
न भविष्यन्ति कौन्तेय यत्ते कृत्यं तदाचर ॥ ३८ ॥
नारदस्य वचः श्रुत्वा तदाऽशोचन्त पाण्डवाः।
एवं ते सर्वमाख्यातं देवगुह्यं सनातनम् ॥ ३९ ॥
कथं ते शोकनाशः स्यात्प्राणेषु च दया प्रभो।
स्नेहश्च पाण्डुपुत्रेषु ज्ञात्वा दैवकृतं विधिम् ॥ ४० ॥
एष चार्थो महाबाहो पूर्वमेव मया श्रुतः।
कथितो धर्मराजस्य राजसूये क्रतूत्तमे ॥ ४१ ॥
यतितं धर्मपुत्रेण मया गुह्ये निवेदिते।
अविग्रहे कौरवाणां दैवं तु बलवत्तरम् ॥ ४२ ॥
अनतिक्रमणीयो हि विधी राजन्कथञ्चन।
कृतान्तस्य तु भूतेन स्थावरेण चरेण च ॥ ४३ ॥
भवान्धर्मपरो यत्र बुद्धिश्रेष्ठश्च भारत।

तुम्हारे पुत्रोंके ही देखते नाश हुआ, इसलिये तुम उनका शोक मत करो। क्यों कि शोकसे कुछ होता नहीं। (३३-३५)

हे भारत! तुम्हारे दुष्ट पुत्रोंने इस जगत्का नाश किया, अब भी पाण्डव तुम्हारा कुछ अपराध नहीं करेंगे। हे राजन्! तुम्हारा कल्याण हो। युधिष्ठिरकी राजसूय यज्ञमें नारदने ये सब पहिले ही कह दिया था, कि कौरव और पाण्डव परस्पर लडके मर जांयगे, इसलिये जो तुम्हे करना होय सो करलो। नारदके ऐसे वचन सुन पाण्डवोंने उस ही समय बहुत शोच किया था, हमने ये सब गुप्त बात तुमसे कही। अब तुम ये सब प्रारब्धसे हुआ ऐसा विचार कर शोक छोड दो, सब पर कृपा करो। हे महाबाहो! हमने युधिष्ठिरके राजसूय यज्ञमें ये सब समाचार पहिले ही सुना था, जब मैंने यह गुप्त बात युधिष्ठिरसे कही थी, तभीसे उन्होंने शान्तिके लिये बहुत यत्न किया, परन्तु प्रारब्ध बडी ही बलवान है; इसे कोई कभी नांध नहीं

मुह्यते प्राणिनां ज्ञात्वा गतिं चागतिमेव च ॥ ४४ ॥
त्वां तु शोकेन सन्तप्तं मुह्यमानं मुहुर्मुहुः।
ज्ञात्वा युधिष्ठिरो राजा प्राणानपि परित्यजेत् ॥ ४५ ॥
कृपालुर्नित्यशो वीरस्तिर्यग्योनिगतेष्वपि।
स कथं त्वयि राजेन्द्र कृपां नैव करिष्यति ॥ ४६ ॥
मम चैव नियोगेन विधेश्चाप्यनिवर्तनात्।
पाण्डवानां च कारुण्यात्प्राणान्धारय भारत ॥ ४७ ॥
एवं ते वर्तमानस्य लोके कीर्तिर्भविष्यति।
धर्मार्थौ सुमहांस्तात तपश्चिरात् ॥ ४८ ॥
पुत्रशोकसमुत्पन्नं हुताशं ज्वलितं यथा।
प्रज्ञाऽम्भसा महाभाग निर्वापय सदा सदा ॥ ४९ ॥

वैशम्पायन उवाच- तच्छ्रुत्वा तस्य वचनं व्यासस्यामिततेजसः।
मुहूर्तं समनुध्यायन्धृतराष्ट्रोऽभ्यभाषत ॥ ५० ॥
महता शोकजालेन प्रणुन्नोऽस्मि द्विजोत्तम।
नात्मानमवबुध्यामि मुह्यमानो मुहुर्मुहुः ॥ ५१ ॥
इदं तु वचनं श्रुत्वा तव देव नियोगजम्।
धारयिष्याम्यहं प्राणान् घटिष्ये न तु शोचितुम्॥५२॥

सकता, सब चर और अचर यमलोकको जांयगे,तब तुम ऐसे धर्मात्मा बुद्धिमानों को प्राणियोंकी गति और अगति जानकर भी ऐसा शोच होता है। तुमको बार बार शोकसे व्याकुल देखकर राजा युधिष्ठिर प्राणतक भी दे सक्ते हैं। (३६—४५)

हे राजेन्द्र ! जो वीर राजा युधिष्ठिर सदा पशुवोंपर भी कृपा करते हैं, सो तुम्हारे ऊपर कृपा क्यों न करेंगे ? हे भारत ! मेरे कहनेसे प्रारब्धके वश और पाण्डवोंकी कृपासे तुम प्राणोंको धारण करो। हे तात ! ऐसा करनेसे जगत्में तुम्हारी बहुत कीर्ति होगी। धर्म, अर्थ और तपकी बहुत वृद्धि होगी, तुम इस आगके समान जलते हुए पुत्रशोकको बुद्धिरूपी पानीसे बुझा देवो। (४६-४९)

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले,महातेजस्वी व्यासके ऐसे वचन सुन राजा धृतराष्ट्र थोडी देरतक शोच करके ऐसा बोले, हे ब्राह्मणश्रेष्ठ ! मैं महाशोकजाल में फसा हूं, इसलिये मुझे कुछ ज्ञान नहीं होता, मैं बार बार मूर्च्छित होता हूं, हे देव ! अब आपके वचन सुनकर

एतच्छ्रुत्वा तु वचनं व्यासः सत्यवतीसुतः।
धृतराष्ट्रस्य राजेन्द्र तत्रैवान्तरधीयत ॥ ५३ ॥ [२४१]

इतिश्री महाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां श्रीपर्वणि जलप्रदानिकपर्वणि धृतराष्ट्रविलोककरणे सप्तमोऽध्यायः ॥ ८ ॥

जनमेजय उवाच- गते भगवति व्यासे धृतराष्ट्रो महीपतिः।
किमचेष्टत विप्रर्षे तन्मे व्याख्यातुमर्हसि ॥ १ ॥
तथैव कौरवो राजा धर्मपुत्रो महामनाः।
कृपप्रभृतयश्चैव किमकुर्वत ते त्रयः। ॥ २ ॥
अश्वत्थाम्नः श्रुतं कर्म शापश्चान्योन्यकारितः।
वृत्तान्तमुत्तरं ब्रूहि यद्भाषत सञ्जयः ॥ ३ ॥
वैशम्पायन उवाच-हते दुर्योधने चैव हते सैन्ये च सर्वशः।
सञ्जयो विगतप्रज्ञो धृतराष्ट्रमुपस्थितः ॥ ४ ॥
सञ्जय उवाच— आगम्य नानादेशेभ्यो नानाजनपदेश्वराः।
पितृलोकगता राजन् सर्वे तव सुतैः सह ॥ ५ ॥
याच्यमानेन सततं तव पुत्रेण भारत।
घातिता पृथिवी सर्वा वैरस्यान्तं विधित्सता ॥ ६ ॥

मैं शोक छोडने और मन शांतवान करनेका यत्न करूंगा। राजा धृतराष्ट्रके ऐसे वचन सुन सत्यवतीके पुत्र व्यास मुनि वहीं अन्तर्धान होगये। (५०-५३)

श्री पर्वमें आठ अध्याय समाप्त। [२४१]

श्री पर्वमें नौ अध्याय।

महाराज जनमेजय बोले, हे ब्राह्मण-श्रेष्ठ वैशम्पायन मुने, जब धृतराष्ट्रके पास भगवान वेदव्यास चले गये, तब उन्होंने क्या किया? कुरुकुलश्रेष्ठ महात्मा धर्मराज युधिष्ठिरने तथा बचे हुए कृपाचार्य, अश्वत्थामा और कृतवर्माने क्या किया सो कहिये। हमने अश्वत्थामा और श्रीकृष्णके परस्पर शापकी कथा सुनी इसके पश्चात् सञ्जयने राजा धृतराष्ट्रसे क्या कहा सो कहिये। (१-३)

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे राजन् जनमेजय! जब राजा दुर्योधन मारे गये और सब सेनाका नाश हो चुका तब सञ्जय शोकसे व्याकुल होकर राजा धृतराष्ट्रके पास आकर कहने लगे। सञ्जय बोले, हे राजन्! अनेक देशोंके राजा कुरुक्षेत्रमें इकट्ठे होकर तुम्हारे पुत्रोंके सहित मारे गये। अनेक बार पाण्डवोंने पृथ्वी मांगी तो भी दुर्योधनने वैरका अन्त करनेके लिये ये सब जगत्का

पुत्राणामथ पौत्राणां पितॄणां च महीपते ।
आनुपूर्व्येण सर्वेषां प्रेतकार्याणि कारय ॥ ७ ॥
वैशम्पायन उवाच- तच्छ्रुत्वा वचनं घोरं सञ्जयस्य महीपतिः ।
गतासुरिव निश्चेष्टो न्यपतत्पृथिवीतले ॥ ८ ॥
तं शयानमुपागम्य पृथिव्यां पृथिवीपतिम् ।
विदुरः सर्वधर्मज्ञ इदं वचनमब्रवीत् ॥ ९ ॥
उत्तिष्ठ राजन् किं शेषे मा शुचो भरतर्षभ ।
एषा वै सर्वसत्वानां लोकेश्वरपरा गतिः ॥ १० ॥
अभावादीनि भूतानि भावमध्यानि भारत ।
अभावनिधनान्येव तत्र का परिदेवना ॥ ११ ॥
न शोचन् म्रियते म्रियमन्वेति न शोचन् म्रियते नरः ।
एवं सांसिद्धिके लोके किमर्थमनुशोचसि ॥ १२ ॥
अयुध्यमानो म्रियते युध्यमानस्तु जीवति ।
कालं प्राप्य महाराज न कश्चिदतिवर्तते ॥ १३ ॥
कालः कर्षति भूतानि सर्वाणि विविधानि च ।
न कालस्य प्रियः कश्चिन्न द्वेष्यः कुरुसत्तम ॥ १४ ॥

नाश कराया, अब आप क्रमसे बेटे, पोते, पिता, बन्धु और बान्धवोंके प्रेत-कर्म कीजिये । (४-७)

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, सञ्जयके ऐसे भयानक वचन सुनते ही राजा धृतराष्ट्र मरे हुए मनुष्यके समान मूर्च्छित होकर पृथ्वीमें गिर पडे । राजाको पृथ्वीमें पडा देख सब धर्म जानने वाले विदुर उनके पास आकर ऐसा वचन कहने लगे, हे भरतकुलश्रेष्ठ महाराज ! आप क्या पृथ्वीमें पडे हैं, उठिये और कुछ शोच न कीजिये । हे लोकनाथ ! जगत्के सब प्राणियोंकी यही दशा होती है, हे राजन् ! जगत् पहिले नहीं था, केवल बीचमें हो गया है और अन्तमें भी नहीं रहेगा, इसलिये उसका शोच क्यों करना ? कोई रोनेसे मरे हुएके सङ्ग नहीं जाता, न रोनेसे मरा हुआ मिलता ही है, इसलिये आप शोच क्यों करते हैं ? (८-१२)

कभी ऐसा होता है, कि मनुष्य विना युद्ध किये ही मर जाता है और कभी युद्ध करनेसे भी बचता है परन्तु काल आनेसे कोई नहीं बचता, कालका कोई मित्र या शत्रु नहीं है, इसलिये वह सबहीका नाश करता है, जैसे वायु

यथा वायुस्तृणाग्राणि संवर्तयति सर्वतः।
तथा कालवशं यान्ति भूतानि भरतर्षभ ॥ १५ ॥
एकसार्थप्रयातानां सर्वेषां तत्र गामिनाम्।
यस्य कालः प्रयात्यग्रे तत्र का परिदेवना ॥ १६ ॥
यांश्चापि निहतान्युद्धे राजंस्त्वमनुशोचसि।
न शोच्या हि महात्मानः सर्वे ते त्रिदिवं गताः॥ १७॥
न यज्ञैर्दक्षिणावद्भिर्न तपोभिर्न विद्यया।
तथा स्वर्गमुपायान्ति यथा शूरास्तनुत्यजः ॥ १८ ॥
सर्वे वेदविदः शूराः सर्वे सुचरितव्रताः।
सर्वे चाभिमुखाः क्षीणास्तत्र का परिदेवना ॥ १९ ॥
शरीराग्निषु शूराणां जुहुवुस्ते शराहुतीः।
हूयमानान् शरांश्चैव सेहुरुत्तमपूरुषाः ॥ २० ॥
एवं राजंस्त्वाचक्षे स्वर्ग्यं पन्थानमुत्तमम्।
न युद्धादधिकं किञ्चित्क्षत्रियस्येह विद्यते ॥ २१ ॥
क्षत्रियास्ते महात्मानः शूराः समितिशोभनाः।
आशिषं परमां प्राप्ता न शोच्याः सर्व एव हि॥ २२ ॥
आत्मनाऽऽत्मानमाश्वास्य मा शुचः पुरुषर्षभ।
नाद्य शोकाभिभूतस्त्वं कार्यमुत्सृष्टुमर्हसि ॥ २३ ॥ [२६४]

इति श्रीमहाभारतेऽ वैयासिक्यां संहितायां वैयासिक्यां जलप्रदानिकपर्वणि विदुरवाक्ये नवमोऽध्यायः ॥ ९ ॥

तिनकोंको उड़ाया करता है, ऐसे ही कालके वशमें होकर सब प्राणी घुमा करते हैं। सबको वहीं जाना है परन्तु जिसका काल पहिले आता है, वही पहिले जाता है इसमें शोचनेका क्या काम है ? हे राजन्! जिन युद्धमें मरे हुए महात्माओंका आप शोच करते हैं; वे शोचने योग्य नहीं थे, वे सब स्वर्गको गये। क्षत्रियोंको युद्धमें मरनेसे जो गति मिलती है सो दक्षिणा सहित यज्ञ, और अनेक तप करनेसे भी नहीं मिलती। उन वीरोंने शत्रुओंकी शरीररूपी अग्निमें बाणरूपी आहुती छोड़ी और तेज बाणों को सहा। हे राजन्! क्षत्रियोंके लिये युद्धसे बचकर और कोई स्वर्गका मार्ग नहीं है। सब महात्मा वीर क्षत्री उत्तम स्वर्गको गये इसलिये उनका शोच नहीं करना चाहिये। हे भरतसिंह! आप अपनी बुद्धिसे अपना धीरज बांधिये, क्यों कि शोचसे व्याकुल होकर

वैशम्पायन उवाच—विदुरस्य तु तद्वाक्यं श्रुत्वा तु पुरुषर्षभः।
युज्यतां यानमित्युक्त्वा पुनर्वचनमब्रवीत् ॥ १ ॥
धृतराष्ट्र उवाच—शीघ्रमानय गान्धारीं सर्वाश्च भरतस्त्रियः।
वधूं कुन्तीमुपादाय याश्चान्यास्तत्र योषितः ॥ २ ॥
एवमुक्त्वा स धर्मात्मा विदुरं धर्मवित्तमम्।
शोकविप्रहतज्ञानो यानमेवान्वपद्यत ॥ ३ ॥
गान्धारी पुत्रशोकार्ता भर्तुर्वचननोदिता।
सह कुन्त्या ययौ राजा सह स्त्रीभिरुपाद्रवत् ॥ ४ ॥
ताः समासाद्य राजानं भृशं शोकसमन्विताः।
आमंत्र्यान्योन्यमीयुः स भृशमुच्चुक्रुशुस्ततः ॥ ५ ॥
ताः समाश्वासयत्क्षत्ता ताभ्यश्चातितरः स्वयम्।
अश्रुकण्ठीः समारोप्य ततोऽसौ निर्ययौ पुरात् ॥ ६ ॥
ततः प्रणादः सञ्जज्ञे सर्वेषु कुरुवेश्मसु।
आकुमारं पुरं सर्वमभवच्छोककर्शितम् ॥ ७ ॥
अदृष्टपूर्वा या नार्यः पुरा देवगणैरपि।
पृथग्जनेन दृश्यन्ते तास्तदा निहतेश्वराः ॥ ८ ॥

आप कुछ न कर सकेंगे। (१३-२३)

स्त्रीपर्वमें नौ अध्याय समाप्त। [२६४]

स्त्रीपर्वमें दस अध्याय।

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे राजन् जनमेजय! विदुरके ऐसे वचन सुन राजा धृतराष्ट्र वाहन तैयार करनेकी आज्ञा देकर फिर ऐसा बोले, गान्धारी और कुन्तीके सहित कुरुकुलकी सब स्त्री और जितनी स्त्रियां वहां हैं उन सबको हमारे पास ले आओ, ऐसा कहकर राजा धृतराष्ट्र शोकसे व्याकुल होकर मूर्खके समान उठे और विदुरका हाथ पकडके वाहनकी ओर चले, अपने पतिकी आज्ञासे पुत्रोंके शोकसे व्याकुल गान्धारी, कुन्ती आदि सब स्त्रियोंके सहित राजसभामें आई, वे सब शोकसे व्याकुल ही एक दूसरीको पूछती हुई बहुत ऊंचे स्वरसे रोने लगी, तब विदुर उन्हें समझाने लगे। (१-५)

परन्तु समझाते समझाते आप उनसे भी अधिक शोकसे व्याकुल होगए। उन रोती हुई स्त्रियोंको वाहनमें बिठला कर बाहरको ले चले, तब सब राजमहलोंमें महा हाहाकार शब्द होने लगा, बालकसे बूढे तक सब शोकसे व्याकुल होगये। जिन स्त्रियोंको कभी देवतोंने भी नहीं

प्रकीर्य केशान् सुशुभान् भूषणान्यवमुच्य च।
एकवस्त्रधरा नार्यः परिपेतुरनाथवत् ॥ ९ ॥
श्वेतपर्वतरूपेभ्यो गृहेभ्यस्तास्त्वपाक्रमन्।
गुहाभ्य इव शैलानां वृषल्यो हतयूथपाः ॥ १० ॥
तान्युदीर्णानि नारीणां तदा वृन्दान्यनेकशः।
शोकार्तान्यद्रवन् राजन्किशोरीणामिवाङ्गने ॥ ११ ॥
प्रगृह्य बाहून् क्रोशन्त्यः पुत्रान् भ्रातॄन्पितॄनपि।
दर्शयन्तीव ता ह स्म युगान्ते लोकसंक्षयम् ॥ १२ ॥
विलपन्त्यो रुदन्त्यश्च धावमानास्ततस्ततः।
शोकेनोपहतज्ञानाः कर्तव्यं न प्रजज्ञिरे ॥ १३ ॥
व्रीडां जग्मुः पुरा याः स्म सखीनामपि योषितः।
ता एकवस्त्रा निर्लज्जाः श्वश्रूणां पुरतोऽभवन् ॥ १४ ॥
परस्परं सुसूक्ष्मेषु शोकेष्वाश्वासयंस्तदा।
ता शोकविह्वला राजन्नवैक्षन्त परस्परम् ॥ १५ ॥
ताभिः परिवृतो राजा रुदतीभिः सहस्रशः।
निर्ययौ नगरादीनस्तूर्णमायोधनं प्रति ॥ १६ ॥

देखा था, वेही स्वामियोंके मरनेसे साधारण मनुष्यके आगे कुरुक्षेत्रको चलीं, किसीने अपने बाल खोल दिये और कोई अपने गहने उतार उतार कर फेंकने लगीं, सब स्त्री एक एक धोती पहिनकर अनाथके समान घरसे निकलीं जैसे हाथियोंके न रहनेसे उनकी हथनी रोती हुई गुफाओंसे निकलती हैं, ऐसे ही सब स्त्री सफेद पर्वतके शिखरके समान घरोंसे निकलीं। (६-९)

उस समय रोती हुई स्त्रियोंके झुण्ड चारों ओर नगरमें दीखते थे, कोई दूसरी का हाथ पकडकर भाई, बेटे, पति आदिको रोती थी। उस समय ऐसा जान पडता था कि जगत्में प्रलय होगया। कोई रोती थी, कोई चिल्लाती थी, कोई ज्ञानशून्य होकर इधर उधरको दौडती थी। उस समय उन्हें यह नहीं जान पडता था कि हमें क्या करना चाहिये, जो स्त्री पहिले सखियोंसे भी लज्जित होती थीं, सो निर्लज्ज होकर एक धोती पहिनकर श्वशुरोंके आगे घूमने लगी, तब एक दूसरीको समझाने लगी और एक दूसरीको देखने लगी। (१०-१५)

राजा उन सहस्रों रोती हुई स्त्रियोंको सङ्गमें लेकर शोकसे व्याकुल होकर

शिल्पिनो वणिजो वैश्याः सर्वकर्मोपजीविनः।
ते पार्थिवं पुरस्कृत्य निर्ययुर्नगराद्बहिः ॥ १७ ॥
तासां विक्रोशमानानामार्तानां कुरुसंक्षये।
प्रादुरासीन्महान् शब्दो व्यथयन् भुवनान्युत॥ १८ ॥
युगान्तकाले संप्राप्ते भूतानां दह्यतामिव।
अभावः स्यादयं प्राप्त इति भूतानि मेनिरे ॥ १९ ॥
भृशमुद्विग्नमनसस्ते पौराः कुरुसंक्षये।
प्राक्रोशन्त महाराज खनुरक्तास्तदा भृशम् ॥ २० ॥ [२८४]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैय्यासिक्यां स्त्रीपर्वणि जलप्रदानिकपर्वणि धृतराष्ट्रनिर्गमने दशमोऽध्यायः ॥ १० ॥

वैशम्पायन उवाच-क्रोशमात्रं ततो गत्वा ददृशुस्तान्महारथान्।
शारद्वतं कृपं द्रौणिं कृतवर्माणमेव च ॥ १ ॥
ते तु दृष्ट्वैव राजानं प्रज्ञाचक्षुषमीश्वरम्।
अश्रुकण्ठा विनिःश्वस्य रुदन्तमिदमब्रुवन् ॥ २ ॥
पुत्रस्तव महाराज कृत्वा कर्म सुदुष्करम्।
गतः सानुचरो राजन् शक्रलोकं महीपते ॥ ३ ॥
दुर्योधनबलान्मुक्ता वयमेव त्रयो रथाः।

शीघ्रता सहित कुरुक्षेत्रको चले, उनके पीछे शिल्प बनानेवाले बनिये और सब जीविकाके लोग चले, इस प्रकार महाराज सबको सङ्ग लेकर नगरसे बाहर निकले, उस समय कुरुकुलका नाश होनेके पश्चात् उन स्त्रियोंके रोनेका घोर शब्द उठा, उससे सब जगत् कांपने लगा उस समय ऐसा जान पडता था मानों सब जगत् भस्म हो गया, सब लोग जानते थे कि जब सब जगत्को नाश हो चुका उस समय राजभक्त सब नगरवासी शोकसे अत्यन्त ही व्याकुल थे।(१६-२०)

स्त्रीपर्वमें दस अध्याय समाप्त। [२८४]

स्त्रीपर्वमें ग्यारह अध्याय।

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे राजन् जनमेजय! जब महाराज धृतराष्ट्र नगरसे निकलके एक कोस पहुंचे तब उन्हें कृपाचार्य, अश्वत्थामा और कृतवर्मा मिले, अन्धे जगत्के स्वामी राजा धृतराष्ट्रको देखके ये वीर रोकर कहने लगे, हे महाराज! आपके पुत्र महा घोर कर्म करके अपने सब सहायकोंके सहित इन्द्रलोकको चले गये। हे महाराज दुर्योधनकी सेनासे केवल हम ही तीन वीर

सर्वमन्यत्परिक्षीणं सैन्यं ते भरतर्षभ ॥ ४ ॥
इत्येवमुक्त्वा राजानं कृपः शारद्वतस्ततः ।
गान्धारीं पुत्रशोकार्तामिदं वचनमब्रवीत् ॥ ५ ॥
अभीता युध्यमानास्ते घ्नन्तः शत्रुगणान्बहून् ।
वीरकर्माणि कुर्वाणाः पुत्रास्ते निधनं गताः ॥ ६ ॥
ध्रुवं संप्राप्य लोकांस्ते निर्मलान् शस्त्रनिर्जितान् ।
भास्वरं देहमास्थाय विहरन्त्यमरा इव ॥ ७ ॥
न हि काश्चिद्धि शूराणां युद्ध्यमानः पराङ्मुखः ।
शस्त्रेण निधनं प्राप्तो न चाप्यश्चित्कृताञ्जलिः ॥ ८ ॥
एवं तां क्षत्रियस्याहुः पुराणाः परमां गतिम् ।
शस्त्रेण निधनं संख्ये तत्र शोचितुमर्हसि ॥ ९ ॥
न चापि शस्त्रवस्तेषामृद्ध्यन्ते राज्ञि पाण्डवाः ।
शृणु यत्कृतमस्माभिरश्वत्थामपुरोगमैः ॥ १० ॥
अधर्मेण हतं श्रुत्वा भीमसेनेन ते सुतम् ।
सुप्तं शिबिरमासाद्य पाण्डूनां कदनं कृतम् ॥ ११ ॥
पञ्चाला निहताः सर्वे धृष्टद्युम्नपुरोगमाः ।
द्रुपदस्यात्मजाश्चैव द्रौपदेयाश्च पातिताः ॥ १२ ॥

बचे हैं और आपकी सब सेना मर गई, राजा धृतराष्ट्रसे ऐसा कहकर पुत्रशोकसे व्याकुल गान्धारीसे कृपाचार्य ऐसे बोले। हे गान्धारी, तुम्हारे सब पुत्र निर्भय होकर शत्रुवोंका नाश करके अपनी वीर कीर्तीको जगत्में स्थापन करके युद्धमें मारे गये। (१-६)

अपने निर्मल देह धारण करके अपने शस्त्रोंके बलसे उत्तम लोकमें देवतोंके समान विहार करते हैं, उन वीरोंमें ऐसा कोई न था, जो युद्धसे फिरा हो। सब अस्त्रोंसे मारे गये; किसीने शत्रुओंके आगे हाथ नहीं जोडे अर्थात् कोई दीन होकर नहीं मरा, उन महात्माने क्षत्रियोंके लिये यही गति कही है, शस्त्रसे मरना ही परम गति है, इसलिये तुम इनका शोच मत करो। (७-९)

हे रानी, तुम्हारे पुत्रोंके शत्रु पाण्डवोंकी भी वृद्धि नहीं होगी; देखो अश्वत्थामाकी सहायतासे हम लोगोंने जो कुछ किया है सो सुनो; जब हम लोगोंने सुना कि तुम्हारे पुत्र राजा दुर्योधनको भीमसेनने अधर्मसे मारा तब हम लोगोंने डेरोंमें जाकर सबको मार-

तथा विशसनं कृत्वा पुत्रशत्रुगणस्य ते।
प्राद्रवाम रणे स्थातुं न हि शक्ष्यामहे त्रयः ॥ १३ ॥
ते हि शूरा महेष्वासाः क्षिप्रमेष्यन्ति पाण्डवाः।
अमर्षवशमापन्ना वैरं प्रतिजिहीर्षवः ॥ १४ ॥
ते हतानात्मजान् श्रुत्वा प्रमत्ताः पुरुषर्षभाः।
निरीक्षन्तः पदं शूराः क्षिप्रमेव यशस्विनि ॥ १५ ॥
तेषां तु कदनं कृत्वा संस्थातुं नोत्सहामहे।
अनुजानीहि नो राज्ञि मा च शोके मनः कृथाः॥१६॥
राजंस्त्वमनुजानीहि धैर्यमास्थाय चोत्तमम्।
दिष्टान्तं पश्य चापि त्वं क्षात्रं धर्मं च केवलम् ॥१७॥
इत्येवमुक्त्वा राजानं कृत्वा चाभिप्रदक्षिणम्।
कृपश्च कृतवर्मा च द्रोणपुत्रश्च भारत ॥ १८ ॥
अवेक्षमाणा राजानं धृतराष्ट्रं मनीषिणम्।
गङ्गामनु महाराज तूर्णमश्वानचोदयन् ॥ १९ ॥
अपक्रम्य तु ते राजन् सर्व एव महारथाः।
आमंत्र्यान्योन्यमुद्विग्नास्त्रिधा ते प्रययुस्तदा ॥ २० ॥

डाला। सोते हुए धृष्टद्युम्न आदि सब पाञ्चाल द्रुपदके सब बेटे और द्रौपदीके सब बेटे उसी रातमें मारे गये, इस प्रकार हमने तुम्हारे पुत्रोंके शत्रुका नाश कर दिया। अब हम केवल तीनही शेष हैं, इसलिये युद्धमें नहीं खडे हो सकते, अब हम यहांसे भागते हैं, क्यों कि वीर पाण्डव क्रोधसे व्याकुल होकर इधरही-को बहुत शीघ्र आवेंगे, क्यों कि वे लोग वैरको समाप्त करना चाहते हैं; वह यशस्वी लोग हमारे पैरोंके चिन्ह देखते देखते हमारे पीछे आवेंगे और हमने उनका सर्वनाश कर दिया है, इसलिये हम यहां खडे नहीं हो सक्ते हैं। हे रानी! अब हमको जानेकी आज्ञा दो, हम यहां खडे नहीं हो सकते और तुम भी कुछ शोक मत करो। (१०-१६)

हे राजन्! आप भी कुछ शोक मत कीजिये केवल धैर्य धारण कीजिये और देखिये कि क्षात्रधर्म केवल मरणही है। ऐसा कहकर उन तीनोंने राजा-को प्रदक्षिणा करके अश्वत्थामा, कृपा-चार्य और कृतवर्मा महाबुद्धिमान राजा धृतराष्ट्रको देखते हुए अपने घोडोंको शीघ्र हांकते हुए गङ्गाकी ओरको भागे। फिर गङ्गाके तटपर जाकर तीनों रथोंसे

जगाम हास्तिनपुरं कृपः शारद्वतस्तदा ।
स्वमेव राष्ट्रं हार्दिक्यो द्रौणिर्व्यासाश्रमं ययौ॥ २१ ॥
एवं ते प्रययुर्वीरा वीक्षमाणाः परस्परम् ।
भयार्ताः पाण्डुपुत्राणामागस्कृत्वा महात्मनाम् ॥२२॥
समेत्य वीरा राजानं तदा त्वनुदिते रवौ ।
विप्रजग्मुर्महात्मानो यथेच्छकमरिन्दमाः ॥ २३ ॥
समासाद्याथ वै द्रौणिं पाण्डुपुत्रा महारथाः ।
व्यजयंस्ते रणे राजन् विक्रम्य तदनन्तरम् ॥ २४ ॥ [३०८]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां स्त्रीपर्वणि जलप्रदानिकपर्वणि कृपद्रौणिभोजदर्शने एकादशोऽध्यायः ॥ ११ ॥

वैशम्पायन उवाच–हतेषु सर्वसैन्येषु धर्मराजो युधिष्ठिरः ।
शुश्रुवे पितरं वृद्धं निर्यान्तं गजसाह्वयात् ॥ १ ॥
सोऽभ्ययात्पुत्रशोकार्तः पुत्रशोकपरिप्लुतम् ।
शोचमानं महाराज भ्रातृभिः सहितस्तदा ॥ २ ॥
अन्वीयमानो वीरेण दाशार्हेण महात्मना ।
युयुधानेन च तथा तथैव च युयुत्सुना ॥ ३ ॥

उतरे और घबडाकर एक दूसरेसे सम्मती करने लगे फिर तीनों एक दूसरेसे पूछकर तीन ओरको चले गये, कृपाचार्य हस्तिनापुरको, हृदीकपुत्र कृतवर्मा अपने देश अर्थात् द्वारकाको और द्रोणाचार्यके पुत्र अश्वत्थामा व्यासमुनीके आश्रमको चले गये, इस प्रकार ये तीनों वीर महात्मा पाण्डवोंके वैरसे व्याकुल होकर एक दूसरेकी ओर देखते हुए तीन ओर को चले गए, जिस समय ये तीनों वीर राजा धृतराष्ट्रसे मिले थे, उस समय सूर्य अस्त होना चाहते थे । जब अश्वत्थामा व्यासमुनिके आश्रम पर पहुंचे तब ही महारथ पाण्डवोंने अपने बलसे उनको जीत लिया।

स्त्रीपर्वमें ग्यारह अध्याय समाप्त । [३०८]

स्त्रीपर्वमें बारह अध्याय ।

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे राजन् जनमेजय ! जब सब सेना मारी गई तब अश्वत्थामाको जीतके धर्मराज युधिष्ठिरने सुना कि हमारे बूढे पिता हस्तिनापुरसे चले जाते हैं, तब पुत्रशोकसे व्याकुल राजा युधिष्ठिर, पुत्र शोकसे व्याकुल राजा धृतराष्ट्रके पास चले, उसके सङ्ग महावीर श्रीकृष्ण सात्यकि और युयुत्सु भी चले,उनके पीछे

तमन्वगात्सुदुःखार्ता द्रौपदी शोककर्शिता।
सह पाञ्चालयोषिद्भिर्यास्तत्रासन्समागताः ॥ ४ ॥
स गङ्गामनु धृन्दानि स्त्रीणां भरतसत्तम।
कुररीणामिवार्तानां क्रोशन्तीनां ददर्श ह ॥ ५ ॥
ताभिः परिवृतो राजा क्रोशन्तीभिः सहस्रशः।
ऊर्ध्ववाहुभिरार्ताभी रुदतीभिः प्रियाप्रियैः ॥ ६ ॥
क नु धर्मज्ञता राज्ञः क नु साऽद्यानृशंसता।
यश्चावधीत्पितॄन् भ्रातॄन् गुरुपुत्रान् सखीनपि ॥ ७ ॥
घातयित्वा कथं द्रोणं भीष्मं चापि पितामहम्।
मनस्तेऽभून्महाबाहो हत्वा चापि जयद्रथम् ॥ ८ ॥
किं नु राज्येन ते कार्यं पितॄन् भ्रातॄनपश्यतः।
अभिमन्युं च दुर्धर्षं द्रौपदेयांश्च भारत ॥ ९ ॥
अतीत्य ता महाबाहुः क्रोशन्तीः कुररीरिव।
ववन्दे पितरं ज्येष्ठं धर्मराजो युधिष्ठिरः ॥ १० ॥
ततोऽभिवाद्य पितरं धर्मेणामित्रकर्षणः।
न्यवेदयन्त नामानि पाण्डवास्तेऽपि सर्वशः ॥ ११ ॥

वहां आई हुई पाञ्चालदेशके क्षत्रियोंकी स्त्रियोंके सङ्ग शोकसे व्याकुल द्रौपदी भी चली। (१-४)

राजा युधिष्ठिरने कुररीयोंके समान रोती हुई स्त्रियोंको झुण्डोंको गङ्गाकी ओर जाते हुए देखा, वे सब ऊपरको हाथ उठाये, राजा युधिष्ठिरकी निन्दा करती, अनेक झूठे और कठोर वचन कहती हुई गङ्गाको जाती थीं। उस समय वे सब स्त्रियाँ ही कहती थी कि, हे महाराज युधिष्ठिर! आपने अपने पिता, भाई, गुरुपुत्र और मित्रोंको मारडाला आपका वह दयालुत्व और धर्मलज्जा कहां चली गई, आपने द्रोणाचार्य, भीष्म पितामह और जयद्रथको मारकर राज लेनेकी कैसी इच्छा करी? (५—८)

हे महाराज! महाबलवान् अभिमन्यु और द्रौपदीके पांचो पुत्र आदि बन्धु और बान्धवोंका नाश करके अब राज्य लेके क्या सुख भोगियेगा? महाराज युधिष्ठिर! कुररीयोंके समान रोती हुई उन स्त्रियोंको छोड कर आगेको चले और जाकर अपने पिता धृतराष्ट्रको प्रणाम किया। पीछे सब शत्रुनाशन पाण्डवोंने अपना अपना नाम लेके महाराजको प्रणाम किया। (९-११)

तमात्मजान्तकरणं पिता पुत्रवधार्दितः।
अप्रीयमाणः शोकार्तः पाण्डवं परिषस्वजे ॥ १२ ॥
धर्मराजं परिष्वज्य सांत्वयित्वा च भारत।
दुष्टात्मा भीममन्वैच्छद्दिधक्षुरिव पावकः ॥ १३ ॥
स कोपपावकस्तस्य शोकवायुसमीरितः।
भीमसेनमयं दावं दिधक्षुरिव दृश्यते ॥ १४ ॥
तस्य सङ्कल्पमाज्ञाय भीमं प्रत्यशुभं हरिः।
भीममाक्षिप्य पाणिभ्यां ददौ भीममायसम्॥ १५॥
प्रागेव तु महाबुद्धिर्बुद्ध्वा तस्येङ्गितं हरिः।
संविधानं महाप्राज्ञस्तत्र चक्रे जनार्दनः ॥ १६ ॥
तं गृहीत्वैव पाणिभ्यां भीमसेनमयसमयम्।
बभञ्ज बलवान् राजा मन्यमानो वृकोदरम् ॥ १७ ॥
नागायुतबलप्राणः स राजा भीममायसम्।
भङ्क्त्वा विमथितोरस्कः सुस्राव रुधिरं मुखात्॥१८॥
ततः पपात मेदिन्यां तथैव रुधिरोक्षितः।
प्रफुल्लिताग्रशिखरः पारिजात इव द्रुमः ॥ १९ ॥

फिर महाराज धृतराष्ट्रने अपने पुत्रोंके नाश करनेवाले युधिष्ठिरको शोकसे व्याकुल होके विना प्रेम अपनी छातीसे लगाया, फिर महाराज युधिष्ठिरको अपने मीठे वचनसे शान्त करके भीमसेनको मारनेकी इच्छासे ढूढने लगे, उस समय महाराज धृतराष्ट्रके शरीरका तेज ऐसा दीखता था जैसे प्रलयकालमें जगत्को जलानेवाली अग्निका; उस समय शोक रूपी वायुके चलनेसे क्रोध रूपी अग्नि भीमसेनरुपी वृक्षको जलाने चाहती थी। (१२-१४)

महाराज! धृतराष्ट्रकी भीमसेनको मारनेकी इच्छा जान कर श्रीकृष्णने भीमसेनको अपने हाथोंसे पकड कर उनके आगेसे हटा दिया और एक लोहेकी बनी भीमसेनकी मूर्ति राजाके आगे खडी करदी। महाबुद्धिमान श्रीकृष्णने उनकी इच्छा जान कर पहिले ही यह उपाय कर रखा था। (१५-१६)

राजा धृतराष्ट्रने उस मूर्त्तिको भीमसेन जानकर हाथोंमें दबाकर पीस दिया, दश हजार हाथियोंके समान बलवान् राजा धृतराष्ट्र जब उस भीमसेनकी मूर्त्तिको तोड चुके, तब उनका हृदय फट गया और मुहके खून गिरने लगा

भीमसेन की लोहेकी मूर्ती सामने रखी।

(भा. मु. औंध)

(म. भा. स्त्री पर्व अ० १२)

प्रत्यगृह्णाच्च तं विद्वान् सूतो गावल्गणिस्तदा।
मैवमित्यब्रवीच्चैनं शमयन्सांत्वयञ्चिव ॥ २० ॥
स तु कोपं समुत्सृज्य गतमन्युर्महामनाः।
हाहा भीमेति चुक्रोश नृपः शोकसमन्वितः ॥ २१ ॥
तं विदित्वा गतक्रोधं भीमसेनवधार्दितम्।
वासुदेवो वरः पुंसामिदं वचनमब्रवीत् ॥ २२ ॥
मा शुचो धृतराष्ट्र त्वं नैष भीमस्त्वया हतः।
आयसी प्रतिमा ह्येषा त्वया निष्पातिता विभो ॥२३॥
त्वां क्रोधवशमापन्नं विदित्वा भरतर्षभ।
मयाऽपकृष्टः कौन्तेयो मृत्योर्दंष्ट्रान्तरं गतः ॥ २४ ॥
न हि ते राजशार्दूल बले तुल्योऽस्ति कश्चन।
कः सहेत महाबाहो बाह्वोर्विग्रहणं नरः ॥ २५ ॥
यथान्तकमनुप्राप्य जीवन्कश्चिन्न मुच्यते।
एवं बाह्वन्तरं प्राप्य तव जीवेन्न कश्चन ॥ २६ ॥
तस्मात्सुतेन या तेऽसौ प्रतिमा कारिताऽयसी।
भीमस्य सेयं कौरव्य तवैवोपहृता मया ॥ २७ ॥

फिर जैसे फला हुवा कल्पवृक्ष पृथ्वीमें गिर जाता है, वैसे ही रुधिरमें भीगे राजा धृतराष्ट्र पृथ्वीमें गिर पडे। तब महा विद्वान सञ्जयने उनको पकडा और उनको शान्त करनेके लिये कहने लगे कि आप ऐसा मत कीजिये। (१७-२०)

तब राजा धृतराष्ट्रका क्रोध शान्त हुआ और शोकसे व्याकुल होकर, हा भीम हा भीम कहके रोने लगे। जब श्रीकृष्णने देखा, अब राजाका क्रोध शांत होगया, तब पुरुषश्रेष्ठ श्रीकृष्ण बोले, हे महाराज धृतराष्ट्र! आप कुछ शोच मत कीजिये; आपने भीमसेनको नहीं मारा, आपने यह लोहेकी बनी भीमसेनकी मूर्ति तोडी है, हमने आपको क्रोधके वशमें देखकर अपने हाथसे खींचकर भीमसेनको मृत्युके मुहसे निकाला है। (२१—२४)

हे राजशार्दूल! जगत्में आपके समान बलवान् कोई नहीं है,जो आपके हाथोंके बलको सह सके ऐसा जगत्में कौन है? जैसे यमराजके पास जाकर कोई जीता नहीं बच सक्ता, तैसेही आपके हाथोंके बीचमें आकर कोई नहीं बच सक्ता? इसी लिये हमने राजा दुर्योधनने

पुत्रशोकाभिसन्तप्तं धर्मादपकृतं मनः।
तव राजेन्द्र तेन त्वं भीमसेनं जिघांससि ॥ २८ ॥
न त्वेतत्ते क्षमं राजन् हन्यास्त्वं यद्वृकोदरम्।
न हि पुत्रा महाराज जीवेयुस्ते कथञ्चन ॥ २९ ॥
तस्मात्कृतमसाभिर्मन्यमानैः शमं प्रति।
अनुमन्यस्व तत्सर्वं मा च शोके मनः कृथाः ॥ ३० ॥ [३३८]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां स्त्रीपर्वणि जलप्रदानिकपर्वणि आयसभीमभंगे द्वादशोऽध्यायः ॥ १२ ॥

वैशम्पायन उवाच-तत एनमुपातिष्ठन् शौचार्थं परिचारिकाः।
कृतशौचं पुनश्चैनं प्रोवाच मधुसूदनः ॥ १ ॥
राजन्नधीता वेदास्ते शास्त्राणि विविधानि च।
श्रुतानि च पुराणानि राजधर्माश्च केवलाः ॥ २ ॥
एवं विद्वान्महाप्राज्ञः समर्थः सबलाबले।
आत्मापराधात्कस्मात्त्वं कुरुषे कोपमीदृशम् ॥ ३ ॥
उक्तवांस्त्वां तदैवाहं भीष्मद्रोणौ च भारत।
विदुरः सञ्जयश्चैव वाक्यं राजन्न तत्कृथाः ॥ ४ ॥

बनाई हुई भीमसेनकी लौहेकी मूर्ति आपके आगे रख दई थी। आपका मन पुत्रोंके शोकसे व्याकुल होगया है, अब आपके मनमें कुछ भी धर्म नहीं रहा, इसलिये भीमसेनको मारना चाहते हैं; आपकी यह शक्ति नहीं है जो भीमसेनको मार सके। आपके पुत्रोंकी अवस्था नष्ट हो चुकी थी, वह कदापि नहीं जी सक्ते थे, हमने जो पहिले शान्तिके लिये कहा था, उन सबको स्मरण करके शान्त होइये और शोकको दूर कीजिये। (२५—३०) [३३८]

स्त्रीपर्वमें बारह अध्याय समाप्त।

स्त्रीपर्वमें तेरह अध्याय।

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले; हे राजन् जनमेजय! इसके पश्चात् महाराज धृतराष्ट्रके पास शौच कर्म करानेके लिये बहुत सेवक आये। जब राजा पवित्र हो चुके तब श्रीकृष्ण उनसे बोले, हे राजन्! आपने सब वेद और अनेक शास्त्र पढे हैं, अनेक पुराण सुने हैं और सब धर्म अधर्मको आप जानते हैं इस प्रकार महा बुद्धिमान और सब कार्योंमें समर्थ होकर भी अपने दोषको विना विचारे ऐसा क्रोध क्यों करते हैं, हे भारत! शकुनी, द्रोणाचार्य, विदुर सञ्जय, और हमने

स वार्यमाणो नास्माकमकार्षीर्वचनं तदा।
पाण्डवानधिकान् जानन्बले शौर्ये च कौरव ॥ ५ ॥
राजा हि यः स्थिरप्रज्ञः स्वयं दोषानवेक्षते।
देशकालविभागं च परं श्रेयः स विन्दति ॥ ६ ॥
उच्यमानस्तु यः श्रेयो गृह्णीते नो हिताहिते।
आपदः समनुप्राप्य स शोचत्यनये स्थितः ॥ ७ ॥
ततोऽन्यवृत्तमात्मानं समवेक्षस्व भारत।
राजंस्त्वं ह्यविधेयात्मा दुर्योधनवशे स्थितः ॥ ८ ॥
आत्मापराधादापन्नस्तत्किं भीमं जिघांससि।
तस्मात्संयच्छ कोपं त्वं स्वमनुस्मर दुष्कृतम् ॥ ९ ॥
यस्तु तां स्पर्धया क्षुद्रः पाञ्चालीमानयत्सभाम्।
स हतो भीमसेनेन वैरं प्रतिजिहीर्षता ॥ १० ॥
आत्मनोऽतिक्रमं पश्य पुत्रस्य च दुरात्मनः।
यदनागसि पाण्डूनां परित्यागस्त्वया कृतः ॥ ११ ॥

वैशम्पायन उवाच-एवमुक्तः स कृष्णेन सर्वं सत्यं जनाधिप।

जो आपसे पहिले कहा था, सो आपने नहीं किया, जब अपने हम लोगोंके रोकने पर भी और पाण्डवों को अपनेसे बल और क्रोधके तेजमें अधिक जान कर भी इन वचनोंका नहीं ग्रहण किया इसीसे यह आपत्ति पडी। जो राजा अपनी बुद्धिको स्थिर करके देश और कालके अनुसार सब दोषोंको देखता है; जग तूमें उसीका कल्याण होता है और जो बार बार कहनेपर भी सुख और दुःखके वचनोंको ग्रहण नहीं करता; वह पीछे आपत्तिमें पडके शोचता है। (१—७)

हे राजन्! आपने अपनी बुद्धि को नाश कर दिया और केवल दुर्योधनके वशमें पड गये, उसहीके अपराधसे आप इस आपत्तिमें पडे हैं, तब भीमसेनसे वैर क्यों करते हैं! आप अपने अपराधको स्मरण करके क्रोधको त्याग कीजिये। जिस दुष्टने द्वेषके वशमें होकर द्रौपदीको सभामें बुलाया था, भीमसेनने वैर समाप्त होनेके लिये उसे मार डाला। (८—१०)

हे राजन्! आप अपने और दुष्ट पुत्रके कर्मका स्मरण कीजिये आपने अपराध रहित पाण्डवों को निकाल दिया था। (११)

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे राजन्!

उवाच देवकीपुत्रं धृतराष्ट्रो महीपतिः ॥ १२ ॥
एवमेतन्महाबाहो यथा वदसि माधव।
पुत्रस्नेहस्तु बलवान्धैर्यान्मां समचालयत् ॥ १३ ॥
दिष्ट्या तु पुरुषव्याघ्रो बलवान्सत्यविक्रमः।
त्वद्गुप्तो नागमत्कृष्ण भीमो बाहन्तरं मम ॥ १४ ॥
इदानीं त्वहमव्यग्रो गतमन्युर्गतज्वरः।
मध्यमं पाण्डवं वीरं द्रष्टुमिच्छामि माधव ॥ १५ ॥
हतेषु पार्थिवेन्द्रेषु पुत्रेषु निहतेषु च।
पाण्डुपुत्रेषु वै शर्म प्रीतिश्चाप्यवतिष्ठते ॥ १६ ॥
ततः स भीमं च धनञ्जयं च माद्र्याश्च पुत्रौ पुरुषप्रवीरौ।
पस्पर्श गात्रैः प्ररुदन् सुगात्रानाश्वास्य कल्याणमुवाच चैतान् ॥ १७ ॥

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां स्त्रीपर्वणि जलप्रदानिकपर्वणि धृतराष्ट्रकोपविमोचने पाण्डवपरिष्वङ्गो नाम त्रयोदशोऽध्यायः ॥ १३ ॥ [३५५]

वैशम्पायन उवाच- धृतराष्ट्राभ्यनुज्ञातास्ततस्ते कुरुपाण्डवाः।
अभ्ययुर्भ्रातरः सर्वे गान्धारीं सह केशवाः ॥ १ ॥
ततो ज्ञात्वा हतामित्रं युधिष्ठिरमुपागतम्।

जनमेजय! श्रीकृष्णके ऐसे सच्चे वचन सुनकर महाराज धृतराष्ट्र श्रीकृष्णसे बोले, हे कृष्ण! जो तुम इस समय कहते हो, सो सब ऐसेही है। परन्तु पुत्रोंका प्रेम बहुत बलवान् है, इससे मेरा धीरज नष्ट होगया था, प्रारब्धहीसे महापराक्रमी पुरुषसिंह भीमसेन आपसे रक्षित होकर मेरे हाथोंके बीचमें नहीं आये, अब मेरा सब क्रोध शान्त होगया और अब मुझे कुछ दुःख भी नहीं रहा। इसलिये अब मैं महाबलवान् भीमसेनको देखना चाहता हूं। हे कृष्ण! सब राजा और दुर्योधन आदि अपने बेटोंके मरनेके पीछे अब मेरा प्रेम पाण्डवोंसे अधिक बढ गया है, मैं उनका कल्याण चाहता हूं। (१२—१६)

तब महाराज धृतराष्ट्रने रोकर सुन्दर शरीरवाले भीमसेन, अर्जुन, नकुल और वीर सहदेवका शरीर स्पर्श किया। (१७) [३५५]

स्त्रीपर्वमें तेरह अध्याय समाप्त।

स्त्रीपर्वमें चौदह अध्याय।

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे राजन् जनमेजय! इसके पश्चात् महाराज धृतराष्ट्रकी आज्ञासे श्रीकृष्णके सहित पांचो पाण्डव गान्धारीके पास गये, तब

गान्धारी पुत्रशोकार्ता शप्तुमैच्छदनिन्दिता ॥ २ ॥
तस्याः पापमभिप्रायं विदित्वा पाण्डवान्प्रति ।
ऋषिः सत्यवतीपुत्रः प्रागेव समबुध्यत ॥ ३ ॥
स गङ्गायामुपस्पृश्य पुण्यगन्धि पयः शुचि ।
तं देशमुपसम्पेदे परमर्षिर्मनोजवः ॥ ४ ॥
दिव्येन चक्षुषा पश्यन् मनसा तद्गतेन च ।
सर्वप्राणभृतां भावं स तत्र समबुध्यत ॥ ५ ॥
स स्नुषामब्रवीत्काले कल्पवादी महातपाः ।
शापकालमवाक्षिप्य शमकालमुदीरयन् ॥ ६ ॥
न कोपः पाण्डवे कार्यो गान्धारि शममाप्नुहि ।
वचो निगृह्यतामेतच्छृणु चेदं वचो मम ॥ ७ ॥
उक्ताऽस्यष्टादशाहानि पुत्रेण जयमिच्छता ।
जयमाशास्व मे मातर्युध्यमानस्य शत्रुभिः ॥ ८ ॥
सा तथा याच्यमाना त्वं काले काले जयैषिणा ।
उक्तवत्यसि गान्धारि यतो धर्मस्ततो जयः ॥ ९ ॥
न चाप्यतीतां गान्धारि वाचं ते वितथामहम् ।

पुत्रशोकसे व्याकुल निन्दारहित गान्धारीने शत्रुरहित युधिष्ठिरको आते हुए देखकर शाप देनेकी इच्छा करी । (१—२)

गान्धारीके मनमें पाण्डवोंकी ओरसे पाप जानकर भगवान सत्यवती पुत्र व्यास आये । भगवान व्यासने ये सब समाचार अपने आश्रमहीमें ज्ञाननेत्र और शुद्ध मनकी शक्तिसे जान लिये थे, अनन्तर भगवान व्यास पवित्र सुगन्ध से भरे गङ्गाजलको स्पर्श करके मनके समान शिघ्र चलकर उस स्थानमें आए और आकर महातपस्वी वेदपाठी व्यासने शान्ति करनेके लिये गान्धारीसे ऐसे वचन कहे । (३—६)

हे गान्धारी ! तुम शान्त हो, पाण्डवों के ऊपर क्रोध मत करो और हमारे वचन सुनो । जिस समय विजयकी इच्छा से महाराज दुर्योधनने तुमसे कहा था कि, हे माता ! मैं शत्रुओंसे युद्ध करने को जाता हूं, तुम हमारे जयकार की बात करो, इस प्रकार १८ वीं बार मांगने पर भी तुमने बार बार यही कहा था कि जिधर धर्म होगा उधर ही विजय होगी, सो तुम्हारी बात झूठ हुई । तुमको इस समय भी वैसे ही शान्त रहना

स्मरामि तोषमाणायास्तथा प्रणिहिता त्वसि ॥ १० ॥
विग्रहे तुमुले राज्ञां गत्वा पारमसंशयम् ।
जितं पाण्डुसुतैर्युद्धे नूनं धर्मस्ततोऽधिकः ॥ ११ ॥
क्षमाशीला पुरा भूत्वा साऽद्य न क्षमसे कथम् ।
अधर्मं जहि धर्मज्ञे यतो धर्मस्ततो जयः ॥ १२ ॥
स्वं च धर्मं परिस्मृत्य वाचं चोक्तां मनस्विनि ।
कोपं संयच्छ गान्धारि मैवं भूः सत्यवादिनि ॥ १३ ॥
गान्धार्युवाच— भगवन्नाभ्यसूयामि नैतानिच्छामि नश्यतः ।
पुत्रशोकेन तु बलान्मनो विह्वलतीव मे ॥ १४ ॥
यथैव कुन्त्या कौन्तेया रक्षितव्यास्तथा मया ।
तथैव धृतराष्ट्रेण रक्षितव्या यथा त्वया ॥ १५ ॥
दुर्योधनापराधेन शकुनेः सौबलस्य च ।
कर्णदुःशासनाभ्यां च कृतोऽयं कुरुसंक्षयः ॥ १६ ॥
नापराध्यति बीभत्सुर्न च पार्थो वृकोदरः ।
नकुलः सहदेवश्च नैव जातु युधिष्ठिरः ॥ १७ ॥
युध्यमाना हि कौरव्याः कृतमानाः परस्परम् ।

चाहिये, इस घोर युद्धमें पाण्डवोंने अनेक राजोंको मारकर विजय पाई है, इससे यही निश्चय होता है, कि इस युद्धमें विजयका मूल धर्मही था, तुम पहिले बहुत ही क्षमा करनेवाली थी, सो अब क्षमा क्यों नहीं करती हो ? (७-११)

हे धर्म जाननेवाली गान्धारी ! हे सत्य वचन कहनेवाली ! तुम अधर्मको छोडो, तुम अपने कहे हुए उस वचनको स्मरण करो कि जहां धर्म है वहां विजय होगी अब तुम क्रोधको छोड दो और ऐसी बुद्धिको दूर करो । (१२-१३)

गान्धारी बोली, हे भगवन् ! मैं पाण्डवोंकी निन्दा नहीं करती और न उनका नाश करना चाहती हूं, परन्तु मेरा मन पुत्रोंके शोकसे व्याकुल होगया है, इसीसे इतना क्रोध आगया था, जैसे कुन्तीको पाण्डवोंकी रक्षा करनी चाहिये ऐसे ही धृतराष्ट्र और मुझको भी उनके ऊपर कृपा करनी चाहिये । दुर्योधन, मेरे भाई शकुनी, कर्ण और दुःशासनके अपराधसे यह कुरुकुलका नाश होगया । युधिष्ठिर, भीमसेन, नकुल, अर्जुन और सहदेवने मेरा कुछ अपराध नहीं किया, सब वीर परस्पर लडकर मर गये, इससे मुझे कुछ दुःख नहीं हुआ, परन्तु भीम-

निहताः सहिताश्चान्यैस्तच्च नास्त्यप्रियं मम ॥ १८ ॥
किं तु कर्माकरोद्भीमो वासुदेवस्य पश्यतः।
दुर्योधनं समाहूय गदायुद्धे महामनाः ॥ १९ ॥
शिक्षयाऽभ्यधिकं ज्ञात्वा चरन्तं बहुधा रणे।
अधो नाभ्याः प्रहृतवांस्तन्मे कोपमवर्धयत् ॥ २० ॥
कथं नु धर्मं धर्मज्ञैः समुद्दिष्टं महात्मभिः।
त्यजेयुराहवे शूराः प्राणहेतोः कथञ्चन ॥ २१ ॥ [३७६]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां स्त्रीपर्वणि जलप्रदानिकपर्वणि गान्धारीसांत्वनायां चतुर्दशोऽध्यायः ॥ १४ ॥

वैशम्पायन उवाच-तच्छ्रुत्वा वचनं तस्या भीमसेनोऽथ भीतवत्।
गान्धारीं प्रत्युवाचेदं वचः सानुनयं तदा ॥ १ ॥
अधर्मो यदि वा धर्मस्त्रासात्तत्र मया कृतः।
आत्मानं त्रातुकामेन तन्मे त्वं क्षन्तुमर्हसि ॥ २ ॥
न हि युद्धेन पुत्रस्ते धर्म्येण स महाबलः।
न शक्यः केनचिद्धन्तुमतो विषममाचरम् ॥ ३ ॥
अधर्मेण जितः पूर्वं तेन चापि युधिष्ठिरः।
निकृताश्च सदैव स्म ततो विषममाचरम् ॥ ४ ॥

सेनने दुर्योधनको गदायुद्धमें बुलाकर अनेक प्रकारसे युद्ध करते और अपनेसे अधिक विद्वान देख के उनकी नाभी के नीचे गदा मारी और श्रीकृष्ण भी उस अधर्मको देखते रहे, इसहीको स्मरण करके मुझे बहुत क्रोध आता है और यह भी शोच आता है, कि महात्मा धर्म जाननेवाले शूरवीर केवल प्राणके भयसे धर्मको कैसे छोड देते हैं।(१४-२१)

स्त्रीपर्वमें चौदह अध्याय समाप्त। [३७६]

स्त्रीपर्वमें पंदरह अध्याय।

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे राजन् जनमेजय! गान्धारीके ऐसे वचन सुनकर डरते हुए भीमसेन उनके पास गये और कहने लगे कि मैंने यह कर्म चाहे धर्मसे किया, चाहे अधर्मसे किया, केवल दुर्योधनके डरसे अपनी रक्षा करनेके लिये ऐसा किया है; सो तुम क्षमा करो। दुर्योधन महाबलवान था, उसे युद्धमें धर्मसे कोई नहीं जीत सक्ता था, इस हीं लिये यह अधर्म मैंने किया दुर्योधनने पहिले महाराज युधिष्ठिरको अधर्महीसे जीता था, और हम लोगोंको अनेक दुःख दिये थे, इसी लिये मैंने

सैन्यस्यैकोऽवशिष्टोऽयं गदायुद्धेन वीर्यवान्।
मां हत्वा न हरेद्राज्यमिति वै तत्कृतं मया ॥ ५ ॥
राजपुत्रीं च पाञ्चालीमेकवस्त्रां रजस्वलाम्।
भवत्या विदितं सर्वमुक्तवान्यत्सुतस्तव ॥ ६ ॥
सुयोधनमसंगृह्य न शक्या भूः ससागरा।
केवला भोक्तुमस्माभिरतश्चैतत्कृतं मया ॥ ७ ॥
तथाऽप्यप्रियमस्माकं पुत्रस्ते समुपाचरत्।
द्रौपद्या यत्सभामध्ये सव्यमूरुमदर्शयत् ॥ ८ ॥
तदैव वध्यः सोऽस्माकं दुराचारश्च ते सुतः।
धर्मराजाज्ञया चैव स्थिताः स्म समये तदा ॥ ९ ॥
वैरमुद्दीपितं राज्ञि पुत्रेण तव तन्महत्।
क्लेशिताश्च वने नित्यं तत एतत्कृतं मया ॥ १० ॥
वैरस्यास्य गताः पारं हत्वा दुर्योधनं रणे।
राज्यं युधिष्ठिरः प्राप्तो वयं च गतमन्यवः ॥ ११ ॥

गांधार्युवाच— न तस्यैष वधस्तात यत्प्रशंससि मे सुतम्।
कृतवांश्चापि तत्सर्वं यदिदं भाषसे भयि ॥ १२ ॥

यह अधर्म किया। अपनी सब सेनामेंसे केवल बलवान दुर्योधनही बच गये थे, ये अब हमको न मार डाले इसलिये मैंने यह अधर्म किया। राजपुत्री रजस्वला द्रौपदीको सभामें बुलाकर जो कुछ वचन कहा था, सो सब तुम जानती हो; इस लिये मैंने ये अधर्म किया। दुर्योधनको विना जीते हम समुद्र पर्यन्त पृथ्वीके राजा नहीं बन सकते, इसलिये मैंने यह अधर्म किया। (१-७)

द्रौपदीको अनेक वचन कहनेपर भी दुर्योधन शान्त न हुआ और उसने सभाके बीचमें द्रौपदीको अपनी बांई जांघ दिखलाई, उस दुष्टको हम चारों भाई उस ही समय मार डालते, परन्तु धर्मराज युधिष्ठिरकी आज्ञाके वशमें होकर कुछ न कर सके। हे रानी! इस घोर वैरको दुर्योधनहीने बढाया, देखो हम लोगोंने वनमें कैसे कैसे दुःख उठाये इसलिये मैंने अधर्म किया। दुर्योधनके मरनेसे युधिष्ठिरको राज्य मिला और हम चारों भाई भी वैर समाप्त करके शान्त हुए। (८—११)

गान्धारी बोली, हे प्यारे भीमसेन! तुम जो हमारे पुत्रकी प्रशंसा करते हो और कहते हो कि हमने उसको मारा

हताश्वे नकुले यत्तु वृषसेनेन भारत।
अपिबः शोणितं संख्ये दुःशासनशरीरजम् ॥ १३ ॥
सद्भिर्विगर्हितं घोरमनार्यजनसेवितम्।
क्रूरं कर्माकृथास्तस्मात्तदयुक्तं वृकोदर ॥ १४ ॥

भीमसेन उवाच— अन्यस्यापि न पातव्यं रुधिरं किं पुनः स्वकम्।
यथैवात्मा तथा भ्राता विशेषो नास्ति कश्चन ॥ १५ ॥
रुधिरं न व्यतिक्रामदन्तोष्ठादम्ब मा शुचः।
वैवस्वतस्तु तद्वेद हस्तौ मे रुधिरोक्षितौ ॥ १६ ॥
हताश्वं नकुलं दृष्ट्वा वृषसेनेन संयुगे।
भ्रातॄणां संप्रहृष्टानां त्रासः सञ्जनितो मया ॥ १७ ॥
केशपक्षपरामर्शे द्रौपद्या द्यूतकारिते।
क्रोधाद्यदब्रुवं चाहं तच्च मे हृदि वर्तते ॥ १८ ॥
क्षत्रधर्माच्च्युतो राज्ञि भवेयं शाश्वतीः समाः।
प्रतिज्ञां तामनिस्तीर्य ततस्तत्कृतवानहम् ॥ १९ ॥
न मामर्हसि गान्धारि दोषेण परिशङ्कितुम्।

सो तुमने इतना ही अपराध नहीं किया। जिस समय वृषसेनने नकुलके घोडे मार डाले थे, तब तुमने दुःशासनके शरीरसे निकालकर रुधिर पिया। सज्जनोंने निन्दित, उस घोर दुष्ट अनार्योंके करने योग्य अयुक्त कर्म तुमने किया (१२-१४)

भीमसेन बोले, अपने शरीरमें और भाईके शरीरमें कुछ भेद नहीं होता, जगत्में कोई मनुष्यका रुधिर नहीं पी सक्ता और अपने रुधिरकी कथा ही तो क्या है। हे माता! दुःशासनका रुधिर मेरे दांतोंसे भीतर नहीं गया था, अर्थात् मैंने केवल ओंठ ही से लगाकर छोड दिया था, तुम इसका कुछ शोच मत करो, केवल मेरे हाथ ही रुधिरसे भीगे थे; इस सत्यको केवल यमराज ही जानते हैं। जिस समय युद्धमें वृषसेनके बाणोंसे नकुलके घोडे मारे गये और तुम्हारे पुत्र बहुत प्रसन्न हुए तब मैंने उनको डरानेके लिये ही यह कर्म किया था, जिस समय जूवा खेलनेके पीछे दुःशासनने द्रौपदीके बाल पकडकर खींचे थे, और मैंने क्रोधसे भरकर प्रतिज्ञा कर दी थी, वही बात मेरे हृदय में बनी रही। मैं उस प्रतिज्ञाको विना पूर्ण किये सदाको क्षत्रियोंके धर्मसे नष्ट हो जाऊंगा, इसलिये मैंने यह कर्म किया। (१५—१९)

अनिगृह्य पुरा पुत्रानस्माखनपकारिषु।
अधुना किं नु दोषेण परिशङ्कितुमर्हसि ॥ २० ॥

गान्धार्युवाच– वृद्धस्यास्य शतं पुत्रान्निघ्नंस्त्वमपराजितः।
कस्मान्न शेषयेः किञ्चिद्येनाल्पमपराधितम् ॥ २१ ॥
सन्तानमावयोस्तात वृद्धयोर्हृतराज्ययोः।
कथमन्धद्वयस्यास्य यष्टिरेका न वर्जिता ॥ २२ ॥
शेषे ह्यवस्थिते तात पुत्राणामन्तके त्वयि।
न मे दुःखं भवेदेतद्यदि त्वं धर्ममाचरेः ॥ २३ ॥

वैशम्पायन उवाच·एवमुक्त्वा तु गान्धारी युधिष्ठिरमपृच्छत।
क्व स राजेति सक्रोधा पुत्रपौत्रवधार्दिता ॥ २४ ॥
तामभ्यगच्छद्राजेन्द्रो वेपमानः कृताञ्जलिः।
युधिष्ठिरस्त्विदं तत्र मधुरं वाक्यमब्रवीत् ॥ २५ ॥
पुत्रहन्ता नृशंसोऽहं तव देवि युधिष्ठिरः।
शापार्हः पृथिवीनाशे हेतुभूतः शपस्व माम् ॥ २६ ॥
न हि मे जीवितेनार्थो न राज्येन धनेन वा।
तादृशान् सुहृदो हत्वा मूढस्यास्य सुहृद्द्रुहः ॥ २७ ॥

हे गान्धारी! तुमने पहिले अपने पुत्रोंको हमारा अपराध करते देखकर भी न रोका और अब हमपर दोष लगाती हो, सो यह दोष लगाना वृथा है। (२०)

गान्धारी बोली, हे भीम! तुमने बूढे राजाके सौ पुत्रोंको मार डाला, जिसने तुम्हारा कम अपराध किया था, उस एकको भी क्यों न छोडा, इस दोनों बूढे और अन्धोंका राज्य भी छिन गया और लाठीके समान एक सन्तान भी न रही। यदि तुम धर्मसे मेरे सब पुत्रोंको मारकर मेरे पास आते, तो मुझे इतना दुःख न होता। (२१–२३)

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, फिर बेटे और पोतोंके शोकसे व्याकुल गान्धारीने क्रोधमें भरकर पूंछा की राजा युधिष्ठिर कहां हैं? (२४)

तब राजोंके महाराज युधिष्ठिर डरसे कांपते हुए हाथ जोडकर उनके पास गये और इस प्रकार मीठे वचन बोले, हे माता! तुम्हारे पुत्रोंको मारनेवाला सब जगत्के नाश करनेका मूल कारण युधिष्ठिर मैं ही हूं, निश्चय ही मैं तुमारा अपराधी हूं, इसलिये मुझे शाप दो, मुझे ऐसे मित्रोंके मरनेके पीछे राज्य, धन

तमेवं वादिनं भीतं संन्निकर्षगतं तदा ।
नोवाच किञ्चिद्गान्धारी निःश्वासपरमा भृशम् ॥ २८ ॥
तस्यावनतदेहस्य पादयोर्निपतिष्यतः ।
युधिष्ठिरस्य नृपतेर्धर्मज्ञा दीर्घदर्शिनी ॥ २९ ॥
अङ्गुल्यग्राणि ददृशे देवीपट्टान्तरेण सा ।
ततः स कुनखीभूतो दर्शनीयनखो नृपः ॥ ३० ॥
तं दृष्ट्वा चार्जुनोऽगच्छद्वासुदेवस्य पृष्ठतः ।
एवं सञ्चेष्टमानांस्तानितश्चेतश्च भारत ॥ ३१ ॥
गान्धारी विगतक्रोधा सांत्वयामास मातृवत् ।
तया ते समनुज्ञाता मातरं वीरमातरम् ॥ ३२ ॥
अभ्यगच्छन्त सहिताः पृथां पृथुलवक्षसः ।
चिरस्य दृष्ट्वा पुत्रान् सा पुत्राभिरभिप्लुता ॥ ३३ ॥
बाष्पमाहारयद्देवी वस्त्रेणावृत्य वै मुखम् ।
ततो बाष्पं समुत्सृज्य सह पुत्रैस्तदा पृथा ॥ ३४ ॥
अपश्यदेतान् शस्त्रौघैर्बहुधा क्षतविक्षतान् ।
सा तानेकैकशः पुत्रान् संस्पृशन्ती पुनः पुनः ॥ ३५ ॥

और जीनेसे कुछ प्रयोजन नहीं है, मैं बडा मूर्ख और मित्रोंका द्रोही हूं । (२५–२७)

राजा युधिष्ठिरको डरे देख और उनके ऐसे वचन सुन गान्धारीने कुछ न कहा, केवल श्वास लेने लगी । जिस समय महाराज युधिष्ठिर डरसे कांपते हुए उनके पैरोंपर गिर पडे, तब धर्म जाननेवाली गान्धारीने उन्हें अपने कपडोंके भीतरसे अंगुली दिखाई, उसी समय सुन्दर नखूनवाले महाराज युधिष्ठिरके नखून बिगड गये, महाराजकी यह दशा देखके अर्जुन श्रीकृष्णके पीछे जाकर छिप गये । पाण्डवोंको इधर उधर छिपते देख गान्धारीका क्रोध शान्त हुआ । फिर उनको माताके समान समझने लगे । (२८–३२)

फिर गान्धारीकी आज्ञा लेकर ये सब वीर माता कुन्तीके पास गये, जिस समय वीर पाण्डव अपनी माताके पास गये तब पुत्रोंके दुःखसे व्याकुल बहुत दिनों से पुत्रोंसे छूटी कुन्ती, अपने आंसुओंको कपडेसे पोंछती हुई आई और बार बार उनके शरीरोंको स्पर्श करके अनेक प्रकारके अस्त्रोंसे कटे हुए शरीरोंको देखने और छूने लगी । फिर पुत्ररहित

अन्वशोचत दुःखार्तां द्रौपदीं च हतात्मजाम्।
रुदतीमथ पाञ्चालीं ददर्श पतितां भुवि ॥ ३६ ॥

द्रौपद्युवाच— आर्ये पुत्राः क्व ते सर्वे सौभद्रसहिता गताः।
न त्वां तेऽभ्यागच्छन्ति चिरं दृष्ट्वा तपस्विनीम् ॥ ३७ ॥
किं नु राज्येन वै कार्यं विहीनायाः सुतैर्मम।
तां समाश्वासयामास पृथा पृथुललोचना ॥ ३८ ॥
उत्थाप्य याज्ञसेनीं तु रुदतीं शोककर्शिताम्।
तयैव सहिता चापि पुत्रैरनुगता नृप ॥ ३९ ॥
अभ्यगच्छत गान्धारीमार्तामार्ततरा स्वयम्।

वैशम्पायन उवाच-तामुवाचाथ गान्धारी सह वध्वा यशस्विनीम् ॥४० ॥
मैवं पुत्रीति शोकार्तां पश्य मामपि दुःखिताम्।
मन्ये लोकविनाशोऽयं कालपर्याय नोदितः ॥ ४१ ॥
अवश्यभावी सम्प्राप्तः स्वभावाल्लोमहर्षणः।
इदं तत्समनुप्राप्तं विदुरस्य वचो महत् ॥ ४२ ॥
असिद्धानुनये कृष्णे यदुवाच महामतिः।
तस्मिन्नपरिहार्येऽर्थे व्यतीते च विशेषतः ॥ ४३ ॥
मा शुचो न हि शोच्यास्ते संग्रामे निधनं गताः।

द्रौपदी शोच करने लगी, फिर भूमिमें पडी और रोती हुई द्रौपदीको देखा। द्रौपदी बोली, हे माता! अभिमन्युके सहित तुह्मारे सब पोते कहां चले गये? तुमको बहुत दिनके पीछे यहां आई हुई देखकर भी वे तुह्मारे पास अभी तक क्यों नहीं आते? बिना पुत्रोंके मैं इस राज्यको लेकर क्या करूंगी? (३३-३७)

रोती हुई शोकसे व्याकुल द्रौपदीको उठाकर बडे बडे नेत्रवाली कुन्ती समझाने लगी। फिर अपने पुत्र और द्रौपदीके सहित रोती हुई कुन्ती, रोती हुई गान्धारीके पास गई। (३८-३९)

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, यशस्विनी कुन्तीको द्रोपदीके सहित रोते हुए देख गान्धारी बोली, तुम कुछ शोच मतकरो। देखो मैं भी कैसे शोकमें पडी हुई हूं, भयानक समय स्वभावहीसे आगया था, महाबुद्धिमान विदुरने जैसे कहा था, सो सब वैसे ही हुआ, यह कर्म अवश्य होनेवाला था, सो समाप्त होगया। वे सब युद्धमें मारे गये, उनका सोच करना अब वृथा है, जैसे शोकमें तुम पडी हो वैसे ही मैं भी पडी हूं। तुममें और

यथैवाहं तथैव त्वं को वामाश्वासयिष्यति।
ममैव ह्यपराधेन कुलमद्य्यं विनाशितम् ॥ ४४ ॥ [४२०]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां स्त्रीपर्वणि जलप्रदानिकपर्वणि
पृथापुत्रदर्शने पंचदशोऽध्यायः ॥ १५ ॥

समाप्तं जलप्रदानिकं पर्व।

अथ स्त्रीविलापपर्व।

वैशम्पायन उवाच·एवमुक्त्वा तु गान्धारी कुरूणामवकर्तनम्।
अपश्यत्तत्र तिष्ठन्ती सर्वं दिव्येन चक्षुषा ॥ १ ॥
पतिव्रता महाभागा समानव्रतचारिणी।
उग्रेण तपसा युक्ता सततं सत्यवादिनी ॥ २ ॥
वरदानेन कृष्णस्य महर्षेः पुण्यकर्मणः।
दिव्यज्ञानबलोपेता विविधं पर्यदेवयत् ॥ ३ ॥
ददर्श सा बुद्धिमती दूरादपि यथान्तिके।
रणाजिरे नृवीराणामद्भुतं लोमहर्षणम् · ॥ ४ ॥
अस्थिकेशवसाकीर्णं शोणितौघपरिप्लुतम्।
शरीरैर्बहुसाहस्रैर्विनिकीर्णं समन्ततः ॥ ५ ॥
गजाश्वरथयोधानामावृतं रुधिराविलैः।

मुझमें कोई भेद नहीं है और अब तुम्हें हमें समझाने और कौन आवेगा। मेरे ही अपराधसे इस कुलका नाश हुआ। (४०-४४) [४२०]

स्त्री पर्वमें पंदरह अध्याय समाप्त। [१५]
जलप्रदानिकपर्व समाप्त।

(२) स्त्री विलाप पर्व।

स्त्रीपर्वमें सोलह अध्याय।

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे राजा जनमेजय! ऐसा कहके गान्धारी चुप हो गई, फिर उसने वहीं बैठे बैठे अपनी ज्ञान दृष्टिसे उस युद्धभूमिको देखा, सदा सत्य बोलनेवाली पतिव्रता महाभाग्यवती तपस्विनी धर्मात्मा महामुनि व्यासकी कृपासे उस युद्ध भूमिको देखा। बुद्धिमती गान्धारीने उस वीरोंकी युद्धभूमिको दूरसे इस प्रकार देखा जैसे कोई अपने घरकी वस्तुको देखता है, उस भयानक युद्धभूमिको देखकर वीरोंके भी रोये खडे होते थे, उस युद्धभूमिमें हड्डी, बाल, चर्बी, रुधिर, और शरीर भरे हुए थे, उस समय उस युद्धभूमिमें मरे हुए हाथी, घोडे, रथ और योद्धा रुधिरसे भरे हुए दिखाई देते थे, किसी-

शरीरैरशिरस्कैश्च विदेहैश्च शिरोगणैः ॥ ६ ॥
गजाश्वनरनारीणां निःस्वनैरभिसंवृतम्।
सृगालबककाकोलकङ्ककाकनिषेवितम् ॥ ७ ॥
रक्षसां पुरुषादानां मोदनं क्रुरराकुलम्।
अशिवाभिः शिवाभिश्च नादितं गृध्रसेवितम् ॥ ८ ॥
ततो व्यासाभ्यनुज्ञातो धृतराष्ट्रो महीपतिः।
पाण्डुपुत्राश्च ते सर्वे युधिष्ठिरपुरोगमाः ॥ ९ ॥
वासुदेवं पुरस्कृत्य हतबन्धुं च पार्थिवम्।
कुरुस्त्रियः समासाद्य जग्मुरायोधनं प्रति ॥ १० ॥
समासाद्य कुरुक्षेत्रं ताः स्त्रियो निहतेश्वराः।
अपश्यन्त हतांस्तत्र पुत्रान् भ्रातॄन्पितॄन्पतीन् ॥ ११ ॥
क्रव्यादैर्भक्ष्यमाणान्वै गोमायुबलवायसैः।
भूतैः पिशाचै रक्षोभिर्विविधैश्च निशाचरैः ॥ १२ ॥
रुद्राक्रीडनिभं दृष्ट्वा तदा विशसनं स्त्रियः।
महार्हेभ्योऽथ यानेभ्यो विक्रोशंत्यो निपेतिरे ॥ १३ ॥
अदृष्टपूर्वं पश्यंत्यो दुःखार्ता भरतस्त्रियः।
शरीरेष्वस्खलन्नन्याः पतत्यश्चापरा भुवि ॥ १४ ॥

के शरीरका पता भी नहीं था, वह युद्ध भूमि हाथी, घोडे, मनुष्य और स्त्रियोंके शब्दसे भर गई, चारों ओर शियार बगुले और गिद्ध आदि मांस खानेवाले प्राणी दीखने लगे, मनुष्योंका मांस खानेवाले राक्षस क्रुरी भयानक सियारी और गिद्ध उस युद्धभूमिको देखकर प्रसन्न होने लगे। (१—८)

तब भगवान् व्यासकी आज्ञासे महाराज, धृतराष्ट्र, युधिष्ठिर, भीमसेन, अर्जुन, नकुल और सहदेव, श्रीकृष्ण और बन्धुरहित महाराज धृतराष्ट्रको आगे करके कुरुकुलकी स्त्रियोंको सङ्ग लेकर युद्धभूमिमें गये। (९-१०)

कुरु क्षेत्रमें जाकर पतिरहित स्त्रियों ने मरे हुए अपने अपने पति, पिता, पुत्र और भाइयोंको देखा। और देखा की वहां उनके शरीरके मांसको कौवे, सियार, गिद्ध, भूत, पिशाच और राक्षस खा रहे हैं, उस समय उस युद्धभूमिको उन स्त्रियोंने महाकालके अखाडेके समान देखा, फिर अनेक बहुत मूल्यवाले वाहनोंसे रोती हुई उतरीं। जिन कुरुकुलकी स्त्रियोंने दुःख कभी नहीं देखा-

श्रान्तानां चाप्यनाथानां नासीत्काचन चेतना।
पाञ्चालकुरुयोषाणां कृपणं तदभून्महत् ॥ १५ ॥
दुःखोपहताचित्ताभिः समन्तादनुनादितम्।
दृष्ट्वाऽऽयोधनमत्युग्रं धर्मज्ञा सुबलात्मजा ॥ १६ ॥
ततः सा पुण्डरीकाक्षमामन्त्र्य पुरुषोत्तमम्।
कुरूणां वैशसं दृष्ट्वा इदं वचनमब्रवीत् ॥ १७ ॥
पश्यैताः पुण्डरीकाक्ष स्नुषा मे निहतेश्वराः।
प्रकीर्णकेशाः क्रोशन्तीः कुररीरिव माधव ॥ १८ ॥
अमूस्त्वभिसमागम्य स्मरंत्यो भर्तृजान् गुणान्।
पृथगेवाभिधावंत्यः पुत्रान्भ्रातॄन्पितॄन्पतीन् ॥ १९ ॥
वीरसूभिर्महाराज हतपुत्राभिरावृतम्।
क्वचिच्च वीरपत्नीभिर्हतवीराभिरावृतम् ॥ २० ॥
शोभितं पुरुषव्याघ्रैः कर्णभीष्माभिमन्युभिः।
द्रोणद्रुपदशल्यैश्च ज्वलद्भिरिव पावकैः ॥ २१ ॥
काञ्चनैः कवचैर्निष्कैर्मणिभिश्च महात्मनाम्।
अङ्गदैर्हस्तकेयूरैः स्रग्भिश्च समलंकृतम् ॥ २२ ॥
वीरबाहुविसृष्टाभिः शक्तिभिः परिघैरपि।

था, वे दुःखसे व्याकुल होकर पृथ्वीमें लोटने लगीं। (११—१४)

उस समय नाथ रहित, रोती हुई, चेतना रहित, दुःखसे व्याकुल, दुखित पांचाल और कौरवोंकी स्त्रियोंके शब्दसे वह युद्ध भूमि पूरित हो गई। उस युद्ध भूमिको देखकर धर्म जाननेवाली सुबल पुत्री गान्धारी महात्मा श्रीकृष्णको बुलाकर ऐसे वचन बोली। हे कमल नेत्र कृष्ण! हे माधव! देखो हमारे बेटोंकी स्त्री विधवा होकर बाल खोले कुररीके समान रो रही हैं, ये अपने अपने पतियोंके गुण स्मरण करके रो रही हैं, ये अपने अपने पति पुत्र और पिताको ढूंढ रही हैं। ये युद्धभूमिमें अनेक वीर माता और अनेक वीरोंकी स्त्री अपने अपने पुत्र और पतियोंको देख रो रही हैं। (१५—२०)

ये देखो पुरुषसिंह कर्ण, भीष्म, अभिमन्यु, द्रोणाचार्य, महाराज द्रुपद और महाराज शल्य आदि वीर, जलती हुई अग्निके समान मरे हुवे पडे हैं। यह युद्धभूमिमें सोनेके कवच, निष्कमणि, वीरोंके बाजूबन्द, अङ्गठी, माला, वीरों-

खड्गैश्च विविधैस्तीक्ष्णैः सशरैश्च शरासनैः ॥ २३ ॥
क्रव्यादसङ्घैर्मुदितैस्तिष्ठद्भिः सहितैः क्वचित्।
क्वचिदाक्रीडमानैश्च शयानैश्चापरैः क्वचित् ॥ २४ ॥
एतदेवंविधं वीर सम्पश्यायोधनं विभो।
पश्यमाना हि दह्यामि शोकेनाहं जनार्दन ॥ २५ ॥
पञ्चालानां कुरूणां च विनाशे मधुसूदन।
पञ्चानामपि भूतानामहं वधमचिन्तयम् ॥ २६ ॥
तान्सुपर्णाश्च गृध्राश्च कर्षयंत्यसृगुक्षिताः।
विगृह्य चरणैर्गृध्रा भक्षयन्ति सहस्रशः ॥ २७ ॥
जयद्रथस्य कर्णस्य तथैव द्रोणभीष्मयोः।
अभिमन्योर्विनाशं च काश्चिन्तयितुमर्हति ॥ २८ ॥
अवध्यकल्पान्निहतान् गतसत्वानचेतसः।
गृध्रकङ्कवटश्येनश्वसृगालादनीकृतान् ॥ २९ ॥
अमर्षवशमापन्नान् दुर्योधनवशे स्थितान्।
पश्येमान्पुरुषव्याघ्रान् संशान्तान्पावकानिव ॥ ३० ॥
शयाना ये पुरा सर्वे मृदूनि शयनानि च।

के हाथसे टूटे हुये सांगी, परिघ, खड्ग अनेक प्रकारके बाणवान धनुष पडे हैं। (२१—२३)

कहीं मांस खानेवाले पक्षी प्रसन्न होकर बैठे हैं, कहीं खेल रहे हैं और कहीं सुखसे सो रहे हैं। हे वीर! हे भगवन्! हे जनार्दन! उनको देखकर मेरा हृदय शोकसे जला जाता है। इस पाञ्चाल और कुरुकुलके नाशसे हमें ऐसा जान पडता है, कि सब जगत्का नाश हो गया। देखो इन वीरोंके रुधिरमें भीगे शरीरोंको सहस्रों गिद्ध आदि पक्षी खा रहे हैं, कहीं कोई गिद्ध किसी वीरका पेट खींचे लिये जाते हैं।(२४—२७)

जयद्रथ, कर्ण, भीष्म और अभिमन्यु आदि वीरोंके मृत्यु देखकर किसे शोच न होगा। जिनको कोई नहीं मार सक्ता था, आज उनको चैतन्यरहित निरखकर, मनुष्यके समान मरा हुआ देखकर कौवे, सियार और गिद्ध खा रहे हैं। ये सब वीर क्रोधके वशमें होकर दुर्योधनकी आज्ञासे युद्धमें मारे गये, ये पुरुषसिंह वीर इस समय जलती हुई अग्निके समान पृथ्वीमें पडे हैं। (२८—३०)

जो पहिले कोमल बिछौनोंपर सोते

विपन्नास्तेऽद्य वसुधां विवृतामधिशेरते ॥ ३१ ॥
वन्दिभिः सततं काले स्तुवद्भिरभिनन्दिताः ।
शिवानामशिवा घोराः शृण्वन्ति विविधा गिरः॥३२॥
ये पुरा शेरते वीराः शयनेषु यशस्विनः ।
चन्दनागुरुदिग्धाङ्गास्तेऽद्य पांसुषु शेरते ॥ ३३ ॥
तेषामाभरणान्येते गृध्रगोमायुवायसाः ।
आक्षिपन्ति शिवा घोराः विनदंत्यः पुनः पुनः ॥३४॥
बाणान्विनिशितान्पीतान्निस्त्रिंशान् विमला गदाः ।
युद्धाभिमानिनः सर्वे जीवन्त इव बिभ्रति ॥ ३५ ॥
सुरूपवर्णा बहवः क्रव्यादैरवघट्टिताः ।
ऋषभप्रतिरूपाश्च शेरते हरितस्रजः ॥ ३६ ॥
अपरे पुनरालिङ्ग्य गदाः परिघबाहवः ।
शेरतेऽभिमुखाः शूरा दयिता इव योषितः ॥ ३७ ॥
बिभ्रतः कवचान्यन्ये विमलान्यायुधानि च ।
न धर्षयन्ति क्रव्यादा जीवन्तीति जनार्दन ॥ ३८ ॥
क्रव्यादैः कृष्यमाणानामपरेषां महात्मनाम् ।
शातकौम्भ्यः स्रजश्चित्रा विप्रकीर्णाः समन्ततः ॥३९॥

थे सो आज पृथ्वीमें मुह फैलाये पडे हैं, पहिले जो सदा भाटोंके मुखसे स्तुति सुनकर प्रसन्न होते थे, वे आज अनेक प्रकारके भयानक सियारियोंके शब्द सुन रहे हैं। जो पहिले यशस्वी वीर शरीरमें चन्दन और अगर लगाकर पलङ्गपर सोते थे, सो आज धूलमें लोटते पृथ्वीमें पडे हैं। उनके भूषणोंको घोर शब्द करते युद्धमें सियार और कौवे इधर उधर खींच रहे हैं, ये अभिमानी वीर अब तक भी तेजवान खड्ग और निर्मल गदा इस प्रकार ले रहे हैं जैसे जीते हुए लिये रहते थे, अनेक सुन्दर वीरोंके हाथोंको मांस खानेवाले जन्तु इधर उधर लिये घूमते हैं, इस समय भी उनका तेज सूर्यके समान दिखाता है, कोई परिघके समान सुन्दर हाथवाले वीर गदाको छातीसे लगाये युद्धकी ओर मुख किये इस प्रकार सोते हैं, जैसे अपनी प्यारी स्त्रीके सङ्ग सोते थे। किसी वीर को कवच, विमल शस्त्र धारण किये देख और उन्हें जीता जान कोई मांस खानेवाला जन्तु उनके पास नहीं जाने सक्ता। किसी किसी महात्मा

एते गोमायवो भीमा निहतानां यशस्विनाम्।
कण्ठान्तरगतान्हारानाक्षिपन्ति सहस्रशः ॥ ४० ॥
सर्वेष्वपररात्रेषु या ननन्दन्त वन्दिनः।
स्तुतिभिश्च पराघ्यीभिरुपचारैश्च शिक्षिताः ॥ ४१ ॥
तानिमाः परिदेवन्ति दुःखार्ताः परमाङ्गनाः।
कृपणं वृष्णिशार्दूल दुःखशोकार्दिता भृशम् ॥ ४२ ॥
रक्तोत्पलवनानीव विभान्ति रुचिराणि च।
मुखानि परमस्त्रीणां परिशुष्काणि केशव ॥ ४३ ॥
रुदिताद्विरता ह्येता ध्यायंत्यः सपरिच्छदाः।
कुरुस्त्रियोऽभिगच्छन्ति तेन तेनैव दुःखिताः ॥ ४४ ॥
एतान्यादित्यवर्णानि तपनीयनिभानि च।
रोपरोदनताम्राणि वक्त्राणि कुरुयोषिताम् ॥ ४५ ॥
श्यामानां वरवर्णानां गौरीणामेकवाससाम्।
दुर्योधनवरस्त्रीणां पश्य वृन्दानि केशव ॥ ४६ ॥
आसामपरिपूर्णार्थं निशम्य परिदेवितम्।
इतरेतरसंक्रन्दान्न विजानन्ति योषितः ॥ ४७ ॥

वीरको मांसभक्षी वीर खिंच रहे हैं और उनकी सोनेकी माला इधर उधर फैली जाती है। ये देखो, ये भयानक सियार महात्मा वीरोंके गलेसे हार निकालकर इधर उधर खींचे फिरते हैं। (३१-४०)

जो स्त्री पहिले समयमें रात्रिके पिछले पहरमें भाटोंके मुखसे स्तुति सुनकर जागती थी और जो अनेक पूजा और शिक्षासे युक्त थी, वेही आज शोक और दुःखसे व्याकुल होकर वीर स्त्रीके समान रो रही हैं, हे केशव! हे वृष्णिकुल-शार्दूल! इन सुन्दर स्त्रियोंके सूखते हुवे कोमल मुख इस समय लाल कमलके समान दीखते हैं, ये कुरुकुलकी स्त्री रोना बन्द करके अपने अपने पतियोंके पास बैठी हैं, ये दुःख और क्रोधसे व्याकुल कौरवोंकी स्त्रियोंके मुख प्रातःकालके सूर्यसे सोना और तांबेके समान लाल होगये हैं। (४१-४५)

हे कृष्ण! ये गोरे रङ्गवाली सोलह वर्षकी दुर्योधनकी उत्तम स्त्रियोंके झुण्ड एक साडी पहिने दुःखसे व्याकुल हो रही हैं, इनका भयानक रोना सुनकर और एक दूसरीको पुकारते देखकर मेरा हृदय फटा जाता है। ये बहुत समय

एता दीर्घमिवोच्छ्वस्य विकुश्य च विलप्य च।
विस्पन्दमाना दुःखेन वीरा जहति जीवितम् ॥ ४८ ॥
बह्व्यो दृष्ट्वा शरीराणि क्रोशन्ति विलपन्ति च।
पाणिभिश्चापरा घ्नन्ति शिरांसि मृदुपाणयः ॥ ४९ ॥
शिरोभिः पतितैर्हस्तैः सर्वाङ्गैर्यूथशः कृतैः।
इतरेतरसम्पृक्तैराकीर्णा भाति मेदिनी ॥ ५० ॥
विशिरस्कानथो कायान् दृष्ट्वा शोतानिनिन्दितान्।
मुह्यन्त्यनुगता नार्यो विदेहानि शिरांसि च ॥ ५१ ॥
शिरः कायेन सन्धाय प्रेक्षमाणा विचेतसः।
अपश्यन्त्यो परं तत्र नेदमस्येति दुःखिताः ॥ ५२ ॥
बाहूरुचरणानन्यान् विशिखोन्मथितान्पृथक्।
सन्दधत्योऽसुखाविष्टा मूर्छन्त्येताः पुनः पुनः ॥ ५३ ॥
उत्कृत्य शिरसश्चान्यान्विजघ्नान्मृगपक्षिभिः।
दृष्ट्वा काश्चिन्न जानन्ति भर्तॄन् भरत योषितः ॥ ५४ ॥
पाणिभिश्चापरा घ्नन्ति शिरांसि मधुसूदन।
प्रेक्ष्य भ्रातॄन्पितॄन्पुत्रान्पतींश्च निहतान्परैः ॥ ५५ ॥
बाहुभिश्च सखड्गैश्च शिरोभिश्च सकुण्डलैः।

तक रोकर ऊंचे सांस लेकर और दुःख-से व्याकुल होकर इस प्रकार पृथ्वीमें पडी हैं, मानों अभी मर जांयगी। (४६-४८)

कोई अपने पतियोंका शरीर देखकर रोति है, कोई कोमल हाथोंसे शिर पीट रही हैं। इस समय यह युद्धभूमि कटे हुए शिर, हाथ और शरीरोंसे पूर्ण दीखती है। ये देखो ये स्त्री शरीररहित शिर और शिररहित शरीरोंको देखकर मूर्च्छित हो रहीं हैं। कहीं कोई स्त्री दुःखसे व्याकुल होकर शरीरमें शिर लगाकर देखती है और कहती है कि यह शिर इनका नहीं है। कोई बाणोंसे कटे हुवे हाथ, पैर और जांघ मिलाकर दुःखसे व्याकुल होरहीं हैं। कोई कुरु-कुलकी स्त्री स्यार और पक्षियोंसे खाये हुवे शिर हाथमें लेकर अपने पतियोंको नहीं पहिचानती। (४९-५४)

हे मधुसूदन! कोई शत्रुओंके हाथसे मरे भाई, पुत्र और पतियोंको पृथ्वीमें पडा देख हाथोंसे शिर पीट रही हैं। इस समय यह रुधिर और मांसके कीचड से भरी, कटे हुवे खड्गके सहित, हाथ और कुण्डल सहित शिरोंसे ऐसी

अगम्यकल्पा पृथिवी मांसशोणितकर्दमा ॥ ५६ ॥
बभूव भरतश्रेष्ठ प्राणिभिर्गतजीवितैः।
न दुःखेपूचिताः पूर्वं दुःखं गाहन्त्यनिन्दिताः॥ ५७ ॥
भ्रातृभिः पतिभिः पुत्रैरुपाकीर्णा वसुन्धरा।
यूथानीव किशोरीणां सुकेशीनां जनार्दन ॥ ५८ ॥
स्नुषाणां धृतराष्ट्रस्य पश्य वृन्दान्यनेकशः।
इतो दुःखतरं किन्नु केशव प्रतिभाति मे ॥ ५९ ॥
यदिमाः कुर्वते सर्वा रूपमुच्चावचं स्त्रियः।
नूनमाचरितं पापं मया पूर्वेषु जन्मसु ॥ ६० ॥
या पश्यामि हतान्पुत्रान् पौत्रान् भ्रातॄंश्च माधव।
एवमार्ता विलपती समाभाष्य जनार्दनम्।
गान्धारी पुत्रशोकार्ता ददर्श निहतं सुतम् ॥ ६१ ॥ [४८१]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां स्त्रीपर्वणि स्त्रीविलापपर्वणि आयोधनेदर्शने षोडशोऽध्यायः॥ १६ ॥

वैशम्पायन उवाच–दुर्योधनं हतं दृष्ट्वा गान्धारी शोककर्शिता।
सहसा न्यपतद्भूमौ छिन्नेव कदली वने ॥ १ ॥

शोणित पूर्ण हो गई है कि जानने योग्य नहीं रही। (५५-५६)

हे यदुकुलश्रेष्ठ! यह भूमि मरे हुए शरीरोंसे भर गई है, ये निन्दारहित स्त्री दुःख भोगने योग्य नहीं थीं, परन्तु दुःख भोग रही हैं। यह युद्धभूमि इस समय इन मरे हुए शरीरोंसे ऐसी पूर्ण होगई जैसे तारागणसे रात्रिमें आकाश पूर्ण होता है। इस समय महाराज धृतराष्ट्रके बेटोंकी थोडी अवस्थावाली और सुन्दर बालोंवाली स्त्रियोंके अनेक झुंड इधर उधर घूमते फिरते हैं, मेरे लिये इससे अधिक दुःख और क्या होगा? मैं जो इन स्त्रियोंके ऐसे रूप देखती हूं इससे निश्चय होता है कि मैंने पहिले जन्ममें महा अपराध किया है। (५७-६०)

हे कृष्ण! मेरे सब बेटे और सब पोते मारे गये और इससे और अधिक दुःख क्या होगा? श्रीकृष्णसे ऐसा कहकर गान्धारी रोने लगी और उसने मरे हुवे बेटेको देखा।(६१) [४८१]

स्त्रीपर्वमें सोलह अध्याय समाप्त।

स्त्रीपर्वमें सतरह अध्याय।

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे राजन् जनमेजय! दुर्योधनको मरा हुआ देखकर गान्धारी शोकसे व्याकुल होकर

सा तु लब्ध्वा पुनः संज्ञां विक्रुश्य च विलप्य च ।
दुर्योधनमभिप्रेक्ष्य शयानं रुधिरोक्षितम् ॥ २ ॥
परिष्वज्य च गान्धारी कृपणं पर्यदेवयत् ।
हा हा पुत्रेति शोकार्ता विललापाकुलेन्द्रिया ॥ ३ ॥
सुगूढजत्रुविपुलं हारनिष्कविभूषितम् ।
वारिणा नेत्रजेनोरः सिञ्चन्ती शोकतापिता ॥ ४ ॥
समीपस्थं हृषीकेशमिदं वचनमब्रवीत् ।
उपस्थितेऽस्मिन्संग्रामे ज्ञातीनां संक्षये विभो ॥ ५ ॥
मामयं प्राह वार्ष्णेय प्राञ्जलिर्नृपसत्तमः ।
अस्मिन् ज्ञातिसमुद्धर्षे जयमम्बा ब्रवीतु मे ॥ ६ ॥
इत्युक्ते जानती सर्वमहं खव्यसनागमम् ।
अब्रुवं पुरुषव्याघ्र यतो धर्मस्ततो जयः ॥ ७ ॥
यथा च युध्यमानस्त्वं न वै मुह्यसि पुत्रक ।
ध्रुवं शस्त्रजितान् लोकान् प्राप्स्यस्यमरवत्प्रभो ॥ ८ ॥
इत्येवमब्रुवन्पूर्वं नैनं शोचामि वै प्रभो ।
धृतराष्ट्रं तु शोचामि कृपणं हतबान्धवम् ॥ ९ ॥

इस प्रकार पृथ्वीमें गिर पडी जैसे केलेका वृक्ष टूट कर गिर पडता है, फिर थोडे समयमें चैतन्य होकर रुधिरसे भीगे हुए दुर्योधनको उठाकर हा पुत्र! हा पुत्र! कह कर रोने लगी। इस समय गान्धारीकी सब इन्द्री शोकसे व्याकुल हो रही थीं, फिर हार आदि भूषणोंसे युक्त हृदयको आसुओंसे भिगोती हुई शोकसे व्याकुल होकर पास खडे हुए श्रीकृष्णसे ऐसे वचन बोली।(१-४)

हे कृष्ण! जब ये क्षत्रियोंका नाश करनेवाला युद्ध होनेवाला था, तब सब राजोंमें श्रेष्ठ दुर्योधनने हाथ जोडकर मुझसे कहा था, हे माता! अब ये घोर युद्ध होनेवाला है, तुम हमारे विजयके लिये आशिर्वाद करो। मैंने इस आनेवाली आपत्तिको पहिले ही जान लिया था तब मैंने कहा कि, हे पुरुषसिंह! जहां धर्म है वहांही विजय होगी। तुम युद्धमें कुछ भूल मत करना और पीछे युद्धमें शस्त्रसे मरकर देवतोंके लोकको जावो। हे कृष्ण! मैंने इससे पहिलेही यह कह दिया था, इसलिये इसका मुझे कुछ शोच नहीं है परन्तु बन्धुरहित दीन राजा धृतराष्ट्रका शोच करती हूं।(५-९)

अमर्षणं युधां श्रेष्ठं कृतास्त्रं युद्धदुर्मदम्।
शयानं वीरशयने पश्य माधव मे सुतम् ॥ १० ॥
योऽयं मूर्धावसिक्तानामग्रे याति परन्तपः।
सोऽयं पांसुषु शेतेऽद्य पश्य कालस्य पर्ययम् ॥ ११ ॥
ध्रुवं दुर्योधनो वीरो गतिं सुलभतां गतः।
तथा ह्यभिमुखः शेते शयने वीरसेविते ॥ १२ ॥
यं पुरा पर्युपासीना रमयन्ति वरस्त्रियः।
तं वीरशयने सुप्तं रमयंत्यशिवाः शिवाः ॥ १३ ॥
यं पुरा पर्युपासीना रमयन्ति महीक्षितः।
महीतलस्थं निहतं गृध्रास्तं पर्युपासते ॥ १४ ॥
यं पुरा व्यजनैः रम्यैरुपवीजन्ति योषितः।
तमद्य पक्षव्यजनैरुपवीजन्ति पक्षिणः ॥ १५ ॥
एष शेते महाबाहुर्बलवान् सत्यविक्रमः।
सिंहेनेव द्विपः संख्ये भीमसेनेन पातितः ॥ १६ ॥
पश्य दुर्योधनं कृष्ण शयानं रुधिरोक्षितम्।
निहतं भीमसेनेन गदां सम्मृज्य भारत ॥ १७ ॥

हे कृष्ण! ये देखो महा बलवान् सब शस्त्र विद्या जाननेवाले महा क्रोधी वीर श्रेष्ठ दुर्योधन आज पृथ्वीमें सोते हैं। देखो समयकी गति कैसी कठिन है कि जो शत्रुनाशन दुर्योधन पहिले राजोंके आगे चलते थे, सो आज धूलमें लिपटे हुए पृथ्वीमें पडे हैं। हमें यह निश्चय होता है कि वीर दुर्योधन साधारण गतिको नहीं प्राप्त हुवे, ये अवश्य ही स्वर्ग लोकको गये, क्योंकि इस समय तक भी युद्धहीकी ओर मुख करके सोते हैं। जिस वीरके पास पहिले उत्तम उत्तम स्त्री रहती थीं, आज उसे वीर शय्यापर सोते हुए देख भयानक सियारी पास बैठी हैं। जिसके पास पहिले राजा लोग बैठते थे, आज उसही मरे हुए पृथ्वीमें पडे दुर्योधनके पास गिद्ध बैठे हैं। पहिले समयमें उत्तम पङ्खोंसे हवा की जाती थी, आज उस हीको कौवे अपने पंखोंकी हवासे शीतल कर रहे हैं। ये महा बलवान् सत्य पराक्रमी महाबाहू दुर्योधनको युद्धमें भीमसेनने ऐसे मारा जैसे सिंह हाथीको मार डालता है। (१०-१६)

हे कृष्ण! ये देखो वीर दुर्योधन भीमसेनके हाथसे मरकर गदा लिये

अक्षौहिणीर्महाबाहुर्दशचैकां च केशव।
आनयद्यः पुरा संख्ये सोऽनयान्निधनं गतः ॥ १८ ॥
एष दुर्योधनः शेते महेष्वासो महाबलः।
शार्दूल इव सिंहेन भीमसेनेन पातितः ॥ १९ ॥
विदुरं ह्यवमन्यैष पितरं चैव मन्दभाक्।
बालो वृद्धावमानेन मन्दो मृत्युवशं गतः ॥ २० ॥
निःसपत्ना मही यस्य त्रयोदशसमाः स्थिता।
स शेते निहतो भूमौ पुत्रो मे पृथिवीपतिः ॥ २१ ॥
अपश्यं कृष्ण पृथिवीं धार्तराष्ट्रानुशासिताम्।
पूर्णां हस्तिगवाश्वैश्च वार्ष्णेय न तु तच्चिरम् ॥ २२ ॥
तामेवाद्य महाबाहो पश्याम्यन्यानुशासिताम्।
हीनां हस्तिगवाश्वेन किं नु जीवामि माधव ॥ २३ ॥
इदं कष्टतरं पश्य पुत्रस्यापि वधान्मम।
यदिमाः पर्युपासन्ते हतान् शूरान् रणे स्त्रियः ॥ २४ ॥
प्रकीर्णकेशां सुश्रोणीं दुर्योधनशुभाङ्गनाम्।
रुक्मवेदीनिभां पश्य कृष्ण लक्ष्मणमातरम् ॥ २५ ॥
नूनमेषा पुरा बाला जीवमाने महीभुजे।

रुधिरमें भींगे पृथ्वीमें सोते हैं; देखो किसी दिन ग्यारह अक्षौहिणी सेना इनके सङ्ग थी सो आज मर कर पृथ्वीमें पडे हैं। जो महा धनुषधारी महा बलवान् दुर्योधन भीमसेनके हाथसे मर कर इस प्रकार पृथ्वीमें पडे हैं जैसे सिंहके डरसे शार्दूल। इस मूर्ख बालकने विदुर और महाबाहु धृतराष्ट्रका निरादर किया था, इससे इस अवस्थाको पहुंचा। जिसके वशमें शत्रुरहित पृथ्वी तेरह वर्ष तक रही थी, वही महाराज दुर्योधन आज पृथ्वीमें पडे हैं। (१७-२१)

हे कृष्ण! थोडे ही दिन हुए कि हाथी, घोडे और गाडीसे भरी पृथ्वी राजा दुर्योधनकी आज्ञामें चलती थी, सो आज हाथी, घोडे और बलसे हीन होकर दूसरेकी आज्ञामें चलती है। अब हमें जीनेसे क्या सुख है। देखो अनेक स्त्रियां मरे हुए वीरके पास बैठी हुई रोरही हैं। (२२-२४)

हे कृष्ण! ये देखो उत्तम बाल और पतली कमरवाली लक्ष्मणकी माता दुर्योधनको गोदमें लिये सोनेकी देवीके समान बैठी हैं। जिस समय राजा जीते

भुजावाश्रित्य रमते सुभुजस्य मनस्विनी ॥ २६ ॥
कथं तु शतधा नेदं हृदयं मम दीर्यते।
पश्यन्त्या निहतं पुत्रं पौत्रेण सहितं रणे ॥ २७ ॥
पुत्रं रुधिरसंसिक्तमुपजिघ्रत्यनिन्दिता।
दुर्योधनं तु वामोरूः पाणिना परिमार्जती ॥ २८ ॥
किं नु शोचति भर्तारं पुत्रं चैषा मनस्विनी।
तथा ह्यवस्थिता भाति पुत्रं चाप्यभिवीक्ष्य सा॥२९॥
स्वशिरः पञ्चशाखाभ्यामभिहत्यायतेक्षणा।
पतत्युरसि वीरस्य कुरुराजस्य माधव ॥ ३० ॥
पुण्डरीकनिभा भाति पुण्डरीकान्तरप्रभा।
मुखं विमृज्य पुत्रस्य भर्तुश्चैव तपस्विनी ॥ ३१ ॥
यदि सत्यागमाः सन्ति यदि वै श्रुतयस्तथा।
ध्रुवं लोकानवाप्तोऽयं नृपो बाहुबलार्जितान्॥ ३२ ॥ [५१३]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां स्त्रीपर्वणि स्त्रीविलापपर्वणि दुर्योधनदर्शने सप्तदशोऽध्यायः ॥ १७ ॥

गान्धार्युवाच— पश्य माधव पुत्रान्मे शतसंख्यान् जितक्रमान्।
गदया भीमसेनेन भूयिष्ठं निहतान् रणे ॥ १ ॥
इदं दुःखतरं मेऽद्य यदिमा मुक्तमूर्धजाः।

थे, तब यह सुन्दरी उनके पास बैठ कर विलाप करती थी। मैं अपने बेटे पोते-को मरा हुवा देखती हूं तो भी मेरे हृदयके सौ टुकडे नहीं होते, ये देखो निन्दारहित लक्ष्मणकी माता अपने पुत्रका माथा सूंघती हैं और दुर्योधनको हाथसे पोछती हैं। ये इस समय अपने पति और पुत्रका सोच कर रही हैं। ये बडे नेत्रवाली रानी अपने दोनों हाथोंसे शिर पीटती है और दुर्योधनके सन्मुख गिरती है। ये कमल पर गिरी दूसरे कमलके समान दिखती है कभी अपने पुत्रको पूंछती है। यदि वेद और श्रुति सब सत्य है तो राजा दुर्योधनने अवश्यही अपने बाहु बलसे स्वर्गको जीत लिया। (२५–३२) [५१३]

स्त्रीपर्वमें सतरह अध्याय समाप्त।

स्त्रीपर्वमें अठारह अध्याय।

गान्धारी बोली, हे कृष्ण! ये देखो भीमसेनकी गदासे मरे हुवे परिश्रम रहित मेरे सौ बेटे पृथ्वीमें पडे हैं, इससे अधिक दुःख मुझे और क्या होगा जो

हतपुत्रा रणे बालाः परिधावन्ति मे स्नुषाः ॥ २ ॥
प्रासादतलचारिण्यश्चरणैर्भूषणान्वितैः।
आपन्ना यत्स्पृशन्तीमां रुधिरार्द्रां वसुन्धराम् ॥ ३ ॥
कृच्छ्रादुत्सारयन्ति स्म गृध्रगोमायुवायसान्।
दुःखेनार्ता विघूर्णन्त्यो मत्ता इव चरन्त्युत ॥ ४ ॥
एषाऽन्या त्वनवद्याङ्गी करसंमितमध्यमा।
घोरमायोधनं दृष्ट्वा निपतत्यतिदुःखिता ॥ ५ ॥
दृष्ट्वा मे पार्थिवसुतामेतां लक्ष्मणमातरम्।
राजपुत्रीं महाबाहो मनो न ह्युपशाम्यति ॥ ६ ॥
भ्रातॄंश्चान्याः पितॄंश्चान्याः पुत्रांश्च निहतान् भुवि।
दृष्ट्वा परिपतन्त्येताः प्रगृह्य सुमहाभुजान् ॥ ७ ॥
मध्यमानां तु नारीणां वृद्धानां चापराजित।
आक्रन्दं हतबन्धूनां दारुणे वैशसे शृणु ॥ ८ ॥
रथनीडानि देहांश्च हतानां गजवाजिनाम्।
आश्रित्य श्रममोहार्ताः स्थिताः पश्य महाभुज ॥ ९ ॥
अन्यां चापहृतं कायाच्चारुकुण्डलमुन्नसम्।
स्वस्य बन्धोः शिरः कृष्ण गृहीत्वा पश्य तिष्ठतीम् ॥ १० ॥

मेरे बेटेकी स्त्री और अपने पति और पुत्रोंको मरा हुआ देख बाल खोले इधर उधर दौड रही है। जो पहिले भूषण पहिन कर छत पर टहलती थी, सो आज रुधिरसे भीगी पृथ्वीमें लोट रही है, ये सब बडे कष्टसे गिद्ध, सियार और कौवेको हटाती हैं और दुःखसे व्याकुल होकर पागलके समान इधर उधर घूम रही है। (१—४)

ये देखो दूसरी सुन्दर शरीरवाली स्त्री इस युद्धभूमिको देखकर दुःखसे व्याकुल होकर पृथ्वीमें पडी है। हे कृष्ण! लक्ष्मणकी माता राजपुत्री और दुर्योधनकी पटरानीको देखकर मेरा मन शांत नहीं होता। कोई पतिको कोई पुत्रको और कोई अपने भाईको पृथ्वीमें पडा हुआ देख मूर्च्छा खाकर पृथ्वीमें गिरती है, हे कृष्ण! कहीं युवती, कहीं बूढी स्त्री अपने बन्धुओंको रो रही है। हे कृष्ण कहीं कोई स्त्री थकाई और मोहसे व्याकुल होकर रथके जुए या मरे हुवे हाथी और घोडोंके शरीरका आश्रय लेकर रोरही है। (५-९)

हे कृष्ण! कोई स्त्री अपने बन्धुका

पूर्वजातिकृतं पापं मन्ये नाल्पमिवानघ ।
एताभिर्निरवद्याभिर्मया चैवाल्पमेधया ॥ ११ ॥
यदिदं धर्मराजेन घातितं नो जनार्दन ।
न हि नाशोऽस्ति वार्ष्णेय कर्मणोः शुभपापयोः ।
प्रत्यग्रवयसः पश्य दर्शनीयकुचाननाः ॥ १२ ॥
कुलेषु जाता ह्रीमत्यः कृष्णपक्ष्माक्षिमूर्धजाः ॥ १३ ॥
हंसगद्गदभाषिण्यो दुःखशोकप्रमोहिताः ।
सारस्य इव वाशंत्यः पतिताः पश्य माधव ॥ १४ ॥
फुल्लपद्मप्रकाशानि पुण्डरीकाक्षयोषिताम् ।
अनवद्यानि वक्त्राणि तापयत्येष रश्मिवान् ॥ १५ ॥
ईर्षूणां मम पुत्राणां वासुदेवावरोधनम् ।
मत्तमातङ्गदर्पाणां पश्यन्त्यद्य पृथग्जनाः ॥ १६ ॥
शतचन्द्राणि चर्माणि ध्वजांश्चादित्यवर्चसः ।
रौक्माणि चैव वर्माणि निष्कानपि च काञ्चनान्॥१७॥
शीर्षत्राणानि चेतानि पुत्राणां मे महीतले ।
पश्य दीप्तानि गोविन्द पावकान्सुहुतानिव ॥ १८ ॥
एष दुःशासनः शेते शूरेणामित्रघातिना ।
पीतशोणितसर्वाङ्गो युधि भीमेन पातितः ॥ १९ ॥

कटा हुआ कुण्डल समेत शिर हाथमें लेकर रोरही है, हमें यह निश्चय होता है कि मैंने और सब स्त्रियोंने पहिले जन्ममें कोई महा पाप किया था, इसीसे धर्मराजने इस वंशका नाश किया। हे कृष्ण ! पहिले किये हुए पुण्य और पापका अवश्य ही फल होता है। ये देखो बडे बडे कुलमें उत्पन्न हुए काले बालोंवाली लज्जावती हंसके समान सुन्दर बोलोंवाली स्त्री शोक और दुःखसे व्याकुल सारसीके समान रोरही है। (१०-१४)

हे कृष्ण ! ये देखो इन स्त्रियोंके मुखको सूर्य अपने किरणोंसे तपा रहा है। हे कृष्ण ! ये देखो महा अभिमानी मतवाले हाथियोंके समान बलवान मेरे बेटोंके अनेक चन्द्रमायुक्त बाल सूर्यके समान सोनेके कवच सोने की माला पृथ्वीमें इस प्रकार पडे हैं जैसे जलती हुई अग्नि। हे कृष्ण ! ये देखो शत्रुनाशन वीर भीमसेनके हाथसे मर कर पृथ्वीमें सोते हैं। भीमसेनने

गदया भीमसेनेन पश्य माधव मे सुतम् ।
द्यूतक्लेशाननुस्मृत्य द्रौपदीनोदितेन च ॥ २० ॥
उक्ता ह्यनेन पाञ्चाली सभायां द्यूतनिर्जिता ।
प्रियं चिकीर्षता भ्रातुः कर्णस्य च जनार्दन ॥ २१ ॥
सहैव सहदेवेन नकुलेनार्जुनेन च ।
दासीभूताऽसि पाञ्चालि क्षिप्रं प्रविश नो गृहान्॥२२॥
ततोऽहमब्रुवं कृष्ण तदा दुर्योधनं नृपम् ।
मृत्युपाशपरिक्षिप्तं शकुनिं पुत्र वर्जय ॥ २३ ॥
निबोधनं सुदुर्बुद्धिं मातुलं कलहप्रियम् ।
क्षिप्रमेनं परित्यज्य पुत्र शाम्यस्व पाण्डवैः ॥ २४ ॥
न बुद्ध्यसे त्वं दुर्बुद्धे भीमसेनममर्षणम् ।
वाङ्नाराचैस्तुदंस्तीक्ष्णैरुल्काभिरिव कुञ्जरम् ॥ २५ ॥
तानेवं रहसि क्रुद्धो वाक्शल्यानवधारयन् ।
उत्ससर्ज विषं तेषु सर्पो गोवृषभेष्विव ॥ २६ ॥
एष दुःशासनः शेते विक्षिप्य विपुलौ भुजौ ।
निहतो भीमसेनेन सिंहेनेव महागजः ॥ २७ ॥

इनके सब शरीरका रुधिर पी लिया, भीमसेनने इसे जूवेमें जीती हुई द्रौपदी के वचनसे मार डाला । (१५–२०)

हे कृष्ण ! इसने कर्ण और दुर्योधनको प्रसन्न करनेके लिये जुवेमें जीती हुई द्रौपदीसे कहा था की, हे पाञ्चाली! तू नकुल, सहदेव, और अर्जुनके सहित हमारी दासी होगई । अब हमारे घरमें जाकर दासीके काम कर । हे कृष्ण ! मैंने उस ही समय राजा दुर्योधनसे कहा था कि, हे पुत्र ! इस मृत्यु कि फांसमें पडे हुवे लडाईके प्यारे दुर्बुद्धि अपने मामा शकुनीको त्याग कर पाण्डवोंसे सन्धि कर ले, अरे दुर्बुद्धे ! तू क्रोधी भीमसेनको नहीं जानता, जैसे कोई मसाल जलाकर हाथीको क्रोधित करता है ऐसे ही तू अपने वचन रूपी तेज बाणोंसे भीमसेनको क्रोध दिलाता है । मैंने एक बार क्रोध करके अपने पुत्रोंको ऐसे ही समझाया था, परन्तु उन्होंने न माना, इसीसे पाण्डवोंने उन्हें इस प्रकार नष्ट कर दिया जैसे विषैला सांप अपने विषसे बैलोंका नाश करता है, ये दुःशासन अपने बडे बडे हाथ फैलाये बलवान इस प्रकार पृथ्वीमें पडे हैं जैसे सिंहसे मर कर हाथी, महा क्रोधी

अत्यर्थमकरोद्रौद्रं भीमसेनोऽत्यमर्षणः।
दुःशासनस्य यत्क्रुद्धोऽपिबच्छोणितमाहवे ॥ २८ ॥ [५४१]

इति श्रीमहाभारते० स्त्रीपर्वणि स्त्रीविलापपर्वणि गांधारीवाक्ये अष्टादशोऽध्यायः ॥ १८ ॥

गान्धार्युवाच— एष माधव पुत्रो मे विकर्णः प्राज्ञसम्मतः।
भूमौ विनिहतः शेते भीमेन शतधाकृतः ॥ १ ॥
गजमध्ये हतः शेते विकर्णो मधुसूदन।
नीलमेघपरिक्षिप्तः शरदीव निशाकरः ॥ २ ॥
अस्य चापग्रहेणैव पाणिः कृतकिणो महान्।
कथंचिच्छिद्यते गृध्रैरत्तुकामैस्तलत्रवान् ॥ ३ ॥
अस्य भार्याऽभिषप्तॄन् गृध्रकाकांस्तपस्विनी।
वारयत्यनिशं बाला न च शक्नोति माधव ॥ ४ ॥
युवा बृन्दारकः शूरो विकर्णः पुरुषर्षभ।
सुखोषितः सुखार्हश्च शेते पांसुषु माधव ॥ ५ ॥
कर्णिनालीकनाराचैर्भिन्नममर्माणमाहवे।
अद्यापि न जहात्येनं लक्ष्मीर्भरतसत्तमम् ॥ ६ ॥
एष संग्रामशूरेण प्रतिज्ञां पालयिष्यता।
दुर्मुखोऽभिमुखः शेते हतोऽरिगणहा रणे ॥ ७ ॥

भीमसेन ये महा घोर कर्म किया जो दुःशासनका रुधिर पिया। (२१-२८)

स्त्रीपर्वमें अठारह अध्याय समाप्त। [५४१]

स्त्रीपर्वमें उनीस अध्याय।

गान्धारी बोली हे कृष्ण! ये देखो मेरे पुत्र महापण्डित विकर्ण भीमसेनके बाणोंसे सौ टुकडे हुए पृथ्वीमें पडे हैं। (१)

हे मधुसूदन! ये हाथियोंके झुण्डमें पडे हुए विकर्ण ऐसे शोभित होरहे हैं, जैसे शरदकालके मेघोंके बीचमें चन्द्रमा, ये देखो इसके धनुषोंको ठेंठयुक्त हाथके मांस खानेके लिये गिद्ध काट रहे हैं। हे कृष्ण! इसकी तपस्विनी स्त्री मांस खानेवाले गिद्धोंको बहुत कष्टसे हटाती है, परन्तु हटा नहीं सकती। हे कृष्ण! जो विकर्ण सुखसे सोने योग्य था, सो आज धूलमें लपटा हुआ पृथ्वी में पडा है, इसके सब मर्मस्थान बाणोंसे कट गये हैं, तौभी तेज नष्ट नहीं हुआ। (२-६)

हे कृष्ण! ये शत्रुनाशन दुर्मुख युद्धकी ओर मुख किये प्रतिज्ञापालक भीमसेनके हाथसे मरे हुए पडे हैं, उन-

तस्यैतद्वदनं कृष्ण श्वापदैरर्धभक्षितम्।
विभात्यभ्यधिकं तात सप्तम्यामिव चन्द्रमाः ॥ ८ ॥
शूरस्य हि रणे कृष्ण पश्यानन्मथेदृशम्।
स कथं निहतोऽमित्रैः पांसून् ग्रसति मे सुतः ॥ ९ ॥
यस्याहवमुखे सौम्य स्थाता नैवोपपद्यते।
स कथं दुर्मुखोऽमित्रैर्हतो विबुधलोकजित् ॥ १० ॥
चित्रसेनं हतं भूमौ शयानं मधुसूदन।
धार्तराष्ट्रमिमं पश्य प्रतिमानं धनुष्मताम् ॥ ११ ॥
तं चित्रमाल्याभरणं युवत्यः शोककर्षिताः।
क्रव्यादसङ्घैः सहिता रुदत्यः पर्युपासते ॥ १२ ॥
स्त्रीणां रुदितनिर्घोषः श्वापदानां च गर्जितम्।
चित्ररूपमिदं कृष्ण विचित्रं प्रतिभाति मे ॥ १३ ॥
युवा बृन्दारको नित्यं प्रवरस्त्रीनिषेवितः।
विविंशतिरसौ शेते ध्वस्तः पांसुषु माधव ॥ १४ ॥
शरसंकृत्तवर्माणं वीरं विशसनं हतम्।
परिवार्यासते गृध्राः पश्य कृष्ण विविंशतिम् ॥ १५ ॥
प्रविश्य समरे शूरः पाण्डवानामनीकिनीम्।

का आधा मुख सियार खा गये हैं, तो भी वह ऐसा दीखता है, जैसे सप्तमीका चन्द्रमा, इस वीरका मुख अभीतक शोभासे नष्ट नहीं हुआ, तो भी न जाने यह शत्रुओंके हाथसे मरकर धूलमें क्यों पडा है? जिस वीरके आगे युद्धमें कोई भी वीर खडा न हो सक्ता था, जो अपने बलसे स्वर्गको भी जीत सकता था, वह दुर्मुख शत्रुओंके हाथसे कैसे मारा गया? (७–१०)

हे कृष्ण! जगत्में वीर जिस धनुषधारीकी उपमा देते थे, वह धृतराष्ट्रका बेटा चित्रसेन आज मरकर पृथ्वीमें सोता है। उस विचित्र मालाधारीके पास मांस खानेवाले जन्तुओंके सहित खडी हुई सुन्दर स्त्रियोंके रोनेसे और मांस खानेवाले जन्तुओंके शब्दसे यह युद्धभूमि इस समय विचित्र दीखती है। (११—१३)

हे कृष्ण! ये अपनी स्त्रियोंके बीचमें पडे कटे तरुण विविंशति धूलमें सोते हैं। इस बाणोंसे कटे हुए वीरके पास सहस्रों गिद्ध बैठे हैं, जिसने पाण्डवोंकी सेनाको व्याकुल कर दिया था, वही

स वीरशयने शेते परः सत्पुरुषोचिते ॥ १६ ॥
स्मितोपपन्नं सुनसं सुभ्रु ताराधिपोपमम् ।
अतीव शुभ्रं वदनं कृष्ण पश्य विविंशतेः ॥ १७ ॥
एनं हि पर्युपासन्ते बहुधा वरयोषितः ।
क्रीडन्तमिव गंधर्वं देवकन्याः सहस्रशः ॥ १८ ॥
हन्तारं परसैन्यानां शूरं समितिशोभनम् ।
निबर्हणममित्राणां दुःसहं विषहेत कः ॥ १९ ॥
दुःसहस्यैतदाभाति शरीरं संवृतं शरैः ।
गिरिरात्मगतैः फुल्लैः कर्णिकारैरिवाचितः ॥ २० ॥
शातकौम्भ्या स्रजा भाति कवचेन च भास्वता ।
अग्निनेव गिरिः श्वेतो गतासुरपि दुःसह ॥ २१ ॥ [५६२]

इतिश्रीमहाभारते स्त्रीपर्वणि स्त्रीविलापपर्वणि गांधारीवाक्ये एकोनविंशोऽध्यायः ॥ १९ ॥

गान्धार्युवाच— अध्यर्धगुणमाहुर्यं बले शौर्ये च केशव ।
पित्रा त्वया च दाशार्ह इमं सिंहमिवोत्कटम् ॥ १ ॥
यो विभेद चमूमेको मम पुत्रस्य दुर्भिदाम् ।
स भूत्वा मृत्युरन्येषां स्वयं मृत्युवशं गतः ॥ २ ॥
तस्योपलक्षये कृष्ण कार्ष्णेरमिततेजसः ।

आज महात्माके योग्य शय्यापर सोता है, इसका हंसता हुआ सुन्दर नाक और सुन्दर भौंहवाला मुख चन्द्रमाके समान दीख रहा है, इसकी स्त्री इसके पास ऐसी बैठी है, जैसे क्रीडा करते हुए गन्धर्वोंके पास देवतोंकी सहस्रों कन्या। ये देखो शत्रुओंकी सेनाके नाश करनेवाले महावीर दुःसहका शरीर लगे हुए बाणोंसे ऐसा दीखता है, जैसे फले हुए कचनारके वृक्षोंसे पर्वत, सोनेकी माला और चमकते हुए कवचसे इसकी शोभा ऐसी दीखती है, जैसे जलती हुई अग्निके सहित सफेद पर्वत की। (१४–२१)

स्त्रीपर्वमें उन्नीस अध्याय समाप्त। [५६२]

स्त्रीपर्वमें बीस अध्याय।

गान्धारी बोली, हे कृष्ण! जिसको जगत्में मनुष्य बल और तेज में आपसे छोटा कहते थे, जो सिंहके समान बलवान था, उस अकेलेने दुर्योधनके भयानक चक्रव्यूहको तोड दिया था, सो अभिमन्यु शत्रुओंके लिये मृत्यु होकर आप मर गये। (१–२)

हे कृष्ण! उस महातेजस्वी अर्जुनपुत्रका तेज मरनेपर भी अभीतक शान्त

अभिमन्योर्हतस्यापि प्रभा नैवोपशाम्यति ॥ ३ ॥
एषा विराटदुहिता स्नुषा गाण्डीवधन्वनः।
आर्ता बालं पतिं वीरं दृष्ट्वा शोचत्यनिन्दिता ॥ ४ ॥
तमेषा हि समागम्य भार्या भर्तारमन्तिके।
विराटदुहिता कृष्ण पाणिना परिमार्जति ॥ ५ ॥
तस्य वक्त्रमुपाघ्राय सौभद्रस्य मनस्विनी।
विबुद्धकमलाकारं कंबुवृत्तशिरोधरम् ॥ ६ ॥
काम्यरूपवती चैषा परिष्वजति भामिनी।
लज्जमाना पुरा चैनं माध्वीकमदमूर्च्छिता ॥ ७ ॥
तस्य क्षतजसन्दिग्धं जातरूपपरिष्कृतम्।
विमुच्य कवचं कृष्ण शरीरमभिवीक्षते ॥ ८ ॥
अवेक्षमाणा तं बाला कृष्ण त्वामभिभाषते।
अयं ते पुण्डरीकाक्ष सदृशाक्षो निपातितः ॥ ९ ॥
बले वीर्ये च सदृशस्तेजसा चैव तेऽनघ।
रूपेण च तथाऽत्यर्थं शेते भुवि निपातितः ॥ १० ॥
अत्यन्तं सुकुमारस्य राङ्कवाजिनशायिनः।
कच्चिदद्य शरीरं ते भूमौ न परितप्यते ॥ ११ ॥
मातङ्गभुजवर्ष्माणौ ज्याक्षेपकठिनत्वचौ।

नहीं हुआ, ये उनकी स्त्री विराटकी पुत्री निन्दारहित उत्तरा अपने बालक पतिको मरा हुआ देख रो रही है, ये देखो उसे गोदमें लेकर उत्तरा पूछ रही हैं, ये सुन्दरी उत्तरा उसके फूले हुए कलीके समान मुखको देख देखके रोती हैं, पहिले ये लज्जामें मरकर और महुवेके मद्यसे मतवाली होकर उनके पास जाती थी, सो आज उनका रुधिरमें भीगा सोनेका कवच उतारकर देख रही हैं, उनको देखकर उनसे कहती हैं, कि, हे पापरहित कृष्ण! ये तुम्हारे समान सुन्दर आंखवाले, तुम्हारे समान बली और तेजस्वी अभिमन्यु मरकर पृथ्वीमें पडे हैं। (३-१०)

फिर उनसे कहती है कि तुम अत्यन्त सुकुमार थे, सदा कोमल हरिनके चमडेपर सोते थे, आज पृथ्वीमें क्यों पडे हो? क्या कुछ दुःख नहीं होता? आज ये बडे बडे सोनेके बाजूबन्दयुक्त, धनुष खींचनेसे ठेंठयुक्त, हाथीके सूंडके समान हाथ फैलाकर पृथ्वीमें क्यों पडे

काञ्चनाङ्गदिनौ शेते निक्षिप्य विपुलौ भुजौ ॥ १२ ॥
व्यायम्य बहुधा नूनं सुखसुप्तः श्रमादिव।
एवं विलपतीमार्तां न हि मामभिभाषसे ॥ १३ ॥
न स्मराम्यपराधं ते किं मां न प्रतिभाषसे।
ननु मां त्वं पुरा दूरादभिवीक्ष्याभिभाषसे ॥ १४ ॥
न स्मराम्यपराधं मे किं मां न प्रतिभाषसे।
आर्यामार्यं सुभद्रां त्वमिमांश्च त्रिदशोपमान्॥ १५ ॥
पितॄन्मां चैव दुःखार्तां विहाय क्व गमिष्यसि।
तस्य शोणितदिग्धान्वै केशानुद्यम्य पाणिना ॥ १६ ॥
उत्संगे वक्त्रमाधाय जीवन्तमिव पृच्छति।
स्वसीयं वासुदेवस्य पुत्रं गाण्डीवधन्वनः ॥ १७ ॥
कथं त्वां रणमध्यस्थं जघ्नुरेते महारथाः।
धिगस्तु क्रूरकर्तृंस्तान् कृपकर्णजयद्रथान् ॥ १८ ॥
द्रोणद्रौणायनी चोभौ यैरहं विधवा कृता।
रथर्षभाणां सर्वेषां कथमासीत्तदा मनः ॥ १९ ॥
बालं त्वां परिवार्यैकं मम दुःखाय जघ्नुषाम्।
कथं नु पाण्डवानां च पञ्चालानां तु पश्यताम् ॥ २० ॥
त्वं वीरनिधनं प्राप्तो नाथवान् सन्ननाथवत्।

हो? इतने सुखसे आज क्यों सोते हो कि जो मरे हुये रोनेपर भी नहीं बोलते; पहिले दूरहीसे मुझको देखकर बोलते थे, आज मैंने क्या अपराध किया जो नहीं बोलते? तुम सुभद्रा, देवतोंके समान पिता और मुझे दुःखसे व्याकुल छोडकर कहां जाते हो। (११-१४)

हे कृष्ण! ये देखो अभिमन्युके रुधिरसे भीगे हुए बाल खींच करके उसका मुह अपनी गोदमें रखकर उत्तरा ऐसे पूछ रही है, मानो ये जीते ही हैं, उत्तरा पूछती है कि तुम अर्जुनके बेटे और साक्षात् श्रीकृष्णके भानजे थे, सो युद्धमें कैसे मारे गये? पाप कर्म करनेवाले कृपाचार्य, कर्ण, जयद्रथ, द्रोणाचार्य और अश्वत्थामाको धिक्कार है, जिन्होंने मुझे विधवा कर दिया। जिस समय उन सबने अकेले बालक तुमको मिलकर मारा था, उनका मन कैसा होगया था? पाञ्चाल और पाण्डवोंके देखते देखते तुम्हे सनाथ होनेपर भी अनाथके समान वे दुष्टात्मा शत्रुवोंने

दृष्ट्वा बहुभिराक्रन्दे निहतं त्वां पिता तव ॥ २१ ॥
वीरः पुरुषशार्दूलः कथं जीवति पाण्डवः ।
न राज्यलाभो विपुलः शत्रूणां च पराभवः ॥ २२ ॥
प्रीतिं धास्यति पार्थानां त्वामृते पुष्करेक्षण ।
तव शस्त्रजितांल्लोकान् धर्मेण च दमेन च ॥ २३ ॥
क्षिप्रमन्वागमिष्यामि तत्र मां प्रतिपालय ।
दुर्मरं पुनरप्राप्ते काले भवति केनचित् ॥ २४ ॥
यदहं त्वां रणे दृष्ट्वा हतं जीवामि दुर्भगा ।
कामिदानीं नरव्याघ्र श्लक्ष्णया स्मितया गिरा ॥२५ ॥
पितृलोके समेत्यान्यां मामिवामन्त्रयिष्यसि ।
नूनमप्सरसां स्वर्गे मनांसि प्रमथिष्यसि ॥ २६ ॥
परमेण च रूपेण गिरा च स्मितपूर्वया ।
प्राप्य पुण्यकृतांल्लोकानप्सरोभिः समेयिवान् ॥ २७ ॥
सौभद्र विहरन् काले स्मरेथाः सुकृतानि मे ।
एतावानिह संवासो विहितस्ते मया सह ॥ २८ ॥
षण्मासान् सप्तमे मासि त्वं वीर निधनं गतः ।
इत्युक्तवचनामेतामपकर्षन्ति दुःखिताम् ॥ २९ ॥
उत्तरां मोघसङ्कल्पां मत्स्यराजकुलस्त्रियः ।

कैसे मारडाला ? तुमको मरा हुआ देख तुम्हारे महात्मा पिता बहुत रोरहे हैं, तुम्हारे विना न जाने वीर पुरुषसिंह अर्जुन कैसे जीते हैं । हे कमलनेत्र ! तुम्हारे विना पाण्डव विजय और राज्य पानेपर भी प्रसन्न नहीं हुए । मैं भी तुम्हारे पीछे उन्हीं लोकोंको जाती हूं जिनको तुमने अपने शस्त्र और धर्मसे जीता है । मैं बडी अभागिनी हूं जो तुम्हें युद्धमें मरा हुवा देखकर भी जीती हूं । हे पुरुषसिंह ! अब स्वर्गमें जाकर हंसकर मीठी वाणीसे मेरे समान किस स्त्रीको बुलाओगे, निश्चय ही अपने भोली और मीठी वाणीसे अप्सराओंको वशमें करोगे । तुम अपने पुण्यसे स्वर्गको गये, जब वहां अप्सराओंके सङ्ग विहार करोगे, तब मुझेभी स्मरण करना, हे सुभद्रापुत्र ! केवल छः ही महीनेतक मेरा और तुम्हारा संग लिखा था, सातवें महीनेमें तुम मर गये । (१५–२९)

उत्तराके ऐसे वचन सुनकर ये विराट-

उत्तरामपकृष्यैनामार्तामार्ततराः स्वयम् ॥ ३० ॥
विराटं निहतं दृष्ट्वा क्रोशन्ति विलपन्ति च।
द्रोणास्त्रशरसंकृत्तं शयानं रुधिरोक्षितम् ॥ ३१ ॥
विराटं वितुदन्त्येते गृध्रगोमायुवायसाः।
वितुद्यमानं विहगैर्विराटमसितेक्षणाः ॥ ३२ ॥
न शक्नुवन्ति विहगान्निवारयितुमातुराः।
आसामातपतप्तानामायासेन च योषिताम् ॥ ३३ ॥
श्रमेण च विवर्णानां वक्त्राणां विप्लुतं वपुः।
उत्तरं चाभिमन्युं च काम्बोजं च सुदक्षिणम् ॥ ३४ ॥
शिशूनेतान् हतान्पश्य लक्ष्मणं च सुदर्शनम्।
आयोधनशिरोमध्ये शयानं पश्य माधव ॥ ३५ ॥ [५९७]

इति श्रीमहाभारते० स्त्रीपर्वणि स्त्रीविलापपर्वणि गांधारीवाक्ये विंशतितमोऽध्यायः ॥ २० ॥

गान्धार्युवाच— एष वैकर्तनः शेते महेष्वासो महारथः।
ज्वलितानलवत्संख्ये संशांतः पार्थतेजसा ॥ १ ॥
पश्य वैकर्तनं कर्णं निहत्यातिरथान् बहून्।
शोणितौघपरीताङ्गं शयानं पतितं भुवि ॥ २ ॥
अमर्षी दीर्घरोषश्च महेष्वासो महाबलः।
रणे विनिहतः शेते शूरो गाण्डीवधन्वना ॥ ३ ॥

कुलकी स्त्री उन्हें पकडती हैं, फिर आप ही विराटको रुधिरमें भीगे और द्रोणाचार्यके बाणसे कटे पृथ्वीमें पडे देख वे आप ही रोती हैं, ये सियार, कौवे और गिद्ध उनका मांस खारहे हैं। ये उनकी स्त्री मांस खानेवालोंको हटा नहीं सकती। और ये सब रानी घाम और परिश्रमसे व्याकुल होरही हैं इनके मुख सूख कर पीले होगये हैं। हे कृष्ण! ये उत्तरा अभिमन्यु, काम्बोजदेशी सुदक्षिण लक्ष्मण और सुदर्शन आदि बालक मरे पडे हैं। (२९–३५) [५९७]

स्त्रीपर्वमें बीस अध्याय समाप्त।

स्त्रीपर्वमें इकीस अध्याय।

गान्धारी बोली, हे कृष्ण! ये विकर्तन पुत्र महा धनुषधारी महारथ कर्ण जलती हुई अग्निके समान अर्जुनके ही बाणरूपी जलसे शान्त होकर पडे, उन्होंने अनेक महारथोंको युद्धमें मारा था, सो आज ये रुधिरमें भीगकर युद्धमें मरे पडे हैं। ये महा क्रोधी महा धनुषधारी बलवान् वीर कर्ण अर्जुनके हाथसे

यं स्म पाण्डवसंत्रासान्मम पुत्रा महारथाः।
प्रायुध्यन्त पुरस्कृत्य मातङ्गा इव यूथपम् ॥ ४ ॥
शार्दूलमिव सिंहेन समरे सव्यसाचिना।
मातङ्गमिव मत्तेन मातङ्गेन निपातितम् ॥ ५ ॥
समेताः पुरुषव्याघ्र निहतं शूरमाहवे।
प्रकीर्णमूर्धजाः पत्न्यो रुदत्यः पर्युपासते ॥ ६ ॥
उद्विग्नः सततं यस्माद्धर्मराजो युधिष्ठिरः।
त्रयोदशसमा निद्रां चिन्तयन्नाध्यगच्छत ॥ ७ ॥
अनाधृष्यः परैर्युद्धे शत्रुभिर्मघवानिव।
युगान्ताग्निरिवार्चिष्मान् हिमवानिव निश्चलः ॥ ८ ॥
स भूत्वा शरणं वीरो धार्त्तराष्ट्रस्य माधव।
भूमौ विनिहतः शेते वातभग्न इव द्रुमः ॥ ९ ॥
पश्य कर्णस्य पत्नीं त्वं वृषसेनस्य मातरम्।
लालप्यमानां करुणं रुदतीं पतितां भुवि ॥ १० ॥
आचार्यशापोऽनुगतो ध्रुवं त्वां यदग्रसच्चक्रमिदं धरित्री।
ततः शरेणापहृतं शिरस्ते धनञ्जयेनाहवशोभिना युधि ॥ ११ ॥
हा हा धिगेषा पतिता विसंज्ञा समीक्ष्य जाम्बूनदबद्धकक्षम्।

मरकर पृथ्वीमें सोते हैं। जिस कर्णके आश्रयसे हमारे महारथ पुत्रोंने पाण्डवोंसे इस प्रकार युद्ध किया था, जैसे हाथियोंका झुण्ड अपने राजाको आगे करके लडता है, उस ही कर्णको अर्जुनने इस प्रकार मार डाला जैसे सिंह शार्दुलको। अथवा मतवाला हाथी हाथीको। (१-६)

जिस कर्णके भयसे सदा धर्मराज युधिष्ठिर घबडाते रहते थे, जिसके डरसे युधिष्ठिर तेरह वर्ष सुखसे नहीं सोये थे, जिसको युद्धमें कोई नहीं जीत सक्ता था, जो जलती हुई प्रलय कालकी अग्निके समान तेजस्वी इन्द्रके समान वीर और हिमाचल पर्वतके समान स्थिर था, सो वीर कर्ण धृतराष्ट्र पुत्र दुर्योधनको शरण देकर आज मर कर, इस प्रकार पृथ्वीमें पडे हैं; जैसे वायुसे टूटा हुआ वृक्ष, ये देखो वृषसेनकी मा कर्णकी स्त्री पृथ्वीमें पडी हुई रोरही है और कहती है, कि तुम्हारे गुरुने जो शाप दिया था इसहीसे पृथ्वीने तुम्हारे रथका पहिया पकड लिया, उसही समय वीर अर्जुनने युद्धमें तुम्हारा शिर काट लिया। (७-११)

कर्णं महाबाहुमदीनसत्वं सुषेणमाता रुदती भृशार्ता ॥ १२ ॥
अल्पावशेषोऽपि कृतो महात्मा शरीरिभक्षैः परिभक्षयद्भिः ।
द्रष्टुं न नः प्रीतिकरः शशीव कृष्णस्य पक्षस्य चतुर्दशाहे॥१३॥
सा वर्तमाना पतिता पृथिव्यामुत्थाय दीना पुनरेव चैषा।
कर्णस्य वक्त्रं परिजिघ्रमाणा रोरूयते पुत्रवधाभितप्ता ॥१४॥ [६११]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां स्त्रीपर्वणि स्त्रीविलापपर्वणि कर्णदर्शनो नामैकविंशतितमोऽध्यायः ॥ २१ ॥

गान्धार्युवाच— आवन्त्यं भीमसेनेन भक्षयन्ति निपातितम् ।
गृध्रगोमायवः शूरं बहुबन्धुमबन्धुवत् ॥ १ ॥
तं पश्य कदनं कृत्वा शूराणां मधुसूदन ।
शयानं वीरशयने रुधिरेण समुक्षितम् ॥ २ ॥
तं सृगालाश्च कङ्काश्च क्रव्यादाश्च पृथग्विधाः ।
तेन तेन विकर्षन्ति पश्य कालस्य पर्ययम् ॥ ३ ॥
शयानं वीरशयने शूरमाक्रन्दकारिणम् ।
आवन्त्यमभितो नार्यो रुदत्यः पर्युपासते ॥ ४ ॥
प्रातिपेयं महेष्वासं हतं भल्लेन वाह्लिकम् ।

ये सुषेणकी माता महापराक्रमी महावीर कर्णको सोनेका कवच पहिने पृथ्वीमें पडे देख मूर्च्छा खाकर गिर पडी है। देखो मांस खानेवालोंने महात्मा कर्णका शरीर थोडा ही छोडा है, इस समय ये ऐसे भयानक दीखते हैं, जैसे कृष्णपक्षका चन्द्रमा। यह उनकी स्त्री उठकर और कर्णका मुख देखकर रोती है और अपने पुत्रके शोकसे व्याकुल होगई है। (१२-१४) [६११]

स्त्री पर्वमें इक्कीस अध्याय समाप्त।

स्त्री पर्वमें बाईस अध्याय।

गान्धारी बोली, हे कृष्ण! ये देखो आवन्ती नगरीके मरे हुवे राजाको गिद्ध और सियार खारहे हैं। जगत्में इनके अनेक बन्धु थे, परन्तु इस समय बन्धुरहित मनुष्यके समान भीमसेनके हाथसे मारे गये, इस वीरने अनेक वीरोंको युद्धमें मारा था, सो आज आप मर कर और रुधिरमें भीगकर वीर शय्यापर सोते हैं। आज उन्हें ही मांस खानेवाले सियार कौवे आदि पक्षी इधर उधर खींचे फिरते हैं। समय बडा कठोर है, आज इस ही वीरकी स्त्री इसके चारों ओर बैठी रोरही है। (१-४)

हे कृष्ण! ये देखो महा धनुषधारी

प्रसुप्तमिव शार्दूलं पश्य कृष्ण मनस्विनम् ॥ ५ ॥
अतीवमुखवर्णोऽस्य निहतस्यापि शोभते।
सोमस्येवाभिपूर्णस्य पौर्णमास्यां समुद्यतः ॥ ६ ॥
पुत्रशोकाभितप्तेन प्रतिज्ञां चाभिरक्षता।
पाकशासनिना संख्ये वार्धक्षत्रिर्निपातितः ॥ ७ ॥
एकादशचमूर्भित्त्वा रक्ष्यमाणं महात्मभिः।
सत्यं चिकीर्षता पश्य हतमेनं जयद्रथम् ॥ ८ ॥
सिन्धुसौवीरभर्तारं दर्पपूर्णं मनस्विनम्।
भक्षयन्ति शिवा गृध्रा जनार्दन जयद्रथम् ॥ ९ ॥
संरक्ष्यमाणं भार्याभिरनुरक्ताभिरच्युत।
भीषयन्त्यो विकर्षन्ति गहनं निम्नमन्तिकात् ॥ १० ॥
तमेताः पर्युपासन्ते रक्ष्यमाणं महाभुजम्।
सिन्धुसौवीरभर्तारं काम्बोजयवनस्त्रियः ॥ ११ ॥
यदा कृष्णामुपादाय प्राद्रवत्केकयैः सह।
तदैव वध्यः पाण्डूनां जनार्दन जयद्रथः ॥ १२ ॥
दुःशलां मानयद्भिस्तु तदा मुक्तो जयद्रथः।
कथमद्य नतां कृष्ण मानयन्ति स्म ते पुनः ॥ १३ ॥
सैषा मम सुता बाला विलपन्ती च दुःखिता।

यशस्वी बाह्लिक सोते हुए शार्दूलके समान बाणसे मरे हुवे पृथ्वीमें पडे हैं। उनके मरनेपर भी मुख ऐसा सुन्दर दीखता है जैसे पूर्णमासीका चन्द्रमा। हे कृष्ण! देखो पुत्रके शोकसे व्याकुल प्रतिज्ञा पालक अर्जुनके हाथसे मरे हुवे जयद्रथ पडे हुवे हैं। महात्मा द्रोणाचार्यके रक्षा करने परभी अक्षोहिणीका व्यूह तोड कर सत्यपालन करनेके लिये इन्हें मारा था, ये महायशस्वी महाअभिमानी जयद्रथ सिंधू और सौवीर देशके स्वामी थे, आज उन्हेंही सियार और गिद्ध खारहे हैं। यद्यपि इनकी भक्त स्त्री उनकी रक्षा कर रहीं हैं तौ भी इनको डराकर गिद्ध और सियार उन्हें खींच कर बनमें ले जाना चाहते हैं। परन्तु काम्बोज बन देशकी स्त्री उनकी रक्षा कर रहीं हैं। जिस समय कैकेयदेशके क्षत्रियोंके समेत द्रौपदीको जयद्रथ ले भागे थे, उसी समय पाण्डव उन्हें मार डालते। परन्तु उस समय उन्होंने दुःशलाका मान रखनेके लिये उन्हें नहीं मारा था, परन्तु न जाने

आत्मना हन्ति चात्मानमाक्रोशन्ती च पाण्डवान् ॥१४॥
किं नु दुःखतरं कृष्ण परं मम भविष्यति।
यत्सुता विधवा बाला स्नुषाश्च निहतेश्वरा ॥ १५ ॥
हा हा धिग्दुःशलां पश्य वीतशोकभयामिव।
शिरो भर्तुरनासाद्य धावमानामितस्ततः ॥ १६ ॥
वारयामास यः सर्वान्पाण्डवान्पुत्रवृद्धिनः।
स हत्वा विपुलाः सेनाः स्वयं मृत्युवशं गतः ॥ १७ ॥
तं मत्तमिव मातङ्गं वीरं परमदुर्जयम्।
परिवार्य रुदन्त्येताः स्त्रियश्चन्द्रोपमाननाः ॥ १८ ॥ [६२९]

इति श्रीमहाभारते० स्त्रीपर्वणि स्त्रीविलापपर्वणि गांधारीवाक्ये द्वाविंशोऽध्यायः ॥ २२ ॥

गान्धार्युवाच— एष शल्यो हतः शेते साक्षान्नकुलमातुलः।
धर्मज्ञेन हतस्तात धर्मराजेन संयुगे ॥ १ ॥
यस्त्वया स्पर्धते नित्यं सर्वत्र पुरुषर्षभ।
स एष निहतः शेते मद्रराजो महाबलः ॥ २ ॥
येन संगृहता तात रथमाधिरथेर्युधि।

आज दुःशलाको क्यों बिसरा दिया। आज वही हमारी पुत्री दुःशला अपने पतिको मरा हुआ देख पाण्डवोंको गाली देती है, अपना शिर और छाती पीटती है और रोती है। (५-१४)

हे कृष्ण! इससे अधिक मेरे लिये और क्या दुःख होगा जो मेरी पुत्री और बेटोंकी बहू विधवा होकर रो रही हैं। ये देखो दुःशला अपने पतिका शिर न पाकर शोक और भयसे रहित मनुष्यके समान चारों ओर दौडती है। अकेले जयद्रथने अभिमन्युकी रक्षा करनेके लिये आते हुवे सब पाण्डवोंको रोक दिया था, जिसने पाण्डवोंकी बहुत सेनाका नाश कर दिया था, सोई जयद्रथ आज मरे हुए पडे हैं उस महा योद्धा वीरके चारों ओर रोती हुई चन्द्रमाके समान मुखवाली स्त्री इस प्रकार बैठी हैं जैसे मतवाले हाथीके पास हथिनी। (१५–१८) [६२९]

स्त्रीपर्वमें बाइस अध्याय समाप्त।

स्त्रीपर्वमें तेइस अध्याय।

गान्धारी बोली, हे कृष्ण! ये साक्षात् नकुलके मामा शल्य धर्म जाननेवाले युधिष्ठिरके हाथसे मर कर पृथ्वीमें पडे हैं। ये मद्र देशके महा बलवान् राजा सदा अपनेको तुम्हारे समझते थे, इन्होंने ही कर्णका रथ हांकते समय पाण्डवोंकी

जयार्थं पाण्डुपुत्राणां तदा तेजोवधः कृतः ॥ ३ ॥
अहो धिक्पश्य शल्यस्य पूर्णचन्द्रसुदर्शनम्।
मुखं पद्मपलाशाक्षं काकैरादष्टमव्रणम् ॥ ४ ॥
अस्य चामीकराभस्य तप्तकाञ्चनसप्रभा।
आस्याद्विनिःसृता जिह्वा भक्ष्यते कृष्णपक्षिभिः ॥५॥
युधिष्ठिरेण निहतं शल्यं समितिशोभनम्।
रुदत्यः पर्युपासन्ते मद्रराजं कुलाङ्गनाः ॥ ६ ॥
एताः सुसूक्ष्मवसना मद्रराजं नरर्षभम्।
क्रोशंत्योऽथ समासाद्य क्षत्रियाः क्षत्रियर्षभम् ॥७॥
शल्यं निपतितं नार्यः परिवार्याभितः स्थिताः।
वासिता वृष्टयः पङ्के परिमग्नमिव द्विपम् ॥ ८ ॥
शल्यं शरणदं शूरं पश्येमं वृष्णिनन्दन।
शयानं वीरशयने शरैर्विशकलीकृतम् ॥ ९ ॥
एष शैलालयो राजा भगदत्तः प्रतापवान्।
गजांकुशधरः श्रीमान् शेते भुवि निपातितः ॥ १० ॥
यस्य रुक्ममयी माला शिरस्येषा विराजते।
श्वापदैर्भक्ष्यमाणस्य शोभयन्तीव मूर्धजान् ॥ ११ ॥

विजयके लिये कर्णका तेज नाश किया था, आज उसही शल्यके पूरे चन्द्रमाके समान सुन्दर और कमलके समान नेत्र-युक्त मुखको कौवे खा रहे हैं। (१-४)

इसके मुखसे जो सोनेके समान जीभ निकल आई है उसे पक्षी खा रहे हैं। युधिष्ठिरके हाथसे मरे हुए मद्रराज शल्यके चारों ओर बैठी हुई स्त्री रो रही हैं। ये उत्तम क्षत्री कुलमें उत्पन्न हुए पतला कपडा पहिननेवाली स्त्री पुरुष सिंह क्षत्रिय श्रेष्ठ शल्यको देख रो रही हैं। शल्यके चारों ओर बैठी स्त्री इस प्रकार रोती हैं, जैसे कीचडमें फसे हाथीके चारों ओर खडी उसी समयकी व्याई हाथिनी, ये ही शल्य शरण आयेको शरण देते थे, वही वीर शल्य बाणोंसे कटे पडे हैं। (५-९)

हे कृष्ण! ये पर्वत वासी महा प्रतापवान श्रीमान राजा भगदत्त हाथीका अंकुश हाथमें लिये हुए पृथ्वीमें पडे हैं। जिसके शिर पर ये सोनेकी माला विराजमान है उसे ये मांस खानेवाले खाय रहे हैं। इस समय राजा भगदत्तके बाल बहुत ही शोभित हो रहे हैं।

*

एतेन किल पार्थस्य युद्धमासीत्सुदारुणम् ।
रोमहर्षणमत्युग्रं शक्रस्य त्वहिना यथा ॥ १२ ॥
योधयित्वा महाबाहुरेष पार्थं धनञ्जयम् ।
संशयं नमयित्वा च कुन्तीपुत्रेण पातितः ॥ १३ ॥
यस्य नास्ति समो लोके शौर्ये वीर्ये च कश्चन ।
स एष निहतः शेते भीष्मो भीष्मकृदाहवे ॥ १४ ॥
पश्य शान्तनवं कृष्ण शयानं सूर्यवर्चसम् ।
युगान्त इव कालेन पतितं सूर्यमम्बरात् ॥ १५ ॥
एष तप्त्वा रणे शत्रून् शस्त्रतापेन वीर्यवान् ।
नरसूर्योऽस्तमभ्येति सूर्योऽस्तमिव केशव ॥ १६ ॥
शरतल्पगतं भीष्ममूर्ध्वरेतसमच्युतम् ।
शयानं वीरशयने पश्य शूरनिषेविते ॥ १७ ॥
कर्णिनालीकनाराचैरास्तीर्णं शयनोत्तमम् ।
आविश्य शेते भगवान् स्कन्दः शरवणं यथा॥ १८ ॥
अतूलपूर्णं गाङ्गेयस्त्रिभिर्बाणैः समन्वितम् ।
उपधायोपधानाग्र्यं दत्तं गाण्डीवधन्वना ॥ १९ ॥
पालयानः पितुः शास्त्रमूर्ध्वरेता महायशाः ।

अर्जुनके सङ्ग इसका घोर युद्ध हुआ था उस युद्धको देखकर वीरोंके रोंयें खडे होते थे। इन दोनोंका ऐसा युद्ध हुआ था, जैसे इन्द्रके सङ्ग वृत्रासुरका; अन्तमें महाबाहु भगदत्त अर्जुनके हाथसे मारे गये अपने बलसे अर्जुनके हृदयमें सन्देह कर दिया था। (१०—१३)

हे कृष्ण! जगत्में जिसके समान कोई तेजस्वी बलवान् और वीर्यवान् कोई नहीं है वह भी इस समय मरे पडे हैं। ये महातेजस्वी इस समय ऐसे शोभित हो रहे हैं जैसे प्रलयकालमें आकाशसे गिरे हुए सूर्य। अपने बापरूपी किरणोंसे शत्रुओंको तपा कर अब अस्त होना चाहते हैं, उन्होंने जन्म भर अपना वीर्य नष्ट नहीं किया, सो आज वीर शर शय्यापर सो रहे हैं, नालीक आदि बाणोंकी शय्यापर सोते हुए भीष्मकी शोभा इस समय ऐसी दीखती है जैसे सरकण्डोंके वनमें सोते हुए भगवान् कार्त्तिकेयकी। बाणोंकी शय्यापर भीष्म सोते हैं, अर्जुनने एक बाणका तकिया भी इनको दिया है, इन्होंने अपने पिताकी आज्ञासे ब्रह्मचर्य पालन किया है, सोई भीष्म

एष शान्तनवः शेते माधवाप्रतिमो युधि ॥ २० ॥
धर्मात्मा तात सर्वज्ञः पारावर्येण निर्णये ।
अमर्त्य इव मर्त्यः सन्नेष प्राणानधारयत् ॥ २१ ॥
नास्ति युद्धे कृती कश्चिन्न विद्वान्न पराक्रमी ।
यत्र शान्तनवो भीष्मः शेतेऽद्य निहतः शरैः ॥ २२ ॥
स्वयमेतेन शूरेण पृच्छमानेन पाण्डवैः ।
धर्मज्ञेनाहवे मृत्युरादिष्टः सत्यवादिना ॥ २३ ॥
प्रनष्टः कुरुवंशश्च पुनर्येन समुद्धृतः ।
स गतः कुरुभिः सार्धं महाबुद्धिः पराभवम् ॥ २४ ॥
धर्मेषु कुरवः कं नु पुरि प्रक्ष्यन्ति माधव ।
गते देवव्रते स्वर्गं देवकल्पे नरर्षभे ॥ २५ ॥
अर्जुनस्य विनेतारमाचार्यं सात्यकेस्तथा ।
तं पश्य पतितं द्रोणं कुरूणां गुरुमुत्तमम् ॥ २६ ॥
अस्त्रं चतुर्विधं वेद यथैव त्रिदशेश्वरः ।
भार्गवो वा महावीर्यस्तथा द्रोणोऽपि माधव ॥ २७ ॥
यस्य प्रसादाद्बीभत्सुः पाण्डवः कर्म दुष्करम् ।
चकार स हतः शेते नैनमस्त्राण्यपालयन् ॥ २८ ॥

आज शर शय्यापर सोते हैं, इनके समान जगत्में कोई वीर नहीं है, ये धर्मज्ञ सब विद्या जाननेवाले सब विषयोंका निर्णय करनेवाले भीष्म देवतोंके समान प्राण धारण कर रहे है, इनके समान कोई विद्यमान्, पराक्रमी और धर्मात्मा कोई नहीं है, सो आज शर शय्यापर सोते हैं, जब पाण्डवोंने इनको बुलाकर पूछा था कि आपकी मृत्यु कैसे होगी, तब सत्यवादी महात्मा धर्मजाननेवालेने अपनी मृत्यु पहिले ही बता दी थी। उन्होंहीने नष्ट हुए कुरुवंशका फिर उद्धार किया था, सोई महाबुद्धिमान आज इस दशाको प्राप्त हो गए। (१४-२४)

हे कृष्ण ! जब देवतोंके समान भीष्म ही स्वर्गको चले गये तब कौरव लोग हस्तिनापुरमें जाकर क्या करेंगे। हे कृष्ण ! सात्यकीके गुरू और अर्जुन आदि कौरवोंके गुरू द्रोणाचार्य मर पडे हैं। ये महाबलवान् परशुराम और इन्द्रके समान शस्त्रविद्याको जानते थे, इन्हींके प्रतापसे अर्जुनने ऐसे ऐसे घोर कर्म करे थे, सोई द्रोणाचार्य आज मरे पडे

यं पुरोधाय कुरव आह्वयन्ति स्म पाण्डवान्।
सोऽयं शस्त्रभृतां श्रेष्ठो द्रोणः शस्त्रैः परिक्षतः॥ २९॥
यस्य निर्दहतः सेनां गतिरग्नेरिवाभवत्।
स भूमौ निहतः शेते शांतार्चिरिव पावकः॥ ३०॥
धनुर्मुष्टिरशीर्णश्च हस्तावापश्च माधव।
द्रोणस्य निहतस्याजौ दृश्यते जीवतो यथा॥ ३१॥
वेदा यस्माच्च चत्वारः सर्वाण्यस्त्राणि केशव।
अनपेतानि वै शूराद्यथैवादौ प्रजापतेः॥ ३२॥
वन्दनार्हाविमौ तस्य वन्दिभिर्वन्दितौ शुभौ।
गोमायवो विकर्षन्ति पादौ शिष्यशतार्चितौ॥ ३३॥
द्रोणं द्रुपदपुत्रेण निहतं मधुसूदन।
कृपी कृपणमन्वास्ते दुःखोपहतचेतना॥ ३४॥
तां पश्य रुदतीमार्तां मुक्तकेशीमधोमुखीम्।
हतं पतिमुपासन्तीं द्रोणं शस्त्रभृतां वरम्॥ ३५॥
बाणैर्भिन्नतनुत्राणं धृष्टद्युम्नेन केशव।
उपास्ते वै मृधे द्रोणं जटिला ब्रह्मचारिणी॥ ३६॥
प्रेतकृत्ये च यतते कृपी कृपणमातुरा।

हैं, शस्त्रोंने भी उनकी रक्षा नहीं करी। इन्हींके आश्रयसे कौरव लोग पाण्डवोंको युद्ध करनेके लिये ललकारते थे, वेही शस्त्र जाननेवालोंमें श्रेष्ठ द्रोणाचार्य आज शस्त्रोंसे कटे हुए पृथ्वीमें पडे हैं। जिन्होंने अग्निके समान तेज धारण करके पाण्डवोंकी सेनाको भस्म किया था, वेही द्रोणाचार्य आज बुजती हुई अग्निके समान मरे हुए पृथ्वीमें पडे हैं। इस समय भी उनके धनुषकी मूठी नहीं खुली और करहत्थी भी नहीं छुटी, ये अभी भी जीते हुएके समान दीखते हैं। ये ब्रह्माके समान चारों वेद और शस्त्र विद्याको जानते थे, देखो जिन द्रोणाचार्यके चरणोंमें सैकडों शिष्य प्रणाम करते थे उन्ही प्रणाम करने योग्य सुन्दर चरणोंको सियार खींचते फिरते हैं, ये देखो, धृष्टद्युम्नके हाथसे द्रोणाचार्यके पास दुःखसे भरी हुई कृपी बैठी है, देखो शस्त्रधारियोंमें श्रेष्ठ अपने पति मरे हुए द्रोणाचार्यके पास बाल खोले नीचा मुख करे रोती हुई कृपी बैठी है, धृष्टद्युम्नके बाणोंसे शरीरका कवच कट गया है अब जटाधारिणी ब्रह्मचारिणी, सुकु-

हतस्य समरे भर्तुः सुकुमारी यशस्विनी ॥ ३७ ॥
अग्नीनाधाय विधिवच्चितां प्रज्वाल्य सर्वतः ।
द्रोणमाधाय गायन्ति त्रीणि सामानि सामगाः ॥३८॥
कुर्वन्ति च चितामेते जटिला ब्रह्मचारिणः ।
धनुर्भिः शक्तिभिश्चैव रथनीडैश्च माधव ॥ ३९ ॥
शरैश्च विविधैरन्यैर्धक्ष्यते भूरितेजसम् ।
इति द्रोणं समाधाय शंसन्ति च रुदन्ति च ॥ ४० ॥
सामभिस्त्रिभिरन्तस्थैरनुशंसन्ति चापरे ।
अग्नावग्निं समाधाय द्रोणं हुत्वा हुताशने ॥ ४१ ॥
गच्छन्त्याभिमुखा गङ्गां द्रोणशिष्या द्विजातयः ।
अपसव्यां चितिं कृत्वा पुरस्कृत्य कृपीं च ते ॥ ४२ ॥ [६७१]

इति श्रीमहाभारते० स्त्रीपर्वणि स्त्रीविलापपर्वणि गांधारीवचने त्रयोविंशोऽध्यायः ॥२३॥

गान्धार्युवाच— सोमदत्तसुतं पश्य युयुधानेन पातितम् ।
विद्यमानं विहगैर्बहुभिर्माधवान्तिके ॥ १ ॥
पुत्रशोकाभिसन्तप्तः सोमदत्तो जनार्दन ।
युयुधानं महेष्वासं गर्हयन्निव दृश्यते ॥ २ ॥
असौ हि भूरिश्रवसो माता शोकपरिप्लुता ।
आश्वासयति भर्तारं सोमदत्तमनिन्दिता ॥ ३ ॥

मारी, यशस्विनी कृपी अपने पतिका प्रेत कर्म करनेको कहती हैं, ये जटाधारी ब्रह्मचारी द्रोणाचार्यके ब्राह्मण शिष्य धनुष शक्ति रथोंके पहिले और अनेक प्रकारके बाणोंसे चिता बना रहे हैं, अब उन्होंने चितामें आग लगाकर द्रोणाचार्यको जला दिया । ये सामवेद जाननेवाले द्रोणाचार्यके शिष्य रो रहे हैं। और अपने गुरुकी प्रशंसा कर रहे हैं, अब ये चिताकी प्रदक्षिणा करके और कृपीको आगे करके गङ्गा स्नानको जाते हैं । (२५–४२) [६७१]

स्त्रीपर्वमें तेईस अध्याय समाप्त ।

स्त्रीपर्वमें चौबीस अध्याय ।

गान्धारी बोली, हे कृष्ण ! ये सोमदत्त पुत्र भूरिश्रवा सात्यकीके हाथसे मरे हुए पडे हैं । देखो अनेक प्रकारके पक्षी इनका मांस खा रहे हैं, ये देखो पुत्रके शोकसे व्याकुल सोमदत्त महाधनुषधारी सात्यकीकी निन्दा कर रहे हैं, जो निन्दारहित भूरिश्रवाकी माता शोकसे व्याकुल होकर अपने पतिको

दिष्ट्या नैनं महाराज दारुणं भरतक्षयम्।
कुरुसंक्रन्दनं घोरं युगान्तमनुपश्यसि ॥ ४ ॥
दिष्ट्या यूपध्वजं पुत्रं वीरं भूरिसहस्रदम्।
अनेकक्रतुयज्वानं निहतं नानुपश्यसि ॥ ५ ॥
दिष्ट्या स्नुषाणामाक्रन्दे घोरं विलपितं बहु।
न शृणोषि महाराज सारसीनामिवार्णवे ॥ ६ ॥
एकवस्त्रार्धसंवीताः प्रकीर्णा सितमूर्धजाः।
स्नुषास्ते परिधावन्ति हतापत्या हतेश्वराः ॥ ७ ॥
श्वापदैर्भक्ष्यमाणं त्वमहो दिष्ट्या न पश्यसि।
छिन्नबाहुं नरव्याघ्रमर्जुनेन निपातितम् ॥ ८ ॥
शलं विनिहतं संख्ये भूरिश्रवसमेव च।
स्नुषाश्च विविधाः सर्वा दिष्ट्या नाद्येह पश्यसि ॥ ९ ॥
दिष्ट्या तत्काञ्चनं छत्रं यूपकेतोर्महात्मनः।
विनिकीर्णं रथोपस्थे सौमदत्तेर्न पश्यसि ॥ १० ॥
अमूस्तु भूरिश्रवसो भार्याः सात्यकिना हतम्।
परिवार्यानुशोचन्ति भर्तारमसितेक्षणाः ॥ ११ ॥
एता विलप्य करुणं भर्तृशोकेन कर्शिताः।
पतन्त्यभिमुखा भूमौ कृपणं बत केशव ॥ १२ ॥

बहुत समझा रही हैं, कहती हैं, हे महाराज! अपने प्रारब्धहीसे इस भयानक कुरुकुल नाशको देखा, अपने प्रारब्धहीसे अनेक यज्ञ करनेवाले अपने पुत्र भूरिश्रवाकी मृत्यु न देखी, अपने प्रारब्धहीसे सारसियोंके समान रोती हुई अपने बहुओंके शब्द नहीं सुनते हैं, महाराज ये आपके बेटेकी बहू एक साडी पहिने, बाल खोले, अनाथ होकर इधर उधर रोती फिरती हैं, अपने प्रारब्धहीसे सियारोंसे खाये जाते हुए अर्जुनके बाणसे हाथ कटे भूरिश्रवाको नहीं देखते, आप प्रारब्धहीसे रोती हुई बहू स्त्रीका शब्द नहीं सुनते। अपने प्रारब्धहीसे महात्मा भूरिश्रवाका शोकका भरा हुवा छत्र रथसे गिरता हुआ न देखा। (१-१०)

ये सुन्दर नेत्रवाली भूरिश्रवाकी स्त्री अपने मरे हुवे पतिके चारों ओर बैठी सोच कर रही है, जो पतिके शोकसे व्याकुल दीन स्वरसे रोती हुई भूरिश्रवाकी स्त्री पृथ्वीमें गिरती हैं। और कहती हैं कि अर्जुनने यह क्या कुकर्म किया,

बीभत्सुरतिबीभत्सं कर्मेदमकरोत्कथम् ।
प्रमत्तस्य यदच्छैत्सीद्बाहुं शूरस्य यज्वनः ॥ १३ ॥
ततः पापतरं कर्म कृतवानपि सात्यकिः ।
यस्मात्प्रायोपविष्टस्य प्राहार्षीत्संशितात्मनः ॥ १४ ॥
एको द्वाभ्यां हतः शेषे त्वमधर्मेण धार्मिक ।
किं नु वक्ष्यति वै सत्सु गोष्ठीषु च सभासु च ॥१५॥
अपुण्यमयशस्यं च कर्मेदं सात्यकिः स्वयम् ।
इति यूपध्वजस्यैताः स्त्रियः क्रोशन्ति माधव ॥ १६ ॥
भार्या यूपध्वजस्यैषा करसम्मितमध्यमा ।
कृत्वोत्सङ्गे भुजं भर्तुः कृपणं परिदेवति ॥ १७ ॥
अयं स हन्ता शूराणां मित्राणामभयप्रदः ।
प्रदाता गोसहस्राणां क्षत्रियान्तकरः करः ॥ १८ ॥
अयं सरसनोत्कर्षी पीनस्तनविमर्दकः ।
नाभ्यूरुजघनस्पर्शी नीवीविस्रंसनः करः ॥ १९ ॥
वासुदेवस्य सान्निध्ये पार्थेनाक्लिष्टकर्मणा ।
युध्यतः समरेऽन्येन प्रमत्तस्य निपातितः ॥ २० ॥
किं नु वक्ष्यसि संसत्सु कथासु च जनार्दन ।
अर्जुनस्य महत्कर्म स्वयं वा स किरीटभृत् ॥ २१ ॥
इत्येवं गर्हयित्वैषा तूष्णीमास्ते वराङ्गना ।
तामेतामनुशोचन्ति सपत्न्यः स्वामिव स्नुषाम् ॥२२॥

जो यज्ञ करनेवाले आपका हाथ छलसे काट लिया। इससे भी अधिक पाप कर्म सात्यकीने किया जो शस्त्ररहित आपका शिर काट लिया है, परन्तु आप एकले को अधर्मसे दो दो मनुष्यने मिलकर मारा, इस यशनाशक अधर्म भरे कर्मको करते सात्यकी सभा और महात्मावोंके बीचमें क्या कहेंगे ? इस प्रकार जो भूरिश्रवाकी स्त्री रो रही है, ये भूरिश्रवाकी पटरानी स्त्री अपने पतिका हाथ गोदमें लेकर कहती है कि यदि वीर क्षत्रियोंका नाश करनेवाला, मित्रोंको अभय दान देनेवाला और सहस्रों जीवोंको दान करनेवाला आपका हाथ वीर अर्जुनने कृष्णके देखते देखते दूसरे के सङ्ग युद्ध करते हुए विना कहे काट दिया, अब ऐसा पाप कर्म करके कृष्ण और अर्जुन क्या कहेंगे, इतना कहकर

गान्धारराजः शकुनिर्बलवान् सत्यविक्रमः।
निहतः सहदेवेन भागिनेयेन मातुलः ॥ २३ ॥
यः पुरा हेमदण्डाभ्यां व्यजनाभ्यां स्म वीज्यते।
स एष पक्षिभिः पक्षैः शयान उपवीज्यते ॥ २४ ॥
यः स्वरूपाणि कुरुते शतशोऽथ सहस्रशः।
तस्य मायाविनो माया दग्धाः पाण्डवतेजसा ॥२५॥
मायया निकृतिप्रज्ञो जितवान् यो युधिष्ठिरम्।
सभायां विपुलं राज्यं स पुनर्जीवितं जितः ॥ २६ ॥
शकुन्ताः शकुनिं कृष्ण समन्तात्पर्युपासते।
कैतवं मम पुत्राणां विनाशायोपशिक्षितम् ॥ २७ ॥
एतेनैतन्महद्वैरं प्रसक्तं पाण्डवैः सह।
वधाय मम पुत्राणामात्मनः सगणस्य च ॥ २८ ॥
यथैव मम पुत्राणां लोकाः शस्त्रजिताः प्रभो।
एवमस्यापि दुर्बुद्धेर्लोकाः शस्त्रेण वै जिताः ॥ २९ ॥
कथं च नायं तत्रापि पुत्रान्मे भ्रातृभिः सह।
विरोधयेदृजुप्रज्ञानृजुर्मधुसूदन ॥ ३० ॥ [७०१]

इति श्रीमहाभारते० स्त्रीपर्वणि स्त्रीविलापपर्वणि गांधारीवाक्ये चतुर्विंशोऽध्यायः ॥ २४ ॥

ये रानी चुप होगई हैं, भूरिश्रवाकी स्त्री सब रोरही हैं। (११–२२)

जो महापराक्रमी शकुनी अपने भानजे सहदेवके हाथसे मरे हुए पडे हैं, पहिले अनेक मनुष्य सोनेके डण्डेवाले पङ्खासे हवा करते थे, आज उनको ही कौवे अपने पङ्खोंसे हवा कर रहे हैं, जो अपनी मायासे सैकडों सहस्रों रूप बनाता था, उस छलीकी माया सहदेवके तेजसे भस्म होगई, जिस छलीने सभामें युधिष्ठिरको जीता था और उनका सब राज्य ले लिया था, वही शकुनी आज मर कर पृथ्वीमें पडा है, जिस छलीने मेरे पुत्रों का नाश करनेहीके लिये छल सीखा था सोई उस ही छलसे शकुनीको आज गिद्ध और कौवे खा रहे हैं, इस ही दुष्टके कारणसे मेरे पुत्र और पाण्डवोंमें वैर हुआ था, इसहीसे मेरे पुत्र और बान्धवोंके सहित मारा गया। जैसे मेरे पुत्र शस्त्रोंसे मरकर स्वर्गको गये हैं, ऐसे ही यह दुर्बुद्धि मरकर स्वर्गको गया। ऐसा नहीं कि यह दुष्टबुद्धि वहां भी कोमल बुद्धिवाले मेरे बेटोंमें वैर करादे। २३-३०)

स्त्रीपर्वमें चौबीस अध्याय समाप्त। [७०१]

गान्धार्युवाच— काम्बोजं पश्य दुर्धर्षं काम्बाजास्तरणोचितम्।
शयानमृषभस्कन्धं हतं पांसुषु माधव ॥ १ ॥
यस्य क्षतजसन्दिग्धौ बाहू चन्दनभूषितौ।
अवेक्ष्य करुणं भार्या विलपत्यतिदुःखिता ॥ २ ॥
इमौ तौ परिघप्रख्यौ बाहू शुभतलाङ्गुली।
ययोर्विवरमापन्नां न रतिर्मां पुराऽजहात् ॥ ३ ॥
कां गतिं तु गमिष्यामि त्वया हीना जनेश्वर।
हतबन्धुरनाथा च वेपन्ती मधुरस्वरा ॥ ४ ॥
आतपे क्लाम्यमानानां विविधानामिव स्रजाम्।
क्लान्तानामपि नारीणां न श्रीर्जहति वै तनूः ॥ ५ ॥
शयानमभितः शूरं कालिङ्गं मधुसूदन।
पश्य दीप्तांगदयुगप्रतिनद्धमहाभुजम् ॥ ६ ॥
मागधानामधिपतिं जयत्सेनं जनार्दन।
आवार्य सर्वतः पत्न्यः प्ररुदन्त्यः सुविह्वलाः ॥ ७ ॥
आसामायतनेत्राणां सुस्वराणां जनार्दन।
मनः श्रुतिहरो नादो मनो मोहयतीव मे ॥ ८ ॥
प्रकीर्णवस्त्राभरणा रुदत्यः शोककर्शिताः।

स्त्रीपर्वमें पंचीस अध्याय।

गान्धारी बोली, हे कृष्ण! ये देखो, दुशालेकी शय्यापर सोने योग्य, बैलके समान कन्धे वाला महापराक्रमी काम्बोज देशका राजा मरके धूलमें सोता है। जिसके चन्दन लगने योग्य हाथोंको रुधिरमें भीगे हुए देख उसकी स्त्री रोरही है, उसकी दुःख भरी स्त्री ऐसा कह रही है कि जो सुन्दर उजली अंगुली वाले परिघके समान दृढ आपके यही हाथ हैं जिनके संगमें विहार करती करती मैं तृप्त नहीं होती थी। हे प्रजा नाथ! अब मैं आपके विना अनाथ होकर कहां कांपती और रोती फिरूंगी? इन स्त्रियोंकी शोभा बिलकुल नष्ट हुई जैसे फूल मालाएँ धूपमें रहनेसे नष्ट होती है। (१-५)

हे कृष्ण! ये देखो सब प्रकार समान सोनेके बाजूबन्द पहिने कलिङ्गदेशका वीर राजा मरा पडा है। हे कृष्ण! ये जयसेन नामक मगधदेशके राजाकी स्त्री अपने मरे हुवे पतिके चारों ओर खडी हुई व्याकुल होकर रोरहीं है। हे कृष्ण! जिन बडी बडी आंखवाली स्त्रियोंका

स्वास्तीर्णशयनोपेता मागध्यः शेरते सुचि ॥ ९ ॥
कोसलानामधिपतिं राजपुत्रं बृहद्बलम् ।
भर्तारं परिवार्यैताः पृथक् प्ररुदिताः स्त्रियः ॥ १० ॥
अस्य गात्रगतान् बाणान् कार्ष्णिबाहुबलार्पितान् ।
उद्धरन्त्यसुखाविष्टा मूर्छमानाः पुनः पुनः ॥ ११ ॥
आसां सर्वानवद्यानामातपेन परिश्रमात् ।
प्रम्लाननलिनाभानि भान्ति वक्त्राणि माधव ॥१२॥
द्रोणेन निहताः शूराः शेरते रुचिराङ्गदाः ।
धृष्टद्युम्नसुताः सर्वे शिशवो हेममालिनः ॥ १३ ॥
रथाग्न्यगारं चापार्चिं शरशक्तिगदेन्धनम् ।
द्रोणमासाद्य निर्दग्धाः शलभा इव पावकम् ॥ १४ ॥
तथैव निहताः शूराः शेरते रुचिराङ्गदाः ।
द्रोणेनाभिमुखाः सर्वे भ्रातरः पञ्च केकयाः ॥ १५ ॥
तप्तकाञ्चनवर्माणस्तालध्वजरथव्रजाः ।
भासयन्ति महीं भासा ज्वलिता इव पावकाः॥ १६ ॥

मोठा और कोमल रोनेका शब्द मेरे हृदयको शोच नहीं होने देता, जो मगधदेशकी रानी उत्तम सेजपर सोने योग्य थी, सो आज शोकसे व्याकुल होकर वस्त्र आभूषण फेंककर भूमिमें लोट रहीं हैं। (६—९)

हे कृष्ण! जो कौशलदेशके राजपुत्र बृहद्बलकी स्त्री अपने पतिके चारों ओर बैठी हुई रोरहीं हैं। और दुःखसे व्याकुल होकर अभिमानके छूटेहुए बाणोंको इनके शरीरसे निकालती है और मूर्च्छा खाकर गिरती हैं, इन सुन्दरी स्त्रीके मुख घाम और परिश्रमसे व्याकुल होकर ऐसे होगये हैं। जैसे मुरझाये हुए कमल। हे कृष्ण! ये देखो सोनेकी माला और सुन्दर बाजूबन्द पहिरे धृष्टद्युम्नके बालक बेटे मरे पडे हैं, ये सब बालक रथरूपी गदा, धनुष, ज्वाला, बाण, शक्ति और गदारूपी इन्धनयुक्त द्रोणाचार्यरूपी अग्निमें इस प्रकार जल गये जैसे आगमें पतङ्ग जलते हैं। (१०—१४)

ये सुन्दर बाजूबन्द पहिरे केकयदेशके पांचों राजपुत्र द्रोणाचार्यके बाणोंसे मरकर युद्धकी ओरको मुख किये पडे हैं। ये तपे हुए सोनेके कवच पहिने ताड की ध्वजावाले वीर अपने तेजसे पृथ्वीको जलती हुई अग्निके समान प्रकाशित

द्रोणेन द्रुपदं संख्ये पश्य माधव पातितम्।
महाद्विपमिवारण्ये सिंहेन महता हतम् ॥ १७ ॥
पाञ्चालराज्ञो विमलं पुण्डरीकाक्ष पाण्डुरम्।
आतपत्रं समाभाति शरदीव निशाकरः ॥ १८ ॥
एतास्तु द्रुपदं वृद्धं स्नुषा भार्याश्च दुःखिताः।
दग्ध्वा गच्छन्ति पाञ्चाल्यं राजानमपसव्यतः ॥ १९ ॥
धृष्टकेतुं महात्मानं चेदिपुङ्गवमङ्गनाः।
द्रोणेन निहतं शूरं हरन्ति हृतचेतसः ॥ २० ॥
द्रोणास्त्रमभिहत्यैष विमर्दे मधुसूदन।
महेष्वासो हतः शेते नद्या हृत इव द्रुमः ॥ २१ ॥
एष चेदिपतिः शूरो धृष्टकेतुर्महारथः।
शेते विनिहतः संख्ये हत्वा शत्रून् सहस्रशः ॥ २२ ॥
वितुद्यमानं विहगैस्तं भार्याः पर्युपाश्रिताः।
चेदिराजं हृषीकेश हतं सबलबान्धवम् ॥ २३ ॥
दाशार्हपुत्रजं वीरं शयानं सत्यविक्रमम्।
आरोप्याङ्के रुदन्त्येताश्चेदिराजवराङ्गनाः ॥ २४ ॥
अस्य पुत्रं हृषीकेश सुवक्त्रं चारुकुण्डलम्।

करते हैं। हे कृष्ण! जैसे वनमें सिंहसे मरकर मतवाला हाथी गिरता है, ऐसे ही द्रोणाचार्यके बाणोंसे मरे हुए महाराज द्रुपद पृथ्वीमें पडे हैं। महाराज द्रुपदका कमलके समान सफेद छत्र ऐसा दीखता है, जैसे शरद कालमें चन्द्रमा। दुःखसे भरी बूढे राजा द्रुपदकी स्त्री और बेटोंकी बहू राजा द्रुपदको जलाकर और उनकी चिताकी प्रदक्षिण करके लौटी आती हैं। (१५-१९)

हे कृष्ण! ये देखो चन्दनीक राजा धृष्टकेतुकी स्त्री अपने वीर पतिको द्रोणाचार्यके बाणोंसे मरा हुआ देख रो रही है। इस हीने महाधनुषधारी द्रोणाचार्यके बाणोंको नाश किया था, अन्तमें उनहीके बाणोंसे इस प्रकार मारे गये, जैसे नदी बढनेसे वृक्ष टूट जाता है, इस ही महारथने युद्धमें सहस्रों वीरोंको मारा था, इस समय उसे पक्षी खारहे हैं, और इसकी स्त्री भी पास बैठी है। जो महापराक्रमी वीर तुम्हारी फूफीका पीता था, सो आज बान्धव और सेनाके सहित मारा गया। इसकी स्त्री इसे गोदमें लेकर रोरही है। हे कृष्ण! ये

द्रोणेन समरे पश्य निकृत्तं बहुधा शरैः ॥ २५ ॥
पितरं नूनमाजिस्थं युध्यमानं परैः सह।
नाजहात्पितरं वीरमद्यापि मधुसूदन ॥ २६ ॥
एवं ममापि पुत्रस्य पुत्रः पितरमन्वगात्।
दुर्योधनं महाबाहो लक्ष्मणः परवीरहा ॥ २७ ॥
विन्दानुविन्दावावन्त्यौ पतितौ पश्य माधव।
हिमान्ते पुष्पितौ शालौ मरुता गलिताविव ॥ २८ ॥
काञ्चनाङ्गदवर्माणौ बाणखड्गधनुर्धरौ।
ऋषभप्रतिरूपाक्षौ शयानौ विमलस्रजौ ॥ २९ ॥
अवध्याः पाण्डवाः कृष्ण सर्व एव त्वया सह।
ये मुक्ता द्रोणभीष्माभ्यां कर्णाद्वैकर्तनात्कृपात् ॥३०॥
दुर्योधनाद् द्रोणसुतात्सैन्धवाच्च जयद्रथात्।
सोमदत्ताद्विकर्णाच्च शूराच्च कृतवर्मणः ॥ ३१ ॥
ये हन्युः शस्त्रवेगेन देवानपि नरर्षभाः।
त इमे निहताः संख्ये पश्य कालस्य पर्ययम् ॥ ३२ ॥
नातिभारोऽस्ति दैवस्य ध्रुवं माधव कश्चन।

देखो सुन्दर कुण्डल और सुन्दर मुखवाला धृष्टकेतुका पुत्र द्रोणाचार्यके बाणोंसे कटा हुआ पृथ्वीमें पडा हुआ है। इसने शत्रुओंसे युद्ध करते हुए अपने पिताको अभीतक नहीं छोडा। (२०—२६)

हे कृष्ण! ऐसे ही मेरा पोता लक्ष्मण भी अपने पिताके सहित स्वर्गको चला गया। हे कृष्ण! ये सोनेके बाजूबन्द और कवच पहिने बाण, खड्ग धारण किये, निर्मल माला पहिने हुए बैलके समान आंख और रूपवाले उज्जैन निवासी विन्द और अनुविन्द इस प्रकार पृथ्वीमें पडे हैं, जैसे वसंत ऋतुमें वायुसे टूटे हुए कचनारके वृक्ष। हे कृष्ण! युधिष्ठिर, भीमसेन, अर्जुन, नकुल, सहदेव और तुमको कोई जगत्में नहीं मार सक्ता। जो भीष्म, द्रोणाचार्य, कर्ण, कृपाचार्य, दुर्योधन, अश्वत्थामा, सिन्धुराज जयद्रथ, सोमदत्त, विकर्ण, और वीर कृतवर्माके हाथसे तुम सब बच गये। (२७—३१)

हे कृष्ण! समयकी गति बडी कठिन है। जो पुरुषसिंह वीर अनेक बाणोंसे देवता और गन्धर्वोंको भी मार सकते थे, सोही आज मरकर पृथ्वीमें पडे हैं,

यदिमे निहताः शूराः क्षत्रियैः क्षत्रियर्षभाः ॥ ३३ ॥
तदैव निहताः कृष्ण मम पुत्रास्तरस्विनः।
यदैवाकृतकामस्त्वमुपप्लव्यं गतः पुनः ॥ ३४ ॥
शन्तनोश्चैव पुत्रेण प्राज्ञेन विदुरेण च।
तदैवोक्ताऽसि मा स्नेहं कुरुष्वात्मसुतेष्विति ॥ ३५ ॥
तयोर्हि दर्शनं नैतन्मिथ्या भवितुमर्हति।
अचिरेणैव मे पुत्रा भस्मीभूता जनार्दन ॥ ३६ ॥

वैशम्पायन उवाच-इत्युक्त्वा न्यपतद्भूमौ गान्धारी शोकमूर्छिता।
दुःखोपहतविज्ञाना धैर्यमुत्सृज्य भारत ॥ ३७ ॥
ततः कोपपरीताङ्गी पुत्रशोकपरिप्लुता।
जगाम शौरिं दोषेण गान्धारी व्यथितेन्द्रिया ॥ ३८ ॥

गान्धार्युवाच— पाण्डवा धार्त्तराष्ट्राश्च दग्धाः कृष्ण परस्परम्।
उपेक्षिता विनश्यन्तस्त्वया कस्माज्जनार्दन ॥ ३९ ॥
शक्तेन बहुभृत्येन विपुले तिष्ठता बले।
उभयत्र समर्थेन श्रुतवाक्येन चैव ह ॥ ४० ॥
इच्छतोपेक्षितो नाशः कुरूणां मधुसूदन।
यस्मात्त्वया महाबाहो फलं तस्मादवाप्नुहि ॥ ४१ ॥
पतिशुश्रूषया यन्मे तपः किंचिदुपार्जितम्।

कालके लिये कोई कर्म कठिन नहीं है देखो सब वीर मारे गये। हे कृष्ण! जिस समय तुम सन्धि करानेको आये थे, और विना काम सिद्ध हुये लौट गये थे, तब ही मेरे बलवान पुत्रोंका नाश हो चुका था, उसी दिन भीष्म और बुद्धिमान विदुरने मुझसे कहा था, कि "अब तुम अपने पुत्रोंसे प्रेम मत करो।" उनका ज्ञान झूठा नहीं हुआ, थोडे ही दिनमें मेरे महापराक्रमी पुत्र भस्म होगये। श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे राजन् जनमेजय! ऐसा कहकर गान्धारी धीरजको छोड कर शोकसे व्याकुल होकर पृथ्वीमें गिर पडी। फिर पुत्रोंके शोकसे व्याकुल होकर उठी और क्रोधसे कृष्णको दोष लगाने लगी। (३२-३८)

गान्धारी बोली, हे कृष्ण! जब कौरव और पाण्डव दोनों परस्पर लडके नष्ट होते थे, तब तुमने उन्हें मना क्यों नहीं किया? तुमने सबके वचन सुने थे, तुम समर्थ बलवान और बहुत सेवकोंसे युक्त होनेपर भी कौरवोंका

तेन त्वां दुरवापेन शप्स्ये चक्रगदाधरम् ॥ ४२ ॥
यस्मात्परस्परं घ्नन्तो ज्ञातयः कुरुपाण्डवाः ।
उपेक्षितास्ते गोविन्द तस्माज्ज्ञातीन्वधिष्यसि ॥ ४३ ॥
त्वमप्युपस्थिते वर्षे षट्त्रिंशे मधुसूदन ।
हतज्ञातिर्हतामात्यो हतपुत्रो वनेचरः ॥ ४४ ॥
अनाथवदविज्ञातो लोकेष्वनभिलक्षितः ।
कुत्सितेनाभ्युपायेन निधनं समवाप्स्यसि ॥ ४५ ॥
तवाप्येवं हतसुता निहतज्ञातिबान्धवाः ।
स्त्रियः परिपतिष्यन्ति यथैता भरतस्त्रियः ॥ ४६ ॥

वैशम्पायन उवाच-तच्छ्रुत्वा वचनं घोरं वासुदेवो महामनाः ।
उवाच देवीं गान्धारीमीषदभ्युत्स्मयन्निव ॥ ४७ ॥
जानेऽहमेतदप्येवं चीर्णं चरसि क्षत्रिये ।
दैवादेव विनश्यन्ति वृष्णयो नात्र संशयः ॥ ४८ ॥
संहर्ता वृष्णिचक्रस्य नान्यो मद्विद्यते शुभे ।
अवध्यास्ते नरैरन्यैरपि वा देवदानवैः ॥ ४९ ॥
परस्परकृतं नाशं यतः प्राप्स्यन्ति यादवाः ।
इत्युक्तवति दाशार्हे पाण्डवास्तत्तचेतसः ॥
बभूवुर्भृशं संविग्ना निराशाश्चापि जीविते ॥ ५० ॥ [७५१]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां स्त्रीपर्वणि स्त्रीविलापपर्वणि गांधारीशापदाने पंचविंशोऽध्यायः ॥२५॥ ॥ समाप्तं च स्त्रीविलापपर्व ॥

नाश देखते रहे। इस लिये उस कर्मका फल भोगो। मैंने जो अपने पतिकी सेवा से तप किया हो तो उससे मेरा वचन सत्य होय, तुमने कौरव और पाण्डवोंका युद्ध करनेसे न रोका, इससे तुम भी अपनी जातिका नाश करोगे। हे कृष्ण! अबसे छत्तीसवें वर्ष अपने बेटे, पोते, जाती और बन्धुवोंसे हीन होकर अनाथके समान वनमें दुष्ट उपायसे मारे जावोगे। जैसे ये कुरुकुलकी स्त्री रोती फिरती हैं ऐसेही तुम्हारी स्त्री पुत्र और बान्धवोंसे हीन होकर रोवेंगी। (३९–४६)

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, देवी गान्धारीके ऐसे भयानक वचन सुनकर श्रीकृष्ण हंसकर बोले, हे गान्धारी! तुम जो कहती हो सो पहिले ही हमने विचार लिया था, प्रारम्भहीसे यदुवंशियोंके नाशका समय आगया है, उन्हें

अथ श्राद्धपर्व।

श्रीभगवानुवाच- उत्तिष्ठोत्तिष्ठ गान्धारि मा च शोके मनः कृथाः।
तवैव ह्यपराधेन कुरवो निधनं गताः ॥ १ ॥
यत्त्वं पुत्रं दुरात्मानमीर्षुमत्यन्तमानिनम्।
दुर्योधनं पुरस्कृत्य दुष्कृतं साधु मन्यसे ॥ २ ॥
निष्ठुरं वैरपुरुषं वृद्धानां शासनातिगम्।
कथमात्मकृतं दोषं मय्याधातुमिहेच्छसि ॥ ३ ॥
मृतं वा यदि वा नष्टं योऽतीतमनुशोचति।
दुःखेन लभते दुःखं द्वावनर्थौ प्रपद्यते ॥ ४ ॥
तपोर्थीयं ब्राह्मणी धत्त गर्भं गौर्वोढारं धावितारं तुरङ्गी।
शूद्रा दासं पशुपालं च वैश्या वधार्थीयं क्षत्रिया राजपुत्री॥५॥
वैशम्पायन उवाच-तच्छ्रुत्वा वासुदेवस्य पुनरुक्तं वचोऽप्रियम्।
तूष्णीं बभूव गान्धारी शोकव्याकुललोचना ॥ ६ ॥
धृतराष्ट्रस्तु राजर्षिर्निगृह्यावुद्विजं तमः।
पर्यपृच्छत धर्मज्ञो धर्मराजं युधिष्ठिरम् ॥ ७ ॥

मेरे सिवाय देवता और दानव भी नहीं मार सकते। वे परस्पर लडके नष्ट हो जायगे। श्रीकृष्णके ऐसे वचन सुन पाण्डवोंने घबडाकर अपने जीनेकी आशा छोड दी। (४७—५०)[७५१]

स्त्रीपर्वमें पचीस अध्याय समाप्त।

स्त्रीविलापपर्व समाप्त।

स्त्रीपर्वमें छब्बीस अध्याय।

(३) श्राद्धपर्व।

श्रीकृष्ण बोले, हे गान्धारी! अब तुम उठो शोक मत करो; ये कुरुवंशका नाश तुम्हारे ही अपराधसे हुआ है, तुमने पहिले महाअभिमानी दुरात्मा निष्ठुर लडाईके प्यारे और बूढोंकी आज्ञा न माननेवाले दुर्योधनको न रोका, अब मुझे दोष क्यों देती हो, जो मरे हुए मनुष्य अथवा नष्ट हुए कामका शोच करता है, उसे कुछ लाभ नहीं होता और सदा दुःखहीमें पडा रहता है, ब्राह्मणी तपस्वी, गाय बोझ ले चलनेवाले, घोडी दौडानेवाले, शूद्रा दास, वैश्य पशुपालनेवाले और राजपुत्री क्षत्रियाणी मनुष्यको मारनेवाले पुत्रको उत्पन्न करती हैं। श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, श्रीकृष्णके दूसरी बार ऐसे कठोर वचन सुनकर गान्धारी शोकसे व्याकुल होकर चुप होगई। (१-६)

धर्म जाननेवाले राजा धृतराष्ट्र भी

जीवतां परिमाणज्ञः सैन्यानामसि पाण्डव।
हतानां यदि जानीषे परिमाणं वदस्व मे ॥ ८ ॥
युधिष्ठिर उवाच—दशायुतानामयुतं सहस्राणि च विंशतिः।
कोट्यः षष्टिश्च षट् चैव ह्यस्मिन् राजन् मृधे हताः॥९॥
अलक्षितानां वीराणां सहस्राणि चतुर्दश।
दश चान्यानि राजेन्द्र शतं पष्टिश्च पञ्च च ॥ १० ॥
धृतराष्ट्र उवाच—युधिष्ठिर गतिं कां ते गताः पुरुषसत्तम।
आचक्ष्व मे महाबाहो सर्वज्ञो ह्यसि मे मतः ॥ ११ ॥
युधिष्ठिर उवाच—यैर्हुतानि शरीराणि हृष्टैः परमसंयुगे।
देवराजसमाँल्लोकान् गतास्ते सत्यविक्रमाः ॥ १२ ॥
ये त्वहृष्टेन मनसा मर्तव्यमिति भारत।
युद्ध्यमाना हताः संख्ये गन्धर्वैः सह सङ्गताः ॥ १३ ॥
ये च संग्राममूर्मिष्ठा याचमानाः पराङ्मुखाः।
शस्त्रेण निधनं प्राप्ता गतास्ते गुह्यकान्प्रति ॥ १४ ॥
पात्यमानाः परैर्ये तु हीयमाना निरायुधाः।
हीनिषेधा महात्मानः परानभिमुखा रणे ॥ १५ ॥
छिद्यमानाः शितैः शस्त्रैः क्षत्रधर्मपरायणाः।
गतास्ते ब्रह्मसदनं न मेऽत्रास्ति विचारणा ॥ १६ ॥

अपनी दुर्बुद्धि दूर करके युधिष्ठिरसे बोले, हे पाण्डव! तुम युद्धसे बची हुई सेनाकी गिन्ती जानते हो। यदि मरे हुवों की गिन्ती जानते हो तो हमसे कहो। युधिष्ठिर बोले, हे राजन्! इस युद्धमें छाछट करोड एक लाख तीस हजार मनुष्य मारे गए, इनके सिवाय जिन वीरोंको कोई नहीं देख सक्ता था, ऐसे चौवीस हजार एकसौ पैसठ वीर मारे गये। महाराज धृतराष्ट्र बोले, हे पुरुषश्रेष्ठ युधिष्ठिर! मेरी बुद्धिमें तुम सर्वज्ञ हो, इसलिये हमसे कहो वे वीर कौन कौन गतिको प्राप्त भये। (७—११)

महाराज युधिष्ठिर बोले, जो इस युद्धमें प्रसन्न होकर मरे हैं वे सब महावीर इन्द्रलोकको गये, जो युद्धमें विना प्रसन्न होकर युद्ध करते करते मरे हैं वे गन्धर्व लोकको गए, जो भागते और प्राणदान मांगते हुये युद्धमें शस्त्रसे मारे गये, वे गुह्यक लोकका गये, जो गिरे हुए शस्त्रहीन लज्जासे भरे युद्धकी ओर

ये त्वत्र निहता राजन्नन्तरायोधनं प्रति।
यथा कथञ्चित्पुरुषास्ते गतास्तूत्तरान् कुरून् ॥ १७ ॥
धृतराष्ट्र उवाच—केन ज्ञानबलेनैवं पुत्र पश्यसि सिद्धवत्।
तन्मे वद महाबाहो श्रोतव्यं यदि वै मया ॥ १८ ॥
युधिष्ठिर उवाच—निदेशाद्भवतः पूर्वं वने विचरता मया।
तीर्थयात्राप्रसङ्गेन संप्राप्तोऽयमनुग्रहः ॥ १९ ॥
देवर्षिर्लोमशो दृष्टस्ततः प्राप्तोऽस्म्यनुस्मृतिम्।
दिव्यं चक्षुरपि प्राप्तं ज्ञानयोगेन वै पुरा ॥ २० ॥
धृतराष्ट्र उवाच—अनाथानां जनानां च सनाथानां च भारत।
कच्चित्तेषां शरीराणि धक्ष्यसे विधिपूर्वकम् ॥ २१ ॥
न येषामस्ति संस्कर्ता न च येऽग्राहिताग्नयः।
वयं च कस्य कुर्यामो बहुत्वात्तात कर्मणाम् ॥ २२ ॥
यान्सुपर्णाश्च गृध्राश्च विकर्षन्ति ततस्ततः।
तेषां तु कर्मणा लोका भविष्यन्ति युधिष्ठिर ॥ २३ ॥
वैशम्पायन उवाच—एवमुक्तो महाराज कुन्तीपुत्रो युधिष्ठिरः।
आदिदेश सुधर्माणं धौम्यं सूतं च सञ्जयम् ॥ २४ ॥
विदुरं च महाबुद्धिं युयुत्सुं चैव कौरवम्।

मुख दिये वीर क्षत्री धर्मसे मरे हैं, वे निःसन्देह ब्रह्मलोकको गए, जो डरोंके भीतर मारे गए उनका जन्म उत्तर कुरुदेशमें होगा। (१२—१७)

राजा धृतराष्ट्र बोले, हे पुत्र! तुम कौनसे ज्ञानके बलसे सिद्धके समान उन्हें देख रहे हो। महाराज युधिष्ठिर बोले, हे राजन्! मैं जब आपकी आज्ञासे वनमें घूमता था, तब तीर्थयात्राके समय देवर्षि लोमश मेरे पास आये थे, उन्हींकी कृपा और योगसे यह शक्ति होगई है। महाराज धृतराष्ट्र बोले, हे युधिष्ठिर! अब तुम विधिपूर्वक अनाथ और सनाथ क्षत्रियोंके शरीर जलावोगे ना? जिनका संस्कार करनेवाला कोई नहीं है और जो आहिताग्नि नहीं हैं ऐसे ही बहुत हैं। जिन्हें गिद्ध और सियार खींच रहे हैं, उनकी गति कर्मके अनुसार होवे। (१८-२३)

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे महाराज! धृतराष्ट्रकी ऐसी आज्ञा सुन कुन्तीपुत्र युधिष्ठिरने दुर्योधनके पुरोहित सुधर्मा, अपने पुरोहित धौम्य, सञ्जय, महाबुद्धिमान विदुर, युयुत्सु, इन्द्रसेन

इन्द्रसेनमुखांश्चैव भृत्यान् सूतांश्च सर्वशः ॥ २५ ॥
भवन्तः कारयन्त्वेषां प्रेतकार्याण्यशेषतः।
यथा चानाथवत्किञ्चिच्छरीरं न विनश्यति ॥ २६ ॥
शासनाद्धर्मराजस्य क्षत्ता सूतश्च सञ्जयः।
सुधर्मा धौम्यसहित इन्द्रसेनादयस्तथा ॥ २७ ॥
चन्दनागुरुकाष्ठानि तथा कालीयकान्युत।
घृतं तैलं च गन्धांश्च क्षौमाणि वसनानि च ॥ २८ ॥
समाहृत्य महार्हाणि दारूणां चैव सञ्चयान्।
रथांश्च मृदितांस्तत्र नानाप्रहरणानि च ॥ २९ ॥
चिताः कृत्वा प्रयत्नेन यथा मुख्यान्नराधिपान्।
दाहयामासुरव्यग्राः शास्त्रदृष्टेन कर्मणा ॥ ३० ॥
दुर्योधनं च राजानं भ्रातॄंश्चास्य शताधिकान्।
शल्यं शलं च राजानं भूरिश्रवसमेव च ॥ ३१ ॥
जयद्रथं च राजानमभिमन्युं च भारत।
दौःशासनिं लक्ष्मणं च धृष्टकेतुं च पार्थिवम् ॥ ३२ ॥
बृहन्तं सोमदत्तं च सृञ्जयांश्च शताधिकान्।
राजानं क्षेमधन्वानं विराटद्रुपदौ तथा ॥ ३३ ॥
शिखण्डिनं च पाञ्चाल्यं धृष्टद्युम्नं च पार्षतम्।
युधामन्युं च विक्रान्तमुत्तमौजसमेव च ॥ ३४ ॥
कौसल्यं द्रौपदेयांश्च शकुनिं चापि सौबलम्।
अचलं वृषकं चैव भगदत्तं च पार्थिवम् ॥ ३५ ॥

आदि सारथी और सब सेवकोंको आज्ञा दी कि तुम लोग इन सबके प्रेतकर्म करो। (२४-२६)

महाराज युधिष्ठिरकी आज्ञासे विदुर, सञ्जय, सुधर्मा और इन्द्रसेन आदि सेवकोंने चन्दन अगर तगर आदि काठ, घी, तेल, सुगन्धी और बहुत मूल्यवाले रेशमी कपडे इकट्ठे करके, काठ, टूटे रथ और शस्त्रोंकी चिता बनाकर, सावधान होकर, शास्त्रमें लिखी विधिके अनुसार सब राजोंको क्रमसे फूका। सौ भाइयोंके सहित राजा दुर्योधन, शल्य, भूरिश्रवा, जयद्रथ, अभिमन्यु, सुदर्शन, लक्ष्मण, राजा धृष्टकेतु, बृहद्बल, सोमदत्त, सैकडों सृञ्जय, राजा क्षेमधन्वा, विराट, द्रुपद, शिखण्डी, धृष्टद्युम्न, युधामन्यु, विक्रान्त,

कर्णं वैकर्तनं चैव सहपुत्रममर्षणम् ।
केकयांश्च महेष्वासांस्त्रिगर्ताश्च महारथान् ॥ ३६ ॥
घटोत्कचं राक्षसेन्द्रं बकभ्रातरमेव च ।
अलम्बुषं राक्षसेन्द्रं जलसन्धं च पार्थिवम् ॥ ३७ ॥
एतांश्चान्यांश्च सुबहून्पार्थिवांश्च सहस्रशः ।
घृतधाराहुतैर्दीप्तैः पावकैः समदाहयन् ॥ ३८ ॥
पितृमेधाश्च केषाञ्चित्प्रवर्तन्त महात्मनाम् ।
सामभिश्चाप्यगायन्त तेऽन्वशोचन्त चापरैः ॥३९॥
साम्नामृचां च नादेन स्त्रीणां च रुदितस्वनैः ।
कश्मलं सर्वभूतानां निशायां समपद्यत ॥ ४० ॥
ते विधूमाः प्रदीप्ताश्च दीप्यमानाश्च पावकाः ।
नभसीवान्वदृश्यन्त ग्रहास्तन्वभ्रसंवृताः ॥ ४१ ॥
ये चाप्यनाथास्तत्रासन्नानादेशसमागताः ।
तांश्च सर्वान्समानाय्य राशीन्कृत्वा सहस्रशः ॥ ४२ ॥
चित्वा दारुभिरव्यग्रैः प्रभूतैः स्नेहपाचितैः ।
दाहयामास तान्सर्वान्विदुरो राजशासनात् ॥ ४३ ॥
कारयित्वा क्रियास्तेषां कुरुराजो युधिष्ठिरः ।
धृतराष्ट्रं पुरस्कृत्य गङ्गामभिमुखोऽगमत् ॥ ४४ ॥ [७९५]

इति श्रीमहाभारते० आदपर्वणि कुरुणामौर्ध्वदेहिके षट्त्रिंशोऽध्यायः ॥ २६ ॥

उत्तमौजा, कौशल्य, द्रौपदीके पुत्र, शकुनी, अचल, वृषक, राजा भगदत्त, पुत्रोंके सहित कर्ण, महाधनुषधारी कैकेय, राक्षसराज घटोत्कच, बकासुरका भाई अलम्बुष और जलसिन्धु आदि सहस्रों राजोंको घीके धारासे जलती हुई अग्निमें फूक दिया, किसी महात्माका पिताके समान कर्म किया, ब्राह्मण साम और ऋगवेदकी ऋचा पढने लगे। उस रात्रीमें स्त्रियोंके रोनेके शब्दसे मिला हुआ वेदका शब्द भी भयानक हुआ, वे धूंआरहित जलती हुई चिता आकाशतक दिखाई देने लगी, और जो अनेक देशोंसे आये हुए अनाथ क्षत्री वहां मरे हुए पडे थे, विदुरने राजाकी आज्ञासे उन सबको इकट्ठा करके चिताओंमें घी डालकर जला दिया। इस प्रकार राजा युधिष्ठिर उनको फूककर राजा धृतराष्ट्रको आगे करके गङ्गाको चले। (२७-४४)

स्त्रीपर्वमें छब्बीस अध्याय समाप्त। [७२५]

वैशम्पायन उवाच-ते समासाद्य गङ्गां तु शिवां पुण्यजलोचिताम्।
हृदिनीं च प्रसन्नां च महारूपां महाबलाम् ॥ १ ॥
भूषणान्युत्तरीयाणि वेष्टनान्यवमुच्य च।
ततः पितॄणां भ्रातॄणां पौत्राणां स्वजनस्य च ॥ २ ॥
पुत्राणामार्यकाणां च पतीनां च कुरुस्त्रियः।
उदकं चक्रिरे सर्वा रुदत्यो भृश दुःखिताः ॥ ३ ॥
सुहृदां चापि धर्मज्ञाः प्रचक्रुः सलिलक्रियाः।
उदके क्रियमाणे तु वीराणां वीरपत्निभिः ॥ ४ ॥
सूपतीर्थाभवद्गंगा भूयो विप्रससार च।
तन्महोदधिसङ्काशं निरानन्दमनुत्सवम् ॥ ५ ॥
वीरपत्नीभिराकीर्णं गंगातीरमशोभत।
ततः कुन्ती महाराज सहसा शोककर्शिता ॥ ६ ॥
रुदती मन्दया वाचा पुत्रान्वचनमब्रवीत्।
यः स वीरो महेष्वासो रथयूथपयूथपः ॥ ७ ॥
अर्जुनेन जितः संख्ये वीरलक्षणलक्षितः।
यं सूतपुत्रं मन्यध्वं राधेयमिति पाण्डवाः ॥ ८ ॥
यो व्यराजच्चमूमध्ये दिवाकर इव प्रभुः।
प्रत्ययुध्यत वः सर्वान्पुरा यः सपदानुगान् ॥ ९ ॥
दुर्योधनबलं सर्वं यः प्रकर्षन् व्यरोचत।

स्त्रीपर्वमें सताइस अध्याय।

श्रीवैशम्पायन मुनि बोले, हे राजन् जनमेजय! वे सब लोग पवित्र जलवाली पवित्र गङ्गामें जाकर आभूषण, कपडे और पगडी उतारकर पिता, भाई, पीते, मित्र और पुत्रोंको जल देने लगे! दुःखसे रोती हुई स्त्रियां भी अपने पति और बान्धवोंको जल देने लगीं, उस समय गङ्गाका जल अत्यन्त सुन्दर दीखने लगा, वीरोंकी स्त्रियोंसे भरा हुआ वह गङ्गाका तट समुद्रके समान दीखने लगा। (१-६)

हे महाराज! उस समय शोकसे व्याकुल रोती हुई कुन्ती धीरे धीरे अपने पुत्रोंसे बोली, हे पाण्डवों! जिस वीर लक्षणोंसे भरे महाधनुषधारी महारथ कर्णको अर्जुनने मारडाला, जिसको तुम लोग राधापुत्र और सूतपुत्र जानते थे, जो सेनाके बीचमें सूर्यके समान चमकता था, जो एक ही सब सेना सहित

यस्य नास्ति समो वीर्ये पृथिव्यामपि पार्थिवः ॥१०॥
योऽवृणीत यशः शूरः प्राणैरपि सदा भुवि।
कर्णस्य सत्यसङ्गस्य संग्रामेष्वपलायिनः ॥ ११ ॥
कुरुध्वमुदकं तस्य भ्रातुरक्लिष्टकर्मणः।
स हि वः पूर्वजो भ्राता भास्करान्मध्यजायत ॥ १२ ॥
कुण्डली कवची शूरो दिवाकरसमप्रभः।
श्रुत्वा तु पाण्डवाः सर्वे मातुर्वचनमप्रियम् ॥ १३ ॥
कर्णमेवानुशोचन्तो भूयः क्लान्ततराऽभवन्।
ततः स पुरुषव्याघ्रः कुन्तीपुत्रो युधिष्ठिरः ॥ १४ ॥
उवाच मातरं वीरो निःश्वसन्निव पन्नगः।
यः शरोर्मिर्ध्वजावर्तो महाभुजमहाग्रहः ॥ १५ ॥
तलशब्दानुनादितो महारथमहाह्रदः।
यस्येषुपातमासाद्य नान्यस्तिष्ठेद्धनञ्जयात् ॥ १६ ॥
कथं पुत्रो भवत्याः स देवगर्भः पुराऽभवत्।
यस्य बाहुप्रतापेन तापिताः सर्वतो वयम् ॥ १७ ॥
तमग्निमिव वस्त्रेण कथं छादितवत्यसि।

सब पाण्डवोंसे लडता था, जो दुर्योधनका सेनापति था, जिसके समान जगत्में कोई राजा बलवान नहीं था, जो कभी युद्धको छोडकर नहीं भागता था, जो जगत्में यशको प्राणोंसे भी अधिक प्यारा मानता था, वह कर्ण तुम्हारा बडा भाई था। पहिले सूर्यके तेजसे वही सूर्य समान तेजस्वी कवच और कुण्डल धारण किये मेरे गर्भसे उत्पन्न हुआ था, इसलिये तुम लोग उसे भी जल दो। (६-१३)

अपनी माताके ऐसे कठोर वचन सुनकर सब पाण्डव कर्णके शोकसे व्याकुल होगये। तब पुरुषसिंह युधिष्ठिर सांपके समान लम्बा सांस लेकर अपनी मातासे बोले, ये बाणरूपी तरङ्ग ध्वजारूपी बडी बडी तरङ्ग, बडे बडे हाथरूपी ग्राहतालीके शब्दरूपी शब्द और रथरूपी भौरसे युक्त कर्णरूपी समुद्र पहिले तुम्हारे देवरूपी गर्भसे कैसे उत्पन्न हुए थे, जिसके बाणोंको अर्जुनके सिवाय और कोई नहीं सह सक्ता था, जिसके बाहुबलसे हमलोग सदा डरते रहते थे, जिसके बाहुबलसे धृतराष्ट्रके पुत्र राज्य करते थे, उस अग्निरूपी वीर्यको तुमने कपडेसे कैसे छिपाया था, अर्जुनके

यस्य बाहुबलं नित्यं धार्तराष्ट्रैरुपासितम् ॥ १८ ॥
उपासितं यथाऽस्माभिर्बलं गाण्डीवधन्वनः।
भूमिपानां च सर्वेषां बलं बलवतां वरः ॥ १९ ॥
नान्यं कुन्तीसुतात्कर्णाद्गृह्णाद्रथिनां रथी।
स नः प्रथमजो भ्राता सर्वशस्त्रभृतां वरः ॥ २० ॥
असूत तं भवत्यग्रे कथमद्भुतविक्रमम्।
अहो भवत्या मंत्रस्य गूहनेन वयं हताः ॥ २१ ॥
निधनेन हि कर्णस्य पीडितास्तु सबान्धवाः।
अभिमन्योर्विनाशेन द्रौपदेयवधेन च ॥ २२ ॥
पाञ्चालानां विनाशेन कुरूणां पतनेन च।
ततः शतगुणं दुःखमिदं मामस्पृशद्भृशम् ॥ २३ ॥
कर्णमेवानुशोचामि दह्यामग्नाविवाहितः।
नेह सा किंचिदप्राप्यं भवेदपि दिवि स्थितम् ॥ २४ ॥
न चेदं वैशसं घोरं कौरवान्तकरं भवेत्।
एवं विलप्य बहुलं धर्मराजो युधिष्ठिरः ॥ २५ ॥
व्यरुदच्छनकै राजंश्चकारास्योदकं प्रभुः।
ततो विनेदुः सहसा स्त्रियस्ताः खलु सर्वशः ॥ २६ ॥
अभितो या स्थितास्तत्र तस्मिन्नुदककर्मणि।
तत आनाययामास कर्णस्य सपरिच्छदाः ॥ २७ ॥
स्त्रियः कुरुपतिर्धीमान् भ्रातुः प्रेम्णा युधिष्ठिरः।

बाणोंको महारथ कर्णके सिवाय और कोई राजा नहीं सह सक्ता था, यह सब शस्त्र जाननेवालोंमें श्रेष्ठ हम लोगोंके बडे भाई थे, उस महा बलवानको तुमने पहिले कैसे उत्पन्न किया था, तुमने यह कथा आज तक हम लोगोंसे नहीं कही, इसलिये हमारा नाश होगया। कर्ण, अभिमन्यु द्रौपदीके पांचों पुत्र पाञ्चाल और कौरवोंके मरनेसे हमें महा दुःख हुआ है और सब दुःखसे सौ गुना यह दुःख होगया। इस समय हम कर्णके शोकसे ऐसे व्याकुल होगये हैं जैसे कोई अग्निसे जलता है, यदि हम पहिले इस बातको जानते, तो यह कुरुकुलका नाश न होता। (१३-२५)

धर्मराज युधिष्ठिरने इस प्रकार धीरे धीरे रो कर कर्णको जल दिया। फिर राजा युधिष्ठिरने कर्णकी सब स्त्रियोंको

स ताभिः सह धर्मात्मा प्रेतकृत्यमनन्तरम् ॥ २८ ॥
चकार विधिवद्धीमान्धर्मराजो युधिष्ठिरः।
पापेनासौ मया श्रेष्ठो भ्राता ज्ञातिर्निपातितः ॥ २९ ॥
अतो मनसि यद्गुह्यं स्त्रीणां तन्न भविष्यति।
इत्युक्त्वा स तु गङ्गाया उत्ततारा कुलेन्द्रियः।
भ्रातृभिः सहितः सर्वैर्गङ्गातीरमुपेयिवान् ॥ ३० ॥ [८२५]

इति श्रीमहाभारते शतसाहस्र्यां संहितायां वैयासिक्यां स्त्रीपर्वणि स्त्रीविलापपर्वणि कर्णगूढजत्वकथने सप्तविंशोऽध्यायः ॥ २७ ॥

समाप्तमिदं स्त्रीपर्व।

अतःपरं शांतिपर्व भविष्यति।

तस्यायमाद्यः श्लोकः।

वैशम्पायन उवाच-कृतोदकास्ते सुहृदां सर्वेषां पाण्डुनन्दनाः।
विदुरो धृतराष्ट्रश्च सर्वाश्च भरतस्त्रियः ॥ १ ॥

बुलाकर भाईके ओरसे उनका सब कर्म किया। फिर बोले कि "इस कुन्तीकी गुप्तता के कारण हमने अपने बडे भाई कर्ण को मार डाला, इस लिये हम शाप देते हैं कि स्त्रियोंके मनमें इसके बाद कोई बात गुप्त न रहेगी।" ऐसा कहकर सब भाईयोंके समेत महाराज युधिष्ठिर व्याकुल होकर गङ्गासे निकले और तटपर बैठे। (२५-३०) [८२५]

स्त्रीपर्वमें सताईस अध्याय समाप्त।

श्राद्धपर्व समाप्त।

स्त्रीपर्व समाप्त।

आदितः श्लोकसंख्या—

१ आदिपर्व	८७०१
२ सभापर्व	२७६२
३ वनपर्व	११८९२
४ विराटपर्व	२२६२
५ उद्योगपर्व	६६९०
६ भीष्मपर्व	५८७०
७ द्रोणपर्व	९६४२
८ कर्णपर्व	५०१४
९ शल्यपर्व	३७३८
१० सौप्तिकपर्व	८०३
११ स्त्रीपर्व	८२५
सर्वयोग	५८०९९

स्त्रीपर्वकी विषयसूची ।

अध्याय	विषय	पृष्ठ
	(१) जलप्रदानिक पर्व ।	
१	जनमेजयके पूछनेपर वैशम्पायनके द्वारा धृतराष्ट्रका विलाप वर्णन और सञ्जयका यथायोग्य वार्ता कहके उन्हें धीरज देना ।	३
२	धृतराष्ट्र को विदुरका धीरज देना ।	९
३–७	धृतराष्ट्रका विदुरके निकट तत्वकथा सुननेकी इच्छा तथा विदुरके द्वारा तत्वज्ञानकी कथाका वर्णन ।	१६
८	धृतराष्ट्रके शोकित होनेपर वेदव्यास मुनिका दैवोपाख्यान कहके उनका शोक दूर करना ।	२२
९	विदुरका फिर धृतराष्ट्र को धीरज देके उनका शोक दूर करना	२७
१०	धृतराष्ट्रका गान्धारी प्रभृति रोती हुई स्त्रियोंको सङ्ग लेकर मरे हुए पुत्र पौत्रादिके प्रेतकार्य निभानेके लिये वाहन पर चढके नगरसे बाहिर होना ।	३७
११	कृपाचार्य, कृतवर्मा और अश्वत्थामाको धृतराष्ट्र तथा गान्धारीसे भेंट होनी और रात्रिके समय शिविरमें सोये हुए पाञ्चालादि वीरोंके मारनेका वृत्तान्त कहके उनके समीपसे प्रस्थान करना ।	३९
१२	युधिष्ठिरादिका धृतराष्ट्रके समीप जाके उनसे मिलना और धृतराष्ट्रके द्वारा लोहमय भीमका विनाशादि ।	४२
१३	कृष्णके वचनसे धृतराष्ट्रका क्रोध शान्त होना ।	४५
१४	गान्धारीको व्यासदेवका उपदेश ।	४८
१५	भीमसेनसे गान्धारीकी वार्त्ता	५१
	गान्धारीकी क्रोधदृष्टिसे युधिष्ठिरका कुनख होना, गान्धारीका पाण्डवोंको धीरज देना, द्रौपदी, कुन्ती और गान्धारीके मिलन समयमें परस्पर विलाप करना और दिव्यदृष्टिसे गान्धारीका युद्धभूमि देखना	५५
	(२) स्त्रीविलापपर्व ।	
१६	धृतराष्ट्रका राजरानियोंको सङ्ग लेकर युद्धभूमि देखनेके लिये जाना, राजरानियोंका रोदन तथा मूर्च्छित होना	

और श्रीकृष्णको उनकी दुर्दशा दिखाके गान्धारीका विलाप करना तथा अभिमन्युको मरा हुआ देखके उत्तराका विलाप। ५७

१७-२५ क्रोधसे आर्त्त गान्धारीका कृष्णको शाप देना और कृष्णका उसे अनुमोदन करना। ६४

३ श्राद्धपर्व।

२६ कृष्णका गान्धारीकी निन्दा करना, धृतराष्ट्रके पूछनेपर युधिष्ठिरका मरी हुई सेनाकी गिनती बताना और स्वर्ग विशेषमें गये हुए वीरोंका वृत्तान्त कहना तथा युद्धमें मरे हुए पुरुषोंका दाह करना। ९७

२७ मरे हुए पुरुषोंका तर्पण, कर्णका तर्पण करनेके निमित्त कुन्तीके द्वारा पाण्डवोंको कर्णका परिचय मिलना। १०२

युधिष्ठिरका विलाप पूर्वक कर्णका तर्पण करना, और स्त्री पर्वकी समाप्ति। १०२